Punjab Vidhan Sabha Debates

19th March, 1959

Vol. I—No. 22 (*Afternoon sitting*)

OFFICIAL REPORT

CONTENTS

Thursday, 19th March, 1959

CHANDIGARH :
Printed by the Controller of Printing and Stationery, Punjab, 1959.

Price Rs. 3.35 nP.

ERRATA

PUNJAB VIDHAN SABHA DEBATE, VOL. I, NO. 22

DATED THE 19TH MARCH, 1959. (AFTERNOON SITTING)

Read	*for*	*on page*	*line*
पैप्सू	पैसू	(22)2	15
argued	arg ed	(22)3	29
होगा	हौता	(22)8	11
मन्त्रिमंडल	मंन्त्री मडंल	(22)13	1
साथ	ाथ	(22)31	25
Planning	P anning	(22)31	27
जैन	जै	(22)32	heading
हैं	यों	(22)32	6
schools	school	(22)33	2nd from below
grant	grants	(22)36	18
वट	वव	(22)45	34
पहिले	पहिल	(22)59	12th from below
ले	ल	(22)65	12

PUNJAB VIDHAN SABHA

Thursday, 19th March, 1959

The Vidhan Sabha met in the Assembly Hall, Sector 10, Chandigarh Capital, at 3.00 p.m., of the Clock. Mr. Speaker (Sardar Gurdial Singh Dhillon) in the Chair.

QUESTION HOUR (DISPENSED WITH)

श्री बलराम दास टंडन : On a point of order, Sir. स्पीकर साहब, मैं प्रस्ताव करता हूं कि आज Question Hour dispense with कर दिया जाए ।

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : ਨਹੀਂ, ਜਨਾਬ ਸਵਾਲ ਚਲਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਨੇ ।

श्री अध्यक्ष : सब की राए ले लें । [Let us take the sense of the House.]

वित्त मंत्री : जैसी आप की इच्छा हो ।

उद्योग मंत्री : Government तो इस मामला में neutral है, जैसा आप मुनासब समझें कर लें ।

श्री अध्यक्ष : तो जो सवाल रखने के हामी हैं उन को debate में टाइम नहीं मिलेगा । क्या आप की राए है कि सवाल चलें ? [Then the hon. Members in favour of taking up the Question Hour, will not get time during the debate. Is it the sense of the House that the questions be taken up ?]

(No body affirmed and the Question Hour was dispensed with)

PRESENTATION OF THE REPORT OF THE COMMITTEE OF PRIVILEGES

Rao Gajraj Singh : Sir, I beg to present the Report of the Committee of Privileges regarding alleged attempt of a Police Officer to serve a warrant of arrest on Comrade Jangir Singh, M.L.A., within the precincts of the Sabha when the Sabha was sitting.

ADOPTION OF THE REPORT OF THE COMMITTEE OF PRIVILEGES

Minister for Industries (Shri Mohan Lal) : Sir, I beg to move—

That the Report of the Committee of Privileges be adopted.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Report of the Committee of Privileges be adopted.

Mr. Speaker : Question is—

That the Report of the Committee of Privileges be adopted.

The motion was carried

QUESTION OF PRIVILEGE REGARDING THE ALLEGED LEAKAGE OF THE BUDGET

श्री अध्यक्ष : कुछ दिन हुए मेरे पास पंडित राम किशन भड़ोलियां और उन के साथियों की तरफ़ से question of privilege का एक notice आया था। मैं ने उस पर अपनी ruling को defer कर दिया था क्योंकि मैं ने उन को कहा था कि मुझे मिलें और मुझे पता लगे कि असल बात क्या है। लेकिन वह आए नहीं हैं। आज चूंकि बजट की आखरी stage है, मैं इस मामले को pending नहीं रख सकता और इस लिए मैं इस पर अपनी ruling दूंगा।

मैं इन वजूहात की बिना पर इस सवाल को यहां पर raise किये जाने की इजाज़त नहीं दे सकता। उन्होंने एतराज़ किया था कि बजट पेश होने से पहले Public Relations Department को translate करने के लिये बजट speech की कापी भेजने और special messengers के ज़रिये उस की कापियां प्रैस को भिजवाने से House के privileges का breach हुआ है। इस सिलसिले में मैं ने कुछ मेम्बर साहिबान—खास तौर से सरदार भूपेन्द्र सिह मान को consult किया है जो कि integration से पहले पैप्सू विधान सभा के मेम्बर थे। मैं ने उन से सलाह लेनी इस लिये मुनासब समझी, क्योंकि ऐसा मौका merger से पहले पैप्सू विधान सभा में भी आया था। इस के अलावा मैं ने इस मामले को legal aspects से भी देखा है। ज़ाहिर है कि Official Secrets Act सभी सरकारी services पर एक ही तरह से लागू होता है। वह सब इस Act के provisions के पाबन्द हैं। यहां सभा में बजट पेश होने से पहले तक, बजट speech मुतअल्लिका सरकारी दफ्तरों के अफ़सरों और कर्मचारियों तक ही महदूद थी जो कि—जैसा मैं ने बताया—Official Secrets Act के पाबन्द हैं। उस वक्त तक breach हुआ नहीं समझा जा सकता जब तक कि यह साबत न किया जाए कि उन लोगों ने उस Act के provisions की तामील नहीं की और उन की खिलाफ़वर्ज़ी करते हुए, उस speech के contents को बजट के इस House के अन्दर पेश किये जाने से पहले divulge किया है। इस सिलसिले में, आनरेबल मेम्बरान, जिन्होंने कि इस motion का notice दिया, यह साबत नहीं कर सके कि किसी भी official की वजह से कोई leakage, publicity या publication हुई है।

अगर Public Relations Department को translate करने के लिये बजट speech दिये जाने पर इसे breach of privilege समझ लिया जाए तो यह भी कहा जा सकता है कि अगर छपने के लिये इसे प्रैस को भेजा जाए तो फिर भी यह breach of privilege होगा क्योंकि Public Relations Department की तरह Printing Department भी सरकार का एक अलग महकमा है। अगर ऐसा समझा जाए फिर तो बजट छप ही नहीं सकता।

इस लिये जहां तक इस हाऊस का सम्बन्ध है कोई breach of privilege नहीं हुई है। सरकार को पूरा हक है कि बजट तैयार करवाने, छपवाने और translation वग़ैरा करवाने में वे अपने अलग अलग महकमों से assistance ले सकती है।

(A few days ago, I had received notice of a question of privilege from Pandit Ram Kishan Bharolian and his colleagues . I had deferred my ruling on it because I wanted them to see me in my chamber so that I might find out the real position. They have, however, not turned up. Since today is the last stage of the budget, I cannot keep the matter pending and I will give my ruling.

I cannot give my consent to this question being raised for these reasons. They had alleged that the sending of the copies of the budget speech for translation to the Public Relations Department as also to the Press through special messengers before its presentation to the House constituted a breach of privilege of the House. In this connection, I have consulted some Members, especially Sardar Bhupinder Singh Mann, who, before integration, were members of the erstwhile Pepsu Vidhan Sabha. I thought it advisable to consult them because such an occasion had also arisen in the erstwhile Pepsu Vidhan Sabha before merger. Besides, I have examined this point from its legal aspects as well. It is evident that the Official Secrets Act applies to all the State Services alike. All of them are bound by the provisions of that Act. The budget speech was, till the presentation of the budget to the Sabha, with the officers and officials of the Government Departments concerned, who, as I have already stated, are bound by the Official Secrets Act. No breach can be said to have occurred unless it is proved that those Officers in violation thereof had failed to comply with the provisions of that Act and had divulged the contents of that speech before the presentation of the budget to the Sabha. In this case, the hon. Members, who gave notice of the motion, have not been able to prove that there was any leakage, publicity, or publication on the part of any official.

If it is contended that giving of budget speech to the Public Relations Department for translation purposes is a breach of privilege, then it might as well be argued that if it is given to the Press for printing purposes, it might be a breach of privilege because the Printing Department like the Public Relations Department is also a different department of the Government. If this is carried to its logical conclusion, then the budget cannot be printed at all. There has, therefore, been no breach of privilege so far as this House is concerned. Government has the fullest right to obtain assistance from its various Departments in connection with the preparation, printing, translation, etc., of the budget).

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : क्या स्पीकर साहिब, ऐसी हालत में यह मुमकिन नहीं हो सकता कि जब हम ने motor spirit पर tax बढ़ाया तो इस से किसी को फ़ायदा पहुंच गया हो ?

श्री अध्यक्ष : लेकिन यह साबित नहीं हुआ कि budget speech में किसी तरह की leakage हुई है या उसकी details की समय से पहले publication हुई है। अगर यह साबित हो जाता तो फिर यह privilege motion का subject matter बन सकता था। चूंकि यह एक vague motion है, मैं ने इस को move करने की consent नहीं दी। [But it has not been proved that there has been any leakage or premature publication of the details of the Budget Speech. If it had been proved, then it could have become the subject matter of a privilege motion. Since it is a vague motion, I have not given my consent to move it.]

THE PUNJAB APPROPRIATION (NO. 2) BILL, 1959

Minister for Finance (Dr. Gopi Chand Bhargava) : Sir, I beg to introduce the Punjab Appropriation (No. 2), Bill.

Minister for Finance : Sir, I beg to move—

That the Punjab Appropriation (No. 2) Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Punjab Appropriation (No. 2) Bill be taken into consideration at once.

मैं मेम्बर साहिबान को बता दूं कि इस बिल पर कोई बहुत लम्बी चौड़ी बातें नहीं हो सकतीं। इस का बड़ा छोटा सा scope है। दो चार मिनट में जो जो suggestions implementation के बारे में देना चाहें वह आप दे सकते हैं। (I would like to point out to the hon. Members that this Bill offers no scope for lengthy speeches. Its scope is very limited. If they like, they may give any suggestions with regard to its implementation in a few minutes).

श्री बलराम दास टंडन (अमृतसर शहर—पश्चिम) : स्पीकर साहब बहुत ज्यादा time लेने की मेरी कोई इच्छा नहीं है। थोड़े से समय के अन्दर जो कुछ suggestions हैं वह मैं आप के द्वारा मन्त्रिमंडल के सामने रखना चाहता हूं। आज जो एक अरब और 19 करोड़ रुपये के बजट के बारे में Appropriation Bill हमारे वित्त मन्त्री ने सदन के सामने रखा है, इस के बारे में बहुत सी बातें समय समय पर इस House के भिन्न २ सदस्यों ने उन के सामने रखी हैं। स्पीकर साहब, अब इस बिल के पास हो जाने के बाद जो अखराजात हैं वह हम Secretaries और Heads of the Departments को allocate कर रहे हैं। उन्हीं के ज़रिए वह अखराजात होने वाले हैं। अब, स्पीकर साहब, आवश्यकता इस बात की है कि गवर्नमेंट इस बात की तरफ़ ध्यान दे कि जो अखराजात होने वाले हैं वह ठीक ढंग से होते हैं या नहीं। पिछले दिनों आपने देखा कि कुछ audit reports और Public Accounts Committees की reports House की मेज़ पर रखी गई। P.A.C. की Report को पढ़ कर निहायत दुःख के साथ कहना पड़ता है कि उस के अन्दर जो जो observations की गई हैं और जो जो बातें पंजाब के लोगों के सामने रखी गई हैं और सरकार के ध्यान में लाने की कोशिश की गई है, उन में कई ऐसी अजीब बातें देखने को मिलती हैं जिन की कभी तवक्को नहीं की जा सकती थी। हैरानगी होती है कि.........

Mr. Speaker : It is not a discussion on that Report. It is a discussion on the Appropriation Bill.

In this connection, I may, for the information of the hon. Member, read out the rule relating to the scope of discussion on this Bill—

"225 (5). The Speaker may, in order to avoid repetition of debate, require members desiring to take part in discussion on an Appropriation Bill to give advance intimation of the specific points they intend to raise, and he may

withhold permission for raising such of the points as in his opinion appear to be repetitions of the matters discussed on a demand for grant or as may not be of sufficient public importance."

The point which the hon. Member is seeking to discuss relates to a Budget which was passed years ago. It does not relate to the present Budget. The hon. Member may raise this point on some other occasion.

श्री बलराम दास टंडन : स्पीकर साहिब, मैं उन से कुछ बातें derive करना चाहता हूं, उन को discuss करने का मेरा हरगिज़ कोई मनशा नहीं। मैं आप के द्वारा सरकार का ध्यान इस बात की तरफ़ दिलाना चाहता हूं कि जो बातें उन reports के अन्दर रखी गई हैं उन को सामने रखते हुए इस बात से सावधान रहा जाए कि वही बातें आगे repeat न हों और उस बजट में repeat न हों जिस का appropriation करने के लिये आज यह बैठक हो रही है। ज़रूरी है कि ऐसे साधनों का प्रयोग किया जाए कि जो बातें उन reports के अन्दर point out की गई हैं, उन का repetition हमारी आंखों के सामने न आए। यकीनन अगर उन बातों से नसीहत हासिल कर के आगे के लिये विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए तो पंजाब की जनता और सरकार दोनों का भला है। Report के अन्दर एक बात ऐसी कही गई है जिस का मैं खास तौर से ज़िक्र करना चाहता हूं। उस में बताया गया है कि जो रुपया legislature किसी department के ज़िम्मे देती है वह उस से ज़्यादा अखराजात कर लेते हैं। यह एक बहुत भारी lapse है। Secretaries और Heads of the Departments से कदापि यह आशा नहीं की जा सकती कि वह बगैर legislature से मंज़ूर करवाए अपनी इच्छा से जो चाहें खर्च कर सकें। मैं समझता हूं कि अगर इस तरह की tendency को encourage किया गया तो यह पंजाब के लिये एक बहुत बुरी बात होगी। यह इस तरह की बात है जिसे कि बिल्कुल सहन नहीं किया जा सकता। हम यहां पर जो भी बिल पास करते हैं उस का मतलब यह होता है कि उस में निर्दिष्ट चारदीवारी के अन्दर रह कर काम किया जाए। Secretary या departmental head को यह इजाज़त नहीं दी जानी चाहिए कि जो specific allocations हैं उन के बाहर बिना sanction लिए खर्च करते जायें। इस लिये मैं सरकार का इस बात की तरफ खास तौर से ध्यान दिलाना चाहता हूं कि ऐसी tendency को रोकने की खास तौर से कोशिश करे और जो lapses पहले हुए हैं, वह दुबारा न होने पाएं।

इस के अलावा कुछ और बातें भी मैं आप के सामने रखना चाहता हूं। कुछ बातें यहां पर की गई हैं जिन का ज़िक्र बजट में भी आया है और मैं समझता हूं कि वह जो सारी बातें हैं वह ठीक तरीका से नहीं हो रहीं। उन के ठीक तरीका से न होने के कारण बहुत सारा रुपया—पंजाब की जनता का रुपया waste हो रहा है। यदि इस को ठीक तरीके से न किया गया तो यह रुपया आगे भी waste होता रहेगा। हमारा जो Department of Publicity है, जैसा कि इस के बारे में पहले भी कहा गया है, इस पर बहुत सा रुपया waste हो रहा है। इस के बावजूद हमारी सरकार इस तरफ़ ध्यान नहीं दे रही। इस Department के कई काम ऐसे

[श्री बल राम दास टंडन]

wasteful हैं जिन के बारे में मैं सभा को बताना चाहता हूं कि कई व्यक्तियों को ऐसे ढंगों से इस में लगाया गया है जो कि मैं समझता हूं, जनता के रुपये को ज़ाया करने के बराबर है। इस की तरफ़ से एक व्यक्ति को दिल्ली में रखा गया है जिसे मैं एक सफ़ेद हाथी बांधने वाली बात कहूं तो इस में कोई ज़्यादती न होगी। उसे और काम तो कोई सौंपा नहीं गया सिवाय इस के कि वह वहां Parliament Hall की press gallery के अन्दर बैठ कर उन लोगों को जो इस सरकार के विरुद्ध बोलने वाले हों और इस का विरोध करते हों, गालियां दे। इस के सिवाय उस का और कोई काम नहीं। इतना ही नहीं, स्पीकर साहिब, यहां एक सवाल के जवाब में बताया गया है कि उस की selection का काम Public Service Commission के purview से बाहर निकाल लिया हुआ है। फिर, स्पीकर साहिब, किसी post को Public Service Commission के purview से बाहर निकालने का यह मतलब नहीं होता कि इस से सरकार को खुली छुट्टी मिल जाती है कि वह जिस तरह से मर्ज़ी आये करे या यह कि इस के लिये कोई और जायज़ रास्ता या ढंग नहीं रहता जिस से वह post भरी जाये। सरकार के लिये कम अज़ कम यह तो ज़रूरी हो जाता है कि वह उस के लिये कोई कम अज़ कम qualifications मुकर्रर करे, उस post की advertisement करे और यह देखे कि जो आदमी रखा जाता है वह उन qualifications को पूरा करता है या नहीं। मगर यह सरकार इन चीज़ों को नहीं सोचती। बल्कि मैं तो समझता हूं यह केवल यही सोचती है कि इस ने किसी न किसी तरीका से अपने आदमियों को लगाना है। इस के सिवा इस के सामने और कोई criterion नहीं है। आप सुन कर हैरान होंगे कि यहां एक सवाल के जवाब में यह बताया गया था कि इस गाली देने वाले अफ़सर की qualification under-graduate है। अजीब बात है। Under-graduate एक F.A. पास भी हो सकता है और F.A. फ़ेल भी हो सकता है। गो ठीक ठीक बताया नहीं गया लेकिन इस शब्द से सारी बात स्पष्ट हो जाती है। उस व्यक्ति को एक हज़ार रुपये माहवार पर रखा गया है। इस से मैं समझता हूं कि सरकार के लिये पंजाब की आम जनता के रुपये पर डाका डालने के सिवा और कुछ नहीं है। इतना ही नहीं, फिर एक सवाल के जवाब में उस दिन बताया गया था कि Publicity Department के अन्दर खास खास जगहों पर कई चौथी पास आदमियों को अफ़सर भरती किया गया है। वैसे तो बड़े बड़े अफसरान जो दूसरे महकमों में भरती किये जाते हैं, सभी Public Service Commission की मारफ़त भरती किये जाते हैं.. (घंटी की आवाज़)

Mr. Speaker : The hon. Member need not repeat the point s which have already been raised during the general discussion. The scope of discussion on this Bill is very limited.

श्री बल राम दास टंडन : तो स्पीकर साहिब, एक दो बातें Finance Minister साहिब ने ....(घंटी की आवाज़)

श्री अध्यक्ष : दो मिनटों में wind up कर लें । आप को इतने मौके मिले हैं और इसके बावजूद भी आप की तसल्ली नहीं हुई । यहां पर ऐसे मैम्बर साहिबान भी बैठे हुए हैं जो एक दफा भी सारे सैशन में नहीं बोले और आज उन्होंने चार चार मिनट लेने हैं । (The hon. Member may now wind up his speech within two minutes. He has been given many opportunities to speak during this session yet he is not satisfied. There are ceitain Members who have not spoken even for once during the whole session. To day they will be given four minutes each.)

श्री बलराम दास टंडन : तो, स्पीकर साहिब मैं यह बताने लगा था कि उस दिन Education के बारे में general debate का जवाब देते हुए हमारे Finance Minister साहिब ने Upper House में जो तकरीर की थी उसे सुनने का मुझे भी मौका मिला था । जब वहां बहुत से मैम्बर साहिबान ने इस बात पर सरकार की नुक्ताचीनी की और कहा कि सरकार को यह अच्छा नहीं लगता कि सरकारी स्कूलों में तो सातवीं class तक free education दी जाये और private स्कूलों में जो बच्चे पढ़ें उन्हें फ़ीस देनी पड़े. . . .

Minister for Finance : I rise on a point of Order, Sir. How is he referring to my speech in the Punjab Legislative Council?

श्री बल राम दास टंडन : यह तो अखबारों के अन्दर भी आ गया था ।

श्री अध्यक्ष : जो चीज़ें अखबारों में आ जाती हैं उन का reference यह यहां दे सकते हैं । That is a public property now. (He can refer to things which apear in the press. That is a public property now.)

वित्त मंत्री : मेरी वहां की speech को यह यहां कैसे reference कर सकते हैं ?

Mr. Speaker : He is just refering to it.

श्री बलराम दास टंडन : मैं बता रहा था कि ऐसे अजीब तरीके से उस नुक्ता चीनी का जवाब दिया गया जिस को किसी तरह भी ठीक नहीं कहा जा सकता ।

श्री अध्यक्ष : अगर आप ने यही बात करनी है तो वित्त मंत्री का एतराज़ ठीक था । You are not discussing his speech as a Member of the Upper House.

(If the hon. Member wants to criticise it like that then the Minister for Finance was quite within his right to raise the objection. He is not discussing his speech as a Member of the Upper House).

श्री बल राम दास टंडन : स्पीकर साहिब, मैं तो इतना ही refer कर रहा हूं कि इन्होंने वहां क्या बात कही । इन्होंने वहां यह कहा कि क्या hon. Member यह चाहते हैं कि Government स्कूलों में सरकार ने जो free education

[श्री बलराम दास टण्डन]
की सुविधा लोगों को दे रखी है जब कि private स्कूलों में यह नहीं दे सकती, तो Government स्कूलों में भी यह concession बन्द कर दे ? मेरे ख्याल में कोई भी माननीय सदस्य यह नहीं चाहता होगा चाहे वह Opposition के बैंचों पर बैठे हुए सदस्यों में से हो या Treasury Benches पर बैठने वाला हो । वह यह नहीं चाहेगा कि free education न दी जाये । लेकिन मैं यह जरूर कहूंगा कि जिस तरीका से यह सरकार कर रही है यानी गवर्नमेंट स्कूलों में तो इस ने free education देनी शुरु कर दी है और private स्कूलों में यह नहीं दी जाती, यह तरीका ठीक नहीं है । इस से जो लोग पैसे वाले हैं, बड़ी बड़ी पहुंच वाले, सिर्फ़ वही अपने बच्चों को गवर्नमेंट स्कूलों में दाखल करवाने में कामयाब हो जाते हैं और जो गरीब हैं या जिन की पहुंच नहीं होती उन के बच्चे ऐसे स्कूलों में दाखल नहीं हो सकते । उन्हें मजबूर हो कर अपने बच्चों को private स्कूलों में दाखल कराना पड़ता है । इस का नतीजा यह होता कि वह free education का फ़ायदा नहीं उठा सकते । इस से तो मैं यह समझता हूं कि यह public funds की wastage के सिवाये और कुछ नहीं । अगर यह समझते हैं कि सरकार के पास इतने resources नहीं जिन से यह प्रान्त के सारे सरकारी और private स्कूलों में free education दे सके तो मैं कहूंगा कि बजाये सातवीं जमात तक सिर्फ़ गवर्नमेंट स्कूलों में free education देने के इसे सिर्फ़ primary classes तक free education करनी चाहिये और यह तमाम स्कूलों में करनी चाहिये--चाहे वह सरकारी हों या private ताकि इस का फ़ायदा सब लोग उठा सकें । ज्यों ज्यों हमारे resources बढ़ते जायें इन के साथ साथ free education gradually और classes में भी बढ़ाई जा सकती है और अंत में यह matric तक free की जा सकती है ।

इस के साथ साथ मैं Education Minister साहिब से दरखास्त करूंगा कि वह इस सिलसिले में एक कमेटी बनायें जो यह देखे कि कितनी आमदनी वाले families के बच्चों को मुफ़त विद्या दी जाये । वह कमेटी अगर इस बात का फ़ैसला करे कि 100 रुपये तक की income वालों के बच्चों को मुफ़त विद्या दी जाय तो उसे यह भी देखना होगा कि 100 रुपये से ऊपर कहां तक की आमदनी वालों के बच्चों की आधी फ़ीस माफ़ की जाये और उस से ऊपर आमदनी वालों के बच्चों को सारी फीस देनी पड़े । यदि इस तरह कर दिया जाये तो मुफ़त विद्या का वह लोग फ़ायदा उठा सकते हैं जिन्हें सही मायनों में इस की आवश्यकता होती है ।

दूसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि यहां पर सरकार की ओर से पहले भी कई बार और आज भी यह कहा गया है कि यह तो socialist pattern of society बनाने की तरफ़ चल रही है । एक बात इस बारे में मैं इन की सेवा में अर्ज़ करना चाहता हूं कि अगर आप वाकई यह चाहते हैं और इन चीज़ों में sincere हैं तो यह अपनी इन भावनाओं को जनता के सामने अमली रूप दे कर रखें ताकि उसे पता चले कि वाकई यह सरकार इस तरफ़ जाना चाहती है । इस के लिये जो बड़ी बड़ी

तन्खाहें लेने वाले बड़े बड़े अफ़सर हैं उन की तन्खाहों के बारे में इसे यह फ़ैसला कर देना चाहिये कि वे ज्यादा से ज्यादा 2 हज़ार रुपये तक ही ले सकेंगे और कम तन्खाह वालों की तन्खाह सौ रुपये से कम न होगी ताकि लोगों को पता लगे कि वह किस हद तक socialist pattern of society की तरफ जाना चाहती है। (घंटी की आवाज़) स्पीकर साहिब, केवल दो मिनट और लेकर खत्म कर दूंगा।

Mr. Speaker : No please . I have not dispensed with the Question Hour for your sake only.

श्री बलराम दास टंडन : केवल एक मिनट में एक बात कहना चाहता हूं और वह यह है कि हमारी Constitution में Judiciary और Executive को अलग अलग करने के लिये लिखा हुआ है और सरकार भी इन को अलग अलग करना चाहती है। मैं यह समझता हूं कि अगर वाकई हमारी सरकार यह चाहती है तो यह सब से सुन्दर बात है। अगर सरकार यह सच्चे दिल से चाहती है तो लोगों को इन्साफ़ मिलने में किसी प्रकार की interference नहीं होनी चाहिये और इस के लिये यह ज़रूरी है कि इन्साफ देने वालों की increments और transfers executive के हाथ में नहीं होनी चाहियें जैसा कि हमारी पैप्सू State में पहले था हालांकि हम यह दावा करते हैं कि पंजाब आगे बढ़े हुए ख्यालों पर चलने वाला सूबा है। इस लिये मैं यह कहूंगा कि Executive से Judiciary for all purposes and in the real sense of the word अलग होना चाहिये। (घंटी की आवाज़)

स्पीकर साहिब, जो बात कैरों साहिब ने Betterment Levy के मुतअल्लिक कही........(घंटी की आवाज) कैरों साहिब, ने कहा था कि जनसंघ वाले भी चाहें तो इस agitation में आ सकते हैं। स्पीकर साहिब उन्हें मैं यह बताना चाहता हूं कि किस प्रकार पिछले आन्दोलन में न केवल कैरों साहिब ने गिड़गिड़ा कर इस आन्दोलन को बन्द करने के लिये कहा, बल्कि......

Mr. Speaker : Please wind up. When I ring the bell for the socond time the hon. Member who is speaking should resume his seat.

श्री बल राम दास टंडन : बल्कि पंडित नेहरू तथा पन्त जी ने भी आख़री दिनों में वैसी ही requests की थीं।

श्री अध्यक्ष : आप बैठ जायें। Betterment Levy का बिल कल हाउस के सामने आना है, आप को वह बात करने की ज़रूरत नहीं है जो फिर इस हाउस में आने वाली है। (The hon. Member should now resume his seat. Tomorrow the Bill regarding the Betterment Levy will come before this House and, therefore, there is no need to speak on a subject which is to be discussed in the House.)

श्री बल राम दास टंडन : स्पीकर साहिब, सिर्फ़ इतनी ही बात है......

Mr. Speaker: Now the hon. Member should resume his seat.

ਸਰਦਾਰ ਜਸਦੇਵ ਸਿੰਘ ਸੰਧੂ (ਧੂਰੀ 'ਜਨਰਲ') : ਜਨਾਬ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਜਿਹੜਾ ਬਜਟ ਮਾਨਯੋਗ Finance Minister ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਸਾਡੇ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖਿਆ ਹੈ ਉਹ ਬੜਾ ਸੁੰਦਰ ਹੈ ਤੇ ਬੜੀਆਂ ਸਕੀਮਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸ ਸਾਲ ਦੇ ਬਜਟ ਵਿਚ ਰਖੀਆਂ ਹਨ । ਜੇ ਅਸੀਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਾਰੀਆਂ ਸਕੀਮਾਂ ਤੇ ਅਮਲ ਕਰਾ ਸਕੀਏ ਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਰਖਿਆ ਗਿਆ ਰੁਪਿਆ ਅਸੀਂ lapse ਨਾ ਹੋਣ ਦੇਈਏ ਤਾਂ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡਾ ਪੰਜਾਬ ਇਕ ਬੜੀ ਤਰੱਕੀ ਵਾਲਾ ਕਦਮ ਉਠਾਏਗਾ ।

ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ, ਅਸੀਂ ਬਜਟ ਪਾਸ ਕੀਤਾ ਸੀ ਤੇ ਇਸ ਸਾਲ ਵਾਸਤੇ ਵੀ ਬਜਟ ਅਸੀਂ ਪਾਸ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ ਅਤੇ supplementary ਬਜਟ ਵੀ ਅਸੀਂ ਪਾਸ ਕੀਤਾ ਸੀ । ਅਸੀਂ ਵੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਸਕੀਮਾਂ ਵਾਸਤੇ ਰੁਪਿਆ ਸਾਡੇ ਕੋਲੋਂ ਅੱਜ ਪਾਸ ਕਰਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਉਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਖਰਚ ਨਾ ਕਰਕੇ ਹੋਰ ਕਈ ਨਵੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਵਾਸਤੇ token demands ਰਾਹੀਂ supplementary ਬਜਟ ਵਿਚ ਪਾਸ ਕਰਾ ਲਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਅਤੇ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਇਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ bad budgeting ਹੈ । Finance Minister ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਖਿਆਲ ਰਖਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਸਕੀਮਾਂ ਲਈ ਜੋ ਪੈਸਾ ਪਾਸ ਕਰਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਉਸ ਮੁਤਾਬਕ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਤੇਜ਼ੀ ਨਾਲ ਅਮਲ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਸਾਲ ਦੇ close ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਪਹਿਲਾਂ ਖਰਚ ਹੋ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਇਹ ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਕਿ ਰੁਪਿਆ ਲਿਆ ਤਾਂ ਜਾਵੇ ਸੜਕਾਂ ਲਈ ਪਰ supplementary grants ਵੇਲੇ token grants ਲੈਕੇ ਉਹ ਰੁਪਿਆ ਕਿਸੇ ਹੋਰ ਪਾਸੇ ਪਾ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ । ਇਸ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ Buildings ਅਤੇ Roads ਅਤੇ Irrigation ਦਾ ਮਹਿਕਮਾ ਬੜਾ ਬਦਨਾਮ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਵੇਲੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਸੜਕਾਂ, drains ਜਾਂ ਰਜਵਾਹਿਆਂ ਲਈ ਪੈਸੇ ਮੰਗਦੇ ਹਨ ਉਹ ਰੁਪਿਆ supplementary ਬਜਟ ਪੇਸ਼ ਕਰਨ ਦੇ ਵਕਤ ਕਿਸੇ ਹੋਰ ਜਗ੍ਹਾ ਤੇ ਖਰਚ ਕਰ ਦਿੰਦੇ ਹਨ । ਇਹ ਚੀਜ਼ ਨਹੀਂ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ।

ਇਸ ਤੋਂ ਬਿਨਾਂ, ਮੈਂ ਕਹਾਂਗਾਂ ਕਿ ਸਾਡੇ ਮਹਿਕਮਿਆਂ ਦੀ ਆਪਸ ਵਿਚ co-operation ਨਹੀਂ ਹੈ । ਮਿਸਾਲ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਮਹਿਕਮਾ Community Project ਦਾ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਪੇਂਡੂ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉੱਚਾ ਚੁਕਣ ਦਾ ਮਹਿਕਮਾ ਹੈ ਅਤੇ B. D. Os. ਨੂੰ ਪੇਂਡੂ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਨਾਲ ਸਬੰਧ ਰਖਣ ਵਾਲੇ ਤਕਰੀਬਨ ਸਾਰੇ ਦੇ ਸਾਰੇ ਕੰਮ ਸੌਂਪੇ ਗਏ ਹਨ ਪਰ ਉਸ ਦੀ ਸਬੰਧਤ ਮਹਿਕਮਿਆਂ ਵਿਚ ਕੋਈ voice ਨਾ ਹੋਣ ਕਰਕੇ ਉਹ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਕੰਮ ਕਰ ਨਹੀਂ ਸਕਦਾ । ਅਸੀਂ ਪਿਛੇ Rabi Campaign ਵੇਲੇ ਵੇਖਿਆ ਹੈ । B.D.Os. ਨੇ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ ਕਿ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਵੇਲੇ ਸਿਰ ਫਸਲਾਂ ਲਈ ਮਿਲ ਜਾਵੇ ਤਾਕਿ ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੂੰ ਫ਼ਾਇਦਾ ਹੋਵੇ ਅਤੇ ਆਪਣੀਆਂ ਸਿਫਾਰਸ਼ਾਂ ਭੇਜੀਆਂ ਪਰ Irrigation ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਅਤੇ tube-wells ਦੇ ਮਹਿਕਮਿਆਂ ਵਲੋਂ ਕੋਈ co-operation ਨਾ ਹੋਣ ਦੀ ਵਜ੍ਹਾ ਕਰਕੇ ਇਸ campaign ਨੂੰ ਸੱਟ ਵੱਜੀ । ਇਕ ਮਿਸਾਲ ਮੈਂ ਆਪ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਹੋਰ ਰਖਦਾ ਹਾਂ । ਧੂਰੀ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਤਿੰਨ sugarcane roads ਬਣਨ ਦੀ ਸਕੀਮ ਮੰਜ਼ੂਰ ਹੋਈ । ਉਸ ਵਿਚੋਂ $\frac{1}{3}$ ਹਿੱਸਾ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਖਰਚ ਕਰਨਾ ਸੀ,

⅓ ਹਿੱਸਾ sugar factories ਵਾਲਿਆਂ ਨੇ ਤੇ ⅓ ਹਿੱਸਾ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਜ਼ਮੀਨ ਦੇਕੇ ਅਤੇ ਮੁਫਤ earth work ਕਰਕੇ ਅਦਾ ਕਰਨਾ ਸੀ। ਪਿਛਲੇ ਮਈ ਦੇ ਮਹੀਨੇ ਵਿਚ D. C., S. D. O. ਅਤੇ B. D. O. ਨੇ ਲੋਕਾਂ ਪਾਸੋਂ ਹਾੜ੍ਹੀ ਦੀ ਵਢਾਈ ਜ਼ਬਰਦਸਤੀ ਛੁਡਾ ਕੇ ਇਹ earth work ਮੁਕੰਮਲ ਕਰਵਾਇਆ ਅਤੇ ਆਖਿਆ ਗਿਆ ਕਿ ਜੇ ਇਹ ਕੰਮ ਹੁਣੇ ਹੀ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਤਾਂ P. W. D. ਇਸ ਸਾਲ ਦੇ ਖਾਤਮੇ ਤਕ ਇਹ ਸੜਕਾਂ ਮੁਕੰਮਲ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕੇਗੀ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਤੋਂ ਫਸਲ ਦੀ ਵਢਾਈ ਵਿਚੋਂ ਛੁੜਾਕੇ 21 ਮੀਲ ਲੰਬੀਆਂ ਸੜਕਾਂ ਤੇ ਇਹ ਕੰਮ ਮੁਕੰਮਲ ਕਰਵਾਇਆ ਗਿਆ, standard ਦੀ ਮਿੱਟੀ ਪਾਈ ਪਰ ਅਫਸੋਸ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਅੱਜ ਸਾਲ ਖਤਮ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤਿੰਨਾਂ ਸੜਕਾਂ ਵਿਚੋਂ ਇਕ ਵੀ ਸੜਕ complete ਨਹੀਂ ਹੋਈ।

ਫਿਰ ਜਨਾਬ, ਸਾਡੇ ਮੁਖ ਮੰਤ੍ਰੀ ਜੀ ਕਈ ਵਾਰ ਇਹ ਕਹਿ ਚੁਕੇ ਹਨ ਕਿ ਪੈਪਸੂ ਦੀ ਜੋ Second Five-Year Plan ਹੈ ਉਸ ਵਿਚੋਂ ਕੋਈ ਵੀ ਚੀਜ਼ ਘਟ ਨਹੀਂ ਕਰਨੀ। ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਮਨਸ਼ਾ ਹੋਵੇ ਪਰ ਜੇ ਅਸੀਂ ਅਗਲੇ ਸਾਲ ਦਾ ਬਜਟ ਦੇਖੀਏ, ਤਾਂ ਪਤਾ ਚਲਦਾ ਹੈ ਕਿ ਕਈ ਚੀਜ਼ਾਂ cut ਕੀਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ। ਮਸਲਨ ਪੈਪਸੂ Plan ਮੁਤਾਬਕ Road Transport ਨੂੰ nationalise ਕਰਨ ਦਾ programme ਸੀ। ਜਦ ਇਸ Assembly ਵਿਚ ਗਵਰਨਰ ਸਾਹਿਬ ਦਾ Address ਪਹਿਲੀ ਵਾਰ ਹੋਇਆ ਤਾਂ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਕਿ ਆਉਂਦੇ ਸਾਲਾਂ ਦੇ ਦੌਰਾਨ ਵਿਚ ਪੈਪਸੂ ਦੀ Road Transport ਨੂੰ ਪੂਰੀ ਤਰ੍ਹਾਂ nationalise ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ। ਪਰ ਇਸ ਬਾਰੇ ਕੋਈ ਕਦਮ ਨਹੀਂ ਚੁਕਿਆ ਗਿਆ ਸਗੋਂ Pepsu ਦੇ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਸ਼ਾਮਲ ਹੋਣ ਬਾਅਦ transport nationalisation ਦੀ policy ਹੀ ਖਤਮ ਕਰ ਦਿਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਕਿਉਂਕਿ Finances ਦੀ ਲੋੜ ਰਹਿੰਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਕਰਕੇ Pepsu ਨੇ ਇਸ ਅਸੂਲ ਨੂੰ ਮੰਨਿਆ ਹੋਇਆ ਸੀ। ਇਸ ਲਈ ਘਟੋ ਘਟ Pepsu ਦੀ Road Transport ਨੂੰ ਤਾਂ ਛੇਤੀ ਤੋਂ ਛੇਤੀ nationalise ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਤੇ ਜੇ ਪੰਜਾਬ ਨੇ ਇਹ ਅਸੂਲ ਨਹੀਂ ਮੰਨਿਆ ਉਥੇ ਬੇਸ਼ਕ ਨਾ ਕਰੋ ਪਰ ਪੈਪਸੂ ਵਿਚ ਤਾਂ ਇਹ ਪੂਰੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਰੋ।

ਇਕ ਹੋਰ ਗੱਲ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿਣੀ ਹੈ। ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਬੜੇ ਕਰਜ਼ੇ, ਤਕਾਵੀਆਂ ਆਦਿ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ ਪਰ recovery ਵੇਲੇ ਦੇਖਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜੋ ਤਾਕਤਵਰ ਆਦਮੀ ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿ ਹਜ਼ਾਰਾਂ ਤੇ ਲੱਖਾਂ ਰੁਪਏ ਕਰਜ਼ ਲਿਆ ਹੋਇਆ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਤਾਂ ਪੁਛਿਆ ਨਹੀਂ ਜਾਂਦਾ ਪਰ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਗਰੀਬਾਂ ਤੋਂ 200 ਜਾਂ 400 ਰੁਪਿਆ ਲੈਣਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਹਵਾਲਾਤ ਵਿਚ ਸੁਟਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। (*interruption*) ਪਰ ਜਿਹੜੇ ਐਮ. ਐਲ. ਏਜ਼ ਵਜ਼ੀਰ, ਅਫਸਰ ਜਾਂ ਹੋਰ ਤਾਕਤਵਰ ਆਦਮੀ ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਤਕਾਵੀਆਂ due ਵੀ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ ਫਿਰ ਵੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਨਹੀਂ ਪੁੱਛਦਾ। ਇਹ ਗੱਲ ਨਹੀਂ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਅਤੇ ਜੋ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ ਉਸ ਤੋਂ recovery ਵਿਚ ਢਿਲ ਨਹੀਂ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ।

ਪਿਛੇ ਬੜਾ ਸ਼ੋਰ ਸੁਣਦੇ ਸੀ ਕਿ ਪਟਿਆਲਾ ਵਿਚ ਇਕ Residential University ਕਾਇਮ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇਗੀ। ਗਵਰਨਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਵੀ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਮੇਰੀ ਸਰਕਾਰ ਇਸ ਬਾਰੇ ਕਦਮ ਉਠਾਵੇਗੀ। ਅੱਜ ਦੋ ਸਾਲ ਹੋ ਗਏ ਹਨ ਪਰ ਇਸ ਦੇ

[ਸਰਦਾਰ ਜਸਦੇਵ ਸਿੰਘ ਸੰਧੂ]

ਕਾਇਮ ਹੋਣ ਦੀ ਕੋਈ ਉਮੀਦ ਨਜ਼ਰ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੀ। ਇਸ ਸਾਲ ਅਸੀਂ ਦੇਖਦੇ ਹਾਂ Engineering Colleges ਨੂੰ ਰੁਪਿਆ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। Thapar Engineering Institute ਨੂੰ 7½ ਲੱਖ ਰੁਪਿਏ ਦੀ grant ਦਿਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਪਰ ਉਸ ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ Guru Nanak Engineering College ਲੁਧਿਆਣਾ ਨੂੰ, ਜਿਥੇ ਕਿ 70 ਫ਼ੀਸਦੀ ਲੜਕੇ ਪੰਜਾਬ ਅਤੇ ਹਰਿਆਨਾ ਦੇ ਪੇਂਡੂ ਇਲਾਕੇ ਦੇ ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਜਿਸ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਗਵਰਨਮੈਂਟ Engineering College, Chandigarh ਨਾਲੋਂ ਵੀ ਚੰਗਾ ਨਿਕਲਦਾ ਹੈ, ਨੂੰ ਇਕ ਪੈਸੇ ਦੀ ਵੀ ਸਹਾਇਤਾ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀ ਗਈ। (ਵਿਘਨ) ਇਸ college ਦੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਜ਼ਰੂਰ ਮਦਦ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। (ਘੰਟੀ) ਨਾਲੋ ਇਹ institution ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਦਿਹਾਤਾਂ ਵਿਚ ਵਸਣ ਵਾਲੇ ਲੜਕਿਆਂ ਨੂੰ technical ਤਾਲੀਮ ਦੇ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਇਸ ਦੀ ਵਧ ਤੋਂ ਵਧ ਮਦਦ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ।

मौलवी अब्दुल ग़नी डर (नूह) : स्पीकर साहिब, आज करोड़ों रुपया हम अपनी सरकार को दे रहे हैं कि वह अच्छे कामों पर और अच्छे ढंग से खर्च करे।

श्री अध्यक्ष : जो मैम्बर साहिबान गवर्नर साहिब के ऐड्रैस पर और जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन पर या इन में से किसी एक पर भी बोल चुके हैं वह उठने की तकलीफ़ गवारा न करें। लिस्ट मेरे सामने पड़ी हुई है। (The hon. Members who got time to speak during the discussion on the Governor's Address and on the Demand for General Administration or on any of them need not try to rise in their seats. I have got a list of their names before me.)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : जनाब, मैं यह अर्ज़ कर रहा था कि यहां चर्चा हुआ कि ऐडमिनिस्ट्रेशन में demoralisation है। मेरा यकीन है कि वह उन बातों की तरफ़ तवज्जुह देंगे जो ग़लत हुईं या जिन में कमियां आईं और इस रुपये को ठीक ढंग से खर्च करेंगे और पहली बातों की repetition न होगी। Demoralisation ऊपर से चलती है। मैं ने आज तक नहीं सुना कि जिस मैजिसट्रेट का केस हो वह उसी के सामने फ़ैसला के लिये आए। रिवाड़ी में इश्तमाल हो रहा है। जिस वज़ीर की ज़मीन का इश्तमाल हो रहा है उसी को उस महकमा का वज़ीर भी बना दिया गया है। कभी ऐसी बात सुनने में नहीं आई। सूरज मल जी बड़ा अच्छा काम कर रहे थे मगर उन्हें बदल कर इन को यह काम दे दिया गया। यह गिरावट की बात है। और मुख्य मंत्री जी को इस तरफ़ ध्यान देना चाहिए। (विघ्न) जालन्धर की बात आप कर लें। मैं तो अपने प्रधान मंत्री से बात कर रहा हूं। (हंसी) यह बड़े दुख की बात है कि एक वज़ीर किसी दूसरे वज़ीर की ज़मीन वैलफ़ेयर के नाम पर या बीज अच्छे पैदा करने के नाम पर या हरिजनों के नाम पर खरीद करे। यहां एक वज़ीर ने दूसरे वज़ीर की ज़मीन खरीद ली है। यह demoralisation की बात है। इन को देख कर अफ़सरों में भी demoralisation आती है। एक वज़ीर ने दूसरे वज़ीर की रेवाड़ी में ज़मीन खरीद कर ली और एक वज़ीर ने अपने दोस्तों या अपने रिश्तादारों की ज़मीन खरीद कर ली। यह बड़ी नापसंदीदा बात है।

तीसरी बात जिस की तरफ मैं अपने मंत्री मंडल का ध्यान दिलाना चाहता हूं वह demoralisation की है । इस बात का हर रोज़ और हर जगह चर्चा किया जाता है लेकिन मैं अर्ज़ करूं कि यह ऊपर से शुरू होती है नीचे से नहीं । इस लिये सरकार को ऊपर की तरफ़ ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है । एक दफ़ा हमने अखबार में एक इश्तहार देखा था आप ने भी, स्पीकर साहिब, जरूर देखा होगा, उस में दर्ज था कि "मैनेजिंग डायरैक्टर श्री भीम सेन सच्चर, चीफ मिनिस्टर, पंजाब" । हमने इस बात पर उस वक्त भी एतराज किया था कि यह बदसूरत बात है । फिर हाई कोर्ट में केस जाते हैं और अगर अर्जेदाश्त देने वाले के नाम के साथ son of फ़लां लिखा हुआ हो-- son of चीफ मिनिस्टर, पंजाब—तो यह एक बदसूरत बात है और ऐसा हुआ । हकूमत के लिये यह स्पीकर साहिब, यह एक गिरावट की बात है और इस तरह हाई कोर्ट को मुतासिर करने की कोशिश की जाती है । स्पीकर साहिब, मुझे ऐसी बातें कहने पर दुःख होता है लेकिन मैं इतना जरूर कहना चाहता हूं कि demoralisation तब दूर होगी जब ऊपर से इस का इन्तज़ाम किया जाएगा और ऐसी बातों को रोका जाएगा । फिर Chief Justice ने कहा था कि सूबे के अन्दर गुन्डा राज है (विघ्न) मेरा मतलब यह है कि उन्होंने यह कहा था कि दिहात के अन्दर बदमाशों का जोर है (घंटी) । जनाब स्पीकर साहिब, मैं ने आप का इशारा पा लिया है और मैं यह बात ज़रा सफाई से कहूंगा । Demoralisation के नए नए तरीके राइज़ हो रहे हैं । मैं तो यह कहना चाहता हूं कि मन्त्रिमंडल को देखना चाहिए कि कौनसी खूबसूरती से कोई बात हो रही है और कहां पर खराबी है जिस से हकूमत के बदनाम हो जाने का डर हो ।

श्री अध्यक्ष : डाक्टर बलदेव प्रकाश खुश हैं कि किस खूबसूरती से आप ने बात कही है और कैसे इसे चला दिया है । (Dr. Baldev Parkash is happy over the stylish way in which the hon. Member has initiated this topic.)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : जनाब मैं तो सिर्फ यह अर्ज़ कर रहा था कि अगर चीफ़ मिनिस्टर का रिश्तेदार ज़मीन खरीद कर ले या और कोई काम या परममिट उस के नाम पर allot हो जाए तो इस से ज्यादा और demoralisation क्या हो सकती है ? फिर मान साहिब ने कहा है कि दस रुपए ले लिए या दस हज़ार ले लिया ।

श्री अध्यक्ष : छोड़िए इस बात को । मान साहिब ने मज़ाक से कहा होगा । (Please leave it. Mann Sahib might have said so in a lighter vein.)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : मंत्री मंडल यह कहे कि यह मसला ऐग्रीकल्चर का है या और कोई है तो कोई बात नहीं बनती । इस में कोई हर्ज नहीं । लेकिन अगर रिश्तेदारों के नाम पर कोई कोटे दिये जाएं तो यह खूबसूरत बात नहीं । तो अगर इस में से 10 फीसदी को इस्तेमाल किया जाए और बाकी black market में चला जाए तो यह बात कोई जेब नहीं देती—न सरकार को और न मंत्रिमंडल को । मंत्रिमंडल को इस तरह की बातें check करनी चाहिएं ।

[मौलवी अब्दुल गनी डार]

स्पीकर साहिब, मैं ने भट्ठों की बात कही थी तो कहा गया था कि मौलवी अब्दुल ग़नी को भट्ठों से दिलचस्पी है। लेकिन वह सच्चाई की बात थी। अगर किसी वज़ीर का रिश्तेदार या मिलने वाला दस बीस भट्ठे ले ले तो यह अच्छी बात नहीं–एक बदसूरत बात है। जहां मंत्रिमंडल में ऐसी खूबियां हैं, जिन्हें हम यहां पर भी और हाऊस के बाहिर भी बयान करते रहते हैं वहां ऐसी बदसूरत बातें जब लोग मंत्रिमंडल के बारे में करें तो अच्छा मालूम नहीं देता। लोग कहते हैं कि हमें सरकार की ख़ूबियां बताते हो; अगर यही बात है तो यह कोटे और डिपो क्यों उन के रिश्तेदारों के पास हैं ? सड़कों और नहरों पर करोड़ों रुपये खर्च किये जाते हैं लेकिन इस तरह की बातें corruption को बढ़ाती हैं। यह demoralisation की बातें हैं। आजकल corruption के नए नए ढंग निकल आए हैं। मिनिस्टर हमारे मिनिस्टर हैं लेकिन इन की कोठियों में दस दस मैम्बर साहिबान को रखा जाता है। यह भी एक तरह की corruption है और इस तरह demoralisation की जाती है। अफ़सरान भी इस तरह demoralise होते हैं। (विघ्न) जनाब, मैं आप की protection चाहता हूं। थोड़ा सा वक्त मिला है, उस में यह interrupt करते हैं।

श्री अध्यक्ष : आप कहां घूम रहे हैं ? (What is the hon. Member broaching ?)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : मैं जनाब अर्ज़ करना चाहता हूं कि जितना रुपया दिया जा रहा है और जिन कामों के लिए दिया जा रहा है वह काम पूरे करने हैं तो ज़रूरी है कि administration को corruption से साफ़ किया जाए। जो demoralisation आ चुकी है, इसे दूर करने की कोशिश की जाए।

स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ करूं कि रिवाड़ी में जो हादसा पिछले दिनों हुआ उसे आप जानते हैं। जिस Inspector को इस मामले की enquiry का काम सुपुर्द किया गया उस ने सरकार के इशारे को न माना और इन की मन मानी नहीं की तो नतीजा स्पीकर साहिब, क्या हुआ ? यह कि उस को पिटवाया गया और ज़लील किया गया। (*Voice : Shame, Shame.*) पंडित श्री राम शर्मा जी ने इस बारे में कहा तो एक वज़ीर। ने इतराज़ किया कि इन्हें शायद तफसील पता नहीं थी लेकिन मैं तो उस इलाके का हूं। मेरे इलाके में ऐसी बात हुई और मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि उस के साथ ज्यादती हुई। यह एक ग़लत तरीका है और इस से अफ़सरान में कमज़ोरी आती है।

स्पीकर साहिब, जब Unionist Government थी और डाक्टर गोपी चंद जी हमारे लीडर थे हम अपोज़ीशन में थे तो हम जानते हैं कि पंजाब में 29 ज़िले थे और 4 करोड़ की आबादी होने पर भी एक आई. ज़ी. पुलिस एक महकमा का एक ही डाइरैक्टर और एक ही चीफ़ इनजिनियर हुआ करता था। लेकिन क्या मैं जान सकता हूं कि क्या मुश्किल आ गई है कि पांच या छ: तो चीफ इंजिनियर हैं और उन में कोई मेल मिलाप और ताल मेल नहीं है ? कोई ज़िम्मावारी नहीं लेता। नहर का मामला हो या सड़क का मामला हो—इस की ज़िम्मेवारी नहीं लेता क्योंकि अफ़सरान ही इतने

ज्यादा हैं । और अब अगर इन की strength को और बढ़ा दिया गया तो यह और भी ग़लत बात होगी । फिर दो ही I. G. पुलिस हैं । कहा जाता है कि साहिब पैप्सू का इलाका मिल गया । तो मिल कर भी तो सिर्फ 18 इज़ला ही बने 29 तो नहीं बन गए जो कि मुश्तर्का पंजाब में थे । लेकिन यह बात नहीं है । हमारे मुख्य मंत्री और मंत्रिमंडल को इस तरफ तवज्जो देने की ज़रूरत है । यहां पर भी लोग इस बात पर तरह तरह की बातें करते हैं कि किस बिना पर अफसरान की गिनती इस कदर रखी हुई है जब कोई ज़िम्मेवारी ही नहीं लेता । मुझे इस बात से बहस नहीं कि पैप्सू का इलाका हम से मिला है। ठीक है । मुझे इस से सरोकार नहीं कि Chief Engineer पैप्सू का हो या Director पैप्सू का हो या आइ० जी० पुलिस पैप्सू का हो । लेकिन जिम्मेदार हो और एक हो, यह ज़रूरी है । (घंटी) मैं, स्पीकर साहिब, सिर्फ एक आध मिनट में ही खत्म कर दूंगा । स्पीकर साहिब, मुझे फिकर इस बात का है कि यहां पर पुलिस अफसरान और दूसरे अफसरान को मिनिस्टर साहिबान की तरफ से धमकी दी जाती है कि यह काम इस तरह से करो । यह सरकार के लिये ठीक तरीका नहीं फिर मिनिस्टर साहिब एक जगह 48 दफा जाते हैं और वह भी आठ महीने में यानी तकरीबन हर हफता तो इस का नतीजा यह होता है कि अफसरान अपना काम भी नहीं कर सकते । फिर, स्पीकर साहिब, आप को एक जगह का वाक्या सुनाऊं । मैं नाम नही लूंगा । वज़ीर साहिब जाते हैं और एक सब-इन्स्पैक्टर को कहते हैं कि यह काम करना है हमारे फलां मिलने वाले या रिश्तेदार का काम है । वह नेक आदमी था । उस को तबदील कर दिया गया । यहां तक ही नहीं । उस पर तरह तरह के इलज़ामात लगा दिए कि तुम पर यह कसूर है । तुम्हारा यह गुनाह है । क्या इस तरह से हकूमत के लिये बातें सुनना मुनासिब हैं ?

आज, स्पीकर साहिब, गुड़गावां के अन्दर कहा जा रहा है कि वहां पर पंडित जवाहरलाल नेहरू का राज नहीं और न ही सरदार प्रताप सिंह कैरों का राज है वहां पर एक M.L.C. का राज है । अफसरान डरते हैं और जगह जगह इस बात का चर्चा होता है । क्या तबाही आने वाली है जो इस तरह की बातें......(घंटी) सिरफ दो मिन्ट में ही खत्म करता हूं ।

श्री अध्यक्ष : इस तरह की बातें तो हाऊस सुनता आया है । (The House has already been listening such things)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : जनाब यह तो बिलकुल नई बात है कि एक ऐम. ऐल. सी. का कहीं पर राज हो । कभी सुना नहीं था इस तरह.........(विघ्न) सरदार प्रताप सिंह की जय हो । लेकिन इस तरह की बातें होने पर अफसरान और नीचे के मुलाज़मीन के दिलों पर हकूमत का क्या असर रह जाता है ? सुना जाता है कि खुले आम अफसरों के नाम पर उसी के हुक्म से रिश्वत चलती है । इस तरह की बातें सरकार को कड़े हाथों से खत्म करनी ज़रूरी हैं । अगर आप corruption और रिश्वत को खत्म करना चाहते हैं तो अगर इसे ऊपर से खत्म किया जाए, तो नीचे खुद बखुद इस का असर पड़ेगा ।

स्पीकर साहिब, हकूमत ने दो करोड़ रुपया नेक काम में लगाने के लिये रखा है । यह रुपया सरकार ने गरीबों के नाम पर दिया है । इस के लिये गुज़ारिश है कि यह रुपया

[मौलवी अब्दुल गनी डार]

उन लोगों को मिलना चाहिए जिन के लिये यह रखा गया है। मैं तमाम नहीं कहता लेकिन इन में से बहुत ज़्यादा उन को मिलना चाहिए। अक्सर यह देखा गया है कि जिन के लिये रुपया रखा गया है वह उन्हें नहीं मिलता। मैं अर्ज़ करता हूं कि खुदा के वास्ते जो वादा लोगों से किया है उसे पूरा किया जाय। जो इलाके डूब रहे हैं उन के बचाव के लिये ही यह सरफ होना चाहिए। (विघ्न) मैं यह अर्ज़ कर रहा था कि जो रुपया जिस जिस काम के लिये सरकार ने मनज़ूर करवाया है और गरीब लोगों से जो वायदे किये हैं उन को पूरा किया जाए और जो इलाके डूब रहे हैं उन्हें बचाने पर खर्च किया जाए, डरेन्ज़ के काम को पूरा किया जाए।

मैं सिर्फ एक वाक्या के बारे में ज़िक्र करना चाहता हूं। हमारे यहां एक जरमनी का expert आया था। जब introduction करवाई गई तो कहा गया कि यह हमारे पंजाब के चीफ इनजीनियर कैनालज़ हैं। फिर दूसरों को भी चीफ इनजीनियर बताया गया, तो वह बहुत हैरान हुआ और उस ने कहा कि हमारे हां तो canals और drains एक ही हैं और एक शोहबा का एक चीफ इन्जीनियर होता है। नीज़ हम जब तक डरेन नहीं बनाते नहरें बनाने का सवाल ही पैदा नहीं होता। पहले drains बनाई जाती हैं। इस लिए drains के लिये जो रुपया सरकार ने रखा है मैं उस के लिये इस सरकार को credit देता हूं क्योंकि drains के बन जाने से तबाही को रोका जा सकेगा। लेकिन इस के साथ ही गुज़ारिश करूं कि जो रुपया गुड़गांवां में drains के लिये रखा गया है और जिस की मन्ज़ूरी ले ली गई है वह कहीं एक करोड़ से कम हो कर 45-46 लाख और फिर इस तरह से बिलकुल ही कम न कर दिया जाए। इस के लिये आखिर में मैं अर्ज़ करूंगा कि जो वादा आपने अपने गुड़गावां के लोगों से किया है वह पूरा किया जाये और जो रुपया drains के लिये रखा गया है उसे सरफ किया जाए ताकि गुड़गावां के इलाके को drains बनाकर तबाही से बचाया जा सके।

चौधरी चन्द्र भान (तोशाम) : श्रीमान् अध्यक्ष महोदय, यह Appropriation Bill जो House में पेश है, ऐसा आज से 12 महीने पहले भी इसी House में पेश हुआ था। हमारे Prime Minister नेहरू जी और इन से पहले महात्मा गांधी जी और उन से भी पहले महात्मा तिलक जी जैसे बजुर्ग इसी बात पर जोर देते चले आ रहे हैं कि गरीब लोगों को ऊपर उठाया जाये और जो लोग गरीबों का खून चूसते हैं उन को नीचे दबाया जाये। मगर मैं ने पिछला भी Bill देखा था और आज भी यह Appropriation Bill देख रहा हूं। मैं तो गरीबों की भलाई की इस में कोई बात देख नहीं सका। मैं एक social worker हूं, leader type का वकील नहीं हूं। मैं तो कहीं भी हो; practical काम देखना चाहता हूं। मगर मुझे ज़्यादा यहां पर बोलने वाले ही नज़र आते हैं, practical काम करने वाला यहां कोई नहीं है। यह जो बड़े बड़े आदमी आगे बैठे हुए हैं यह सब leader type के वकील हैं। मगर यह मेरी भूल थी कि मैं आज तक यही समझता रहा कि इन से हमारा कुछ भला होगा। यह मैं

ने ग़लती ही खाई है (एक आवाज़: अभी भी कुछ नहीं बिगड़ा) (हंसी) । पिछली दफा भी मैं ने मंत्री महोदय से यह अर्ज़ किया था कि लोहारू पंजाब की boundary में शामिल है, राजस्थान में नहीं। पिछले साल भी इस को बिल्कुल ignore किया गया अब की दफा भी इस के लिये कुछ provision नहीं है । न यहां के लिये roads का, न transport का, न पानी का और न ही बिजली का कोई प्रबंध है । हम ग़रीबों को कोई भी नहीं पूछता ।

एक माननीय सदस्य : आप के लिये विनोबा भावे जो आ रहे हैं।

चौधरी चन्द्र भान : मैं विनोबा भावे जी के मुतअल्लिक कुछ कहना नहीं चाहता । इन्होंने तो इन के mission को भी fail कर देना है। संतों का, महात्माओं का जो mission होता है वह किसी दबाव के ज़ोर से नहीं चलता । अगर कोई दान दे तो उसे अपने आप ही देना चाहिए। मगर यह अपनी ताकत से इस संतों के mission को materialistic दृष्टिकोण की तरफ लिये जा रहे हैं । मैं समझता हूं कि लोगों में दान देने का अपने आप ही उत्साह होना चाहिये ।

मेरा कहने का मतलब था कि लोहारू का जो इलाका है इस के तीन तरफ राजस्थान की सरहद लगती है । यहां पर और तो क्या होना था पीने का पानी भी नहीं मिलता । Minister P.W.D. मेरे ज़िले के हैं । सारे ज़िले का हाल जानते हैं, घर घर को जानते हैं और मेरे रिश्तेदार भी हैं। हम यह समझते थे कि चौधरी सूरज मल हरियाना की एक बहुत बड़ी तोप हैं, मगर इन से भी हम ग़रीब लोगों का कोई भला नहीं हुआ । चौधरी छोटू राम भी जब मनिस्टर बने थे तो हम यह सोचते थे कि यह हम लोगों को ऊपर उठायेंगे, मगर पता नहीं इन Benches में क्या बीमारी है कि जो भी यहां आ जाता है हमारे लिये खत्म हो जाता है। मेरा इलाका बड़ी देर से नवाबों की हकूमत में रहा है । हम उस वक्त से गुलामी की चक्की में पिसते चले आ रहे हैं। इस के बाद आज़ादी आई । गांधी जी ने कहा कि हम गरीबों का भला करेंगे । मगर फिर भी वही हाल हुआ । पुराने जमाने को एक मिसाल मशहूर है कि--पहले जमाने में मालिया गांव गांव से वसूल किया जाता था और यह लम्बरदार ही इकट्ठे वसूल किया करते थे। मगर यह लम्बरदार रास्ता में ही आधा खा जाते थे। आधा दाखल खज़ाना करा देते थे। यह सिलसिला नवाबी हकूमतों में चलता रहा है । 8-9 साल के बाद नवाब को पता लगा कि यह लोग तो आधा मालिया खा जाते हैं, इन का कोई न कोई इन्तज़ाम होना चाहिये । उस ने चंद्रभान जैसे को साथ लगा दिया कि यह साथ मालिया इकट्ठा करने जाया करेगा । लम्बरदार ने मेरे जैसे को कहा कि आप खाह मखाह तकलीफ करेंगे यह लो धोती जोड़ा, आप घर जायें 10-15 मील पैदल चलने की जरूरत ही क्या है, मालिया हम खुद दे देंगे। वह भी धोती जोड़ा लेकर वापस घर आ गया, और लम्बरदार फिर वैसे ही करते रहे। स्पीकर साहिब, मेरा कहने का मतलब यह है कि जो भी कोई इस रास्ता पर जाता है वही डूब जाता है। मैं आप को यकीन दिलाता हूं कि वज़ीर बने नहीं और सब कुछ भूले नहीं। सिवाये अपने लोगों की सिफारिशें मानने के कुछ करते ही नहीं हैं। मैं चौधरी सूरज मल से भी मिला हूं और दूसरे ministers से भी मिला हूं। सभी उठ कर कहते हैं कि हम ने इस इलाके में ऐसा किया और उस इलाके में ऐसा किया,

[चौधरी चन्द्र भान]

लकिन मेरा एक ऐसा इलाका है जिस के District Headquarter में पहुंचने के लिये 150 कोस तय करके जाना पड़ता है। एक तरफ तो सरदूल पुर से होकर आना पड़ता है और दूसरी तरफ रिवाड़ी से हो कर आना पड़ता है। दो दिन की यहां से छुट्टी मिलती है और दो दिन तो भिवानी तक जाते ही लग जाते हैं। इस के इलावा पैदल भी वहुत सा रास्ता तय करना पड़ता है। यह फायदे की बातें तो सब बड़े बड़े लोगों के लिये ही हैं गरीबों को कोई भी नहीं पूछता। आज मैं अपने इलाका के मुताल्लिक कह सकता हूं कि न वहां कोई line of communication है और न ही वहां पर कोई line of roads है। न वहां कोई वजीर जाता है और न ही वहां पर कोई सुधार का काम होता है।

लोहारू का इलाका एक desert है--रेतला इलाका है। इस में कोई 60 के करीब गांव है जिन की यह हालत है कि पीने का जो पानी मिलता है वह कड़वा होता है। कहीं मीठा पानी नहीं मिलता। यह इलाका most backward इलाका है; ऐसा पंजाब भर में नहीं है।

श्री अध्यक्ष : शान्ति से काम लें। एक तो पानी नहीं मिलता दूसरे आप गर्म हैं। (Please be calm. On the one hand there is shortage of water and on the other the hon. Member is of hot temper.)

चौधरी चन्द्र भान : यह दिहातों में तो कहते हैं कि हम आप के लिये काम करेंगे मगर जब यहां पर आकर देखते हैं तो यहां शहरी ही शहरी हैं। इस लिये मेरी इन से प्रार्थना है कि यह हमारे लिये गड़वा भर पानी का प्रबन्ध करें। मेरे पड़ोस में चौधरी साहिब का गांव शिडवां है। हमारे नहीं मगर उन के मीठा पानी मिलता है। इन को चाहिये कि जल्दी से जल्दी वहां भी पीने के पानी का प्रबन्ध करें। मगर वजीर साहिब यहां पर वकीलों के तरीका से चल रहे हैं। जहां काम करना होता है वहां तो चुपके से कर देते हैं। जहां पर नहीं करना होता वहां के लिये बहाने बनाये जाते हैं। जैसा कि मैं ने पहले कहा हम तो चौधरी सूरज मल को एक बड़ी भारी तोप समझते थे, मगर यह तो वह बात है कि खोदा पहाड़ और निकला चूहा। (हंसी)।

श्री अध्यक्ष : यह हैं तो बड़ी तोप मगर आप को चलानी नहीं आती। (He is, no doubt a big gun—but the hon. Member does not know how to fire it ?)

चौधरी चन्द्र भान : यह जनाब मेरा कोई कसूर नहीं है। मुझे गांव वालों ने कहा कि भाई तुम M.L.A. बनने के लिये खड़े हो जाओ। मैं खड़ा हो गया। न मैं ने किसी से कोई टिकट ली और न मैं ने election लड़ने पर पैसे खर्च किये। किसी ने मुझे कहा कि तुम कामयाब हो गये, चंडीगढ़ जाओ। तो मैं यहां चला आया। अगर मेरे मुकाबले में चौधरी सूरजमल के रिशतेदार हार गये हैं तो इस में मेरा कसूर ही क्या है। अगर आज चौधरी साहिब अपने रिश्तेदार की हार पर मेरे इलाके से बदला लेना चाहते हैं तो इस में political corruption नहीं तो और क्या है।

श्री अध्यक्ष : आज बात निकली (हंसी) (So the truth is out today) (Laughter).

चौधरी चन्द्र भान : मैं तो स्पीकर साहब, यही कहना चाहता हूं कि मेरे इलाके में सड़कें ज़रूर ही बनवाई जानी चाहियें। रह गया इस Appropriation Bill का सवाल, वह तो मैं vote न भी दूं तो पास हो जाना है।

एक चीज़ भार्गव जी से कहूंगा कि बिनोबा भावे का जो mission है वह बहुत उत्तम है। लेकिन उस में सरकारी अफसरों के ज़रिये चन्दा उगराहना ठीक नहीं, क्योंकि ऐसा mission हकूमत की ताकत से नहीं चल सकता। उस के लिये तो spiritual ताकत की ही ज़रूरत पड़ती है। वह पैदा कीजिए।

अंत में चौधरी सूरजमल जी से प्रार्थना करूंगा कि वह सड़कें बनाने की तरफ ज़रूर ख्याल करें।

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ (ਸੁਲਤਾਨ ਪੁਰ) . ਮਾਨਯੋਗ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਵਿੱਤ ਮੰਤ੍ਰੀ ਨੇ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਜੋ Appropriation Bill ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ, ਉਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਮੈਂ ਕੁਝ ਜ਼ਰੂਰੀ ਨੁਕਤੇ ਤੁਹਾਡੇ ਰਾਹੀਂ ਆਪਣੀ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਨੋਟਿਸ ਵਿਚ ਲਿਆਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ, ਤਾਕਿ ਸਾਡਾ ਰਾਜ ਪ੍ਰਬੰਧ, ਜਿਸ ਨੂੰ ਚਲਾਉਣ ਲਈ ਇਸ ਹਾਊਸ ਕੋਲੋਂ ਰੁਪਏ ਦੀ ਮੰਜ਼ੂਰੀ ਲਈ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ, ਉਹ ਅਗੇ ਨਾਲੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਚੰਗਾ ਬਣ ਸਕੇ।

Pepsu and Punjab ਦੇ merger ਹੋਣ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪੈਪਸੂ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਵਿਚ ਇਕ feeling ਆਈ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੇ ਨਾਲ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਸਲੂਕ ਨਹੀਂ ਹੋ ਰਿਹਾ। ਅੱਜ ਪੈਪਸੂ ਦੇ ਮੁਲਾਜ਼ਿਮ ਇਹ ਮਹਿਸੂਸ ਕਰਦੇ ਹਨ 'ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਨੇ integration ਦੇ ਵਾਸਤੇ ਜਿਹੜਾ decision *ad hoc* basis ਪਰ ਲਿਆ ਹੈ ਉਸ ਨਾਲ ਪੈਪਸੂ ਦੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮਾਂ ਦੀ ਬਹੁ ਗਿਣਤੀ ਥੱਲੇ ਆ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਉਤੇ। Police Radio Staff ਜਿਹੜਾ ਪੈਪਸੂ ਤੋਂ ਆਇਆ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਨਾਲ ਚੰਗਾ ਸਲੂਕ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ feelings ਨੂੰ ਦੂਰ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ।

ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ Pepsu ਦੀ ਜਨਤਾ ਵੀ ਇਹ ਮਹਿਸੂਸ ਕਰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਪੈਪਸੂ ਵਿਚ ਜਿਹੜਾ development ਦਾ programme ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸੀ merger ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਉਸਤੇ ਅਮਲ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ।

ਮਹਿਕਮਾ ਤਾਲੀਮ ਦੇ ਕੁਝ ਅੰਕੜੇ ਮੈਂ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਪੈਪਸੂ ਦੇ ਪ੍ਰਾਈਵੇਟ ਸਕੂਲਾਂ ਨੂੰ ਗਰਾਂਟ ਅਤੇ aid ਦੇਣ ਵਿਚ ਵਿਤਕਰਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। Punjab ਵਿਚ ਪ੍ਰਾਇਮਰੀ ਸਕੂਲਾਂ ਨੂੰ 3 ਰੁਪਏ 5 ਆਨਾ per head ਤੇ ਪੈਪਸੂ ਵਿਚ ਸਿਰਫ 9 ਆਨੇ, ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਵਿਚ Middle School ਨੂੰ 5 ਰੁਪਏ 8 ਆਨੇ, ਪੈਪਸੂ ਵਿਚ 3 ਰੁਪਏ 9 ਆਨੇ, ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਵਿਚ High School ਨੂੰ 25 ਰੁਪਏ ਅਤੇ Pepsu ਵਿਚ ਕੇਵਲ 9 ਰੁਪਏ। ਇਹ discrimination ਬੰਦ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ।

16 ਮਾਰਚ, 1959, ਨੂੰ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਸਾਡੇ ਮਾਨਯੋਗ ਮੁੱਖ ਮੰਤ੍ਰੀ ਨੇ ਆਪਣਾ ਬਿਆਨ ਦਿਤਾ ਸੀ। ਉਹ ਬਿਆਨ ਮਾਸਟਰ ਤਾਰਾ ਸਿੰਘ ਜੀ ਦੀ ਗਿਰਫਤਾਰੀ ਬਾਰੇ ਸੀ। ਉਸ ਬਿਆਨ

ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਆਪਣੀ position ਨੂੰ clear ਕਰਨ ਦਾ ਯਤਨ ਕੀਤਾ ਸੀ । ਲੇਕਿਨ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੁੱਖ ਮੰਤ੍ਰੀ ਦੇ ਉਸ ਬਿਆਨ ਨਾਲ ਮੈਂ ਇਤਫਾਕ ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ ।

ਉਹ ਬਿਆਨ ਅਸਲੀਅਤ ਤੋਂ ਕੋਸਾਂ ਦੂਰ ਸੀ । ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਸਿਖਾਂ ਦੇ ਗੁਰਦੁਆਰਿਆਂ ਦੇ ਪ੍ਰਬੰਧ ਵਿਚ ਦਖਲ ਦਿਤਾ ਹੈ । ਮਾਸਟਰ ਤਾਰਾ ਸਿੰਘ ਜੀ ਨੇ, ਜਿਹੜੇ ਸ਼੍ਰੋਮਣੀ ਅਕਾਲੀ ਦਲ ਦੇ ਪ੍ਰਧਾਨ ਹਨ, ਇਸ ਧੱਕੇ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕਰਨ ਲਈ ਹਰ ਆਈਨੀ ਜ਼ਰੀਏ ਨੂੰ ਅਖਤਿਆਰ ਕੀਤਾ । ਪੰਡਿਤ ਜਵਾਹਰ ਲਾਲ ਨਹਿਰੂ ਨੂੰ ਚਿੱਠੀਆਂ ਲਿਖੀਆਂ ਅਤੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਬੇਸ਼ਕ ਇਕ ਸਾਲਿਸ ਮੁਕੱਰਰ ਕਰਕੇ ਫੈਸਲਾ ਕਰਾ ਲਿਆ ਜਾਏ ਔਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਗਿਰਫਤਾਰੀ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸ਼੍ਰੀ ਜੈ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਨਰਾਇਣ, ਸ੍ਰੀ ਰਾਜ ਗੋਪਾਲਾਚਾਰੀਆ ਔਰ ਸੰਤ ਵਿਨੋਬਾ ਭਾਵੇ ਦਾ ਨਾਂ ਸਾਲਸੀ ਲਈ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਸੀ ਅਤੇ ਆਖਿਆ ਸੀ ਕਿ ਇਹ ਜਿਹੜਾ ਫੈਸਲਾ ਦੇਣਗੇ, ਅਸੀਂ ਉਹ ਪਰਵਾਨ ਕਰਾਂਗੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਦੇ ਇਕ ਸ਼ਹਿਰੀ ਦੀ ਹੈਸੀਅਤ ਵਿਚ ਇਸ ਜਾਇਜ਼ ਮੰਗ ਲਈ, ਜਿਸਦੀ ਰਾਖੀ Constitution ਕਰਦਾ ਹੈ, democratic way ਨੂੰ ਅਪਨਾਇਆ । ਔਰ ਜਦ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਕ peaceful demonstration ਦਾ ਰਸਤਾ ਅਪਣਾ ਕੇ 15 ਮਾਰਚ, 1959 ਨੂੰ ਦਿੱਲੀ ਜਾਕੇ ਇਹ ਦਸਣ ਦਾ ਇਲਾਨ ਕੀਤਾ ਕਿ ਸਿਖਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਬੇਇਨਸਾਫੀ ਹੋਈ ਹੈ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ 12 ਮਾਰਚ ਦੀ ਰਾਤ ਨੂੰ 12 ਵਜੇ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਘਰੋਂ ਗਿਰਫਤਾਰ ਕਰ ਲਿਆ ਜਦ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਘਰ ਅਖੰਡ ਪਾਠ ਹੋ ਰਿਹਾ ਸੀ।

Kanwarani Jagdish Kaur : Shame, shame, shame (*Interruptions*)

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : ਸਿਖ ਸੰਗਤਾਂ ਨੇ ਦਿੱਲੀ ਜਾਣ ਲਈ ਪਹਿਲੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਬੱਸਾਂ ਦਾ ਪ੍ਰਬੰਧ ਕੀਤਾ ਸੀ ਔਰ advance booking ਕੀਤੀ ਸੀ ਉਹ ਬੱਸਾਂ ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਬੰਦ ਕਰ ਦਿਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਅਤੇ ਰੂਟ ਪਰਮਿਟ ਦੇਣ ਤੋਂ ਇਨਕਾਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ । (*Interruptions*)

ਕੰਵਰਾਣੀ ਜਗਦੀਸ਼ ਕੌਰ : ਚਮਚੇ ਬੈਠੇ ਹੋਏ ਨੇ ।

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : ਬੱਸਾਂ ਦੇ route permit ਬੰਦ ਕਰ ਦਿਤੇ, ਸਪੈਸ਼ਲ ਗੱਡੀ ਮਨਸੂਖ ਕਰਵਾਈ ਔਰ ਟਿਕਟਾਂ ਦੇਣ ਤੋਂ ਇਨਕਾਰ ਕਰ ਦਿਤਾ । Public Relation Department ਦੇ ਰਾਹੀਂ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਪਰਚਾਰ ਕਰਵਾਇਆ ਗਿਆ ਕਿ ਜਿਹੜਾ ਕੋਈ ਦਿੱਲੀ ਜਾਏਗਾ ਉਹ ਗਿਰਫਤਾਰ ਕੀਤਾ ਜਾਏਗਾ।

ਸਰਦਾਰ ਭਾਗ ਸਿੰਘ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਨੂੰ ਕੰਵਰਾਣੀ ਜੀ ਨੇ ਚਮਚਾ ਕਿਹਾ ਜੇ । ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਚਮਚੀ ਆਖਾਂ ਤਾਂ ਬੜਾ ਦੁਖ ਮਹਿਸੂਸ ਕਰਨਗੇ । (*Interruptions*)

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਸ ਦੇ ਬਾਵਜੂਦ ਦਿੱਲੀ ਵਿਚ ਪੰਜ ਲੱਖ ਸਿੱਖਾਂ ਦਾ ਸ਼ਾਂਤਮਈ ਜਲੂਸ ਨਿਕਲਿਆ ਔਰ ਬੜੀ ਸ਼ਾਂਤੀ ਨਾਲ ਨਿਕਲਿਆ । ਉਸ ਜਲੂਸ ਵਿਚ, ਜਿਸ ਦੇ ਵਿਚ ਪੰਜ ਲੱਖ ਸਿੰਘ ਤੇ ਸਿੰਘਣੀਆਂ ਸ਼ਾਮਲ ਹੋਈਆਂ —ਦਿੱਲੀ ਦਾ ਇਕ ਪੱਤਾ ਭੀ ਨਹੀਂ ਹਿਲਿਆ ।

Mr. Speaker : You are not standing on the public platform.

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : ਮੁੱਖ ਮੰਤ੍ਰੀ ਜੀ ਨੇ ਆਪਣੀ ਤਕਰੀਰ ਵਿਚ ਮਾਸਟਰ ਜੀ ਦੀ ਗਿਰਫਤਾਰੀ ਬਾਰੇ ਕਿਹਾ ਸੀ, ਲੇਕਿਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਇਕ ਵਜ਼ੀਰ ਨੇ responsibility ਲੈਣ ਤੋਂ shirk ਕੀਤਾ ਹੈ । 15 ਮਾਰਚ ਦੇ ਸਟੇਟਸਮੈਨ ਵਿਚ ਬਿਆਨ ਦਿਤਾ ਹੈ ਕਿ ਮਾਸਟਰ ਤਾਰਾ ਸਿੰਘ ਜੀ ਦੀ ਗ੍ਰਿਫਤਾਰੀ ਵਿਚ ਮੇਰਾ ਕੋਈ ਹਥ ਨਹੀਂ ਹੈ । ਜੇ ਇਹ ਸਾਂਝੀ ਜ਼ੁਮੇਵਾਰੀ ਲੈਣ ਨੂੰ ਤਿਆਰ ਨਹੀਂ ਹਨ ਤਾਂ ਇਹ ਕੈਬਨਿਟ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਕਿਵੇਂ ਰਹਿ ਸਕਦੇ ਹਨ ?

Mr. Speaker : No insinuation please.

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਇਕ ਗੱਲ ਹੋਰ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ......

Mr. Speaker : ਕੁਝ Appropriation Bill ਬਾਰੇ ਵੀ ਕਹੋ । (The hon. Member should speak something on the Appropriation Bill also).

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : ਪਿਛਲੇ ਦਿਨਾਂ Press ਵਿਚ ਬੜੀ ਗਲਤ ਫਹਿਮੀ ਰਹੀ ਔਰ ਉਹ ਇਹ ਕਿ Speaker ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਮਾਸਟਰ ਜੀ ਬਾਰੇ ਇਹ ਗੱਲ ਕਹੀ ਕਿ ਉਹ ਇਕ ordinary ਆਦਮੀ ਹਨ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ Press ਨੂੰ ਭੁਲੇਖਾ ਲਗਾ ਹੈ । ਮੈਂ ਜੋ ਪੜ੍ਹਿਆ ਸੀ, ਉਹ ਇਹ ਹੈ—ਕਿ individual person under an ordinary law was arrested.

ਸ਼੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਮੈਂ position clear ਕਰ ਦੇਵਾਂਗਾ । ਜੇ ਤੁਸੀਂ ਚਾਹੋ ਤਾਂ ਹੁਣੇ ਹੀ ਕਰ ਦੇਵਾਂ ? (I will clear the position. If the hon. Member so desires, I can do so just now).

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : ਹੁਣੇ ਹੀ ਕਰ ਦਿਉ ਜੀ ।

श्री अध्यक्ष : मेरा ख्याल है कि आपने Adjournment Motion के बारे में इशारा किया है । अगर ग़लत फहमी हुई तो इस लिये कि पंडित श्री राम शर्मा मेरी ruling का सही मतलब नहीं समझ सके । बात यह है कि कई तरह के Privileged Persons होते हैं । जैसे एक मैं बैठा हूं । गवर्नर of the State है या President है । इसी तरह शेख अब्दुल्ला बतौर State Premier के एक privileged person थे लेकिन उस का जब trial हुआ तो law के नुक़ता नज़र से वह एक ordinary person ही समझे गये यह legal terms हैं । जिन्होंने Law पढ़ा है, वह साहिब ज्यादा अच्छी तरह समझ सकते हैं । मैं ने जो reference दी थी वह यह थी कि अगर कहीं स्पीकर भी पकड़ा जाए, तो उसे भी trial के समय कोई privilege हासिल नहीं है :—

4.00 P.M.

In the eyes of law, we are ordinary persons. Master Tara Singh is an individual arrested under the ordinary administration of law.

वैसे जहां तक मास्टर तारा सिंह जी की leadership और महानता का सवाल है, उस में किसी का शक नहीं है और न ही मैं इस के ऊपर dispute करता हूं

[Mr, Speaker]

(I think the hon. Member has pointed to the adjournment motion on this subject. If there has been any misunderstanding, it is because Pandit Shri Ram Sharma could not follow the exact import of my ruling. The thing is that there are certain privileged persons such as myself or the Governor of the State, or the President of the Union. In the same way Sheikh Abdulla as Premier of a State was a privileged person but when he was tried in a court of law, he was treated as an ordinary person. These are legal terms. Those who have read law can well understand it. What I meant to say was this that even if the Speaker was arrested, he too, would not enjoy any privilege while facing his trial. In the eyes of law, we are ordinary persons. Master Tara Singh is an individual arrested under the ordinary administration of law. So far as the leadership and greatness of Master Tara Singh is concerned there can be no doubt about it nor do I want to dispute it.)

ਸਰਦਾਰ ਰਾਮਦਿਆਲ ਸਿੰਘ : On a point of Order, Sir, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਇਹ ਪੁੱਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇ ਕੋਈ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬ ਅਖਬਾਰ ਦੇ ਵਿਚ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਮੁਤਲਿਕ ਕੁਝ ਪੜ੍ਹ ਲਏ ਔਰ ਏਥੇ ਆ ਕੇ ਸਪੀਕਰ ਨੂੰ ਉਹ ਉਸ ਦੇ ਬਾਰੇ ਪੁੱਛ ਲਏ ਤਾਂ ਕੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ਉਸ ਦਾ ਜਵਾਬ ਦਿਆ ਕਰਨਗੇ ?

Mr. Speaker : In a way, the matter was such that it needed clarification in order to avoid any possibility of misunderstanding about me. Otherwise my ruling is there. It is clear that he is an individual person arrested under the ordinary administration of law. He has not got any privileged position. It is for this reason that I made it clear to him. Therefore, there should not be any misunderstanding about me.

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਕੁਝ ਇਲਾਕੇ backward, declare ਕੀਤੇ ਹੋਏ ਹਨ ਔਰ ਸਰਕਾਰ ਇਸ ਗੱਲ ਲਈ committed ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ backward ਇਲਾਕਿਆਂ ਨੂੰ ਤਰੱਕੀ ਦੇ ਕੇ ਬਾਕੀ ਦੇ ਇਲਾਕਿਆਂ ਦੇ ਬਰਾਬਰ ਲਿਆਉਣ ਲਈ ਜਤਨ ਕਰੇਗੀ । ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਇਸ ਬਜਟ ਦੇ ਵਿਚ ਜੋ ਰਕਮਾਂ ਇਸ ਕੰਮ ਲਈ ਰਖੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ, ਉਹ ਇਨ੍ਹਾਂ ਇਲਾਕਿਆਂ ਤੇ ਦੌਰਾਨੇ ਸਾਲ ਦੇ ਵਿਚ ਖਰਚ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾਣ ਤਾਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਇਲਾਕਿਆਂ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਹੋ ਸਕੇ। ਐਸਾ ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਇਕ ਚੀਜ਼ ਦਾ ਫੈਸਲਾ ਕਰਕੇ ਉਸ ਤੇ ਦੋ ਦੋ ਸਾਲ ਅਮਲ ਨਾ ਕਰੇ। ਮੈਂ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਆਪ ਜੀ ਦੀ ਰਾਹੀਂ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਸਟੇਟ ਦੇ ਵਿਚ ਜਿਤਨੇ ਵੀ ਬੈਕਵਰਡ ਇਲਾਕੇ ਹਨ, ਉਥੋਂ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਸ਼ਿਕਾਇਤ ਨਹੀਂ ਰਹਿਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਦਾ ਪ੍ਰਬੰਧ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ।

ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਆਪ ਦੇ ਰਾਹੀਂ ਇਕ ਹੋਰ ਬੇਨਤੀ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ । ਉਹ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਨੇ ਆਪਣੇ ਦੌਰਿਆਂ ਸੰਬੰਧੀ ਇਹ ਫੈਸਲਾ ਕੀਤਾ ਹੋਇਆ ਹੈ ਕਿ ਜੇ ਕੋਈ ਵਜ਼ੀਰ ਬਾਹਿਰ 12 ਦਿਨਾਂ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਲਗਾਤਾਰ ਦੌਰਾ ਕਰਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸ ਅਰਸੇ ਦਾ ਉਸ ਨੂੰ T. A. ਔਰ D. A. ਨਹੀਂ ਮਿਲੇਗਾ । ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦੋਂ ਕੋਈ ਵਜ਼ੀਰ 12 ਦਿਨਾਂ ਤੋਂ ਵਧ ਦੌਰੇ ਤੇ ਰਹੇ ਤਾਂ ਉਸ ਦੀ ਕਾਰ ਦੇ ਵਿਚ ਜਿਹੜਾ ਪਟਰੋਲ ਖਰਚ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਉਸ ਦੀ ਕੀਮਤ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਆਪਣੀ ਜੇਬ ਵਿੱਚੋਂ ਆਪ ਦੇਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਉਹ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦੇ ਜ਼ਿੰਮੇ ਨਹੀਂ ਪੈਣਾ

ਚਾਹੀਦਾ । ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਵਜ਼ੀਰਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਇਜਾਜ਼ਤ ਨਹੀਂ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਕਿ ਉਹ ਸਾਲ ਦੇ ਵਿਚ 352 ਦਿਨ ਏਥੋਂ ਗ਼ੈਰ ਹਾਜ਼ਰ ਰਹਿਣ ਔਰ ਵਿਧਾਨ ਸਭਾ ਦੇ ਸੈਸ਼ਨ ਵਿਚ ਹਿੱਸਾ ਨਾ ਲੈਣ ਔਰ ਹਾਊਸ ਦੇ ਵਿਚ ਜਦੋਂ ਸਵਾਲ ਪੁੱਛੇ ਜਾਣ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਜ਼ਵਾਬ ਨਾ ਦੇਣ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਉਤੇ ਇਸ ਗੱਲ ਦੀ ਪਾਬੰਦੀ ਲਗਾਉਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ।

चौधरी हरि राम (धर्मसाला) : Thank you very much for the time given to me. स्पीकर साहिब, इस budget पर ग्राज 17-18 रोज़ से बहस हो रही है। Budget पेश हुग्रा, उस पर बहस हुई ग्रौर पास हुग्रा। ग्राज Appropriation Bill पेश हुग्रा है ग्रौर यह भी पास हो जाएगा । इस बजट में हमारी state के लिए तरक्की के साधन काफ़ी बड़े २ रखे गए हैं। खासकर low paid employees and pensioners के बारे । इस लिए मैं ग्रपने Finance Minister साहिब को बधाई देता हूं क्योंकि उन्होंने बहुत सुन्दर budget पेश किया है। इस budget में भी ग्रौर पहले budgets में भी हमारे ज़िला कांगड़ा का हिस्सा तो ज़रूर मिलता रहा है, लेकिन मुकाबलतन दूसरे इज़लाह के हमें बहुत कम share मिलता रहा है ग्रौर यही वजह है कि मेरे ज़िले में ग्रौर दूसरे पहाड़ी इलाकाजात में मुनासिब development नहीं हुई। हमारे ज़िला ग्रौर दूसरे पहाड़ी इलाकाजात के साथ ही हिमाचल प्रदेश बसता है। उस की population तकरीबन कांगड़ा ज़िला के बराबर है ग्रौर area मेरे ख्याल में इस से कुछ कम नहीं लेकिन उस साथ वाली state में इस कदर रुपया खर्च हो रहा है कि उस के मुकाबिले में हमारी सरकार कांगड़े पर उस का 1/4 हिस्सा बड़ी मुश्किल से खर्च करती है। मेरे कहने का मतलब यह है कि हिमाचल प्रदेश में ग्रौर कांगड़ा में जो conditions, prevail करती हैं वह एक जैसी हैं। Plains का ग्रौर पहाड़ का बहुत फर्क है। मैदानों में जितनी लागत से 10 मील लम्बी सड़क बन सकती है उतने खर्च से हमारे इलाके में (Kangra में) एक मील लम्बी सड़क नहीं बन सकती। इस लिए हमें जो रुपया साबिका Budgets में दिया जाता रहा है, उस से वहां पर (Kangra) में नुमायां तरक्की नहीं हो रही है। पिछले साल हमने इस बात का ज़िक्र Chief Minister से किया ग्रौर ज़ोर दिया था ग्रौर Leader of the House को कहा था कि हमें Budget में बहुत कम रुपया दिया गया है। इस के बाद कांगड़ा के लिए कुछ schemes तैयार हुईं । कैरों साहिब ने कमाल मेहरबानी की ग्रौर उन्होंने हमारे ज़िले के लिए 40 लाख रुपया दिया । बहुत सारी schemes, Second Five-Year Plan में भी रखी गई थीं लेकिन मुझे ग्रपने दोस्त श्री ग्रमर नाथ शर्मा जी से ग्रभी २ पता लगा है कि वह रुपया lapse हो चुका है ग्रौर हम देखते ही रहे। यह बात तो ठीक है कि जो schemes बनी थीं, उन में से कोई भी वहां पर चालू नहीं हुई। इसलिए, मैं ग्रर्ज़ करूंगा कि ग्रगर वाक्या ही वह रुपया lapse हो गया है तो उस के बजाए हमें कुछ ग्रौर additional रक्म दे दी जाए ताकि हमें जो नुकसान हुग्रा है, वह पूरा हो जाए। ग्रब मैं एक दो बातें Police के बारे में कहूंगा। स्पीकर साहिब, हमारे ज़िले में ग्रव्वल तो crime होता ही नहीं ग्रौर ग्रगर होता भी है

[चौधरी हरि राम]
तो बहुत कम होता है। मगर हम ने देखा है कि वहां और दीगर इज़ला में जो Police का investigating staff है वह अपना quota पूरा करने के लिए दफा 107 Criminal Procedure Code वगैरह के झूटे cases बना लेता है, और वह लोगों को नाजाइज़ तौर पर गिरफ्तार कर लेते हैं। अगर वहां पर दो parties के दरम्यान किसी किस्म का ज़रा सा भी तनाज़ा हो जाए तो थाने वाले उन्हें Police Station में बुला कर लिख देते हैं कि दोनों parties हमारे सामने झगड़ा करने लगीं और गलोगीर हो गए। नुकस अमन का खतरा सिर्फ थाने में हो जाता है, इस बहाने से उन की गिरफ्तारी ज़ेरे दफा 107 Criminal Procedure Code की जाती है। वहां ऐसे बेशुमार cases, courts में लाए जाते हैं लेकिन उन में से 1 case भी कामयाब नहीं होता क्योंकि parties का आपस में ऐसा कोई तनाज़ा होता ही नहीं, इस तरह powers का misuse होता है। इसी तरह जब कोई रात के वक्त रास्ते में जाता हुआ नज़र आ जाता है तो उस को दफा 109 C. P. C. की आड़ में पकड़ कर उस का चालान कर दिया जाता है। इन मुकद्दमात में एक फी सदी कामयाबी भी नहीं हुई। Power के इस नाजाइज़ इस्तेमाल की वजह से और सौ फीसदी false cases कायम करके लोगों को गिरफ्तार कर के किस तरह public opinion अपने हक में कर सकते हैं और पब्लिक को इस तरह harassment दे कर पुलिस का आम लोगों से contact कैसे sweet और अच्छा हो सकता है। I.P.S. Cadre के अफसरान S.P. वगैरा बहुत अच्छे हैं, अच्छा काम कर रहे हैं और उन में काफी सुधार हुआ है। लेकिन उन का mass contact बहुत ही कम होता है। मैं यह अर्ज़ ज़रूर करूंगा कि investigating staff में बहुत कुछ सुधार करने की ज़रूरत है। इस के लिए मैं यह suggest करूंगा कि Police का prosecuting staff पुलिस से ज़रूरी तौर पर अलहदा कर दिया जाए क्योंकि वाकयात से मालूम हुआ है कि prosecuting staff सब का सब पुलिस investigation staff के ज़ेरे असर रहता है और उस से बाहर नहीं जा सकता। अगर एक थानेदार कोई मुकदमा लाकर prosecuting branch के सामने पेश करता है तो ज़रूरी तौर पर out of the way जाकर Prosecuting Inspector को उस की support करनी पड़ती है चाहे उस को यह यकीन हो जावे कि मुकदमा false और गलत है। अगर वह कोई नुकस निकाले तो थानेदार कहने लग पड़ता है कि मुलज़म की approach हो गई है और उस बिचारे के बरखिलाफ खुफिया डायरी ऊपर पहुंच जाती है इस लिए वह हिम्मत नहीं कर पाते कि investigating staff के बरखिलाफ राए दें। तो मैं कहूंगा कि यह prosecuting agency पुलिस से बिल्कुल separate होनी चाहिए तब ही satisfactorily काम चल सकता है और पुलिस का public के साथ contact sweet हो सकता है। हाल ही में यह सुनने में आया था कि एक District Attorney की स्कीम जारी की जाएगी लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं चला कि उस स्कीम का क्या हशर हुआ है। तो मैं यह कहूंगा कि यह जो prosecuting agency है इस को बिल्कुल separate किया जाए ताकि Police administration में सुधार हो सके।

एक बात मैं education के बारे में कहना चाहता हूं । मेरे ज़िला में सिर्फ एक कालिज है और सिर्फ B.A. तक तालीम देता है । लेकिन कांगड़े के बच्चे भी M.A. तक पढ़ना चाहते हैं और उनको भी ऐसा शौक है। वहां गुरबत इतनी है कि वह दूसरे दूर दराज़ के मुकामात पर जा कर M.A. तक तालीम हासिल नहीं कर सकते। इस लिए वहां M.A. की classes जारी की जाएं। मैं यह नहीं कहता कि फलां subjects की M.A. classes जारी करो। आप चाहे हिन्दी की करें पंजाबी की करें या दूसरी करें, लकिन M.A. की classes वहां ज़रूर जारी करें ताकि बच्चे पूरी तालीम हासिल कर सकें। इसके इलावा हमारे कालिज में Geology की कलास जारी की गई है। पहिले F.Sc. Geology की class खोली फिर B.Sc की खोली गई है और वह दो साल से चल रही है। B.Sc. पास करने वाले लड़के M.Sc. Geology पढ़ना चाहते हैं। लेकिन अफसोस से कहना पड़ता है कि अज तक उसका कोई इन्तज़ाम नहीं हुआ। हम काफी अर्सा से बार २ कह रहे हैं कि वहां M.Sc. का इंतज़ाम किया जाए लेकिन शुनवाई नहीं हुई जिस को वजह से Geology students का valuable career जाया हुआ है। उनके इस नुकसान का कौन जिम्मादार है ? इस बात के लिए मैं गवर्नमेंट का बड़ा मशकूर हूं कि एक Basic Training College हमें दिया है। कुछ Basic Schools भी दिए हैं और बहुत सारे बच्चे कोर्स पूरा कर के पास कर चुके हैं लेकिन मुलाजमत का यह हशर है कि पिछली दफा Subordinate Services Selection Board की तरफ से 25—30 Basic Trained टीचरों की posts advertise की गई, मगर मौका पर उन्होंने दो ढाई सौ सब बाहर के teacher भरती कर लिए। इनमें सवाए दो चार कांगड़े के लड़कों के बाकी सब बाहर से लिए गए और वहां के लड़कों को मौका ही नहीं दिया गया। न ही वह selection में आ सके क्योंकि advertisement जो की थी वह बहुत थोड़ी आसामियों के लिए की थी। फिर तो Kangra में Training College के खोलने का कोई फायदा नहीं। जब कांगड़े में भी सब के सब teacher बाहर के हों। ऐसी institution का फायदा तो तब ही है कि उन पसमांदा पहाड़ी लड़कों का ख्याल कांगड़े की ज़रूरत को पूरा करते वक्त रखा जाए और उन को भरती के मौका पर पूरा हिस्सा दिया जाए। Basic Education मेरे ख्याल में निहायत ही मुफीद है। मेरे दोस्त पंडित श्री राम शर्मा जी को गलत फहमी हो गई है कि basic education अच्छी नहीं। मैं उन को अपने खर्च पर धर्मसाला अपने Basic Training College में ले चलूंगा और मुझे पूरा पूरा यकीन है कि उन की यह गलतफहमी दूर हो जाएगी। हमारे Principal Mr. N.D. Sodhi ने हमारे कालेज को एक art gallery बना दिया है और यह साबत कर दिया है कि basic education निहायत ही अच्छी और लाज़मी चीज़ है।

अब मैं अर्ज़ करूंगा कि मेरी Dharamsala constituency में means of communication अच्छी नहीं है और न कोई पुल बना है आमदोरफ्त का सिलसिला बहुत दुश्वार और खराब है। मैं बहुत देर से बार बार दरखास्त दे रहा हूं कि Dharamsala के करीब एक पुल मौज़ा चड़ी में काफी अर्सा से floods की वजह से गिरा

[चौधरी हरि राम]
हुआ है उस को बनाया जाए। पठानकोट से धर्मसाला को जो सड़क via चम्बी और चड़ी जाती है उस पर एक चड़ी के मुकाम पर सड़गड़ पर पुल था वह पिछले 8—10 साल से गिरा हुआ है इस पुल को दोबारा तामीर करने के लिए priority मिलनी चाहिए थी। इस पुल के गिर जाने से धर्मसाला की trade खत्म हो गई है। 50,0C0 मरदमान का इस सदर मुकाम पर पहुंचना बहुत मुश्किल हो गया है। अगर पुल हो तो रसद इन पार वाले देहात से सदर पहुंचने के लिए सिर्फ 6 मील का फासला पड़ता है लेकिन अब पुल न होने की वजह से बरास्ता गगल कम अज़ कम 15 मील का चक्कर लगा कर धर्मसाला पहुंचना पड़ता है और यह पुल बन जाए तो पठानकोट से धर्मसाला पहुंचने के लिए 8 मील की बचत होती है। इसी तरह Yol Camp पहुंचने के लिए 8 मील का फासला कम हो जाता है। पठानकोट से धर्मसाला तकरीबन 60 vehicles रोज़ाना आती जाती हैं और इसी रास्ते Yol Camp के लिए 50 vehicles आती जाती हैं। अगर यह पुल बन जाए तो दोनों मुकामात पर पहुंचने के लिए तकरीबन 16 मील का फासला बचता है। Calculations से साबित हो गया है, कि पुल बन जाए तो फासला घट जाने की वजह से चार हज़ार रुपया की national saving हो सकती है क्योंकि 100 से ज्यादा लारियां उस सड़क पर रोज़ चलती हैं। इसलिए मैं अर्ज़ करूंगा कि जितनी जल्दी से हो सके top priority दे कर इस चड़ी पुल को बना दिया जाए और चम्बी धर्मसाला, Yol road जो पहले ही motorable है की मुरम्मत की जाए (घंटी)।

एक बात मैं irrigation के बारे में कर के बैठ जाऊंगा। हमारे भी irrigation का एक Sub-Division रखा हुआ है और कूहलें बनाई गई हैं लेकिन लोग उन का पानी नहीं लेते हैं क्योंकि आबियाना की शरह बहुत ज्यादा है। मैं तो कहूंगा कि अगर देखा जाए तो plains के मुकाबिले में half होना चाहिए न कि plains की शरह के बराबर लेकिन पैदावार के हिसाब से देखें तो बमुकाबिलतन plains के double बनती है क्योंकि plains के मुकाबिले पहाड़ी ज़मीन की पैदावार बहुत कम है। इस लिए यह शरह आबियाना plains के मुकाबिले में वहां कम होनी चाहिए। इस सिलसिले में मैं यह कहूंगा कि वहां की आबियाना की शरह plains के मुकाबिले कम से कम $\frac{1}{2}$ की जाए। Thank you, Sir, for the 5 minutes given to me to place before the House through you some of my demands and suggestions.

श्री गुरदत्त (पलवल, जनरल) : अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत ही धन्यवाद है कि आज आपने मुझे बोलने का मौका दिया है। आज इस हाउस में Appropriation Bill पर बहस चल रही है। मैं गुड़गांव के बारे में कुछ अर्ज़ करना चाहता हूं। जिस तरह कांगड़ा का ज़िला पसमांदा है, उसी तरह हमारा गुड़गांव का ज़िला भी पसमांदा है और उस से किसी तरह कम नहीं है। बदकिस्मती से कुदरत की तरफ से जो तबाही वहां आई है शायद ही किसी और ज़िला में उस तरह का कहर नाज़ल हुआ हो। बरसात की वजह से पानी से इतनी खराबी हुई है कि चारों तरफ पानी ही पानी नज़र आता है और लोगों की हालत बहुत खसता हो गई है। पिछले दिनों जब यह हड़ आए तो हमारे मंत्रिमण्डल के मिनिस्टर साहिबान भी वहां पहुंचे और हमारे सरदार राड़ेवाला साहिब ने मौका पर जा कर सारी हालत देखी। हमारे

मुख्य मंत्री जी वहां गए और उन्होंने देख कर काफी दर्द महसूस किया। उन्होंने अपनी आंखों से देखा कि सैंकड़ों की तादाद में ऐसे गांव हैं जो तबाह हो गए हैं। बड़े संतोष की बात है कि यहां से इमदाद के लिए पैसे का इन्तज़ाम किया गया और 40 लाख रुपया loans और grants की शकल में वहां दिया गया। लेकिन मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि वह रुपया कुछ ऐसे लोगों को भी दिया जो इस के मुस्तहिक नहीं थे। जिन गांव में flood नहीं आया उन गांव के लोगों को भी बराबर की grant तकसीम कर दी गई। स्पीकर साहिब, अब भी आप देखेंगे कि उन गांव की ऐसी हालत है कि किश्तियां चलती हैं और उन लोगों के लिए वहां गुज़ारा करना मुश्किल है क्योंकि जब ज़मीन में काश्त ही नहीं होती तो पैदावार कैसे हो और लोग क्या खाएं ? वहां आप देखेंगे कि गांव के गांव खाली पड़े हैं क्योंकि गुज़ारा न होने की वजह से वह वहां से हिजरत कर गए हैं। उस का एक फायदा यही हुआ है कि चूंकि वह ज़िला देहली के नज़दीक हैं इसलिए वहां से सरकारी आदमी शिकार और सैर के लिए बहुत आने लग पड़े हैं और वहां एक शिकारगाह बन गई है। M. Ps. वग़ैरा के लिए भी वह दिल बहलाने की जगह बन गई है, लेकिन वहां के लोग दोज़ख की ज़िन्दगी बसर कर रहे हैं।

स्पीकर साहिब वहां से देहली से ग्रांडट्रंक रोड जो जाती है उस में भी अभी तक पानी भरा हुआ है; वहां से निकलना बड़ा मुश्किल है। एक सड़क पलवल से गुड़गांव जाती है वह बिल्कुल खुली नहीं है और वहां पानी ही पानी नज़र आता है। P.W.D. Minister वहां गए थे और उन्होंने वायदा किया था कि सड़क जल्दी खोलेंगे लेकिन अभी तक इस सिलसिले में कोई कदम नहीं उठाया गया और पलवल सब डिवीज़न cut off हो गई है। मैं P.W.D. Minister को मुअदबाना अर्ज़ करूंगा कि सड़क खोली जाए। पहले उम्मीद थी जबकि हमारे ज़िले के मन्त्री के पास P.W.D. का महकमा था कि सड़कों का जाल बिछ जायगा लेकिन अफसोस की बात है कि वह सड़कों का जाल रीवाड़ी की तरफ चला गया। बल्लभगढ़ तहसील हैडक्वार्टर है लेकिन वहां से गुड़गांव के लिए कोई सड़क नहीं जाती और वहां देहली के रास्ते जाना पड़ता है। इसीलिए सब से पहले पांच--साला योजना में वह सड़क रखी गई थी। लेकिन जब tender call हो रहे थे तो चण्डीगढ़ से तार जाती है और वह सड़क cancel हो जाती है। स्पीकर साहिब, यह देख कर बहुत दुःख होता है कि जो योजना नीचे से बन कर आती है उस पर कोई ग़ौर नहीं होता। जैसे मौलवी साहिब ने कहा कि हमारे ज़िले में ऊपर से बहुत दखल दिया जाता है। यह निहायत अफसोस की बात है कि इस तरह से M.L.A. साहिबान की नाकाबन्दी की जाय। हम पर इस का असर नहीं पड़ेगा लेकिन हमें इस बात का अफसोस होता है कि पार्टी पर इस का बहुत बुरा असर पड़ेगा। इसलिए मैं मुअदबाना अर्ज़ करूंगा कि गुड़गांव का ज़िला पसमान्दा ज़िला है और मैं कह सकता हूं कि तमाम पंजाब में अमन पसन्द ज़िला है। वहां के लोग agitations में हिस्सा नहीं लेते। वे पक्के राजभक्त हैं। मगर उस के बावजूद भी उन के साथ इस तरह का सलूक होता है तो यह बहुत दुःख की बात है। राड़ेवाला साहिब को हमारे ज़िले की सड़कों के बारे में अच्छी तरह से मालूम है। एक दफा वे ग्रांड ट्रंक रोड पर जीप में जा रहे थे तो उन की जीप पानी में डूब गई और आदमियों ने धक्का देकर निकाली। इसी तरह से ज़िम्मेदार

[श्री गुरदत्त]
मिनिस्टर साहिबान वहां जाते हैं। मैं नाम नहीं लेना चाहता, इलाका का दौरा करते हैं । वहां एक दरबार लगता है और उनका खाने का इन्तज़ाम भी दिल्ली से होकर आता है। इसलिए स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ करूंगा कि वहां के लोग मुसीबत में हैं। इसलिए इस ज़िला के जो इलाके पानी से भरे हुए हैं उनका इन्तज़ाम किया जाय। पहले बहुत सी स्कीमें थीं। पिछले साल भी चर्चा थी कि पानी निकाल दिया जायगा लेकिन अफ़सोस की बात है कि हर साल बजट में स्कीमें रखी जाती हैं और lapse हो जाती हैं। हमारे मेम्बर साहिबान को पता होगा कि दो साल पहले हमारे एक भाई ने गुड़गांव कैनाल का एक रैज़ोल्यूशन रखा था और वह इत्तफाक राय से पास हुआ था। हर साल चर्चा होती है लेकिन गुड़गांव नहर काग़ज़ों में ही रह जाती है। मैं आप के द्वारा सिंचाई मंत्री साहिब से गुज़ारिश करूंगा कि इस स्कीम को जल्दी से जल्दी अमलीजामा पहनाया जाय।

इसके अलावा, स्पीकर साहिब, एक अर्ज़ मैं और करना चाहता हूं कि हमारी मार्किटिंग कमेटियों की मियाद तीन साल होती है लेकिन प्रेज़िडेंट को सात-आठ साल हो जाते हैं। तीन साल file Secretariat में ही घूमती रहती है। यह कोई अच्छी बात नहीं। इस की चर्चा सब जगह चलती है। इसलिए Agriculture Minister साहिब को इस तरफ तवज्जुह देनी चाहिए। आज यह हालत है कि एक छोटे से छोटे अफसर की तबदीली भी ऊपर से होती है और नीचे से कोई काम नहीं होता। इन बातों को अमली जामा पहनाने की जल्द अज़ जल्द कोशिश की जाए।

कामरेड मुनी लाल (शिमला) : स्पीकर साहिब, यह Appropriation Bill हमारे सामने है। मैं समझता हूं कि सरकार के पास जितना बड़ा बजट हो वह इस बात की अलमत है कि सरकार development के लिए रुपया खर्च करना चाहती है। लेकिन इस पर विचार करते हुए दो बातों का ख्याल रखना होता है। एक यह कि रुपया किस ढंग से वसूल किया जाता है और दूसरा यह कि रुपया खर्च किस ढंग से किया जाता है। मैं अपनी सरकार की तवज्जुह इस बात की तरफ दिलाना चाहता हूं कि अगर इस रुपया की तकसीम को देखें तो यह मुतज़ाद नज़र आती हैं। पहली चीज़ मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि हमारी सरकार को चाहिए था कि वह अपना बजट Socialistic Pattern of Society को सामने रख कर बनाती और उसे backward areas और low paid classes का ज़्यादा ख्याल रखना चाहिए था। लेकिन यह देखकर मायूसी होती है कि उन्होंने इन को काफी हद तक नज़रअन्दाज़ किया है। इसके साथ ही मैं समझता हूं कि सरकार को अपना बजट Directive Principles of Constitution के साथ मुकाबला करके बनाना चाहिए था।

सब से पहले मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि judiciary और executive को अलग करने की तरफ कम कदम उठाया गया है बल्कि यह बहुत आहिस्ता उठाया है। दूसरी बात मैं prohibition के बारे में कहना चाहता हूं कि कांग्रेस principles का तो बहुत प्रचार करती है लेकिन उस पर अमल कम होता है। हमारे मिनिस्टर साहिब ने यह कहा कि prohibition रुपया की कमी की वजह से नहीं कर सकते।

Free compulsory education कि तरफ हमारी सरकार का कदम सराहनीय है लेकिन इस का असल मकसद पूरा नहीं होता। मैं यह समझता हूं कि बजाय इसके कि 7th standard तक free education करते primary तक free compulsory education कर देते तो ज्यादा अच्छा था और यह वक्त की मांग के ज्यादा मुताबिक होता। उस से सरकारी और प्राईवेट स्कूल में जो discrimination की है वह भी न होती और equal opportunities to all मिलतीं। मैं सरकार से पूछता हूं कि क्या जो बच्चे पंजाब के प्राईवेट स्कूलों में पढ़ते हैं वे पंजाब के बच्चे नहीं हैं ? पंजाब सरकार को उनकी पढ़ाई का भी इन्तज़ाम करना चाहिए और यह discrimination नहीं होनी चाहिए। मैं नहीं चाहता कि गवर्नमेंट की इस पालिसी की निन्दा करूं लेकिन मजबूर हो कर यह बात कहनी पड़ती है कि इस मामले में discrimination करना ठीक नहीं। इसके बाद मैं एक बहुत गम्भीर समस्या पर आता हूं वह यह कि सरकार की ज़िम्मेदारी है कि वह equal opportunities to all मुहैया करे। पैप्सू के अदग़ाम पर सरकार के ज़िम्मे कुछ liabilities हैं। कुछ पहाड़ी इलाके हैं जिन की हालत बहुत खस्ता हो चुकी है। सरकार की ज़िम्मेदारी है कि वह इस पसमान्दा इलाके की तरफ ध्यान दे। सरकार ने बतलाया कि हम rope bridge बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इस से वहां के लोगों की हालत बेहतर नहीं हो सकती। किसी शहर की तरक्की का इनहिसार industrialization पर होता है। यह ठीक है कि शिमला जैसे शहर में industrialization नहीं हो सकती इस लिए वहां की तरक्की दफ्तरों पर निर्भर थी लेकिन इस शहर के साथ सरकार ने बेइनसाफी की है। मैं यह महसूस करता हूं कि backward areas को उठाना सरकार के लिए निहायत ज़रूरी है। यह ठीक है कि सरकार के resources कम हैं लेकिन देखना यह है कि सरकार का कदम इस ओर उठता है या नहीं। सब से पहली चीज़ जो पहाड़ी इलाकों की development के लिए ज़रूरी है वह है सड़कें। सरकार ने इस बात की तरफ ध्यान नहीं दिया। नतीजा यह होता है कि पहाड़ी इलाका में जो पैदावार होती है वह सस्ते दामों middle man वहां से ले आता है क्योंकि सड़कें वहां नहीं पहुंचतीं इसलिए industries भी नहीं बन सकतीं। Far flung इलाका होने से अफसरान वहां दौरा भी नहीं कर सकते क्योंकि सड़कें नहीं हैं और raw material लाने का कोई साधन नहीं है। पिछले साल बारिशों में बहुत नुक्सान हुआ, फसलें damage हो जाने की वजह से हालात ऐसी सूरत इख्तियार कर गये कि लोगों ने agitation शुरू कर दी लेकिन डिप्टी कमिशनर इलाके का दौरा न कर सके, क्योंकि सड़कें नहीं थीं। सरकार को कंडाघाट और कांगड़े के इलाके में road development की तरफ खास तौर पर ध्यान देना चाहिए। सरकार का यह कहना है कि उस के पास रुपये की कमी है मगर वह यह भी कहती है कि Himachal Pradesh ने road development के लिए करोड़ों रुपये की रकम खर्च की है। इस लिए मैं गवर्नमेंट से गुज़ारिश करूंगा कि कांगड़ा ज़िले में भी उस के बराबर सड़कें बनाई जाएं ताकि backward areas में means of communications की वजह से वहां की produce मार्किट में आ सके। स्पीकर साहिब, गुस्ताखी न हो तो एक बात कहूं

[कामरेड मुनी लाल]
कि यह सरकार उन इलाकों में road development का काम नहीं करती जिन इलाकों से Opposition के नुमायंदे elect हो कर आये हैं । आप जानते हैं कि गवर्नमेंट की successful working के लिए Opposition का होना बहुत ज़रूरी है । लेकिन इस के बावजूद हमारी सरकार Democracy का दम भरती है और socialistic pattern of society का नारा लगाती है मगर यह महज़ एक ढोंग है और दिखावे की बातें हैं । पिछले दिनों food shortage की वजह से मुखालिफ पार्टी के लोगों ने जलूस निकाले और आवाज़ बुलन्द की कि खुराक लोगों को पहुंचाना गवर्नमेंट की ज़िम्मेदारी है लेकिन इस जलूस पर lathi-charge किया गया और गोली चलाने तक नौबत आई । इस सिलसिले में हमारे साथी चौधरी बलबीर सिंह को भूख हड़ताल करनी पड़ी । मैं सरकार को इस बात पर accuse करता हूं कि एक तरफ तो वह सोसायटी में बराबरी लाने की बातें करती है और दूसरी तरफ undemocratic means इख्तियार कर के अपने मुखालिफों को कुचलना चाहती है ।

स्पीकर साहिब, मैं एक दो suggestions और देना चाहता हूं । मैं सरकार की इस बात की तारीफ करता हूं कि उस ने Co-operative Societies की तरफ तवज्जुह दी है । लेकिन मैं यह कहे बगैर नहीं रह सकता कि इन के by-laws गलत किस्म के हैं और आम आदमी की समझ से बाहर हैं । इस का नतीजा यह हो रहा है कि इस वक्त सोसायटियां Co-operative Department के Inspectors के हाथों में चल रही हैं । इसलिये बेहतर होगा कि यह by-laws गुरमुखी ज़बान में लिखे जायें ताकि लोग इन्हें आसानी से समझ सकें । एक दफा हमारे प्रधान मन्त्री ने फरमाया था कि यह by-laws उन लोगों के बनाए हुए हैं जो इस movement के दुश्मन हैं । मैं हाउस का ज़्यादा time न लेता हुआ सरकार का ध्यान Nationalization of Transport की तरफ दिलाना चाहता हूं । अभी हाल ही में इस सिलसिले में एक deal हुई है जो मैं समझता हूं कि fair deal नहीं है । 120,000 मील सड़कों पर गवर्नमेंट की buses चलती हैं और 46,000 मील private operators में तकसीम कर दी गई हैं । लेकिन यह deal Mundhra Deal की तरह है एक तरफ तो सरकार Nationalization of Transport की स्कीम को मुलतवी करने की बातें करती है और दूसरी तरफ अपनी आमदनी के sources tap करने की कोशिश करना चाहती है । इसलिए मैं सरकार का ध्यान फिर Nationalization of Transport की तरफ दिलाता हूं । आखिर में मैं, स्पीकर साहिब, आप का शुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया ।

श्रीमती ओम प्रभा जैन (कैथल) माननीय स्पीकर साहिब, Appropriation Bill पर बहस करते हुए मैं अपने विचार शिक्षा सम्बन्धी बातों तक ही सीमित रखूंगी । स्पीकर साहिब, किसी मुल्क की तरक्की वहां के mechanical equipment industrial power, factories पर निर्भर नहीं हुआ करती बल्कि वहां के

नौजवान होने वाले बच्चों पर होती है, वहां के system of education पर होती है, जिस के द्वारा हम अपने बच्चों के character को mould करना चाहते हैं, जिस के द्वारा हम उन्हें अच्छा नागरिक बनाना चाहते हैं। मुझे इस बात की खुशी है कि पंजाब सरकार ने दूसरी States के मुकाबले में अच्छी lead हासिल की है। हमारी Government ने छटी जमात तक गवर्नमेंट स्कूलों में विद्यार्थियों की फीसें माफ कर दी हैं और flood-affected districts में दसवीं जमात तक। इस चीज़ का सपना हमारी सैंट्रल गवर्नमेंट अभी देख रही है कि वह Third Five-Year Plan तक शायद primary education free कर पाएं लेकिन हमारी सरकार ने थोड़े अरसे में ही यह achievement कर ली है। मुझे इस बात की बड़ी खुशी है कि हमारा 11 करोड़ रुपये का बजट जो सारे बजट का 20 फीसदी बनता है, Education पर खर्च किया जा रहा है। इस सरकार ने बड़ी हिम्मत की बात की है कि 11 करोड़ में से 8½ करोड़ रुपया non-planned schemes पर रखा गया है और इस Beneficent Department को encourage किया है। अगले साल के बजट में 136 स्कूल Higher Secondary Schools में convert किये जायेंगे। Multipurpose Schools पर भी सरकार की planned scheme के अनुसार काफी रुपया खर्च होता है। स्कूलों को basic schools में convert करने के लिए अलहदा रकम रखी गई है। इसके इलावा Nursery Schools और Kinder Garten Schools—जो कि modern education का एक progressive अंग है—के खोलने का भी provision है। हालांकि जो पैसा इन स्कूलों पर खर्च किया जाएगा, बड़ा negligible है, लेकिन फिर भी सरकार ने एक नई चीज सोची है क्योंकि जब ये स्कूल देहातों में खोले जायेंगे तो काफी तरक्की और नई रोशनी लोगों में आएगी।

इस के इलावा, स्पीकर साहिब, मैं अपनी सरकार को बधाई देना चाहती हूं कि इस ने teachers के pay scales revise किये हैं। इस तरह से हमारी सरकार को अब काफी खर्च का सामना करना पड़ेगा। इस सम्बन्ध में 1 crore 15 lakhs रुपये के करीब रुपया रखा गया है। इस के साथ साथ unemployment को दूर करने के लिए तेरह लाख रुपए की तजवीज़ है। श्री श्रीमाली ने लोक सभा में एक statement दिया कि वह Planning Commission से इस बात की कोशिश कर रहे हैं कि 46,000 teachers और दिये जायें जोकि backward areas में भेजे जाएंगे। Unemployment की problem को दूर करने के लिए primary teachers रखने चाहिएं जो backward areas में बच्चों को शिक्षा दे सकें।

Women's education के सिलसिले में भी हमारी सरकार ने बहुत कुछ किया है। इस ने गांव में lady teachers के लिए घर provide करने के लिए इंतजाम किया है। पांच सौ के करीब नये lady teachers primary schools में रखे जायेंगे और उन के लिए जगह का भी प्रबन्ध किया जाएगा। हमारी गवर्नमेंट ने हरयाने में दो तीन women कालेज खोलने का बन्दोबस्त किया है। स्पीकर साहिब, औरतों की backwardness को देखते हुए यह सब चीजें प्रशंसनीय हैं। हरिजन backward है, scheduled castes के

[श्रीमती ओम प्रभा जैन]

लोग backward हैं लेकिन हमारे देश में एक और कौम भी backward है और जिसकी तादाद सारी backward communities से अधिक है। वह कौम स्त्रियों की है। उनकी तरफ भी हमें तवज्जुह देनी चाहिए। अगर हम उन्हें ऊंचा उठाना चाहते हैं, और उन के द्वारा अपने मुल्क को ऊँचा ले जाना चाहते हैं तो education द्वारा ही उठा सकते हैं। मुझे अफसोस है कि गुड़गांवा, रोहतक और कुरुक्षेत्र में जो women colleges बनाने की schemes थीं उन पर अभी तक अमली कदम नहीं रखा गया सिर्फ एक administrative approval होने से ही वे colleges नहीं बन जाएंगे। श्री श्रीमाली जी ने लोक सभा में कहा है कि अगर State Governments women colleges और उनके hostels बनाएंगी तो हम assistance देंगे। उन्होंने कहा है कि women education को बढ़ाने के लिए जो State Governments अपनी plans में बढ़ावा देंगी उसके लिए वह 75% grant देंगे। लड़कियों के स्कूलों को Higher Secondary बनाने के लिए 50 % रकम Central Government देने का इरादा रखती है। मुझे अफसोस है कि Education का जो budget तैयार किया गया है उसमें इन बातों का ध्यान नहीं रखा गया। मैं ने सारा budget अच्छी तरह देखा है। उन्होंने जिक्र तो किया है कि Higher Secondary Schools बनाएंगे। मगर पता नहीं कि लड़कियों के कितने Higher Secondary Schools होंगे। लड़कियों के स्कूलों को encourage नहीं किया। और जो 50% grant Central Government से women's education को encourage करने में मिलनी है वह lapse हो जाएगी यदि हमारी Government ने इस तरफ कोई concrete steps न उठाए या कोई स्कीम न तैयार की। मैं अपनी सरकार का और Finance Minister का ध्यान दिलाती हूं कि अगर वे Central Government का रुपया भी लेना चाहते हैं, State की backwardness दूर करना चाहते हैं तो लड़कियों के स्कूल ज्यादा से ज्यादा खोलने चाहिएं।

स्पीकर साहिब, सब मैम्बरों को मालूम है कि पिछले दिनों में National Committee on Women's Education बनी। मैं ने अपनी पिछली speech में भी जिक्र किया था उसकी Chairman श्रीमती दुर्गा बाई देशमुख ने कहा है कि लड़कियों और लड़कों की education में समानता होनी चाहिए। हमारी women education जो primary group में है वह लड़कों की education की निसबत 50 % से भी कम है। Middle education 25 % से भी कम है जो High School Education है वह लड़कियों की लड़कों के 1/6 हिस्से से भी कम है। यह हालत है। अगर हम Central Government का पैसा चाहते हैं और चाहते हैं कि उसे पूरी तरह utilise करें तो हम इसके लिए एक separate Directorate बनाएं जैसा कि श्रीमती दुर्गाबाई देशमुख भी कहती हैं। मैं नहीं सोचती कि State Government के exchequer पर ज्यादा बोझ पड़ेगा यदि women's education के लिए एक separate directorate बनाई जाए ताकि मौजूदा हालात में Deputy Directress और finance के बीच में D.P.I. की जो link है वह खत्म

हो सके तथा लड़कियों की education के सिलसिले में women's directorate अपना independent initiative ले सके और girls education को promote करने में अपनी नई स्कीमें बना सके। तो इस में मुझे कोई शुबा नहीं कि हमारी State जल्दी इस तरीके से तरक्की करेगी ।

स्पीकर साहिब, अब मैं कुछ free education की तरफ आना चाहती हूं। मुझे अफसोस होता है कि हमारे कुछ members इस बात के लिए सरकार को बदनामी देते हैं कि इन्होंने education free की, लेकिन government schools में यानी Government institutions और private institutions को at par नहीं ला सके। लेकिन स्पीकर साहिब, मैं एक बात पूछना चाहती हूँ कि क्या सरकारी मुलाज़मों और private मुलाज़मों में फर्क नहीं होता। यदि private firms के employees कहें कि उन के term of service में भी Government service की तरह security होनी चाहिए तो Government कैसे ज़िम्मेदारी ले सकती है ? यह मैं ज़रूर मानती हूँ कि education के मामले में Government and private schools में इतना भारी फर्क नहीं होना चाहिए। पहले सरकार छटी जमात तक की शिक्षा सब के लिए free करे। इस साल के budget में कहा गया है कि Government schools में सातवीं जमात तक शिक्षा free होगी । मैं कहती हूं कि Government Schools में सातवीं, आठवीं, नौवीं या दसवीं जमात तक शिक्षा free करने की फिक्र न करें; इस free education को universal बनाने की कोशिश करें। Government schools में free education करने का कोई फायदा नहीं अगर private schools पर burden रहता है। हमारे विधान में भी free and compulsory education की बात कही गई है और यह चीज़ तभी पूरी होगी, जब हम education को slowly and gradually universally free करने की कोशिश करें ।

जब मैं women education की बाबत कह रही थी तो एक बात रह गई। मैं कहती हूं कि कुछ Women और men Services में जो Education Department में है, disparity है। Finance Minister साहिब ने अपनी speech में कहा है कि Class I और Class II Women Services को Men Services के at par ला दिया है । सरकार की बड़ी कृपा है । यह बधाई की बात नहीं; यह हमारा legal और constitutional right है। लेकिन मुझे अफसोस है कि Lady District Inspectress के case में अभी disparity है। Men District Inspectors को P.E.S., Class II में रखा जाता है लेकिन जो Women District Inspectresses of Schools हैं वे पंजाब की Subordinate Education Service में है। यह बड़ी भारी disparity है जो दूर करनी चाहिए। यह rule अंग्रेज़ों के ज़माने में बनाया गया था जब there were only a handful of girls school which were to be inspected by the District Inspectress. इस वक्त देखा जाए तो पता लगता है कि कितना काम

[श्रीमती ओम प्रभा जैन]

बढ़ गया है । Lady Inspectresses को गांव में tours पर जाना पड़ता है । उन्हें कोई खास T. A. या और कोई allowance नहीं मिलता । मेरी समझ में नहीं आता कि सरकार इस बात का ध्यान क्यों नहीं करती । Lip service and public praise have been tried too long for women and only serve to harden their hearts and is considered an act of cowardice of Government. सरकार को चाहिए कि इस disparity को दूर किया जाए और District Inspectresses के grade District Inspectors के grade के बराबर ला देना चाहिए ।

मैं कुछ private schools के बारे में भी कहना चाहती हूं । Private schools को Government aid भी देती है । लेकिन यह देखने में आया है कि बहुत जगहों पर उन की administration सुधरी हुई नहीं । कोई rules नहीं जिनकी strict compliance होती है । जो private schools के teachers हैं वे managing committee की mercy पर रहते हैं । इसके साथ साथ वहां पढ़ाई का standard Government schools के मुकाबले में नीचा है । सरकार private स्कूलों के लिए कोई ऐसे rules बनाए जिनके तहत वहां के teachers की administration में या उनकी conditions of service में कोई मौलिक परिवर्तन आ सके, तो मैं समझता हूं कि Government private schools के लिए बड़ी भारी service करेगी । स्पीकर साहिब, उन teachers की कोई security नहीं । मैं चाहती थी कि कुछ educational zones बना दिए जाएं, district में या Division level पर ताकि उस Divisional Zone में ही private स्कूलों के teachers की inter-transfer हो सके ; एक private school का teacher दूसरे private school में जा सके । किसी private school के teacher की तभी security हो सकती है जब उसकी service permanent हो और उसे यकीन हो कि इत्तफाक से एक स्कूल की managing committee के मैम्बरों से उस की नहीं बनती, तो वह दूसरी जगह जा सकता है । वह दूसरे private school में जा सके, उसकी promotion हो सके, उसको seniority कायम हो सके । Time थोड़ा है इस लिए मैं ज़्यादा explain नहीं कर सकती । (घंटी) उन teachers को selection भी Subordinate Services Selection Board के ज़रिए की जाए और private schools की grant बढ़ाई जाए । अगर private schools के teachers Subordinate Services Selection Board के through लगाए जाएं तो उन स्कूलों की पढ़ाई के standard में भी फर्क पड़ जाएगा । Private schools में managing committee के बहुत से मेम्बर ऐसे होते हैं जो professional electioneers होते हैं, political party के होते हैं । बाज़ वक्त यह देखा गया है कि schools और colleges में politics आ जाता है, राजनैतिक पार्टियां अपना हक जमाने लगती हैं । इन institutions को politics से अलग होना चाहिए । सरकार ऐसे कदम उठाए कि वे ऐसे institutions को जो political पार्टियों के

active members के influence के under हैं उन को recognise न करे तो मैं समझती हूं कि जो political, स्यासी बातें इन private स्कूलों और कालिजों में चलती है वे इन institutions में न चलें। (घंटी) यहां Education Department का कोई representative नहीं बैठा। पता नहीं मेरी बातों का असर होगा या नहीं। मैंने अपनी बात कह दी है।

ਬੀਬੀ ਹਰਪਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ (ਜਗਰਾਓਂ): ਸਤਿਕਾਰਯੋਗ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੇਰੀ ਭੈਣ ਨੇ ਜੋ ਕੁਛ ਐਸ ਵੇਲੇ education ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਕਿਹਾ ਹੈ ਮੈਨੂੰ ਉਸ ਤੋਂ ਕਈ ਕੁ points ਮਿਲੇ ਹਨ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਵੱਲੋਂ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੇ privately-managed ਸਕੂਲ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ standard ਘੱਟ ਹੈ ਔਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਕਮੇਟੀਆਂ ਦੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੂੰ ਡੀਪਾਰਟਮੈਂਟ ਵੱਲੋਂ ਬਦਲ ਦੇਣ ਦਾ ਅਖਤਿਆਰ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਇਕ ਸਕੂਲ ਵਿਚੋਂ ਦੂਸਰੇ ਸਕੂਲ ਵਿਚ ਤਬਦੀਲੀਆਂ ਹੋ ਜਾਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਨੇ। ਮੇਰਾ ਖਿਆਲ ਹੈ ਕਿ ਮੇਰੀ ਮਾਨਯੋਗ ਮੈਂਬਰ ਭੈਣ ਨੂੰ ਕੁਛ ਲਾਇਲਮੀ ਹੈ। ਇਹ ਚੀਜ਼ਾਂ possible ਨਹੀਂ। ਪ੍ਰਾਈਵੇਟ ਮੈਨੇਜਮੈਂਟ ਸਕੂਲਾਂ ਦੀ ਆਪਣੀ ਹੀ ਐਡਮਨਿਸ਼ਟ੍ਰੇਸ਼ਨ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਜਿਸ ਕਰਕੇ ਇਹ ਤਬਦੀਲੀਆਂ ਅਸੰਭਵ ਹਨ। Privately-managed ਸਕੂਲ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦੀ mercy ਤੇ ਹੋ ਰਹੇ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਜਿਹੜੇ teachers ਕੰਮ ਕਰਦੇ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨਾਲ ਸਿਧਾ ਕੋਈ ਸੰਬੰਧ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ management ਦੇ ਡਿਸਿਪਲਨ ਤੇ ਪੰਜਾਬ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨਲ ਕੋਡ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਚਲਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। Managing committee ਨੂੰ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦੇ ਬਣਾਏ ਹੋਏ Code ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਚਲਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। Rules and Regulations ਨੂੰ ਮੰਨਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਹਰ ਇਕ ਪਰਾਈਵੇਟ ਸਕੂਲ ਨੇ management ਔਰ teachers ਦੇ ਦਰਮਿਆਨ agreement ਕਰਵਾਇਆ ਹੋਇਆ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਜਿਸ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਜੋ ਵੀ management ਦੇ ਅਧਿਕਾਰ ਨੇ ਜਾਂ teachers ਦੇ ਹੱਕ ਨੇ ਉਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਠੀਕ ਮਿਲ ਰਹੇ ਨੇ। ਏਸ ਲਈ ਟੀਚਰਜ਼ ਨੂੰ ਕਦੇ ਕਿਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਭੀ ਨੁਕਸਾਨ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦਾ ਸਰਵਿਸ ਦੀ ਸਿਕਿਓਰਟੀ ਪੱਕੀ ਹੈ।

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਚੀਜ਼ ਬਿਲਕੁਲ ਗਲਤ ਹੈ ਕਿ private schools ਵਿਚ Party Politics ਆਉਂਦਾ ਹੈ ਜਾਂ ਉਨ੍ਹਾ ਦੀਆਂ managing committees ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਖਰਾਬ ਕਰਦੀਆਂ ਹਨ। ਮੈਂ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਹਾਊਸ ਨੂੰ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹਾਂ ਕਿ privately-managed schools ਦੀਆਂ Managing Committees ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਜਾਂ Presidents ਅਜਿਹੇ ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਕੁਰਬਾਨੀਆਂ ਦਿਤੀਆਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ—ਕਿਸੇ ਨੇ ਆਪਣੀ ਜਾਇਦਾਦ ਕੁਰਬਾਨ ਕੀਤੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ, ਕਿਸੇ ਨੇ ਪੈਸਾ ਕੁਰਬਾਨ ਕੀਤਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਕਿਸੇ ਨੇ ਆਪਣੀ life dedicate ਕੀਤੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਹ ਨਹੀਂ ਕਹਿੰਦੀ ਕਿ ਕਈ private ਸਕੂਲਾਂ ਵਿਚ ਅਜਿਹੀ ਗਲ ਬਿਲਕੁਲ ਹੀ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ। ਕਈ private school ਅਜਿਹੇ ਹੁੰਦੇ ਹੋਣਗੇ ਕਿ ਜਿਨਾਂ ਦਾ communal ਨਜ਼ਰੀਆ ਹੁੰਦਾ ਹੋਵੇਗਾ ਅਤੇ ਜਿਸ ਨਾਲ ਦੇਸ਼ ਨੂੰ ਨੁਕਸਾਨ ਹੁੰਦਾ ਹੋਵੇਗਾ। ਸਰਕਾਰੀ ਸਕੂਲਾਂ ਦੇ staff ਵਿਚ ਭੀ communal-minded ਆਦਮੀ ਹੋ ਸਕਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਧਿਆਨ ਇਸ ਪਾਸੇ ਦਿਵਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ Private Schools ਨੂੰ condemn ਕਰਨਾ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਹੈ।

[ਬੀਬੀ ਹਰਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ]
ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਜਿਹੜਾ ਕਦਮ ਪਹਿਲੇ ਉਠਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ ਉਹ ਤਾਂ ਕੁਦਰਤੀ ਤੌਰ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਨੁਕਸਾਨ ਪਹੁੰਚਾ ਰਿਹਾ ਹੈ । Private ਸਕੂਲਾਂ ਦੇ ਪ੍ਰਬੰਧਕ ਲਖਾਂ ਰੁਪਏ ਸਕੂਲਾਂ ਦੀਆਂ buildings ਉਪਰ ਖਰਚ ਚੁਕੇ ਹਨ । Managing Committee ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਜਾਂ President ਆਪਣਾ ਤਨ ਮਨ ਧੰਨ ਸਭ ਕੁਝ Private Schools ਦੇ ਅਰਪਣ ਕਰ ਚੁਕੇ ਹਨ । ਉਹ ਸਕੂਲ ਬਿਲਕੁਲ Punjab Education Code ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਹੀ ਚਲ ਰਹੇ ਹਨ ਫਿਰ ਸਰਕਾਰ ਕਿਉਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਹਮਦਰਦੀ ਨਹੀਂ ਕਰ ਰਹੀ । ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਗੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ grants ਮਿਲਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ । ਜੇਕਰ ਗੌਰਮੈਂਟ ਆਪਣੇ ਸਕੂਲਾਂ ਦੇ ਖਰਚੇ ਦਾ ਹਿਸਾਬ ਲਗਾਏ ਤਾਂ ਉਸ ਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗੇਗਾ ਕਿ ਉਹ private ਸਕੂਲਾਂ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਥੋੜੀ grant ਦਿੰਦੀ ਹੈ । ਜਿਸ ਕਰਕੇ ਖਰਚਾਂ ਦਾ ਬਹੁਤ ਬੋਝ ਮੈਨਿਜਿੰਗ ਕਮੇਟੀਆਂ ਹੀ ਝਲਦੀਆਂ ਹਨ । ਇਕ private ਹਾਈ ਸਕੂਲ, ਜਿਹੜਾ ਬਹੁਤ ਅਛਾ ਚਲ ਰਹਾ ਹੈ ਅਤੇ 90 % Results ਦਿਖਾਉਂਦਾ ਹੈ, ਉਸ ਨੂੰ ਸਿਰਫ 6,000 ਰੁਪਿਆ ਸਾਲਾਨਾ grant ਦਿਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ । ਤੁਸੀਂ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਲਗਾਉ ਕਿ ਜੇ ਕਰ ਉਸ ਸਕੂਲ ਦੇ staff ਦੇ 30 ਮੈਂਬਰ ਵੀ ਹੋਣ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਤਨਖਾਹਾਂ ਓਪਰ ਕਿੰਨਾ ਖਰਚ ਆਉਂਦਾ ਹੈ ਤੇ ਇਸ 6,000 ਵਿਚੋਂ ਕਿਨਾ ਪੈਸਾ ਤਨਖਾਹਾਂ ਵਿਚ ਲਾਭ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ ਤੇ ਕਿਨੇ ਨਾਲ ਬਾਕੀ ਖਰਚ ਪੂਰੇ ਹੋ ਸਕਦੇ ਹਨ । ਸਰਕਾਰ ਸਿਰਫ਼ 6,000 ਰੁਪਿਆ ਦੇ ਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਿੰਨਾ ਕੁ ਹੁਕਮ ਮੰਨਵਾ ਸਕਦੀ ਹੈ ? ਇਹ grant ਹੀ ਬਰਾਏ ਨਾਮ ਦਿਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ । ਮੈਂ ਤੁਹਾਡੀ ਰਾਹੀਂ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹਾਂ ਕਿ ਪ੍ਰਾਈਵੇਟ ਸਕੂਲਾਂ ਨੂੰ condemn ਕਰਨ ਦੀ ਥਾਂ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ grants ਜ਼ਿਆਦਾ ਦਿਤੀ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਪ੍ਰਾਈਵੇਟ ਸਕੂਲਾਂ ਨੇ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਬਹੁਤ ਸੇਵਾ ਕੀਤੀ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਕਈ ਵਿਦਿਅਕ ਉਨਤੀ ਦੇ ਚਾਹਵਾਨਾਂ ਨੇ ਆਪਣੀ ਆਪਣੀ ਜ਼ਾਤੀ ਸੇਵਾ ਨਾਲ ਵਧ ਤੋਂ ਵਧ ਗਿਣਤੀ ਵਿਚ ਪ੍ਰਾਈਵੇਟ ਸਕੂਲ ਚਲਾਏ ਜਦੋਂ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਵਲੋਂ ਸਿਰਫ ਇਕ ਜ਼ਿਲੇ ਵਿਚ ਇਕ ਹੀ ਲੜਕਿਆਂ ਦਾ ਸਕੂਲ ਹੁੰਦਾ ਸੀ ਤੇ ਸਰਕਾਰੀ ਸਕੂਲਾਂ ਨੇ ਤਾਂ ਦਸਵਾਂ ਹਿਸਾ ਵੀ ਸੇਵਾ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ । ਸਰਕਾਰੀ ਸਕੂਲ ਤੇ ਹੁਣ ਬਣ ਰਹੇ ਹਨ ਪਰ private ਸਕੂਲ ਤਾਂ 40—50 ਸਾਲਾਂ ਤੋਂ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਸੇਵਾ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ aim ਕੇਵਲ Education ਫੈਲਾਉਣਾ ਹੈ ਹੋਰ ਕੁਝ ਨਹੀਂ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਕੂਲਾਂ ਦੇ staff ਦੇ members ਨੂੰ ਕਮੇਟੀਆਂ ਵਲੋਂ ਕੋਈ ਖਤਰਾ ਨਹੀਂ ਹੈ । Punjab Education Code ਦੇ ਵਿਚ ਲਿਖੇ ਹੋਏ rules ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਹੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ treatment ਹੁੰਦਾ ਹੈ । ਜੇ ਕਰ ਕਿਸੇ ਮੈਂਬਰ ਨੂੰ ਹਟਾਉਣ ਦੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਪੈਂਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸ ਦੀ ਖਾਸ ਵਜ੍ਹਾ ਹੁੰਦੀ ਹੈ । ਸਰਕਾਰੀ ਸਕੂਲਾਂ ਵਿਚ ਵੀ ਬਾਜ਼ ਦਫਾ ਇਹੋ ਜਿਹੀਆਂ ਗਲਾਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ ਜਿਹੜੀਆਂ ਕਿ harmful ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ ਅਤੇ ਸਰਕਾਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਪਰਵਾਹ ਨਹੀਂ ਕਰਦੀ ਪਰ privately-managed schools ਉਨ੍ਹਾਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਨੂੰ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਨਹੀਂ ਕਰਦੇ ਕਿਉਂ ਜੋ ਉਨ੍ਹਾਂ ਗਲਾਂ ਦਾ ਅਸਰ students ਉਪਰ ਬੁਰਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ । ਅੰਤ ਵਿਚ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਤੁਹਾਡਾ ਧੰਨਵਾਦ ਕਰਦੀ ਹਾਂ ਕਿਉਂ ਜੋ ਤੁਸਾਂ ਮੈਨੂੰ ਆਪਣੇ ਖਿਆਲਾਤ ਜ਼ਾਹਰ ਕਰਨ ਦਾ ਮੌਕਾ ਦਿਤਾ ਹੈ ।

श्री रोशन लाल (नारायणगढ़ रिज़र्वड) : स्पीकर साहिब, आज Appropriation Bill हाउस में ज़ेरे बहस है। जिस वक्त पंजाब और पैप्सू की integration

हुई थी और पंजाब के नेताओं ने सारी ज़िम्मेदारी अपने ऊपर ली थी तो हमारा विचार था कि पंजाब के साथ मिल कर पैप्सू के undeveloped इलाकों की नुमायां तरक्की होगी और जो स्कीमें अभी अधूरी रहती थीं उन को पायाए तकमील तक पहुंचाया जाएगा। लेकिन मुझे बहुत अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि Second Five-Year Plan में जो targets लिये गये थे उन में से कुछ ऐसे हैं जिन को अभी तक touch भी नहीं किया गया। कुछ ऐसे काम भी हैं जिन को पैप्सू सरकार के वक्त शुरू तो किया गया था लेकिन उन को वहीं का वहीं छोड़ दिया गया और आगे नहीं बढ़ाया गया। मिसाल के तौर पर मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि Second Five-Year Plan के सफा 419 पर दर्ज था कि पिंजौर से नालागढ़ कीरतपुर सड़क बनाई जाएगी। उस के लिये बीस लाख रुपया मखसूस किया गया था। वह सड़क 1956-57 में चार मील बननी थी, 1957-58 में तीन मील, 1958-59 में पांच मील और 1959-60 में इस सड़क को खत्म किया जाना था। लेकिन निहायत अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि अभी तक उस काम को शुरू भी नहीं किया गया। कई बार वज़ीर साहिबान से इस बात का ज़िक्र किया गया और उन को याद दिलाया गया। मुझे खुशी है कि इस साल गवर्नमेंट ने इस सड़क के लिये 150 हज़ार रुपया मखसूस किया है। लेकिन यह नहीं कहा जा सकता कि जिस तरह से Second Five-Year Plan में दर्ज है उसी time limit में यह सड़क मुकम्मल हो जाएगी या नहीं। इसी तरह से कंडाघाट के अंदर Jeep Tracts in Hills के लिये सात लाख रुपया मांगा गया था। पैप्सू सरकार ने सवा दो लाख रुपया खर्च कर के jeep tractable road बनाई थी। *(At this stage Shri Lal Chand, a Member of the Panel of Chairmen occupied the chair)* लेकिन अफसोस का मकाम है कि पैप्सू सरकार ने जितना काम किया था वह वहीं का वहीं रुक गया। बल्कि उस के बाद land slides होने की वजह से जो सड़क बनी थी वह भी मिसमार हो गई। उस के बाद अभी तक उस तरफ ध्यान नहीं किया गया। मैं समझता हूं कि इस तरह से रुपया खर्च करना जनता के रुपये को खराब करना है। अगर जनता का रुपया सही तरीके से खर्च नहीं किया जाता तो उस का ज़िम्मेदार यह हाऊस है। यह रुपया जनता से टैक्स वग़ैरह ले कर इकट्ठा किया जाता है और अगर इस को इस तरह से खर्च किया जाता है तो मैं समझता हूं कि यह एक किस्म की misappropriation है। सात लाख रुपये में जो 45 मील लंबी सड़क बननी थी वह नहीं बनी है। इस लिये मैं वज़ीर मुताल्लिका से निहायत अदब से अर्ज़ करूंगा कि जो targets Second Five-Year Plan में रखे गये थे उन को पूरा करने की कोशश करें और जो रुपया उन के लिये मखसूस किया गया था उस को सही तरीके से खर्च करें। मैं ने पिछले दिनों अपने चीफ मिनिस्टर साहिब से इस बात का ज़िक्र किया था और उन से प्रार्थना की थी कि यह सड़क ज़रूर बननी चाहिये। चुनांचि उस के लिये रुपया भी मखसूस किया गया।

मैं नहीं चाहता कि इस में ज़्यादा राए ज़नी करूं। लेकिन चूंकि पहले मुझे लीडर साहिब ने बताया था कि जो रुपया तुम्हारे जिले के लिये इस मकसद के लिये रखा गया था, वह वहीं पर—गो दूसरे कामों पर—खर्च किया गया है इस

5.00 p.m.

[श्री रोशन लाल]
लिये मैं आज फिर मिनिस्टर मुताल्लिका से अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस साल जो रुपया बजट में provide किया गया है वह इसी सड़क पर खर्च होना चाहिए। ऐसा न हो कि वह ज़िले की किसी दूसरी तहसील में चला जाए।

जनाब, चेयरमैन साहब, बजट के अन्दर social welfare और Scheduled Castes का हर साल ज़िक्र किया जाता है। मैं नहीं कहता कि इस बार के बजट में भी और दूसरी दूसरी speeches में भी backward areas, backward tribes और पिछड़ी हुई जातियों का ज़िक्र किया है लेकिन मैं महसूस करता हूं कि यह सिर्फ़ eyewash की तरह का ही ज़िक्र किया गया है। मिस्टर चेयरमैन, इस State के अन्दर 36 लाख की आबादी हरिजनों और दूसरी पिछड़ी हुई जातियों की है। इसी हिसाब से इस House के अन्दर हरिजनों और backward classes के 36 मैम्बर हैं। (*Interruptions*) यह जो बजट हम पास करने जा रहे हैं, यह ख़ुद एक common man's budget है। इस का tax-payer एक common man यानी middle man और दूसरी गरीब sections of societies हैं। उन्हीं के पास से सारा taxation का रुपया और revenue आता है लेकिन फिर भी उन्हें अपना due share नहीं मिलता। मैं जानता हूं कि जितनी स्कीमें बनती हैं बहुत अच्छी बनती हैं, बहुत अफ़ज़ल होती हैं, उन के पीछे बड़े अच्छे मकसद होते हैं लेकिन, कह नहीं सकता कि बाद में वह उसी spirit में implement होती हैं या नहीं। बहरहाल जो loan Central Government देती है, बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि बजाय सीधा लोगों की हालत को सुधारने के लिये लगाया जाय—Scheduled Castes और Scheduled Tribes के welfare के लिये लगाया जाय, वह Social Welfare Department पर खर्च कर दिया जाता है और Lahaul and Spiti area की तरफ divert कर दिया जाता है। यह रुपया दरअसल backward communities की development और education के ऊपर खर्च किया जाना चाहिए था। कह नहीं सकता कि अगले माली साल में भी वह रुपया इन communities के लिये खर्च किया जाएगा, Lahaul and Spiti की development के लिए खर्च किया जाएगा या किसी और मद पर खर्च किया जाएगा। लेकिन मैं आप की मार्फत गवर्नमेंट की तवज्जह इस बात की तरफ दिलाना चाहता हूं कि अगर वाकई इन backward classes और पिछड़े हुए लोगों को आपने उठाना है—और अगर आप सही तौर पर secular State का दावा करते हैं तो इस बात के लिये एक statutory board कायम करें जिस में हरिजनों के नुमायन्दे लिये जाएं ताकि वह सही तौर पर backward areas और Scheduled Castes की ज़रूरयात का जायज़ा लेकर जहां जहां जैसी ज़रूरत हो, वैसी recommendations कर सके। वह उन की समस्याओं को हल कर सके ताकि वह भी आज़ादी का फायदा उठा कर आज़ादी के दौर में आज़ाद कहलवाने के हकदार बन सकें। आज जो provision हम देखते हैं वह 3,600,000 की आबादी

के लिये आठ आने फी आदमी भी औस्त नहीं पड़ती। बहरहाल इन लफ़्ज़ों के साथ मैं इस बिल की ताईद करता हूं और गवर्नमेंट से पूरी उम्मीद करता हूं कि वह इन बातों की तरफ़ खास तौर से ध्यान देगी।

चौधरी कर्म चन्द सिधु (होशियारपुर 'रिजर्वड') : चेयरमैन साहिब, आप ने जो मुझे इस Appropriation Bill पर बोलने का time दिया, उस के लिये मैं आप का धन्यवाद करता हूं। जनाब, जिस constituency से मैं आया हूं—मैं तो समझता हूं कि यह मेरे लिये खुश किस्मती की बात है लेकिन हकूमत की बदकिस्मती से बावजूद वह double-member constituency होने के दोनों M.L.As opposition parties के ही चुन कर यहां असेम्बली में आए हैं। यही वजह है कि उस ज़िला की development के सिलसिले में गवर्नमेंट आंख बन्द किये बैठी है। चेयरमैन साहिब होशियारपुर proper के block development area को छोड़ कर जिस २ जगह से कांग्रेसी M.L.A.s साहिबान आए हैं वहीं पर सारा काम शुरु किया गया है। मेरी constituency के अन्दर इस काम की तरफ़ बिल्कुल कोई ध्यान नहीं दिया। इस लिये आप की विसातत से हकूमत के notice में यह बात लाना चाहता हूं कि इस तरह की discrimination करना कोई अच्छी हकूमत का कारनामा नहीं है। ज़रूरी है कि जब बार बार democratic state और socialistic pattern of society का नारा लगाया जाता है तो अपने ज़ाविए नज़र को इन असूलों के मुताबिक रखे।

चेयरमैन साहिब हमारे होशियारपुर के ज़िला में चोएं इतनी हैं कि उन की वजह से लाखों एकड़ ज़मीन बर्बाद हो चुकी है। कई बार पहिले भी इस House के अन्दर सरकार का ध्यान इस बात की तरफ दिलाया गया है। इस के इलावा जो हमारी Press Gallery में बैठे हुए दोस्त हैं जब हम यहां पर किसी बात का ज़िक्र करते हैं तो वह एक लफ़्ज़ भी अखबारों में नहीं देते। मैं आप की विसातत से उन से request करूंगा कि जो जो तकलीफें हम अपनी constituencies के लोगों के बारे में यहां पर सरकार के notice में लाते हैं उन्हें वह आम public तक पहुंचाने की ज़रूर कोशिश करें ताकि उन्हें पता लगे कि हमारे नुमाइन्दे असेम्बली में जाकर क्या कुछ कहते हैं। तो, चेयरमैन साहिब, मैं चोओं की बात कर रहा था। होशियारपुर के अन्दर इतनी चोएं हैं कि उन से लाखों एकड़ ज़मीन बर्बाद हो चुकी है। अगर गवर्नमेंट कोई drainage system बना कर—छोटी नालियां बना कर—वह पानी बड़ी बड़ी नालियों में डाले और फिर बड़ी नालियों का पानी दरिया में डाल दे तो इस से लाखों एकड़ ज़मीन को सेम से बचाया जा सकता है और अनाज पैदा कर के आमदन को बढ़ाया जा सकता है।

वहां पर एक और बहुत भारी मसला है जिस का इन्तज़ाम किए जाने पर लाखों मन अनाज ज़ाया होने से बचाया जा सकता है। वह stray cattle का मसला है। मुझे समझ नहीं आता कि बावजूद इतनी बार दुहराने के किसी मिनिस्टर ने आज तक क्यों इस बात की तरफ़ अपना ध्यान नहीं दिया। Stray cattle का एक ऐसा मसला है जिस से ज़िला होशियारपुर में ही नहीं सारे पंजाब में फसलों का भारी नुकसान होता है।

[चौधरी कर्म चन्द सिधु]
जो लोग मवैशी आवारा छोड़ देते हैं उन की वजह से फसलों का लाखों मन का नुकसान हो जाता है। इस लिये मैं आप की विसातत से आज फिर गवर्नमेंट से पुरज़ोर अपील करूंगा कि आनरेबल मिनिस्टर साहिब मुतअल्लिका इस सिलसिले में House के अन्दर बयान दें कि वह इस मामले में क्या इन्तज़ाम कर रहे हैं या करना चाहते हैं। हम जानना चाहते हैं कि इस मकसद के लिये गवर्नमेंट के ज़ेरे ग़ौर कोई तजवीज़ है या नहीं। यह public की आवाज़ है। हकूमत को इस तरफ़ ज़रूर ध्यान देना चाहिए। (घंटी) चेयरमैन साहिब, अभी तो मैंने तीन चार बहुत ज़रूरी बातों का ज़िक्र करना है।

अब मैं Education की ओर आता हूं। Education ही एक ऐसा ज़रिया है जो लोगों की जहालत को दूर करने में ज़्यादातर मददगार होता है। सरकार को चाहिए कि वह private स्कूलों को इस बात पर मजबूर न करे कि जो आधी fees की concession हरिजनों को थी, वह अपने पास से अदा करें। Private school इस हालत में नहीं हैं कि वह उस फीस को अपने funds में से अदा कर सकें। लाज़मी तौर पर यह नज़ला हरिजन बच्चों पर पड़ेगा जिन के वालदैन भी फीस अदा करने में लाचार हैं। इस लिये मैं सरकार से पुरज़ोर अपील करूंगा कि वह इस खर्च को खुद बर्दाश्त करे क्योंकि अगर ऐसा न किया गया तो ग़रीब हरिजन तालीम हासिल करने से बिल्कुल महरूम रह जायेंगे। उस से उन को अच्छी नौकरियां नहीं मिल सकेंगी और वह तरक्की के रास्ते पर दूसरों के शाना बशाना नहीं चल सकेंगे।

इस के साथ ही मैं हरिजनों की services में representation की बाबत भी अर्ज़ करना चाहता हूं। House के अन्दर मुख्तलिफ सवालात के जवाबात में यह बताया जाता है कि suitable candidates ही नहीं मिलते। यह चीज़ हमारे साथ एक किस्म का धोका है—ज़ुल्म है। मैं इस के खिलाफ़ protest करता हूं और आप की विसातत से गवर्नमेंट को पुरज़ोर अपील करता हूं कि उसे इस बात की तरफ़ निहायत इमानदारी से ग़ौर करनी चाहिए और जो backward classes और Scheduled Castes को services में 21 per cent की reservation दे रखी है उस को हर हालत में पूरा किया जाए। इस चीज़ को देखने के लिये मैं यह सुझाव दूंगा कि हरिजन मेम्बरों पर मुश्तमिल एक Board बनाया जाए वरना यह बात ज़ाहिर है कि जैसा कि पहले से हकूमत उन ग़रीबों पर अत्याचार करती आई है; आगे भी ऐसा ही करेगी।

चेयरमैन साहिब एक और अर्ज़ करना चाहता हूं। Subordinate Services Selection Board में तो हकूमत ने हमारा एक नुमाइन्दा रखा हुआ है। वह Scheduled Castes Backward Tribes और विमुक्त जातियों की नुमाइन्दगी करता है। हकूमत ने जितनी gazetted posts fill करनी होती है वह Public Service Commission की मार्फत की जाती हैं यानी D.S.P., S.P. और दीगर जितनी ऐसी बड़ी २ posts होती हैं वह सब की सब Public Service Commission के

through भरी जाती है। लेकिन बड़े अफसोस की बात है कि Public Service Commission में हमारा कोई नुमायंदा नहीं रखा गया हुआ। यह एक किस्म की बेइनसाफी है। जब तक इस Commission में हमारा कोई नुमायंदा नहीं होगा तब तक हमारी community के अच्छे लिखे पढ़े लड़कों के किसी service में लिये जाने की उम्मीद भी नहीं हो सकती। इस लिये मैं सरकार से appeal करूंगा कि कम से कम हमारा एक नुमायंदा इस Commission में लिया जाये ताकि इस वक्त जो बददयानती हो रही है......

Mr. Chairman : These are not the words to be uttered here.

श्री कर्म चन्द सिधु : मैं आप की बात मानता हूँ लेकिन जो मैं कह रहा हूँ यह हो ही रहा है। इस लिये मैं आप के द्वारा सरकार से यह appeal करना चाहता हूँ कि हमारी reservation पूरी करने के लिये यहां इस बात का एलान करें कि यह एक board कायम करेगी जिस में हमारी नुमायंदगी होगी ताकि 21 per cent की जो reservation है वह हर कीमत पर पूरी करने के लिये कदम उठाये जा सकें।

इस के बाद मैं आप का धन्यबाद करता हूँ जो आप ने मुझे बोलने का मौका दिया है।

श्री राम प्रकाश (जगाधरी 'रिज़र्वड') : स्पीकर साहिब, मैं अपने Finance Minister साहिब को बधाई पेश करता हूँ जो उन्होंने पिछले सालों की निसबत इस साल बड़े अच्छे तरीके का बजट पेश किया है। इस बजट की मुख्तलिफ demands पर मुख्तलिफ मैम्बर साहिबान ने नुकता चीनी की है और उस में से सब से ज़्यादा नुकता चीनी पुलिस पर हुई है। यह ठीक है कि हरेक department में कुछ न कुछ खामियां जरूर होती हैं और इस के साथ साथ उन खामियों को दूर करना भी हमारा फर्ज़ होता है लेकिन यह खामियां महज़ नुकता चीनी से, डर से, धमकियों से नहीं बल्कि प्रेम से दूर हो सकती हैं। कभी किसी साहिब ने इस बारे में अन्दाज़ा नहीं लगाया कि police staff को कितनी मुश्किलात का सामना करना पड़ता है। कई चोरों और डाकूओं का उन्हें मुकाबिला करना पड़ता है और इस मुकाबिले में कई सिपाही और थानेदार मारे भी गये हैं। फिर उन की 24 घंटे duty होती है और इस 24 घंटे की duty के साथ उन की तन्खाहें बहुत कम हैं। जहां तक उन के daily allowances का सवाल है यह constables और A. S. Is. को नहीं मिलता हालांकि इसी महकमे के दूसरे बड़े अफसरान यानी D. S. P. और S. P. को यह मिलता है। फिर आप देखिये कि जो S. H. O. होता है उस के घोड़े का allowance A. S. I. के घोड़े के allowance से दुगना होता है। मेरे ख्याल में A. S. I. का घोड़ा एक S. H. O. के घोड़े से कम नहीं खाता। इस लिये उस के घोड़े का allowance भी उतना ही कर दिया जाये जो कि S.H.O. को मिलता है।

[श्री राम प्रकाश]

इस के साथ साथ मैं अर्ज़ करना चाहता हूँ कि अब पुलिस में हमारी Scheduled Castes के बहुत सारे आदमी बतौर constable मुलाज़म हो गये हुए हैं लेकिन उन को तरक्की नहीं मिल रही। इस महकमे में तरक्की उन आदमियों को दी जाती है जिन की या तो सिफारिश हो या वह खुद पहुँच वाले हों; बाकी आदमियों को ignore कर दिया जाता है।

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (सरदार ज्ञान सिंह राड़ेवाला) : जनाब, स्पीकर साहिब, House के सामने जो resolution इस वक्त पेश है और जिस की रू से वह Ordinance जो betterment levy के मुताल्लिक जारी किया गया था, disapprove करना चाहते हैं। मुहर्रक साहिब की जो तकरीरें थीं मैं ने उन को बड़े ग़ौर से सुना है। उन्होंने फरमाया है कि यह Ordinance ग़ैरजमहूरी और ग़ैर ज़रूरी था। इस बात की दलील में उन्होंने कहा कि अभी Assembly को prorogue करने का ऐलान नहीं था कि निहायत तेज़ी से इस Ordinance को नाफज़ कर दिया गया। मैं आपकी खिदमत में अर्ज़ करना चाहता हूं कि जो हालात उस वक्त थे जिन के तहत इस Ordinance को जारी करना पड़ा, वह एक emergent nature के थे। यह जो हम ने भाखड़ा की तामीर और नहरों की तामीर के लिए कर्ज़े लिए इस की अदायगी का सवाल आज से नहीं बल्कि उस दिन से था जबकि इस का parent Act बन गया था। उस वक्त भी Government of India की तरफ से एक Directive आया था कि इन रकमों की अदायगी का इंतज़ाम फौरी किया

जाये । जनाबे वाला, मैं एक एक एतराज House के सामने पढ़ना चाहता हूं । यह मामला उस वक्त से चल रहा है जब कि States को Government of India की तरफ से यह कहा गया था कि—

"The Government of India loaned money from 1947 to 1950 but communcated after protracted correspondence on October, 28, 1950, their decision to all States in India that before any further sums of money could be advanced as loans for river valley projects the State Governments should arrange for first the levy of a betterment fee on land brought under irrigation through such projects, the proceeds of such levy being specially earmarked for the repayment of Central loans."

यह Ordinance और यह जो तजवीज़ थी वह हमारी इस रियासत पर ही लागू नहीं थी बल्कि सारी रियासतों पर लाज़मी करार दी गई थी । जनाबे आली, इस के बाद भी इस के मुताल्लिक दिक्कतें होती रही हैं । अब इस नवम्बर से पहले जबकि Planning Commission में यह मुआमला discuss हुआ था, तो फिर इस बात पर ज़ोर दिया गया कि इस की अदायगी का इंतज़ाम होना चाहिए, जबकि इस के लिए कानून बना हुआ है और इस का इतलाक किये हुए या इस को नाफिज़ किये हुए 6-7 साल का अरसा गुज़र चुका है । 1954 में यह बना था और उसी वक्त पानी मिलना शुरू हो गया था आज 1959 है । इसके इलावा एक और दिक्कत यह थी कि हमें इस रुपए की development के लिए ज़रूरत थी । इस House में दो दिन से तकरीरें हो रही हैं और मैं बड़े शद्दोमद से कह सकता हूं कि अगर मैम्बरान ने इस बात पर और ज़ोर दिया तो मैं समझता हूं कि यह मसला बड़ी खतरनाक सूरत इख्तियार कर सकता था । अगर इस को war level पर भी सुलझाया जाये तो इसके लिए हमें कर्ज़े की ज़रूरत थी । आज हम यह चीज़ Centre से loan लेकर कर रहे हैं । हमें ज़रूरत थी पंजाब की development के लिए और हमें शक पड़ता था कि पंजाब की development के लिए यह रुपया emergently चाहिए था । इस के इलावा मैं, जनाबे आली, अर्ज़ करना चाहता हूं कि आखिर पंजाब की Ministry ने यह एक कानून भी बनाया था उस पर भी अमल करवाने का सवाल था । जितनी भी अमल करने में delay की जा रही है उतना ही उस का सूद भी बढ़ता जा रहा है ।

चौधरी बलबीर सिंह : 31 दिसम्बर और 3 जनवरी के दरमियान जो....

सिंचाई तथा बिजली मंत्री : सब बतलाऊंगा । खुद किसान और इस पंजाब के किसान का इसमें भला था । आखिरकार कर्ज़ा के देने का तो इंतज़ाम करना ही है । बहुत सारे member साहिबान ने अपनी तकरीरों में कहा है और कर्ज़ा देने के मुताल्लिक तकाज़ा किया है । अगर हम crops को अच्छी तरह से बढ़ाना चाहते हैं तो इस के लिए भी खर्चा करना ज़रूरी है । 23 दिसम्बर को यह मुआमला Council of Ministers के सामने आया । मगर उस वक्त यह पता नहीं था कि House का इजलास कब होगा । इस के बाद Gurdwara Act की वजह से खासतौर से Special Session बुलाया गया था....

श्री शेर सिंह : 23 दिसम्बर को तो Assembly बैठी हुई थी ।

सिंचाई तथा बिजली मंत्री : 23 तारीख को तो यह अभी Council of Ministers के सामने ही आया था। इस पर फैसला होने के बाद जो rules उस के मुताबिक 15 दिन का session बुलाने के लिए notice चाहिए। इस के इलावा हालात के मुताबिक इसे एक से ज्यादा दफा Regional Committee के भी सुपुर्द करना पड़ा था। इस की वजह से भी दो एक दिन बढ़ गये थे। फिर यह अभी Law Department से draft कराना था जिस के लिए अभी वक्त दरकार था। इस वासते यह नामुमकिन था कि हम इस से पहले किसी session में इस बिल को ला सकते थे। दूसरी तरफ, जनाबे आली, खरीफ की फसल से इस रकम की वसूली का सवाल था और खतौनियां जो बनाई जाती हैं वे महीना के आखीर तक बनाई जाती हैं लेकिन इस में यह भी ज़रूरी था कि अगर यह कानून 5 तारीख तक न बने तो यह वसूली नहीं हो सकती थी। इसलिए जब Assembly adjourn हो गई थी और यह 3 तारीख को Governor साहिब की खिदमत में भेजा गया था जोकि 4 तारीख को उन से वापस हुआ था। तो इन सारे हालात में मैं अर्ज़ करता हूं कि जो तारीखें मैं ने बतलाई हैं उन से यह ज़ाहिर हो गया है कि इस चीज का इंतज़ाम किया जाना ज़रूरी था। हम यह चाहते थे कि किसी ना किसी तरीका से इस की अदायगी का इंतज़ाम किया जाये। ताकि जो ज़मीदारों पर बोझ पड़ रहा है उस का बोझ उन पर cumulative ना पड़े और इस का कोई ना कोई हल निकाला जाये। इन हालात में यह ज़रूरी था कि इस के मुताल्लक जल्द अज़ जल्द फैसला किया जाये। अब सवाल यह है, जनाब, कि Ordinance है क्या? इस Ordinance की रू से जो तरमीम उस Parent Act में की गई है उसका नतीजा ज़मींदार के हक में है या उसके खिलाफ है? बहुत से मेरे मुअज़िज़ दोस्तों ने यह ज़ाहिर करने की कोशिश की है कि वह किसानों के बड़े हमदर्द हैं और यही लोग उनके दु:ख को ज्यादा महसूस करते हैं। मैं यकीन दिलाता हूं कि गवर्नमेंट को भी किसानों से उतनी ही हमदर्दी है जितनी कि किसी और को। (*Cheers*)

और इस बात को मद्देनज़र रखते हुए यह Ordinance वज़ह किया गया है। तो मैं कह रहा था कि जो पेरेंट ऐक्ट है उसके अन्दर यह कानून बनाया हुआ है कि स्कीम के अन्दर जितना एरिया होगा जिसको कि commanded area कहा जाता है, उस सारी ज़मीन पर यह बैटरमेंट लैवी लगेगी। अगर उस तरीके से जैसा कि इसमें पहले था, यह रकम वसूल की जाती तो ज़मीदारों पर ज्यादा भार होता और शायद मौजूदा सूरत में नाकाबले बरदाश्त होता। इसलिए यह तरमीम की जा रही है जो इस बिल की शक्ल में इस हाउस के सामने पेश है। यह levy सिर्फ matured area पर लगेगी। इस का मतलब यह हुआ कि जिस ज़मीन में पानी लगा है और उसमें जो फसल पैदा हुई है उस फसल का कुछ हिस्सा ज़मीदार betterment fee के तौर पर देगा। बहुत सारी तकरीरों में कहा गया कि खराबा हो रहा है और सेमज़दा इलाके की तरफ ख्याल नहीं किया गया है। मैं अर्ज़ करता हूं कि matured का जो लफ्ज़ है उसमें सारी बातें आ जाती हैं। जैसा कि मैं ने बताया गवर्नमेंट ने सिर्फ उस ज़मीन में से कुछ हिस्सा लेना है जिसमें पानी लगा कर फसल पैदा हुई है।

यह ठीक है कि एजीटेशन manoeuvre किया गया लेकिन बावजूद इसके बड़ी भारी तादाद में वसूली हो रही है और irrigators बखुशी दे रहे हैं क्योंकि यह नाकाबले बर्दाश्त बोझ नहीं है। जैसा कि यहां पर कहा गया है। जनाबे आला, असूल के मुताल्लिक बहुत कुछ कहा गया था और articles भी अखबारों में दिए गए थे कि सिरे से ही असूलन यह levy नहीं लगनी चाहिए। लेकिन आज की तकरीर मैं ने सुनी उसमें अमरीका का हवाला दिया गया और कहा कि वहां पर सूद कम होता है या वसूली का टाइम ज्यादा होता है। मैं कहता हूं कि बाहर के मुमालिक में जाने की ज़रूरत नहीं, हमारे इसी मुल्क की बाकी रियासतों में जैसे बाम्बे, मद्रास और कैरल में भी यह बिल बना और जहां पर लोगों को फायदा हुआ वहां पर betterment levy ली गई है। यह तसलीम शुदा असूल है। खुद इस हाउस में जब यह पेरेंट ऐक्ट बना, इस पर काफी गौरोखोज हुआ। मैं ने सारी प्रोसीडिंग्ज़ बड़े ग़ौर से पढ़ी हैं। यह मामला एक सिलैक्ट कमेटी के सुपुर्द हुआ था जिस में एक निहायत तजरबाकार और निहायत सयाने और पुराने लीडर थे और हर एक पार्टी का नुमाइंदा उसमें शरीक था। उस सिलैक्ट कमेटी में इसके असूलों पर विचार हुआ था। उसमें कम्युनिस्ट पार्टी के नुमाइंदा श्री बचन सिंह शामिल थे, और अकाली पार्टी के सरदार गोपाल सिंह खालसा इसमें शामिल थे। जनाब वाला, सिलैक्ट कमेटी ने एक unanimous report दी थी। उसमें किसी का कोई इख्तलाफ नोट नहीं था।

चौधरी धर्म सिंह राठी : उसमें आपोज़ीशन का कौन था ?

सिंचाई तथा बिजली मंत्री : बताया मैंने गोपाल सिंह खालसा आपोज़ीशन की भी नुमाइंदगी कर रहे थे। तो मैं कह रहा था कि उस सिलैक्ट कमेटी ने हर पहलू पर ग़ौर किया। और जो Parent Act था जोकि सन् 1953 से पहले यहां रायज था उसमें सिलैक्ट कमेटी ने दो proviso किए जिन में से एक प्रावाइज़ो जो बड़ा अहम था और जिससे बड़ा फायदा हुआ वह यह था कि—

> "Provided further that the amount of the betterment charges recoverable from any scheme will be limited to the difference between the investment on the scheme and such part of it as may make it productive."

तो जनाबआली, अब इसी असूल को मद्देनज़र रखते हुए pro-ductive और unproductive part को जुदा किया गया है। यहां पर यह भी कहा गया कि इल्क्ट्रीसिटी पर भार नहीं डाला गया। मुझे हैरानी है कि इस बात को क्यों बार बार दुहराया जाता है हालांकि यह बात अच्छी तरह से नशर हो गई है कि electricity पर 50 फी सदी इस का हिस्सा डाल दिया गया है। अब इस वक्त जो unproductive portion है वह सिर्फ 33 करोड़ रुपया है। यहां पर जो राठी साहिब ने figures रखे हैं वह पता नहीं कहां से ले आए, यह उनकी दिमाग़ की अपनी सूझ है। मैं ने पहिले भी कुछ figures हाउस में रखे थे और यह सारे figures जो work out किए गए हैं facts पर based हैं। तो

[सिंचाई तथा बिजली मंत्री]

मैं यह अर्ज़ कर रहा था कि अगर उसी तरीके से हम calculate करते और यह चीज़ न होती तो शायद सौ करोड़ के करीब रुपया बनता था। मगर अब सिर्फ 33 करोड़ रुपया है जिस की हम ने अदायगी करनी है। मैं समझता हूं कि अगर यह जो unproductive part है इसकी अदायगी का भी हम इन्तज़ाम न करें तो अरसा गुज़रने पर पंजाब पर इतना ज़्यादा बोझ हो जाएगा कि शायद कभी भी यह देने की position में न हो सके।

जनाबेआली, कुछ सुझाव सरदार अजमेरसिंह, सरदार भाग सिंह और कुछ दूसरे फाज़िल दोस्तों की तरफ से दिए गए हैं। यह कहा गया है कि जो rate of interest है उस को कम करने की कोशिश नहीं की जाती। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि मौजूदा Government ने इस बारे में पूरी कोशिश की है और इस case को पूरे ज़ोर से represent किया था। मुझे खुशी है कि जो सूद हमने 1 अप्रैल, 1958 तक $4\frac{1}{4}$ प्रतिशत के हिसाब से देना था वह घटा कर Finance Commission ने 3 प्रतिशत कर दिया है। इस मामले को यहीं drop नहीं कर दिया गया, हो सकता है जो next Finance Commission, Government of India की तरफ से मुकर्रर हो इस पर मज़ीद गौर करे और मैं House को यकीन दिलाना चाहता हूं कि इस सिलसिले में Government कोशिश करेगी कि जो आयंदा रकूमात करज़े के तौर पर मिल रही हैं उन पर हमें तीन फी सदी भी सूद न देना पड़े। हम पूरे ज़ोर से Government of India और next Finance Commission के सामने अपना case पेश करेंगे।

ਸਰਦਾਰ ਭੁਪਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਮਾਨ : ਇਹ compound interest ਹੈ ਜਾਂ simple interest ਹੈ।

सिंचाई तथा बिजली मंत्री : यह compound interest है। मैं ने पहली Governments की figures देखी हैं। उन्होंने 1950 या 1951 तक जो सूद की रकम होती थी उस को State के revenues से अदा करने की कोशिश की और करते रहे लेकिन उस के बाद हमारी तरफ से सूद अदा नहीं हुआ। जो सूद है वह capitalize होकर रकम में मिल जाता है और फिर सूद पर सूद लगता है। इसलिए अगर इस चीज़ को हल कर लिया जाए तो निहायत ही अच्छा होगा। जब Finance Commission और Government of India के सामने इस मसले को रखा जाएगा तो उन की तवज्जो इस की तरफ भी लाज़मीतौर पर दिलाई जाएगी।

स्पीकर साहिब आज मैं ने किसी मैम्बर साहिब की तरफ से कोई खास तामारी सुझाव नहीं सुना। जनाबेआली, मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि यह जो resolution आया है, जिस बिना पर यह resolution लाया गया है उस की कोई बुनियाद ही नहीं है। क्योंकि जैसे कि मैंने अर्ज़ किया है कि जो Parent Act इस House ने खुद बनाया जोकि इस वक्त

पंजाब में नाफिज़ है उस में इस ordinance के ज़रिए तरमीम की गई है । यह तरमीम किसान के फायदे के लिए की गई है न कि उसके नुकसान के लिए । इस से उस के burden को कम करने की कोशिश की है । इस के इलावा वसूली को और ज़्यादा सहल करने की कोशिश की गई है और जो tax का असूल होता है कि tax within the paying capacity हो उस को मद्देनज़र रखा गया है । हम ने यह फैसला किया है यह matured areas पर यानी जिस वक्त ज़मीन से पैदावार किसान के घर आए उस वक्त यह रकम वसूल की जाए । जनाबेआली जो rates हैं उन पर अगर आप गौर करें तो लाज़मीतौर पर आप इस नतीजा पर पहुंचेंगे कि वह paying capacity के असूल को मद्देनज़र रखते हुए मुकर्रर किए गए हैं । जिन की ज़मीनें बारानी थीं उन की पैदावार में बड़ा इज़ाफा हुआ है । बहुत से इलाके हमारे East Punjab में ऐसे थे जो महज़ irrigation की facilities न होने की वजह से अनाज पैदा नहीं कर सकते थे । मगर आज पानी मिलने के बाद वहां पर ज़्यादा से ज़्यादा अनाज पैदा किया जा रहा है । मैंने देखा है कि जिस बारानी ज़मीन में पहले एक acre में 3 मन गंदम पैदा होती थी वहां लाजमीतौर पर अब ज्यादा पैदावार होती है । मैंने हिसार और सिरसे का इलाका देखा है । वहां पर किसानों की ज़मीनों की पैदावार में considerable इज़ाफा हुआ है । मैं अर्ज़ करता हूं कि Parent Act को पास करते वक्त जो proceedings हुई थी उस वक्त यह ज़ोर दिया गया था कि अनाज के rates नहीं बढ़ने और ज़मींदारों ने दब जाना है । लेकिन यह fact है और सब जानते हैं कि उस दिन से निर्ख बहुत बढ़े हैं कम नहीं हुए । इस के बावजूद भी लोग उस में से कुछ रकम Government को न देना चाहे तो वह मुनासिब बात न होगी । मैं अर्ज़ करता हूं कि जो ordinance इस वक्त लाया गया है वह निहायत जरूरी था और हालात के मुताबिक हमारे लिए और कोई चारा नहीं था । इसलिए यह कहना कि वह disapprove किया जाए मुनासिब नहीं । इन अलफाज के साथ मैं अर्ज़ करता हूं कि हाउस मुतफिक्का राए से इस resolution को reject करे ।

1.00 p.m.

Mr. Speaker : Question is —

This House disapproves the Punjab Betterment Charges and Acreage Rates (Amendment) Ordinance, 1959 (Punjab Ordinance No. 1 of 1959).

The Assembly then divided :

Ayes .. 18

Noes .. 65

The motion was declared lost.

[Mr. Speaker]

AYES

1. Balbir Singh, Chaudhri.
2. Baldev Parkash, Dr.
3. Balram Das Tandon, Shri.
4. Baru Ram, Chaudhri.
5. Bhag Singh, Dr.
6. Bhala Ram, Shri.
7. Dharam Singh Rathi, Chaudhri.
8. Gurwaryam Singh, Sardar.
9. Hukam Singh, Shri.
10. Jagdish Kaur, Kanwarani.
11. Jangir Singh, Comrade.
12. Karam Chand Sidhu, Shri.
13. Lal Chand, Shri.
14. Mangal Sein, Shri.
15. Ram Kishan Bharolian, Pandit.
16. Sadhu Singh, Sant.
17. Sher Singh, Shri.
18. Shri Ram Sharma, Pandit.

NOES

1. Abdul Ghaffar Khan, Khan.
2. Abdul Ghani Dar, Maulvi.
3. Ajmer Singh, Sardar.
4. Amar Nath Sharma, Shri.
5. Amar Nath Vidyalankar, Shri.
6. Atma Singh, Sardar.
7. Baloo Ram, Shri.
8. Balwant Singh, Sardar.
9. Bhag Singh, Sardar (Ludhiana).
10. Bhagirth Lall Shastri, Pandit.
11. Bhupinder Singh, Sardar.
12. Chambel Singh, Chaudhri.
13. Chanda Singh, Sardar.
14. Charan Singh, Sardar.
15. Dasondha Singh, Chaudhri.
16. Dev Raj Anand, Shri.
17. Dhanna Singh Gulshan, Sardar.
18. Gajraj Singh, Rao.
19. Gian Singh Rarewala, Sardar.
20. Gurbachan Singh Bajwa, Sardar.
21. Gurbanta Singh, Sardar.
22. Gurdit Singh, Sardar.
23. Harbans Lal, Shri.
24. Harbans Singh, Sardar.
25. Harchand Singh, Sardar.
26. Hari Ram, Shri.
27. Harnam Singh, Sardar.
28. Harparkash Kaur, Bibi.
29. Jagat Ram, Shri.
30. Jagdish Chand, Shri.
31. Jagraj Singh Gill, Sardar.
32. Jasdev Singh Sandhu, Sardar.
33. Kartar Singh Dewana, Sardar.
34. Kartar Singh, Gyani.
35. Kirpal Singh, Sardar.
36. Krishna Sethi, Shrimati.
37. Kundan Lal, Shri.
38. Lahri Singh, Chaudhri.
39. Mani Ram, Shri.
40. Mehar Singh, Thakur.
41. Mihan Singh, Sardar.
42. Multan Singh, Shri.
43. Nanhu Ram, Shri.
44. Om Prabha Jain, Shrimati.
45. Parkash Kaur, Shrimati.
46. Partap Singh, Bakshi.
47. Partap Singh, Master.
48. Pritam Singh Sahoke, Sardar.
49. Rajinder Singh, Sardar.
50. Ram Piara, Shri.
51. Ram Parkash, Shri.
52. Ran Singh, Shri.
53. Roshan Lal, Shri.
54. Sadhu Ram, Chaudhri.
55. Sarla Devi Sharma, Shrimati.
56. Shri Krishan Shastri, Shri.
57. Sohan Singh, Sardar.
58. Sohan Singh, Jalal-Usman, Jathedar.
59. Sumer Singh, Shri.
60. Suraj Mal, Chaudhry.
61. Teja Singh, Subedar.
62. Umrao Singh, Shri.
63. Waryam Singh, Sardar.
64. Waryam Singh, Sardar (Bhagowal).
65. Raghuvir Singh, Raja.

RESOLUTION REGARDING DISAPPROVAL OF THE ELECTRICITY (SUPPLY) (PUNJAB AMENDMENT) ORDINANCE, 1959 (PUNJAB ORDINANCE No. 2 OF 1959)

Chaudhri Dharam Singh Rathi (Sambhalka) : Sir, I beg to move—

That this House disapproves the Electricity (Supply) (Punjab Amendment) Ordinance, 1959 (Punjab Ordinance No. 2 of 1959).

स्पीकर साहिब, मैं इस के बारे में यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि जो Parent Act है जिसके तहत कि यह सारी कार्यवाही हो रही है यह Central Government ने 1939 में बनाया है। यह बात मेरी समझ में नहीं आई कि जब इतने दिनों तक कोई कार्यवाही नहीं की गई और उस से पहिले दिसम्बर में हमारे असैम्बली का इजलास था तो उस वक्त कुछ नहीं हुआ और स्पीकर साहिब, 11 फरवरी से बजट सैशन भी शुरू होना था। इसलिए 28 जनवरी को एक दम यह ordinance पास कर देना और गज़ट कर देना कोई मानी ज़ाहर नहीं करता कि कोई ऐसे हंगामी हालात थे या कोई ऐसी बात थी। स्पीकर साहिब, क्या चन्द रोज़ के लिए इन्तज़ार नहीं कर सकते थे ? स्पीकर साहिब, इस गवर्नमेंट को सारा काम ordinance के ज़रिए करने की आदत पड़ गई है। अंग्रेज़ के ज़माने में भी यही होता था कि हरेक काम आर्डिनेंस के ज़रिए होता था। खासतौर पर जब उन का जाने का वक्त आया तो उन्होंने और भी ज़्यादा आर्डिनेंस पास करने शुरू कर दिए। इसलिए अब इन का भी जाने का वक्त आया है क्योंकि जब आर्डिनेंस का सहारा लिया जाता है तो वह आखरी सहारा होता है। यह जो आर्डिनेंस गज़ट किया है इस का मुद्दा यह है कि electricity का सारा का सारा management और कंट्रोल बोर्ड के transfer कर दिया जाए। स्पीकर साहिब, यह बहुत बड़ी चीज़ है क्योंकि बिजली का महकमा ऐसा था जिस से पंजाब को बड़ी आमदन हो सकती थी और यह आमदन भलाई के कामों में लगाई जा सकती थी लेकिन स्पीकर साहिब, एक autonomous board बना कर गवर्नमेंट ने एक आमदन का जरिया छीन लिया है।

1—14 p.m.

(At this stage Sardar Ajmer Singh, a member of the Panel of Chairmen, occupied the chair.)

चेयरमैन साहिब, पहले हमें हक था कि हम असेम्बली में बिजली के महकमा पर बहस करें लेकिन अब वह सारा का सारा कंट्रोल बोर्ड के सुपुर्द कर दिया गया है। मुझे हैरानी होती है कि बोर्ड के तीन आदमियों में से हरियाना का कोई नहीं इसलिए हम किस तरह उम्मीद कर सकते हैं कि जहां पर हमारा कोई नुमायंदा न हो वहां हमारे इलाके के साथ इनसाफ होगा। नान-आफीशियल अभी बने नहीं। चेयरमैन साहिब, हमारे यहां से भी काबिल आदमी मिल सकते थे, retired आदमी मिल सकते थे लेकिन इधर का कोई आदमी नहीं लिया गया। हमारे इलाके की तो यह हालत है कि खम्बे हैं लेकिन बिजली नहीं, रजबाहे हैं लेकिन उन में पानी नहीं, चकोतरे हैं नम्बरदार नहीं। इस से बुरी बात यह है कि जब यह मामला बोर्ड के हाथ में आ जायगा तो हमारे लिए और भी बुरा हो जाएगा क्योंकि बोर्ड में हमारा कोई

[Chaudhri Dharam Singh Rathi]

आदमी नहीं । जब connection लेने का सवाल आयगा, line लगाने का सवाल आयगा तो उस में हमें बहुत दिक्कत पेश आयगी क्योंकि हरियाना का इस में कोई नुमायंदा नहीं । इस के अलावा, चेयरमैन साहिब, यही नहीं उस के बाद कौंसिल बनेगी और एडवाइज़री कौंसिल के अन्दर 11 मैम्बर होंगे । चेयरमैन साहिब, आप देखिए कि उसमें किसानों के कितने नुमायंदे होंगे आप भी किसानों के घराने से ताल्लुक रखते हैं ।

(1) One member to represent the Local Self-Government.

(2) One member to represent the Electricity Supply Industry.

(3) One member to represent the Commerce.

(4) One member to represent Agriculture.

(5) One member to represent Transport.

(6) One member to represent labour employed in the electricity supply industry.

(7) One member to represent the village industries.

(8) One member to represent the State-owned and aided industries.

(9) One member to represent other industries.

(10) One member to represent the general interest of consumers of electricity.

(11) One member to represent the departmental labour and staff.

इसमें खेती करने वालों की अच्छी नुमायंदगी होनी चाहिए जिस से उन में भरोसा हो कि उन को tube-wells के लिए connection मिल सकेंगे । चेयरमैन साहिब, अगर यही पोज़ीशन है और Electricity Board का यही मतलब है कि हरियाना को बिजली नहीं देनी, किसान को बिजली नहीं देनी तो इसका कोई फायदा नहीं । खास तौर पर मैं इस की इसलिए मुखालफ़त करता हूं कि बोर्ड बनने से सारा का सारा काम हमारे हाथ से जाता रहेगा । हमारे सारे अख्तियारात छीन लिए गए हैं । चेयरमैन साहिब, जो अख्तियारात गवर्नमेंट ने अपने हाथ में ले लिए हैं इस का मतलब यह होगा कि board की nomination सारा पुलिटीकल मामला होगा । इस तरह जो इलेक्शन में अपने आदमी हारे होंगे उन को provide किया जायगा ।

सिंचाई मंत्री : लैजिस्लेचर का मैम्बर इस में नहीं लिया जायगा ।

चौधरी धर्म सिंह राठी : मैं ने कहा है कि जो लेजिस्लेचर के मैम्बर इलैक्शन में हार जायेंगे उन को बोर्ड में nominate कर दिया जाया करेगा । आप बेशक मुलाहज़ा कर लें कि अपने आदमियों को इस में लिया जाता है और खासकर उन आदमियों को लिया जाता है जिन्हें इन महकमों का पता नहीं होता ।

चेयरमैन साहिब, मैं अर्ज़ कर रहा था कि इस गवर्नमेंट का कोई भी nomination मुलाहज़ा कर लें तो आप को पता लगेगा कि उस में जानबदारी से काम लिया गया है । यह Ordinance भी anti-democratic है और उस में जमहूरियत का नामोनिशां नहीं है । इस से साफ तौर पर सारे इख्तियारात अफसरों और मुलाज़मों के हाथ में आ

जायेंगे। हमें पहले ही Co-operative movement का इस बारे में काफ़ी तजरुबा है और पता है कि इस Department में काम किस तरीके से चल रहा है। हमें पता है कि University autonomous body है उस में जनता को कोई नहीं पूछता। हरियाना बहुत backward है इसे पहले ही नज़रअंदाज़ किया जाता है। इस board में इस का कोई नुमाइंदा नहीं लिया जायेगा न ही जैतो के हलके में से कोई आदमी इस board में nominate किया जायेगा।

श्री चेयरमैन : वह तो Punjabi Region में है। [It is in the Punjabi Region]

चौधरी धर्म सिंह राठी : पंजाबी रीजन का कोई हक हो तो वह जैतो हलके को मिलना चाहिए।

सरदार करतार सिंह दीवाना : क्यों Pepsu को छोड़ दिया ?

Mr. Chairman : Order please.

चौधरी धर्म सिंह राठी : जहां तक Electricity Board का ताल्लुक है, मैं बार २ अफसरान के पास गया और उन से अर्ज़ की कि फलां हलके में बिजली नहीं गई। लेकिन हालत यह है कि जहां जहां अफ़सरान के रिशतेदार हैं वहां बिजली supply की जाती है और बीच में गांव के गांव छोड़ दिये जाते हैं। अगर इसी तरह से अफ़सरान के हाथ में control दिया गया तो इस board से भी इनसाफ की कोई उम्मीद नहीं हो सकती। मैं अर्ज़ करूंगा कि यह ordinance पास कर के लोगों के हकूक पर छापा मारा है। मैं इसे एक तरह से challenge समझता हूं, पब्लिक के लोग challenge समझते हैं कि इस तरीके से बिजली के सम्बन्ध में सारे इख्तियारात बोर्ड को नहीं सौंप देने चाहिएं। इस की constitution सें election के तरीके को अपनाना चाहिए यानी consumers की राये से Board बने न कि गवर्नमेंट जिसे चाहे बोर्ड का मैम्बर बना दे। यह जमहूरी राज है, प्रजातंत्र राज है, महात्मा गांधी के रास्ते पर चलने वालों का राज है लेकिन जब हम इस राज के अमलीतौर पर कारनामे देखते हैं तो हमें हैरानी होती है। हमारी सरकार सारी चीजें अफ़सरान के हाथ में रखना चाहती है और जनता के हाथों में कुछ नहीं छोड़ना चाहती। यह पंजाब के अन्दर गैर-जमहूरी हकूमत और dictatorship कायम करना चाहते हैं। मैं देख रहा हूं कि डाक्टर साहिब हंस रहे हैं और वह इसलिए खुश हैं कि वह सारे का सारा capital सरमायादार को देना चाहते हैं। और किसानों से छीनना चाहते हैं। वह इस ordinance को पास कर के खुश हैं, रंज अगर है तो सरदार भूपिन्द्र सिंह मान को, बाजवा साहिब को या दूसरे खेती वालों को जो connections लेकर tube-well लगाना चाहते हैं। मैं किसी अफसर की नियत पर हमला नहीं करता लेकिन मैं यह हरगिज़ नहीं चाहता कि ऐसे इख्तियारात उन अफसरों के हाथों में दिये जायें जो गवर्नमेंट के nominated हों। मैं ज्यादा न

[चौधरी धर्म सिंह राठी]

कहते हुए यह अर्ज़ करूंगा कि हमारी सरकार महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलना चाहती है। वह हमेशा यह कहा करते थे कि हर एक इख्तियार लोगों के नुमायंदों के हाथ में होना चाहिए। मैं हाउस से गुज़ारिश करूंगा कि वह इस resolution को पास करे और सरकार से अपील करूंगा कि वह नाफिज़शुदा ordinance को वापस ले ताकि पंजाब के अंदर अमन और सकून कायम हो। चेयरमैन साहिब, मैं एक मिनट लूंगा और उन वज़ीर साहिब से अर्ज़ करना चाहता हूं जो अपने आप को सेवक वज़ीर कहते हैं। मैं सेवक वज़ीर साहिब से प्रार्थना करूंगा कि नाम नाम के सेवक न रहें बल्कि महात्मा गांधी के बताए हुए रास्ते पर चलें। मैं सेवक वज़ीर के मुताल्लिक जानता हूं कि इन्हें कितना सुनाई देता है, कितना दिखाई देता है, कितना समझ सकते हैं उन को अच्छी तरह जानता हूं।

Mr. Chairman: Please be relevant.

चौधरी धर्म सिंह राठी : इन इलफाज़ के साथ मैं हाउस से प्रार्थना करता हूं कि मेरे इस resolution को पास करें और ordinance को disapprove करें।

Mr. Chairmn : Motion moved

That this House disapproves the Electricity (Supply) (Punjab Amendment) Ordinance, 1959, (Punjab Ordinance No. 2 of 1959)

पण्डित श्री राम शर्मा (सोनीपत): चेयरमैन साहिब, Electricity Board कायम करने के लिए गवर्नमेंट ने एक ordinance promulgate किया था जिसे अब बिल की शक्ल में पास किया जा रहा है। मैं असूलन इस बात के खिलाफ़ नहीं कि कारोबारी चीज़ों के लिए अगर autonomous Boards बना दिये जायें तो कोई बुरी बात है। हर हालत में यह कहना कि ऐसा बोर्ड हरगिज़ नहीं होना चाहिए क्योंकि यह Democracy के खिलाफ़ है मैं इस चीज़ को तसलीम नहीं करता। कारोबारी चीज़ों में Board काम को ज़्यादा होशियारी और काबलियत से चला सकता है। Electricity के इलावा अगर Irrigation का बोर्ड भी separate कर दें तो रोज़ २ की interference खत्म हो जायेगी और काम अच्छा होने की उम्मीद हो सकती है। मेरे ख्याल में Public Service Commission और University जो autonomous bodies हैं उन की निस्बत गवर्नमेंट के महकमों में ज़्यादा खराबियां हैं। मैं यह बात नहीं मानता कि किसी हालत में board बना देना जमहूरियत के खिलाफ बात है लेकिन मैं एक बात ज़रूर कहना चाहता हूं कि गवर्नमेंट को यह बात समझनी चाहिए......

[The hon. Member Pandit Shri Ram Sharma was still in possession of the House.)

The Sabha then adjourned till 3 p. m. the same day i.e. Friday, the 20th March, 1959.

6180—350—C.P. and S., Chandigarh.

ANNEXURE 'A'

(Please see foot-note at page (23)26 of this debate, dated the 20th March, 1959) (Morning Sitting)

DEATH BY ELECTRICITY SHOCKS

***3886. Sardar Rajindar Singh** : Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state—

(a) the total number of persons died in the State during the years 1957 and 1958 separately due to the electric shocks;

(b) whether any inquiry was conducted into the cause and responsibility in each case ; if so, with what result;

(c) whether any compensation was paid to any family after inquiries where death was due to defect in electric wiring or other such defect?

Sardar Gian Singh Rarewala : The position so far as accidents on the erstwhile Electricity Branch Works are concerned, is as below—

(a) 1957—31.

1958—26.

(b) Yes. 22 deaths were due to the defects in electric installation and 28 (13 of minor boys and 15 of adults) were due to their own fault as the enquiries made in the matter revealed that the deceased climbed the electric poles playfully and lost their lives. In seven cases the victims were Branch employees.

(c) Yes. For the period Government had direct charge of the Electricity Branch, compensation was sanctioned in 7 cases of employees who died while on duty. Sixteen cases of compensation are under consideration of the Board. No compensation is due in the remaining cases as in each case the deceased himself was at fault.

The information regarding similar accidents which may have occurred because of the defects in the internal installations etc. and on the works of other licensees in the State is being collected and will be supplied later.

6180 PVS—350—C.,P. & S,Pb., Chandigarh.

Punjab Vidhan Sabha Debates

20th March, 1959 (Afternoon Sitting)

VOL. I—NO. 24

OFFICIAL REPORT

CONTENTS

Friday, 20th March, 1959

P.T.O.

CHANDIGARH:

Printed by the Controller, Printing and Stationery, Punjab, 1959

ERRATA

PUNJAB VIDHAN SABHA DEBATE, VOL. I, NO. 24,

DATED THE 20TH MARCH, 1959 (Afternoon Sitting)

Read	*for*	*on page*	*line*
ਢੰਗ	ਢੰਕ	(24)7	3rd from below
ਹੋਣੀ	ਹੋਟੀ	(24)17	13
ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ	ਅਜਮਰ ਸਿੰਘ	(24)18	5th from below
ਮੁਕੱਰਰ	ਦੁਕੱਕਰ	(24)19	5
ਸੂਦ	ਸਦ	(24)21	1
ਹੋਵੇਗੇ	ਰੋਵੇਗੇ	(24)21	4th from below
ਨਹੀਂ	ਨੀ:	(24)23	11th from below
ਵਡੇ	ਕਡੇ	(24)23	8th from below
कानों	कानां	(24)28	18
और	अर	(24)29	3
यह	य	(24)38	10
यहां	हां	(24)38	11
और	औ	(24)38	14
restricted	restrictled	(24)42	10
ਜਾਣੀਏ	ਜਾਈਏ	(24)42	24
he	the	(24)46	52
खुले अलफाज	अलफाज	(24)51	23
Boards	Board	(24)63	34

PUNJAB VIDHAN SABHA

Friday, 20th March, 1959

The Vidhan Sabha met in the Assembly Hall, Sector 10, Chandigarh Capital at 3.00 p.m. of the Clock. Mr. Speaker (Sardar Gurdial Singh Dhillon) in the Chair.

QUESTION HOUR (DISPENSED WITH)

Minister for Finance (Dr. Gopi Chand Bhargava) : Sir, I request that the Question Hour be dispensed with.

Mr. Speaker : The Question Hour is dispensed with.

RESOLUTION

under clause 2 (a) of Article 213 of the Constitution regarding the disapproval of the Electricity (Supply) (Punjab Amendment) Ordinance, 1959 (Punjab Ordinance No. 2 of 1959) (Resumption of discussion of—).

Mr. Speaker : Pandit Shri Ram Sharma was in possession of the House, when it adjourned earlier at 1.30 p.m. He may resume his speech on the Resolution.

पंडित श्री राम शर्मा (सोनीपत) : स्पीकर साहिब, बिजली के मुताल्लिक Ordinance जारी हुआ था उस पर दो घंटे वाली बहस चल रही है। मैं ने यह अर्ज़ किया था कि इस में डिमौक्रेसी और बे-डिमौक्रेसी वाली बात नहीं है क्योंकि जिस तरीके से हमारी गवर्नमैंट के कागज़ात चलते हैं इस तरह से अगर कोई बोर्ड बना कर भी काम उस के सुपुर्द कर दिया जाए तो कोई फर्क नहीं पड़ता। मगर जहां तक इस Ordinance का ताल्लुक है सरकार ने इस के ज़रिये बिजली के महकमे का काम एक बोर्ड के ज़िम्मे कर दिया है जो कि पहले इस के ज़िम्मे था और इस Legislature पर इस का यह असर होगा कि न तो कोई आदमी इस हाउस में बिजली के बारे में बहस कर सकेगा और न ही सवाल पूछ सकेगा। बाकी जिस तरह यह महकमा चलता है वह तो वैसे ही चलता रहेगा मगर इस के मुताल्लिक हम कुछ पूछताछ नहीं कर सकेंगे। आप जानते हैं कि जब यहां पर demands पेश होती हैं तो हर महकमे की अन्धेरगर्दी और अच्छे कामों पर रोशनी पड़ती है मगर बिजली के महकमे के बारे में जो कि शायद पानी के बाद बल्कि शायद पानी से भी ज्यादा ज़रूरी है यह बात इस Ordinance और बिल का जो मस्वदा है उस के मुताबिक खत्म की जा रही है। मैं इस बात पर ज़िद नहीं करता कि गवर्नमैंट कोई काम किसी बोर्ड के सुपुर्द न करे बेशक कर दे क्योंकि मैं जानता हूँ कि गवर्नमैंट जो काम खुद भी चलाती है उस में भी कोई बेहतरी की सूरत नहीं है लेकिन यह बात ज़रूर है कि जो काम गवर्नमैंट के हाथ में है उस के मुताल्लिक

[पंडित श्री राम शर्मा]

Legislature को कुछ कहने और सुनने का हक है मगर मैं डरता हूँ कि अब बिजली के महकमे के मुताल्लिक हमें यहां पर कुछ कहने-सुनने का या कुछ मालूम करने का हक भी नहीं रह जायेगा। दरअसल यह बात नहीं होती कि अगर किसी काम को किसी बोर्ड या किसी body के सुपुर्द कर दिया जाए तो उस के साथ ही यह सारी चीज़ें चली जाती हैं। ऐसी बात नहीं है। यह बिल बनाते वक्त ऐसी बातें कर सकते हैं कि जिस से इस काम का management और control बेशक बोर्ड के हाथ में चला जाए लेकिन फिर भी किसी हद तक जो ज़रूरी चीज़ें हैं उन पर Legislature का management और कन्ट्रोल भी जारी रहे, वह इस की देख भाल कर सके। मैं कोई ऐसी बात नहीं कह रहा कि जो हो ही नहीं सकती। Centre में ऐसी ही बात में जहां कोई बोर्ड वगैरह बना कर कोई काम उस को सौंपा गया है वहां पर उन्हों ने इस किस्म के लफ्ज़ उस Act में रख दिये कि जिस से Legislature को पूछताछ और देखभाल का हक बना रहे। मुझे जो बात यहां नज़र आ रही है उस की बिना पर मैं इस Ordinance को disapprove करने के हक में हूँ। अगर यह काम सरकार से नहीं चल सकता या ऐसी इन को हिदायत है तो बेशक बोर्ड को यह काम दे दिया जाए क्योंकि गवर्नमैंट के काम में भी खराबियां निकलती हैं और मुमकिन है कि बोर्ड के इस काम को ले लेने से इस में कोई बेहतरी भी हो जाए लेकिन इस में ऐसे अलफाज़ आने चाहियें कि जिन से Legislature को इस बारे में सवाल पूछने का हक हो। मैं यह नहीं कहता कि हर minor मामले में भी इसे यह हक हो लेकिन बाज़ ऐसी अहम बातें होती हैं जिन के मुताल्लिक पूछताछ का हक Legislature को होना चाहिये। मैं चाहता हूँ कि जो बातें संजीदा किस्म की हों उन के मुताल्लिक हाऊस में पूछताछ हो सके और वज़ीर साहिब उस का जवाब दें। Legislature को यह बिल पास करने, इस पर गौर करने, इस को वापिस लेने या इस को amend करने का इख्तयार है। इसलिये अगर कुछ देर बाद हाउस देखे कि इस बोर्ड ने काम अच्छी तरह से नहीं किया तो वह इस को तोड़ भी सके। यह नहीं कि एक बिल पास होने के बाद यह हमेशा के लिये independent हो जाए। हम आज उन को यह इख्तयार देते हैं। अगर कल हम देखें कि वह बोर्ड अच्छा काम नहीं करता तो यह हमारा यानी गवर्नमैंट का inherent right है कि वह उस बिल को वापिस ले ले। अगर यह बात नहीं रखी जाती तो उस सूरत में हम इस पर न तो बहस कर सकते हैं और न ही कोई सवाल पूछ सकते हैं। मुझे मालूम है कि इस के बाद जब बिजली के बारे में यहां कोई मामला आयेगा तो वज़ीर साहिब के पास बना बनाया जवाब होगा कि हाउस ने वह बिल पास कर दिया था और हम इस महकमे का management और control बोर्ड को दे चुके हैं। इस लिये मैं किसी बात के लिये ज़िम्मेदार नहीं हूँ, आप बहस क्या कर रहे हैं। मैं ने कोई अनोखी और अजीब बात नहीं कही है। आप Centre से यह बात मालूम कर सकते हैं। वहां पर आए दिन ऐसी बातें आती हैं, बोर्ड बनते हैं, महकमों का control, management और निगरानी उन के हवाले की जाती है लेकिन उस में वह ऐसे

अलफाज़ भी रख देते हैं कि Legislature को निगरानी करने का, अहम मामलों पर सवाल पूछने का हक बरकरार रहता है। मुझे पता है कि आप majority के सहारे इस resolution को पास नहीं होने देंगे। लेकिन मैं suggestion देता हूँ कि वह इस बिल में ऐसे अल्फाज़ ज़रूर रखें कि Legislature को इस मामले पर discussion करने का हक रहे। अगर आप चाहें तो इस सिलसिले में Centre से भी दरियाफ्त कर लें। इस बोर्ड के काम की मोटी २ बातें देखना और इस के काम का अन्दाज़ा लगाना हमारा काम है। जब तक पंजाब गवर्नमैंट है, लैजिसलेचर है उस वक्त तक यह हमारा right रहता ही है कि हम जब चाहें इस बोर्ड को तोड़ दें और इस के काम को अपने हाथ में ले लें। मैं चाहता हूँ कि हम इस में ऐसे अल्फाज़ रखें कि वज़ीर साहिब को यह गुंजायश न रहे कि वह खड़े हो कर कह दें कि यह भी University और Public Service Commission की तरह से autonomous body है। इस लिये मैं इस बारे में कुछ नहीं कह सकता और इस की बहस का कोई फायदा नहीं है। एक बात तो यह मैं गवर्नमैंट के ध्यान में लाना चाहता था।

दूसरी बात जो मैं कहना चाहता हूँ वह यह कि पंजाब में Regions बने हुए हैं और development का उन के साथ खास ताल्लुक जोड़ा हुआ है चाहे अमल होता हो या न, कम से कम लिखाई में ऐसा है। अब बिजली का development के साथ गहरा ताल्लुक है। आजकल के ज़माने में बिजली खेती के लिये भी ज़रूरी है जहां पर नहरों का पानी नहीं पहुँचता। दस्तकारियों और लोगों के आराम के लिये भी इस की बड़ी ज़रूरत है। बिजली आम ज़रूरियात ज़िन्दगी का एक बहुत बड़ा पहलू बन गया है। हमारा Region पिछड़ा हुआ है दस्तकारी के लिहाज़ से भी और खेती के लिहाज से भी। यह बोर्ड क्या बनेगा, एक तरह का bureaucratic नौकरशाही नज़ाम होगा। आज वज़ीर साहिब या गवर्नमैंट ठीक काम नहीं करती। यह बात सच है मगर हमें इन को कहने, असैम्बली में बताने का रास्ता तो खुला है। इस बोर्ड के बनने के बाद तो यह बिल्कुल लाल झंडी ही दिखा देंगे। जैसे राठी साहिब ने बताया था कि जो Board of Directors बना है या आयंदा और बनाया जाएगा उस में कोई भी ऐसा आदमी नज़र नहीं आता और न ही काफी अर्से तक ऐसा आदमी उस में आने की उम्मीद हो सकती है जिस का उस इलाके से ताल्लुक हो। मैं यह नहीं कहता कि इस इलाके के लोग सब अच्छे हैं और दूसरे के बुरे हैं। लेकिन ज़ाहिर है कि अगर किसी इलाके का आदमी वहां पर होता है तो वह आस-पास के हालात से वाकिफ होता है और उसे interest भी होता है, दिलचस्पी भी होती है। इस लिए जो Board बनाया जा रहा है उसकी management और निगरानी के लिये क्या किया जा रहा है यह सोचने की बात है। क्योंकि इसमें कोई नई जगहें तो होंगी नहीं। और फिर जिस region से इसका ताल्लुक होगा उस के लिये इस Board में 5 फीसदी भी गुंजाइश नहीं है। हालांकि 95 फीसदी control इस इलाके पर बोर्ड का होगा। मैं इलज़ाम नहीं लगाता कि बोर्ड का इन्तज़ाम बेहतर न होगा। इन्तज़ाम ज़रूर बेहतर

[पंडित श्री राम शर्मा]

होगा। और हो सकता है बदइन्तज़ामी न हो। इस Board पर खर्च होगा और होना भी चाहिये लेकिन जिस का आधे पंजाब से नहीं 45 फीसदी पंजाब के इलाके से सम्बन्ध है, वहां का कोई भी नुमाइन्दा न हो यह अच्छा न होगा। जिस इलाके को आप तरक्की देना चाहते हैं उसका कुछ claim भी बनता है। आप इस इलाके को develop करना चाहते हैं इस लिये जरूरी है कि हरियाणा प्रांत को Board पर nomination मिलनी चाहिये। कहने की बात तो अब ही थी इसलिये अर्ज़ कर दिया चाहता हूं। आइन्दा कहने की बात नहीं रहेगी। निगरानी के काम के लिये ज़रूरी है हरियाणा को नुमाइन्दगी दी जाए।

इसके साथ ही मैं अर्ज़ करूं कि यह कोई नया बोर्ड नहीं बनाया जा रहा और Boards Centre में भी बने हुए हैं और जिन पर control Legislature का है। Minister का कुछ न कुछ control जरूर होना चाहिये। यह ठीक है कि day-to-day काम में हम interfere नहीं कर सकते लेकिन जहां तक काम की निगरानी का सम्बन्ध है ज़िम्मेदारी Government पर पड़ती है। इसलिये management और control इस तरह का होना चाहिये कि Legislature को हक हो। इसकी service में सरकार का इन्तज़ाम नहीं हो सकता और न होना चाहिये लेकिन कुछ न कुछ हो भी सकता है अगर सरकार चाहे तो। हमने देखा है कि सरकार जो काम करना चाहे उसके करने का ढंग निकल आता है। इतना शोर मचा लेकिन Betterment Levy Ordinance जारी कर दिया गया और अब बिल भी पास करवा लिया जाएगा लेकिन जिस बात पर ग़ौर न करना हो उस पर ग़ौर नहीं किया जाता। आपने देखा होगा Gurdwara Act पास करना था, तो उसे बगैर पूरा वक्त दिये सुबह से शाम तक पास कर लिया गया। यह सरकार सही या ग़ल्त तरीके से काम करने की आदी है। इस लिये इस बात पर पहले ही ग़ौर करके इसका इन्तज़ाम करना चाहिये, नहीं तो अगर Board का इन्तज़ाम चलेगा और Legislature को control का हक्क न दिया गया उस सूरत में अगर बोर्ड अच्छी तरह से function नहीं करेगा तो Legislature उस का काम किस तरह से check करेगा? हमारी management तो है नहीं। Management को इस तरह का बनाने का इन्तज़ाम किया जाए कि इस के management पर हमारे इलाका से जिस की आबादी सूबा की 45 फीसदी है कोई आदमी लिया जाए। Regional Committees का भी इस पर किसी हद तक कन्ट्रोल होना चाहिये।

इसके इलावा बिजली और development का गहरा ताल्लुक है। बिजली से दस्तकारी और दूसरे काम चलाए जाते हैं। फिर खेती को ठीक और बेहतर ढंग से करने की ज़रूरत है। इस किसम की गुन्जाइश इस Board के बन जाने से नज़र नहीं आती। यह देखने की ज़रूरत है कि industry के लिये कहां पर

रियाइत की ज़रूरत है। इन तमाम बातों को देखते हुए यह ज़रूरी है कि Legislature का Control Board पर हो। इसी लिये मैं इस Ordinnce को disapprove करने के हक्क में हूँ। जो बातें इस में नहीं हैं और जिन्हें मैं चाहता था वह ज़रूर होनी चाहियें, approve तो यह करवा लेंगे लेकिन यह बात ध्यान में रखने की है कि जहां तक इस से ताल्लुक रखने वालों की बात है गवर्नमैंट खुद इस पर खर्च कर रही है। इस लिये इन्हें control में लाया जाए। जो powers सरकार इन्हें दे रही है इसमें Legislature और Regional Committees की निगरानी और देख भाल के बारे में provision ज़रूर किए जाने चाहियें। यह नहीं कि nomination का हक तो सरकार के पास हो लेकिन Legislature का इस की proper working के बारे में कोई control न हो। और पिछली तरफ का रास्ता खुला रहे। और भी Board होते हैं और उनमें control में सरकारों का हाथ होता है। इस बिल में ऐसे अल्फाज़ डाले जा सकते हैं कि Legislature का हक्क मुनासिब तौर पर और एक खास हद तक बना रहे।

मैं समझता हूँ कि autonomous Board का बनाना गल्त नहीं लेकिन उस पर किसी न किसी तरह से control रखना ज़रूरी है। बाकी जिस तरीके से यहां पर तकरीरें की जाती हैं और बातें कही जाती हैं ऐसी बातें नहीं होनी चाहियें। हमारी discussion का और बातें करने का ढंग ऐसा होना चाहिये कि जो सरकार को बुरा न लगे। यह बात तो नहीं कि हम उन्हें खुश करने के लिये यहां पर इस तरफ बैठे हैं और उनकी किसी गल्ती पर कोई बात न कहें लेकिन एक हद तक यह बातें कहनी चाहियें। न सरकार को इस तरह कहना चाहिये न और साहिबान को। मैं समझता हूँ कि गवर्नमैंट को भी ऐसी बातें नहीं कहनी चाहियें। वे मानेंगे तो नहीं लेकिन उन को माननी चाहियें ताकि हाऊस में decorum रखा जा सके और ज़ातियात में न आया जाए।

आखिर में मैं इतनी अर्ज़ कर दूं कि जो Electricty Board Bill बनाया गया है इसमें अगर ऐसे provisions कर दिए जाएं कि Legislature का control Electricity Board पर हो जाए तो मुझे इस बोर्ड के बनाए जाने पर कोई एतराज़ नहीं।

राम्रो गजराज सिंह (गुड़गांव) : जनाब स्पीकर साहिब, Ordinance के बारे में कुछ खदशात यहां पर ज़ाहिर किए गए हैं। जहां तक इस Ordinance का ताल्लुक है पंडित जवाहर लाल जी ने भी इसकी अहमियत को तसलीम किया है। यह कहा गया है कि यह technical किस्म की चीज़ है। वह पूरी हो सकती है और होनी चाहिये लेकिन इस तरीके से हो कि सरकार कोई पालेसी lay down करे और उस पर बोर्ड कारबन्द रहे। जहां तक Ordinance का ताल्लुक है वह तो ज़ाहिर ही है कि इसको लागू करने का सवाल कैसे पैदा हुआ। यह एक emergency की चीज़ थी। राजस्थान और दूसरी

[राओ गजराज सिंह]

States का भी इससे सम्बन्ध है। Centre का भी है। इस लिये इस Ordinance को जारी करना ज़रूरी था। लेकिन इस बात की तरफ मैं खास तौर पर सरकार की तवज्जो दिलाना चाहता हूँ और Minister साहिब से खास तौर पर अर्ज़ करना चाहता हूँ कि वह इस की language को इस तरह से बना दें कि जो खदशात पैदा हो गए हैं वह दूर हो सकें। जो Parent Act में Control Board की definition है उसे clear करने की ज़रूरत है। Management और control की definition को clear करने की ज़रूरत है। फिर इस में technical control और administrative control की बात आती है। यह दोनों सिर्फ बोर्ड के हाथों में दे देने से यह खदशात पैदा हो जाते हैं कि यह बोर्ड autonomous है या autocratic body है। इनको दूर करने की ज़रूरत है। इस को तमाम अख्तियारात development करने के, control करने के और अफसरान को लगाने के होंगे, तो यह सारी बातें वाज़ेह होनी चाहियें। इस के बारे में जो legislation बनाई जा सकती है वह हम बना रहे हैं। इस पर finances खर्च करने की authority है, वह किस की होगी? यह बात clear होनी चाहिये। इस तरह की चीज़ें बाकी के Boards के अन्दर भी हैं जो Centre में बने हुए हैं। इस लिये जो parent Act है उसमें भी इस बात को वाज़ेह करने की ज़रूरत है ताकि interpretation सही तौर पर हो सके।

जहां तक इस सम्बन्ध में policy lay down करने का ताल्लुक है यह पंजाब सरकार की होनी चाहिये क्योंकि सरकार की आज यह नीति है कि top priority agriculture को दी जाये। Food production को बढ़ाने के लिये और agricultural development के लिये अगर Government को कहना पड़े कि इस जगह पर cheap rates पर बिजली दी जाए तो इस के लिये ज्यादा power की ज़रूरत है। Tube-wells या और इस तरह के कामों के लिये बिजली देनी है तो इन सारी बातों के लिये सरकार के लिये यह Board और इसको दिए जा रहे अख्तियार सद्धेराह न बनें। अफसरान कहें कि हमारी तो कुछ authority नहीं है। इस लिये मेरी यह गुज़ारिश है कि policy matter में Government की policy के मुताबिक Board को चलना चाहिये। दूसरा यह कि policy पर हाऊस में discussion की जा सकती है। सरकार की policy यह हो सकती है कि rural areas में electricity दी जाए या cottage industries की development के लिये या food production के लिये electricity दी जाए तो ऐसी हालत में अगर सरकार बोर्ड से कहे कि बिजली supply करो तो यह नहीं होना चाहिये कि Board वाले कहें कि बिजली है नहीं हमारे पास, या उनकी management सरकार की इस पालिसी को implement करने से इनकार कर दे। Management और control की जो बातें हैं यह मानी हुई चीज़ है कि होंगी लेकिन इन में यह ज़रूरी ख्याल रखा

जाए कि यह सरकार की पालिसी का एहतराम करें। मैं hon. Minister-in-charge से दरखास्त करूँगा कि वह हाऊस में assurance दें कि policy matters में control सरकार का होगा।

An Hon. Member : That would come in the Budget and it would be subject to the discussion of the House.

इसी तरीके पर Budgetary matters हैं और technical और administrative control की चीज़ें हैं। तो जिस तरह से बाकी के Boards में Legislature और सरकार को अख्तियार होता है। इसी तरह इस Board में भी दिया जाए ताकि यह काम अच्छी तरह से सरकार की पालिसी के मुताबिक कर सकें। जिस तरह Centre में हिसाब-किताब के लिये Auditor-General को पूरा पूरा अख्तियार है और उस के काम में हम कोई दखल नहीं दे सकते इसी तरह से हो सकता है कि किसी retired senior officer को हिसाब किताब के लिये Board का मैम्बर बना दिया जाये और हम वह कहें कि इस में Accountant-General, Punjab, का कोई दखल नहीं है, यह कोई अच्छी चीज़ ना होगी। इस Ordinance के अन्दर यह बात नहीं है जिस का कि ऊपर डर है।

इस तरह से यह भी समझा जा सकता है कि अफसरान जो appoint होंगे इन को appoint करने के मुताल्लिक किसी को कोई दखल नहीं होगा क्योंकि वह एक Autocratic Body है। मगर कई ऐसे Government के policy matters भी हो सकते हैं और इस के इलावा और कई बातें हो सकती हैं जिन की वजह से Government को दखल देना ज़रूरी हो जाता है। इस लिये मैं Minister साहिब से अर्ज़ करूँगा कि वह इस के मुताल्लिक अपने ख्यालात ज़ाहर करें। इस Ordinance में और इन parent Acts में इस चीज़ का मतलब निकलता है इस के मुताल्लिक Minister साहिब को clear करना चाहिये। Management पर control करने के मायने यह हैं कि technical side और administrative side पर strictly control हो। इस लिये मेरी अर्ज़ है कि वज़ीर साहिब इस चीज़ को हाऊस के सामने वाज़ेह तौर पर बयान करें।

श्री बलराम दास टंडन (अमृतसर शहर, पश्चिम) : स्पीकर साहिब, जहां तक बोर्ड के बनाने का ताल्लुक है मैं यह समझता हूँ कि इस बात में सरकार ने बोर्ड बना कर एक बहुत ही अच्छा काम किया है। इस में किसी को कोई एतराज़ नहीं हो सकता। हम इसे welcome करते हैं। लेकिन चूंकि कुछ एक चीज़ें हाऊस के अन्दर बताई गई हैं इन के मुताल्लिक मैं चन्द एक बातें ज़रूर कहना चाहता हूँ। जो वाकयात हमारी सरकार के सामने हैं, जिस तरीका से power distribute करने का सवाल है और बोर्ड का ढांचा जो नए ढंग से हमें बनाना होगा इसके बारे में कुछ शकूक हमारे दिमाग़ के अन्दर और कुछ साधारण लोगों के दिमाग़ के अन्दर पाये जाते हैं इन के मुताल्लिक वज़ाहत होनी बहुत ज़रूरी है। पहले बताया गया है, यह एक autonomous

[श्री बलराम दास टंडन]

बोर्ड होगा जैसा कि हमारा University Grants Commission है । आफिस का कायम होना और इस में staff की appointments करना और accounts वगैरह का रखना यह सब कार्रवाई direct तरीका से ही होगी । जिस तरह से University Grants Commission की अपनी पालिसी है इसी तरह से इस बोर्ड की भी अपनी ही पालिसी होगी । Board के members के काम में सरकार दखल नहीं दे सकेगी । इस के इलावा इस हाऊस में मैम्बर्स जो आज यह कानून बना रहे हैं इसके काम में कोई मदाखलत नहीं कर सकेंगे । पंजाब की industry की उन्नति का इनहसार ज्यादातर बिजली पर है । ऐसी हालत में जब कि बोर्ड पर सरकार का पूरा control नहीं होगा Legislature इसके काम में दखल देने से महरूम होगी और Legislature इसके बारे में कुछ पूछ नहीं सकेगी । तो यह एक सही चीज़ नहीं होगी । आज हमारे दिल के अन्दर इस बात का खदशा है कि जिस तरह University उस Grants Commission के काम के अन्दर दखल नहीं दे सकती उसी तरह से इस बोर्ड के मुताल्लिक भी कहा जा सकता है कि यह बोर्ड एक autonomous body होगा । एक तरफ तो सरकार ने nomination करनी है और दूसरी तरफ Legislature के बारे में यह विचार है कि इस का बोर्ड के मामले में कोई दखल न हो । यह एक बड़ी असाधारण सी बात है । इसके मुताल्लिक वज़ाहत की जानी चाहिये कि जो यह बोर्ड हम बनाने वाले हैं यह किस ढंग का होगा और इस Legislature का इस पर कहां तक control होगा । इसकी पावर की हद कहां तक है, separate entity होगी तो कहां तक, कैसे कैसे nomination होगी वगैरह । यह सारी चीज़ें इस हाऊस के सामने रखी जाएं । एक बात और है वह यह कि बोर्ड के जो मैम्बर्ज़ हों वह सरकार के nominated होंगे । जो भी जायज़ और नाजायज़ तरीके सरकार इस्तेमाल करना चाहेगी वह करेगी । लेकिन Legislature को कोई हक न होगा । इसलिये, स्पीकर साहिब, मैं आपके ज़रिये से सरकार को कहना चाहता हूँ कि जिस तरह University Grants Commission के अन्दर election की मियाद है इसी तरह से यहां भी provision करने की कोशिश की जाए । इसके इलावा Legislature को इस में पूछ ताछ करने का पूरा पूरा हक होना चाहिये ।

दूसरी बात मैं इस के अकाउँट्स के मुताल्लिक अर्ज़ करनी चाहता हूँ कि इसके Accounts की checking का अख्तियार पंजाब के Accountant-General को होना चाहिये । इसके इलावा यहां पर by-products की corruption की बात हुई है । अगर हम इस तरीका पर उनके काम पर कंट्रोल करेंगे तो हम इसमें बेहद encouragement करेंगे । इन शब्दों के साथ मैं चाहता हूँ कि सरकार इस चीज़ की वज़ाहत करने की कोशिश करेगी ताकि जो खदशात लोगों के और इस Legislature के दिल में हैं वह दूर हो सकें ।

श्री शेर सिंह (झज्जर) : स्पीकर साहिब, यह Ordinance बिजली के बारे में जो हमारे सामने है उस पर काफी विचार हो चुका है । मैं भी दो एक बातें कहना

चाहता हूँ जो बहुत जरूरी हैं। नम्बर एक तो यह कि सरकार को इस बोर्ड के बनाने से 35-36 लाख रुपए का नुकसान होगा और general revenue का जो रुपया था उससे हमारी सरकार महरूम रहेगी। और फिर क्या होगा कि उस रुपए की पूर्ति करने के लिये किसी न किसी पर फिर सरकार टैक्स का बोझ डालेगी। और मेरी समझ से तो यह बोझ फिर irrigation की तरफ ही पड़ेगा। बिजली का घाटा पानी से पूरा किया जाएगा। लिहाज़ा मैं समझता हूँ कि बिजली का बोर्ड बनने से किसान के ऊपर बोझ पड़ने का खदशा है।

यह ठीक है कि भारत सरकार ने पंजाब गवर्नमैंट को मजबूर किया क्योंकि पंजाब सरकार की यह खाहिश नहीं थी लेकिन मेरी दृष्टि से पंजाब सरकार को एक अधिकार था और जिसके लिये भारत सरकार ने माना भी था और मुझे आशा है कि वह इस वक्त भी मान जाएगी। और वह यह अधिकार है कि अगर बिजली के सिलसिले में पंजाब सरकार parent Act में कुछ तरमीम चाहे और कुछ अधिकार अपने हाथ में लेना चाहे तो भारत सरकार तैयार है और होगी।

दूसरा खदशा यह भी है कि आया हम अपनी कोई policy decide कर सकेंगे या नहीं। अगर हमने किसी को subsidy देनी है या किसी को priority देनी है तो जब कि बोर्ड को सारे अधिकार चले जाएंगे उस वक्त मुश्किल बनेगी। और फिर यह सारी चीज़ commercial बन जायेगी। Development का सीग़ा नहीं रह सकेगा बल्कि कमाई का सीग़ा बन जायेगा। इसलिये हम चाहेंगे कि पंजाब सरकार भारत सरकार को यह कहे कि इसमें तरमीम करवाई जाए ताकि पंजाब सरकार पालिसी के सम्बन्ध में कुछ बातें अपने हाथ में ले सके।

अध्यक्ष महोदय, आपको यह मालूम है कि जब देहात के अन्दर बिजली देने का सवाल आया तो यह फैसला किया गया कि अगर 120 वां हिस्सा भी देहात से इस खर्च का realize होता है तो भी हम देहात में बिजली देंगे चाहे यह स्कीम unproductive ही क्यों न हो। क्योंकि जब सारा load का हिसाब लगाया गया तो पता चला कि खर्चा आमदनी से बहुत ज्यादा पड़ता है। अब अगर बोर्ड के हाथ में सारे अधिकार रहें तो पता नहीं कि उसके सामने यह consideration जो सरकार ने की थी वह रहेगी या नहीं। यह खदशे वाली बात है। क्योंकि अगर उन्हें मुनाफा नहीं होगा तो वह सोच सकते हैं कि देहात को बिजली न दी जाए। अगर ऐसा हुआ तो इसके मायनी यह होंगे कि हमारी सरकार ने जो वायदे किए हैं और यह कहा है कि पहली पंच वर्षीय योजना में 5 हज़ार देहात को, दूसरी में 9 हज़ार देहात को और तीसरी में यानी 1967 तक सारे देहातों को electrify करेंगे, यह वायदे पूरे नहीं हो सकेंगे। यह खदशा पैदा हो गया है। इसलिये भारत सरकार से तरमीम करा के पंजाब सरकार को यह अधिकार अपने हाथ में रखना चाहिये ताकि वह बोर्ड को गाइड कर सके, Rural electrification के अपने वायदे पूरे कर सके और सारे देहात को electrify कर सके। इसलिये मैं, अध्यक्ष

[श्री शेर सिंह]
महोदय, सरकार को यह दरखास्त करता हूँ कि जो बातें मैंने बतलाई हैं उनके लिये पंजाब सरकार भारत सरकार को move करे और कुछ अधिकार अपने हाथ में रखे।

श्री लाल चन्द : On a point of order, Sir. क्या General Administration के मुताल्लिक भी कोई Autonomous Board बनेगा ?

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (सरदार ज्ञान सिंह राड़ेवाला) : स्पीकर साहिब, जो मामला इस वक्त हाऊस के सामने है वह एक सादा-सा मामला है और उसके साथ बहुत से खदशात वाबस्ता किए गए हैं। जैसा कि प्रोफेसर साहिब ने कहा था कि जो Electricity Supply Act है वह 1948 में enact किया गया था और इसमें यह लाज़िमी करार दिया गया था कि इसके बनने के बाद दो साल के अन्दर सारी रियासतों में Electricity Board कायम किया जाएगा। जनाब, इसका मकसद यह था कि—

> "For the rationalization of production and supply of electricity and generally for taking measures conducive to electrical development...."

तो इस मकसद से यह कानून बनाया गया था। पंजाब गवर्नमैंट ने अपनी खसूसी हालत की वजह से इसको resist किया वह वजह यह थी कि electricity की development में Private Agency का बहुत थोड़ा हिस्सा है वह भी न होने के बराबर है, इसलिये resist करते रहे। और इसकी extension भारत सरकार ही देती रही लेकिन 1956 में यह फैसला हुआ कि बोर्ड ज़रूर बना दिया जाए। फिर भी कुछ हालात ऐसे रहे कि बोर्ड यकम फरवरी तक नहीं बन सका क्योंकि Multi-purpose स्कीमें जो हमारी हैं, Inter-State की भी हैं, इसलिये जब तक राजस्थान सरकार से पंजाब गवर्नमैंट का agreement तय नहीं पाया गया यह फैसला नहीं हो सका। और वह agreement भी यह था कि common works जो हैं वह बोर्ड के हवाले कर दिये जाएं या नहीं। इसलिये देरी हुई।

Government of India के 1948 के Act में इस किस्म के works के मुताल्लिक कोई वाज़ेह तौर पर Provision नहीं था। इस वास्ते यह लाज़िमी हो गया कि हम President of India की इजाज़त से इसमें यह तरमीम ला सकें। इस Amending Act के Statement of Objects and Reasons में जो दिया गया है वह मैं हाऊस के सामने पढ़ना चाहता हूँ—

> "The Punjab State Electricity Board constituted by the State Government under the provisions of sub-section (1) of section 5 of the Electricity (Supply) Act, 1948, came into existence on 1st February, 1959. The State Government has decided to transfer all the electrical works of the Bhakra Nangal Project including the common pool works to the Boards. According to the existing provisions of the aforesaid Act neither the multi-purpose electrical works nor the work held in partnership with other State Governments can be transferred to the State Electricity Board. To achieve the object in view an Ordinance was promulgated......"

तो यह वजह थी कि इस Act में हमें amendment लानी पड़ी और यह लाज़मी थी। जब हमने गवर्नमैंट आफ इंडिया को approach किया तो वहां Central

Ministry से यह सुझाव भी मिला कि यह amendment अगर न की जाए तो दूसरी सूरत यह हो सकती है कि एक Electricity Department भी रखें और common pool works जो हैं वह उनके मातहत रहें। लेकिन साथ ही साथ बोर्ड ज़रूर set up करना पड़ेगा ताकि बाकी चीज़ें बोर्ड के ज़िम्मे कर दी जाएं। यह ऐसी सूरत थी कि जिस को पंजाब गवर्नमैंट accept नहीं कर सकती थी। इसलिये हमारे लिये यह लाज़िमी हो गया कि Central Government के इस lacuna को दूर करें और यह amendment पास करें।

दूसरी बात जो उन्हों ने कही उस से बहुत दूर की सूझ दी। उन्हों ने फरमाया कि जो पाकिस्तान से चल कर आये और यहां आ कर आबाद हो गये उन्हें भी शायद कल निकालने की बात की जाए। लेकिन मैं हैरान हूँ कि ज्ञानी जी किस प्रकार West Punjab से आए हुए लोगों को भड़काना चाहते हैं और एक फर्ज़ी डर का हव्वा दिखा कर जो यहां आकर बस गए हैं और जो पहले से बसते थे उन्हें लड़ाना चाहते हैं। जो बस गए वह तो यहां के हो गए। सवाल तो यह है कि अब Land Utilization Act का सहारा ले कर इसी इलाके के मुस्तहिक़ लोगों को उससे वंचित कर के बाहर से लोग लाकर बसाने में कौन सा न्याय है? मैं नहीं कहता कि किसी को उजाड़ दिया जाए या 7 साल की अवधि समाप्त होने से पहले उनसे ज़मीन छीन ली जाए। लेकिन मैं यह भी नहीं चाहता कि इस इलाके के लोगों को दबा कर दूर के लोगों को हमेशा के लिये सौंपा जाए और उस इलाके पर कब्ज़ा कर के उसे अपनी तरफ घसीटने की कोशिश की जाए। इस चीज़ को resent करना या इस की मुखालिफत करना हमारा फर्ज़ है। हिन्दी रिजनल कमेटी को इस बात का खतरा था और उस ने इस खतरे को देखा और महसूस किया क्योंकि अब भी उस इलाके में ऐसे आदमी मौजूद हैं जिन के पास पांच एकड़ से कम ज़मीन है। कई ऐसे आदमी मौजूद हैं जिन की अपनी कोई ज़मीन नहीं और वे दूसरों की ज़मीन ले कर अपना गुज़ारा करते हैं। ऐसे आदमियों को ज़मीन मिलनी बन्द हो गई है क्योंकि अब कोई आदमी किसी को बतौर मुज़ारे के ज़मीन देने को तैयार नहीं। ऐसे आदमियों की बहुत तादाद है जो वहां या उसके साथ बसते हैं। इसलिये यह मुनासिब बात है कि ऐसे लोगों को पहले अधिकार होने चाहियें कि वे उन ज़मीनों पर आबाद किये जाएं। इस में भला कौन सी ज़्यादती की बात हो जाती है। हिन्दी रिजनल कमेटी इसलिये बनी है कि वह अपने इलाके के लोगों के मुफाद की हिफाज़त कर सके। उसे 14 महकमाजात के मुतअल्लिक अधिकार प्राप्त हैं कि वह इन के बारे में सिफारिशात कर सके। Agriculture का महकमा भी इन 14 महकमों के अन्दर है। हिन्दी रिजन के मैम्बर आखिर किस लिये यहां बैठे हैं। वे दूसरों के अधिकारों को नहीं छीनना चाहते। हम यह नहीं चाहते कि इस lease के दौरान में ही ज़मीन उन से छीन ली जाए; क्योंकि यह तो कहा जा सकता है कि उन के साथ इस तरह करना बेइनसाफी है। यह Regional Committee किसी के साथ अन्याय नहीं कर रही। सात साल की lease पर यह ज़मीन उन को दी गई है। जब यह मयाद खत्म हो जाए तो हिन्दी रिजन के लोगों का भी अधिकार है, उस गांव के लोगों का भी अधिकार है, उस गांव के पड़ोस में रहने वाले बेज़मीन लोगों का भी अधिकार है कि वे ज़मीन हासिल कर के अपने गुज़ारे का प्रबन्ध कर सकें। अगर

[श्री शेर सिंह]
रिजनल कमेटी ऐसे लोगों के लिये ज़मीन का प्रबन्ध करती है तो वह किसी से ज़्यादती नहीं करती; वह अपने रिजन के लोगों के अधिकारों की हिफाज़त करती है। लेकिन ज्ञानी जी अब इन अधिकारों को छीनना चाहते हैं। उन्होंने Regional Formula की तारीफ की और कहा कि वह इस के लिये पंजाबी सूबे की demand भी छोड़ चुके हैं। इसी formula के आधार पर हमें कुछ अधिकार मिले हैं वह भी ज्ञानी जी खुद हम से छीनना चाहते हैं, शायद इसलिये कि उन के हाथ में बहुमत का बल है। शायद इसलिये कि पंजाबी रिजन के 87 मैम्बर हैं और हिन्दी रिजन के 65 मैम्बर हैं। वह अपनी majority के बल बोते पर हिन्दी रिजन के इस मुतफिका फैसला को गिराना चाहते हैं। वह समझते हैं कि मिनिस्टरी उन की है और उन के हाथ में ताकत है—जो चाहें वह कर सकते हैं। वह अपनी ताकत के ज़ोर से हमारे अधिकारों को खत्म करना चाहते हैं। इस का मतलब यह हुआ कि वह Regional Formula कामयाबी से चलाना नहीं चाहते बल्कि इसे खत्म करना चाहते हैं। वह चाहते हैं कि एक अलग पंजाबी सूबा बने और इस मामले में हरियाना के लोगों को दुखी करना चाहते हैं और वह यह चाहते हैं कि हम दुखी होने के बाद यह कहें कि हमें यह Regional Formula नहीं चाहिये अलग प्रान्त चाहिये। दुखी करके हरियाणा प्रान्त की मांग उठे यह इन की इच्छा है जिस से पंजाबी सूबा बनने में मदद मिले।

Mr. Speaker: Please be relevant. You are going outside the scope of this Bill.

श्री शेर सिंह: मैं तो उसी पर कह रहा हूँ।

श्री अध्यक्ष: जो बातें Bill में हैं आप उन्हीं पर कहिये। जो आप कह रहे हैं इस में तो कोई relevancy नहीं। (The hon. Member may speak on what is contained in the Bill. There is no relevancy in what the hon. Member is saying.)

श्री शेर सिंह: हिन्दी Regional Committee का फैसला रद्द करा कर यहां लोगों को मजबूर करना चाहते हैं कि वह अलग प्रान्त की मांग करें। Regional फार्मूला को वास्तव में यह फेल करना चाहते हैं। ज्ञानी जी का मक़सद है कि पंजाबी सूबा बन जाए। इसके इलावा उनका और कोई मक़सद नहीं।

ਚੌਧਰੀ ਸੁੰਦਰ ਸਿੰਘ (ਗੁਰਦਾਸਪੁਰ 'ਰਿਜ਼ਰਵ'): ਜਨਾਬਿ ਆਲੀ, ਮੈਂ ਇਸ ਬਿਲ ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਕੋਈ ਹਿੰਦੀ ਯਾ ਪੰਜਾਬੀ ਰਿਜਨ ਦਾ ਸਵਾਲ ਤਾਂ ਪੈਦਾ ਨਹੀਂ ਕਰਾਂਗਾ। ਮੈਂ ਇਹ ਦੱਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜ਼ਮੀਨ ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਜਿਹੜੇ ਬਿਲ ਆਉਂਦੇ ਨੇ (ਉਹ) ਬੜੇ progressive ਹੁੰਦੇ ਨੇ। ਅਤੇ ਇਹ ਖਾਸ ਤੌਰ ਤੇ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ landless tenants ਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨ ਮਿਲੇ। ਲੇਕਿਨ ਜਿਸ ਢੰਗ ਨਾਲ ਪਿਛੋਂ ਕਾਰਵਾਈ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਉਹ ਹੋਰ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇ ਇਹ ਗਲ ਨਾ ਕੀਤੀ ਜਾਏ ਤਾਂ ਅੱਛਾ ਹੈ। Land Reforms ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ progressive view ਲਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਕ ਸਵਾਲ ਦੇ ਜਵਾਬ ਵਿਚ

ਪੁਛ ਲਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸਦਾ ਨਤੀਜਾ ਮੈਂ ਦੇਖਿਆ ਹੈ । ਇਹ unstarred question ਨੰਬਰ 1429 ਹੈ । ਮੈਂ ਪੁਛਿਆ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਕਿੰਨੀ calturable land ਵੇਹਲੀ ਪਈ ਹੈ ਅਤੇ ਕਿੰਨੀ non-culturable, ਨਾਕਾਬਲ ਕਾਸ਼ਤ land ਹੈ । ਇਸ ਦਾ ਜਵਾਬ ਆਇਆ ਕਿ 14,51,000 ਏਕੜ ਜ਼ਮੀਨ ਅਜਿਹੀ ਹੈ ਜਿਹੜੀ culturable ਹੈ । ਇਸ ਨੂੰ ਕੋਈ ਕਾਸ਼ਤ ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ । ਏਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਹੋਰ ਜ਼ਮੀਨ ਵੀ ਪਈ ਹੈ । ਇਹ ਤਾਂ ਇਸਤੇਮਾਲ ਕਰਨੀ ਦਰਕਨਾਰ, ਏਸ ਤੋਂ ਬਿਨਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਕੋਲ ਅਤੇ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦੇ ਕੋਲ ਹੋਰ ਜ਼ਮੀਨ ਵੀ ਪਈ ਹੈ । Land Reforms ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਜਿੰਨੇ ਬਿਲ ਆਏ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ implementation ਏਸ ਢੰਗ ਨਾਲ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਝਗੜੇ ਫਸਾਦ ਵਧ ਰਹੇ ਨੇ । ਵਾਹੁਣ ਵਾਲੇ ਨੂੰ ਵੀ ਉਹ ਜ਼ਮੀਨ ਵਾਹੁਣ ਨਹੀਂ ਦਿਤੀ ਜਾਂਦੀ । ਸਾਢੇ ਚੋਦਾਂ ਲੱਖ ਏਕੜ culturable land ਪਈ ਹੈ, ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ 25 ਰੁਪਏ ਮਣ ਕਣਕ ਵਿਕਦੀ ਪਈ ਹੈ । ਕਿਸੇ ਵੀ ਚੰਗੇ ਕਾਨੂੰਨ ਦੀ implementation ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ । Land Utilisation Act ਦੀ implementation ਠੀਕ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਇਸ ਦੇ ਵਿਚ ਕੋਈ ਕਸਰ ਨਹੀਂ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ । ਬਾਕੀ ਸਵਾਲ ਰਿਹਾ ਹਿੰਦੀ ਤੇ ਪੰਜਾਬੀ ਰਿਜਨ ਵਾਲਿਆਂ ਦਾ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਤਾਂ ਇਹ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੀ ਜ਼ਮੀਨ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਹੱਕ ਹੈ । ਸਾਡੀ ਜ਼ਮੀਨ ਤਾਂ ਪਈ ਹੀ ਨਹੀਂ, ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਪਈ ਹੈ । ਜਿਹੜੇ ਆਦਮੀ ਦੀ ਮਦਦ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨ ਮਿਲੇ । ਮੈਂ ਪਿਛੇ ਜਿਹੇ ਅਖਬਾਰ ਵਿਚ ਪੜ੍ਹਿਆ ਸੀ ਕਿ ਪੰਡਿਤ ਜਵਾਹਰ ਲਾਲ ਨਹਿਰੂ ਵਿਨੋਬਾ ਭਾਵੇ ਨੂੰ ਇਕ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਮਿਲੇ ਹਨ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਆਪਸ ਵਿਚ land reforms ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਗੱਲ ਹੋਈ ਕਿ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਕਿ ਇਹ ਗਲ ਸਹੀ ਹੈ ਯਾ ਗਲਤ, ਪਰ ਇਹ ਲਿਖਿਆ ਸੀ ਕਿ ਵਿਨੋਬਾ ਜੀ ਨੇ ਨਹਿਰੂ ਜੀ ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਅਗਰ ਤੁਸੀਂ land reforms ਕਰਨ ਵਾਲੇ ਹੁੰਦੇ ਤਾਂ ਮੈਂ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਕਿਉਂ ਖੱਜਲ ਹੁੰਦਾ । ਏਸ ਵਾਸਤੇ ਅਗਰ ਇਹ ਸਹੀ ਕੰਮ ਕਰਦੇ ਤਾਂ ਮੈਂ ਨਹੀਂ ਸਮਝਦਾ ਕਿ ਕਿਉਂ ਇਸ ਵਿਚ ਕੋਈ ਤਰੱਕੀ ਨਾ ਹੁੰਦੀ ।

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਚੋਧਰੀ ਸਾਹਿਬ, ਤਾਂ ਤੁਸੀਂ ਵਿਨੋਬਾ ਭਾਵੇ ਦਾ ਮਿਸ਼ਨ ਚੋਰ ਸਮਝਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ । (The hon. Member has fully understood the mission of Shri Vinoba Bhave !)

ਚੌਧਰੀ ਸੁੰਦਰ ਸਿੰਘ : ਵਿਨੋਬਾ ਭਾਵੇ ਦਾ ਮਿਸ਼ਨ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜ਼ਮੀਨ ਸਭ ਵਿਚ ਤਕਸੀਮ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਅਸੀਂ ਇਹ ਕਰਨਾ ਹੈ । ਪੰਜਾਬੀ ਅਤੇ ਹਿੰਦੀ ਰਿਜਨ ਦਾ ਸਵਾਲ ਪੈਦਾ ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ । ਪੰਜਾਬ ਸਾਰਾ ਇਕੱਠਾ ਹੈ । ਇਹ ਗਲਤ ਕਹਿੰਦੇ ਨੇ । ਇਹ ਸਵਾਲ ਕਿਉਂ ਪੈਦਾ ਕੀਤਾ ਜਾਏ ? ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਉਥੇ ਪੰਜਾਬੀ ਕਿਉਂ ਵਸਦੇ ਨੇ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਿਉਂ ਜ਼ਮੀਨ ਦਿਤੀ ਹੈ । ਜੇ ਇਹ ਸਵਾਲ ਪੈਦਾ ਕਰਦੇ ਕਿ ਜੋ deserving ਆਦਮੀ ਸਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ignore ਕਿਉਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਤਾਂ ਮੈਂ ਇਹ ਗੱਲ ਮੰਨ ਲੈਂਦਾ । ਇਹ ਸਾਰਾ ਸਿਲਸਿਲਾ ਪ੍ਰਾਪੇਗੰਡੇ ਵਾਸਤੇ ਹੈ । ਸਾਡੀ spirit ਠੀਕ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਪੰਜਾਬੀ ਅਤੇ ਹਿੰਦੀ ਰਿਜਨ ਦਾ ਇਮਤਿਆਜ਼ ਅਸੀਂ ਪੈਦਾ ਕਰਦੇ ਹਾਂ । ਹਿੰਦੀ ਅਤੇ ਪੰਜਾਬੀ ਰਿਜਨ ਤਾਂ ਏਸ ਵਾਸਤੇ ਬਣਾਏ ਗਏ ਨੇ ਕਿ ਅਸੀਂ ਆਪਣੀਆਂ local problems ਨੂੰ closely examine ਕਰੀਏ, ਨਾ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਕ ਦੂਜੇ ਵਿਚ ਫਰਕ ਪਾਈਏ । ਕਈ ਏਥੇ ਬੋਲਦੇ

[ਚੌਧਰੀ ਸੁੰਦਰ ਸਿੰਘ]

ਨੇ—ਕਾਂਗਰਸ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਬੋਲਦੇ ਨੇ—ਤਾਂ ਦੇਹਾਤੀ ਅਤੇ ਸ਼ਹਿਰੀ ਦਾ ਸਵਾਲ ਪੈਦਾ ਕਰਦੇ ਨੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਹਿੰਦੀ ਅਤੇ ਪੰਜਾਬੀ ਰਿਜਨ ਦਾ ਸਵਾਲ ਪੈਦਾ ਕਰ ਦਿਤਾ । ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਕੰਮ ਕਰਕੇ ਤਾਂ ਅਸੀ ਕਾਮਯਾਬ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦੇ । ਇਹ ਬਿਲ ਠੀਕ ਹੈ । ਮਗਰ ਇਸ ਦੇ ਵਿਚ ਇਹ ਖਿਆਲ ਰਖਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਜਿਹੜਾ ਵੀ ਬਿਲ ਪਾਸ ਕਰਦੇ ਹਾਂ ਉਸ ਦੇ ਅਸਲ ਮਕਸਦ ਨੂੰ ਨਾ ਭੁਲ ਜਾਈਏ ਤੇ ਉਸ ਦੀ implementation ਕਰੀਏ । ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਕਿਸੇ landless tenant ਨੂੰ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ, ਨਾ ਹੀ ਅੱਜ ਤੱਕ ਹੋਇਆ ਹੈ । Land reforms ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਅਸੀਂ ਐਨੀ ਦੁਹਾਈ ਪਾਈ ਹੋਈ ਹੈ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਅਤੇ landless tenant ਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨ ਦੇ ਦਿਆਂਗੇ । ਜਿਹੜਾ ਬਿਲ ਬਣਾਇਆ ਹੈ—ਅਜਿਹਾ ਰੌਲਾ ਪਾਣ ਦੇ ਢੰਗ ਨਾਲ ਜ਼ਿਮੀਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਖਬਰਦਾਰ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਬਿਲ ਆ ਗਿਆ ਹੈ, ਹਿਫਾਜ਼ਤ ਕਰ ਲਓ, ਹਰੀਜਨਾਂ ਕੋਲ ਜ਼ਮੀਨ ਨਾ ਜਾਣ ਦਿਓ । ਹੋਰ ਜ਼ਮੀਨ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਿਥੋਂ ਦੇਣੀ ਹੈ, ਜਿਹੜੀ ਜ਼ਮੀਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕੋਲ ਹੈ, ਜਿਹੜੀ ਫਾਲਤੂ ਕਾਸ਼ਤ ਹੈ ਉਹ ਵੀ ਨਹੀਂ ਦਿੰਦੇ । ਹੋਰ ਤਾਂ ਕਿਥੋਂ ਦੇਣੀ ਹੈ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੇ ਐਮ. ਐਲ. ਏਜ਼ ਦੀ ਨੀਯਤ ਸਾਫ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ cheap popularity ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਪੈਣਾ ਚਾਹੀਦਾ । ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹਿੰਦੀ ਰਿਜਨ ਅਤੇ ਪੰਜਾਬੀ ਰਿਜਨ ਦਾ ਸਵਾਲ ਪੈਦਾ ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਲਫਜ਼ਾਂ ਨਾਲ ਮੈਂ ਬੈਠਦਾ ਹਾਂ ।

मौलवी अब्दुल गनी डार (नूह) : स्पीकर साहिब, इस House में जब Regional कमेटियों का प्रस्ताव आया था तो मैंने उस वक्त कहा था कि यह formula गलत है । लेकिन मैं अकेला यहां पंजाब का हामी था । मैं कामयाब न हुआ । आज का दिन शायद तारीखी दिन है, जिस पे फिर मोड़ आ गया । पंजाब में जो एक सब से बड़ा मसला है वह आज House के सामने है, और जिस पर काफी ज़ोरदार तकरीरें हुईं । मैंने ज्ञानी जी को बड़े ध्यान से सुना और चौधरी सुन्दर सिंह जी की नसीहत को भी बड़े ठंडे दिल से सुना । मैं आप से अर्ज़ करता हूं कि आज वह दिन है जिस दिन इस spirit के साथ House में मुज़ाहरा हुआ । यकीनन हमारा फ़र्ज़ हमें मजबूर करता है कि हम सोचें कि पंजाब के हालात और वाकयात कैसे खूबसूरत हों । दो Regional कमेटियां बनीं और दोनों ने अपनी अपनी राएं दीं । हिन्दी Regional Committee ने जो राए दी थी, मैंने House में देखा है कि पंजाबी Regional Committee के तक़रीबन तमाम मैम्बर इसकी मुख़ालफत कर रहे थे । Hindi Zone के सिर्फ एक वज़ीर और एक डिप्टी वज़ीर इसकी मुख़ालफत कर रहे थे जो मजबूर थे । मुझे यकीन है कि पंजाबी Zone वालों ने अपनी अकसरीयत के बल पर Hindi Regional Committee की मांग को reject करके गलत कदम उठाया है । स्पीकर साहिब, मसला बड़ा साफ़ है । ज्ञानी जी ने तीन दलीलें दी हैं । उन्होंने कहा है कि Landlords ने बहुत रुपया खर्च किया, ज़मीन को आबाद करने के लिए इसलिए उन से ज़मीन कैसे वापिस लें । मैं ज्ञानी जी से पूछता हूं कि Ministry में आ कर अगर ज्ञानी जी भी बहुत खर्चा कर डालें और जब Ministry से वह अलग होने लगें तो वह हम से मुआवज़ा कैसे मांगेंगे ? हम ने कब कहा था कि ज्ञानी जी या वह Landlords जरूरत से ज़्यादा रुपया खर्च करें । अगर एक साल के लिए कोई मकान किराए पर ले ले और मकान में बिजली लगा ले और वह कहे कि मैंने

इस लिए मकान नहीं छोड़ना क्योंकि मैंने बिजली लगवाई है; यह वाजब नहीं। हिंदी Regional Committee के सामने यह मसला साफ है। यह मसला पंजाबी Region का नहीं था कि उसमें पंजाबी Region वाले आएंगे। मसला यह था और यह बात ठीक भी थी कि छोटे किसान, मुज़ारे और हरिजन इन ज़मीनों पर आबाद हों; न कि बड़े बड़े जमींदार। अगर गरीब पंजाबी ही होते तो हम ठीक कह देते या ठीक समझ लेते, लेकिन हम सब जानते हैं कि ये पंजाब के हरिजन हैं या मुज़ारे हैं छोटे किसान भी हैं जो बाहर से लाकर बिठाए गए हैं। मैं दावे से कहता हूं कि यह 420 हो रही है। पिछले दिनों गरीबों के नाम पर रुपया बांटा गया। इस में भी 420 की गई और गरीबों को ignore किया गया। 'हलवाई की दुकान, नाना जी का फातिहा' हम पंजाब सरकार को क्यों न कहें कि वह ज़मीन ऐसे आदमियों को दें जिनको हम जानते हों कि वह गरीब हैं, बे-ज़मीन हैं, मुज़ारे हैं? इस में पंजाबी और हिन्दी Region वालों का कोई सवाल नहीं और न ही यह सवाल था कि आया वे हरयाणा प्रांत के रहने वाले थे। सवाल तो यह था कि वे हमारी जान पहचान के हों ताकि 420 न हो पाए।

स्पीकर साहिब, लोग ताना देते हैं कि अब्दुल ग़नी कहने वाली बात कह ही जाता है। लेकिन मैं कहता हूं कि इन को गलत रास्ता अख्तियार नहीं करना चाहिए। आज जो मज़ाहिरा

5.00 p.m.

यहां पर किया गया है; यह बिलकुल गलत था। आखिर रिजनल कमेटियों के बनाने का मकसद क्या था? इन को बनाने का मकसद यही था कि इलाका के लोगों को जो दुख हो इन कमेटियों के ज़रिये वह ज़ाहिर करें और उस दुख को दूर करने की गवर्नमेंट कोशिश करे। इन कमेटियों के बनाने का मतलब यह नहीं था कि उन को जो राए हो उस को majority के बल-बूते पर इस तरह से गिरा दिया जाए। मैं जानता हूं कि हम काबिल नहीं हैं। हमारे पंजाबी रिजन वाले भाई ज़्यादा काबिल हैं। उन की तादाद ज़्यादा है और हाउस में बैठ कर वे हमारी हर एक बात को हर वक्त ठुकरा सकते हैं। लेकिन अगर ऐसा ही रवैया इन्होंने हमारे साथ रखना है तो हमारी मिनिस्टरी को, हमारे नेताओं और हमारे लीडरों को लाज़मन यह बात सोचनी पड़ेगी कि पहले रिजिनल कमेटियां क्यों मांगी गई थीं। ये कमेटियां किस ने बनाई थीं? क्या मैंने बनाई थीं? क्या मेरे जैसे और लोगों ने बनाई थीं? नहीं। बल्कि ये कमेटियां उन लोगों ने बनाई थीं जिन के दिमाग़ में पंजाबी सूबा था और जिन के दिमाग़ में हरियाणा सूबा था। अब अगर उन्होंने रिजिनल कमेटियां बना ली हैं तो उन को चाहिए कि उन कमेटियों की राए को पास करें। हिन्दी रिजनल कमेटी वालों ने ऐक्ट में amendment की थी कि यह ज़मीन उन लोगों को दी जाए जिन के पास ज़मीन नहीं है, और अगर है तो बहुत कम है और जो उसी गांव या उसी ज़ैल के रहने वाले हों। उन्होंने यह सिफारिश नहीं की थी कि यह ज़मीन उन को दी जाए जिन के पास पहले ही सैंकड़ों एकड़ ज़मीन हो। और स्पीकर साहिब, यह कह कर ज़मीन ली गई है कि हम ग़रीबों को आबाद करना चाहते हैं। उन ज़मीनों को आबाद करने वाले कौन लोग हैं? उन ज़मीनों को न तो ज्ञानी जी ने आबाद किया है और न ही अब्दुल ग़नी ने आबाद किया है। उन ज़मीनों को आबाद करने वाले व लोग हैं जिन को आप कम्मीं कहते हैं, जिन को आप मुज़ारे कहते हैं, छोटे किसान कहते हैं, उन्हीं लोगों ने अपना खून और पसीना एक कर के उन ज़मीनों को बनाया था।

[मौलवी अब्दुल ग़नी डार]

ज्ञानी जी ने तीन बातें की हैं। पहली बात तो उन्होंने यह कही कि उन लोगों ने इस ज़मीन में रुपया खर्च किया है। मैं कहता हूं कि अगर उन्होंने रुपया खर्च किया है तो फायदा भी तो उठाया है। हमें तो फिर भी ज़िद्द नहीं है, हम तो कहते हैं कि उन को मुआवज़ा दिया जाए। दूसरी बात उन्होंने यह कही है कि पंजाब दो हिस्सों में तकसीम हो जाएगा। इस तरह से हम पंजाब वाले दो हिस्सों में तकसीम हो जाएंगे। मैं कहता हूं कि जिस वक्त रिजनल कमेटियां मांगी थीं यह बात उस वक्त सोची होती कि पंजाब के दो हिस्से हो रहे हैं। एक दूसरे से जुदा तो नहीं हो रहे लेकिन दो हिस्से हो रहे हैं। मैं अर्ज़ करता हूं कि इस में तकसीम करने का सवाल नहीं है। सवाल तो यह है कि सरकार ने यह जो ज़मीन दी वह इसलिए दी थी कि उस में ज़्यादा से ज़्यादा अनाज पैदा किया जाए। मैं पूछना चाहता हूं कि कितना ज़्यादा अनाज उन्होंने पैदा किया है? क्या उन्होंने ज़मीन को उस तरह से ढालने की कोशिश की जिस तरह से सरकार चाहती थी? सरकार ने उन पर मेहरबानी की और उन से कह दिया कि वह जो चाहें ज़मीन में बो दें। चारा बोएं या मिर्च बोएं, सब कुछ कबूल कर लिया जाएगा। हिन्दी रिजन वालों ने कहा कि यह बात गलत की जा रही है। हम ने यही amendment की थी कि वहां पर जो ज़मीन है वह गरीबों को ही दी जाए। उसी गांव के landless, हरिजन और छोटे किसानों को दी जानी चाहिए। न कि बड़े बड़े ज़मींदारों को जो कि पंजाबी रिजन के हैं उन को दी जाए। लेकिन हरिजनों और गरीबों के नाम पर ज़मीन बड़े बड़े आदमियों को दी जा रही है। स्पीकर साहिब, co-operative का नाम बड़ा मुबारिक है। लेकिन उस को गलत तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है। लोग अपने खानदानों को ही co-operative का नाम दे रहे हैं। सरकार गरीबों के नाम पर उन को ज़मीन दिये जा रही है। उन लोगों का ताल्लुक बड़े बड़े आदमियों से है। मिनिस्टरों से है। मैं पूछता हूं कि यह जो लाखों एकड़ ज़मीन सरकार ने उन को दी है उस में क्या improvement की गई है। हिन्दी रिजनल कमेटी वालों ने जो amendment की थी वह आंख मीच कर नहीं की थी, सोच समझ कर की थी। वैसे पंजाबी रिजन वालों से हमारी दुश्मनी नहीं है। लेकिन जहां हम यह चाहते हैं कि पंजाबी रिजन के मुज़ारे, छोटे किसान और गरीब हरिजन फूलें फलें वहां हम यह भी चाहते हैं कि हिन्दी रिजन के मुज़ारे, छोटे किसान और हरिजन भी फूलें फलें। ज्ञानी जी ने तीसरी बात यह कही थी कि जो लोग पाकिस्तान से आए थे उन को पनाह देने के लिए इस ज़मीन की allotment उन को की गई है। मैं अर्ज़ करता हूं कि पाकिस्तान से आने वालों में हिन्दू भी थे, सिख भी थे और ईसाई भी थे। उन में हम जैसे भगौड़े भी थे कि जिन को जहां पनाह मिली, जगह मिली वहीं चले गए। लेकिन हरियाणा वालों ने कभी इस बात का एतराज़ नहीं किया कि उन refugees को क्यों पनाह दी गई है। वे जानते थे कि जो लाखों मुसलमान इधर से उजड़ कर गए थे उन की जगह तो किसी को देनी ही थी। इसलिए मैं कहता हूं कि सवाल यह नहीं है। सवाल तो यह है कि जो ज़मीन दी गई है वह किन लोगों को दी गई है। आया वह छोटे किसानों को दी गई है, हरिजनों को दी गई है, landless persons को दी गई है। अगर उन लोगों को ज़मीन दी गई है तो हमें कोई एतराज़ नहीं है। ज्ञानी जी उन का मसला रिफ्यूजियों के मसले से मिलाने की कोशिश करते हैं। मैं पंजाबी रिजन वालों का दुश्मन नहीं हूं। मैं खुद गुरु की नगरी का रहने वाला हूं।

मुझे इस से इनकार नहीं है। लेकिन हरियाणा प्रांत में मेरी constituency है। मेरा फर्ज है कि म वहां के लोगों की तकलीफ को सरकार के सामने रखूं। मुझे इस बात की फिक्र नहीं है कि मैं आज मैम्बर हूं। मैं यह नहीं समझता कि सिर्फ मैम्बर रहने से ही सब काम होते हैं। लेकिन मैं यह कहे बगैर नहीं रह सकता कि जिस तरह से आज यहां कार्यवाही चल रही है इस तरह से रिजनल कमेटियों का जनाज़ा निकल जाएगा। अगर कोई दूसरी बात है तो मैम्बरों को समझाएं कि वे इस तरह से न करें। उन्होंने उन को खुली छुट्टी दे रखी है। अगर सात बरसों से उनकी तसल्ली नहीं हुई तो दो सौ बरस तक कर लें या सात सौ बरस तक करते रहें। फिर यह भी उन को कह दिया है कि यह ज़रूरी नहीं कि अनाज ही पैदा करें बल्कि जो मन में आए वही चीज़ पैदा करें। यह बात गलत है। इस के बारे में हिन्दी रिजन वालों ने जो amendment की थी उस को reject कर दिया गया है। इस तरह से ये कमेटियां चलाने वाली नहीं हैं। इन्होंने इस तरह से उस proposal को गिरा कर मेरे ख्याल में पंजाब की service नहीं की। स्पीकर साहिब, आप ने फरमाया कि प्रोफैसर साहिब आप किस तरफ़ चले गए। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि land allotment के सिलसिले में बड़ी ज़्यादती हुई है। बहुत बद-दयानती हुई है। नाम तो हरिजनों का लिया गया है गरीब किसानों का लिया गया है लेकिन उस का फायदा ऐसे लोग उठा रहे हैं जिन के पास पहले ही सौ सौ और दो दो सौ एकड़ ज़मीन है। या जिस के बड़े बड़े Business concerns हैं। जिन लोगों को lease पर ज़मीन दी गई है वह वज़ीरों के आदमी हैं। उन का ताल्लुक बड़े बड़े आदमियों से है। यह बात जायज़ नहीं है। मैं दावे से कहता हूं कि इस तरह से कमेटियां चलने वाली नहीं है। इस ढोंग से कुछ फायदा निकलन वाला नहीं है। अगर हिन्दी रिजन वालों ने यह कहा कि कोई खास case Anti-Corruption-Department वालों को दिया जाना चाहिए तो उस के बारे में कहा गया कि यह बात सब झूठ है, वे लोग बहुत नेकनियत हैं। उल्टा बिल ले आए कि वह बिल्कुल पाकदामन हैं, integrity वाले लोग हैं इसलिये उनका tenure बढ़ा देना चाहिये। मैं अर्ज़ करता हूं कि इस तरह से रिजनल कमेटियों का काम नहीं चलेगा। इसलिये मैं निहायत ही अदब से गुज़ारिश करता हूं कि जो चीज हिन्दी रिजन वालों ने पास की है वही मंजूर होनी चाहिए।

ਸਰਦਾਰ ਉਮਰਾਓ ਸਿੰਘ (ਨਕੋਦਰ 'ਜਨਰਲ') : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੌਲਵੀ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਜੋ ਆਪਣੇ views ਹਾਊਸ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਰੱਖੇ ਨੇ, ਜਿਥੋਂ ਤੱਕ Regional ਕਮੇਟੀਆਂ ਦੀ powers ਦਾ ਤਅਾਲੁਕ ਹੈ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਸਹਿਮਤ ਹਾਂ ਕਿ ਅਸੈਂਬਲੀ ਨੂੰ ਜੋ Presidential Order ਵਿਚ powers ਦਿੱਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਮੁਤਾਬਕ ਇਸ ਨੂੰ Regional ਕਮੇਟੀਆਂ ਦੇ ਕੰਮ ਵਿਚ ਘਟ ਘਟ interfere ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਪਰ ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਇਸ ਬਿਲ ਦੀ ਉਸ ਕਲਾਜ਼ ਦਾ ਤਾਅਲੁਕ ਹੈ ਜਿਸ ਨੂੰ ਇਹ ਲੈ ਕੇ defend ਕਰਦੇ ਰਹੇ ਹਨ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਰ ਕੇ ਬਿਲਕੁਲ ਹਵਾ ਵਿਚ ਤਲਵਾਰ ਮਾਰਦੇ ਰਹੇ ਹਨ ਕਿਉਂਕਿ ਇਸ clause ਵਿਚ ਰਖੀਆਂ ਗਈਆਂ ਗੱਲਾਂ ਬਿਲਕੁਲ illegal ਹਨ ਔਰ ਇਹ clause ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹਿੰਦੀ Regional

[ਸਰਦਾਰ ਉਮਰਾਓ ਸਿੰਘ]

ਕਮੇਟੀ ਨੇ ਪਾਸ ਕਰ ਕੇ ਭੇਜੀ ਹੈ ਉਹ ਕਦੇ ਵੀ ਨਹੀਂ ਰਹਿ ਸਕਦੀ । ਇਹ clause ਸਾਡੀ Constitution ਦੇ Article 19 ਅਤੇ ਨਾਲ ਹੀ Article 15 ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਜਾਂਦੀ ਹੈ । Article 15 ਇਉਂ ਹੈ :—

"The State shall not discriminate against any citizen on grounds only of religion, race, caste, sex, place of birth or any of them".

ਪਰ ਇਸ clause ਵਿਚ place of business ਬਾਰੇ ਇਹ ਦਿੱਤਾ ਹੋਇਆ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਜ਼ਮੀਨ ਉਸੇ ਜ਼ੈਲ ਦੇ ਜਾਂ ਉਸੇ ਪਿੰਡ ਦੇ ਆਦਮੀਆਂ ਨੂੰ ਹੀ ਦਿੱਤੀ ਜਾਏਗੀ ਅਤੇ ਬਾਹਰ ਤੋਂ ਕੋਈ ਆਦਮੀ ਆ ਕੇ ਨਹੀਂ ਲੈ ਸਕੇਗਾ । ਇਸ ਤੋਂ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਕਲਾਜ਼ *Ultra vires* of the Constitution ਹੈ ਅਤੇ Article 15 of the Constitution ਵਿਚ ਜਿਹੜਾ ਹਕ ਹਰ ਇਕ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨੀ ਨੂੰ ਮਿਲਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਇਹ ਉਸ ਤੇ ਛਾਪਾ ਮਾਰਦੀ ਹੈ । ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ Article 19 of the Constitution ਵਿਚ ਇਹ ਦਿੱਤਾ ਹੋਇਆ ਹੈ ਕਿ—

"All citizens shall have the right—

"To reside and settle in any part of the territory of India ;"
"To acquire, hold and dispose of property ;"

ਇਹ ਬਿਲ ਜਿਸ ਸ਼ਕਲ ਵਿਚ ਹਿੰਦੀ Regional ਕਮੇਟੀ ਵਲੋਂ ਆਇਆ ਹੈ ਉਹ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੋਵੇਂ ਗੱਲਾਂ ਵਿਚ Constitution ਦੇ against ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਇਹ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮੌਲਵੀ ਸਾਹਿਬ ਦਾ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਕਿ Regional ਕਮੇਟੀਆਂ ਦੀ power ਜ਼ਬਤ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ, ਗਲਤ ਗੱਲ ਹੈ । Regional ਕਮੇਟੀ ਦੀ power ਨੂੰ ਕਾਇਮ ਰੱਖਣ ਬਾਰੇ ਸਾਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਖਿਆਲ ਹੈ । ਜਿਸ ਵੇਲੇ Regional ਕਮੇਟੀਆਂ ਦੇ ਬਣਾਉਣ ਦਾ ਸਵਾਲ ਸੀ ਉਸ ਵੇਲੇ ਮੌਲਵੀ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਹਕ ਵਿਚ ਉਂਗਲ ਵੀ ਨਹੀਂ ਉਠਾਈ ਸੀ । ਇਹ ਗਿਆਨੀ ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ ਹੀ ਸਨ ਜਿਹੜੇ ਸਾਰਿਆਂ ਨਾਲੋਂ ਵਧ ਇਨ੍ਹਾਂ ਬਾਰੇ ਕੋਸ਼ਸ਼ ਕਰਦੇ ਰਹੇ ਸਨ ਅਤੇ ਇਸ formula ਦੀ ਖਾਤਰ ਅਸਾਂ ਜੇਲ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਗਏ ਸਾਂ ਤੇ agitation ਕੀਤੀ ਸੀ । ਹੁਣ ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਇਹ ਬਣ ਗਈਆਂ ਅਤੇ ਮਹਾਂ ਪਰਸ਼ਾਦ ਤਿਆਰ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ ਤਾਂ ਖਾਣ ਵੇਲੇ ਇਹ ਸਾਰੇ ਇਕਠੇ ਹੋ ਗਏ ਹਨ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਕਮੇਟੀਆਂ ਨੂੰ ਬਣਾਉਣ ਲਈ ਜਤਨ ਕਰਨ ਵਿਚ ਅਸਾਂ ਸਭ ਤੋਂ ਅਗੇ ਸਾਂ ਤੇ ਅਸਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਾਇਮ ਰੱਖਣ ਵਿਚ ਵੀ ਅਗੇ ਵੀ ਪੂਰਾ ਜ਼ੋਰ ਲਾਉਂਦੇ ਰਹਾਂਗੇ । ਹਿੰਦੀ Regional ਕਮੇਟੀ ਵਿਚ ਕਈ ਭਰਾ ਵਕੀਲ ਵੀ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸੋਚਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ controversial ਗੱਲਾਂ ਕਰਨੀਆਂ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਕਿਉਂਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਕਰ ਕੇ ਉਹ Regional ਕਮੇਟੀਆਂ ਦੀ ਕੋਈ ਸੇਵਾ ਨਹੀਂ ਕਰ ਰਹੇ ਕਿਉਂਕਿ ਜਦੋਂ ਇਹ ਬਿਲ act ਬਣ ਕੇ ਅਮਲ ਵਿਚ ਜਾਏਗਾ ਤਾਂ ਇਹ court ਵਿਚ challenge ਕੀਤਾ ਜਾਏਗਾ ਅਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਹ ਇਕ ਹਾਸੋ-ਹੀਣੀ ਗੱਲ ਹੋਏਗੀ ।

चौधरी धर्म सिंह राठी (सम्भालका) : स्पीकर साहिब, आज मेरा तो गला बड़ा खराब है लेकिन क्योंकि यह बिल बड़ा अहम है और मैं चाहता हूं कि यह पास नहीं होना चाहिए, इस लिए मैं इस पर जरूर बोलना चाहता हूं । अगर यह बिल पास हो गया तो........

श्री अध्यक्ष : आप का ऐसा गला हाउस को suit करता है । (The bad throat of the hon. Member suits this House). (हँसी)

चौधरी धर्म सिंह राठी : स्पीकर साहिब, आज रोहतक के अन्दर, करनाल के अन्दर, हिसार के अन्दर बल्कि सारे हरियाणे के अन्दर लोगों को पंजाबी region के भाइयों से कोई दुश्मनी नहीं है लेकिन एक चीज़ जरूर है और वे एक चीज़ जरूर चाहते हैं कि उन के साथ इनसाफ होना चाहिये और किसी इलाके के लोगों के साथ ज्यादती नहीं होनी चाहिए। लेकिन इस वक्त जो कुछ किया जा रहा है यानी इस बिल को जिस शक्ल में पास करने की कोशिश की जा रही है अगर यह इसी शक्ल में पास हो गया तो स्पीकर साहिब, इस से दो-तीन बातें पैदा हो जाएंगी। इस से हिन्दी region के अन्दर लोगों में अब एक ऐसा ख्याल पैदा हो जाएगा जो अब तक पैदा नहीं हुआ था। हालांकि पंजाबी region के लोगों को वहां बसाया गया है और उन को ज़मीनें पटे पर वहां दी गई हैं लेकिन अब अगर यह बिल उस तरीके से पास न किया गया जिस तरीका से हिन्दी Regional Committee के मैम्बरान चाहते हैं और यह उस तरीक से पास किया गया जिस तरीका से पंजाबी रिज़न वाले चाहते हैं तो इस से लोगों में आपस में बड़ी भारी तलखी पैदा हो जाएगी। जिन लोगों को हरियाणे में वहां के लोगों की ज़मीनें ले कर दी हुई हैं उन से अब वे नफरत करने लग जाएंगे और उन के आपस के ताल्लुकात खराब हो जायेंगे। इस लिए मैं इस हाउस को बतला देना चाहता हूं कि इस बिल के इस शक्ल में पास हो जाने से जिस में कि इसे पंजाबी region वाले पास करना चाहते हैं लोगों में Regions का सवाल पैदा हो जाएगा। अगर आप Presidential order को पढ़ें तो आपको पता चलेगा कि उस के अन्दर यहां तक दिया हुआ है कि अगर एक चीज़ के लिए दोनों regions के लिए अलग २ बिल बना दिये जायें तो उन पर अलग २ अमल हो सकता है। उस के अन्दर इस बारे में कोई रुकावट नहीं है कि यह दोनों regions के लिए अलग न हों। अगर हिन्दी region के लिए यह हमारे वाला बिल पास कर दिया जाता तो इस से कोई पहाड़ न टूट जाता। वैसे भी अगर इस बिल की दोनों शक्लों को देखा जाए यानी हिन्दी और पंजाबी regions ने जिन शक्लों में इसे पास कर के भेजा है, तो मैं समझता हूं कि इसे जिस शक्ल में हिन्दी regional कमेटी ने पास कर के भेजा है वह बेहतर है और अगर यह पास कर दिया जाये तो इस से हरिजनों को और दूसरे गरीब मुज़ारों को ज़मीनें मिल जाएंगी जिन के लिए कांग्रेसी भाई बाहर बार बार कहते रहते हैं कि हरिजनों और बेज़मीने मुज़ारों को ज़मीनें मिलनी चाहिएं। लेकिन जब उन्हें ज़मीनें देने का वक्त आता है तो इन में से उन्हें कोई नहीं पूछता। मैं इन से पूछना चाहता हूं कि क्या करनाल के अन्दर, हिसार के अन्दर, रोहतक के अन्दर, यानी जितने भी जिले हरियाणे के अन्दर हैं उन सब के अन्दर कोई भी ऐसे आदमी नहीं हैं जिन को यह ज़मीनें दी जा सकें। यह सिर्फ जिला लुधियाना, ज़िला फिरोज़पुर और ज़िला अमृतसर के आदमियों को ही दी जा सकती हैं और उन्हें वहां ला कर बसाया जा सकता है,। यह बड़े अफसोस की बात है। मैं अपने मुअज़िज़ वज़ीर ज्ञानी करतार सिंह, जिन के साथ मैंने Regional Formula के कायम करने में काम किया है, बताना चाहता हूं कि हरियाणा के लोगों ने यह formula इस लिए मंज़ूर किया था क्योंकि हम ने यह सोचा था कि इस के लागू हो जाने से हरियाणा हड़प होने से बच जायेगा। लेकिन स्पीकर साहिब, आज हम ने इस हाउस में जो कुछ होता देखा है उस से जो हमारी उम्मीद थी और जो उम्मीद हमारे यह मुअज़िज़ वज़ीर साहिब दिलाया करते थे उस पर पानी फेर दिया गया है और अब

[चौधरी धर्म सिंह राठी]

हमें यह सोचना पड़ रहा है कि इस से हरियाणा का कोई भला नहीं हो सकता। जो पंजाबी region के 87 मैम्बरों की बहुगिनती से हिन्दी region पर अपना हुकम जबरदस्ती लागू करना चाहते हैं और हिन्दी region वालों को यह कह रहे हैं कि अगर इन्होंने उन की बात मानी तो मानी, नहीं तो यह इन्हें दूसरे तरीके से मनायेंगे, यह किस असूल पर काम कर रहे हैं ? यह किसी जायज़ बात पर मबनी नहीं है। एक तरफ़ तो यह हमें कहते हैं कि ज्यादा अनाज उगाओ और दूसरी तरफ़ इस एक्ट में यह तरमीम ला रहे हैं कि इन ज़मीनों में Food grains की जगह any crop , कोई भी फसल उगा लो। जहां तक अनाज की पैदावार बढ़ाने का सवाल है इस के लिए यह निहायत ज़रूरी बात है कि इन ज़मीनों में अनाज के सिवा दूसरी फ़सलें पैदा करने की इजाज़त ही नहीं दी जानी चाहिए वरना यह काम पूरा नहीं हो सकेगा।

स्पीकर साहिब, जहां तक इन चीज़ों का ताल्लुक है मैं तो कहूंगा कि अगर हमारे साथ इसी किस्म का सलूक किया गया तो हमें यह ऐलान करना पड़ेगा कि पंजाब के अन्दर हरियाणा के लिए कोई जगह ही नहीं है, पंजाब के अन्दर हरियाणा के लोगों को कोई पूछता नहीं है और इस पर हमें मजबूर होकर यह आवाज़ उठानी पड़ेगी कि पंजाब से हरियाणा को अलग किया जाए। हमें किसी सूरत में इस के साथ रहने में फायदा नहीं। जब ज्ञानी जी हमारे साथ इस तरह से ज़बरदस्ती करते रहें कि जब भी हिन्दी regional कमेटी एक चीज़ पास करे और पंजाबी region वाले अपनी majority के ज़ोर से, अपनी अकसरियत के बल बोते पर उसे कामयाब न होने दें, तो इस चीज़ को कोई भी पसन्द नहीं करता। हरियाणे का कोई भी मैम्बर इस चीज़ को पसन्द नहीं करता। अगर यही हालत रही तो, स्पीकर साहिब, हम किसी भी सूरत में पंजाब के अन्दर रहने को तैयार नहीं हैं। अगर ज्ञानी जी हमें इस तरह से दबा कर रखना चाहते हैं और अपने आदमियों को वहां बसाना चाहते हैं तो हम इस चीज़ को किसी सूरत में बरदाश्त करने को तैयार नहीं हैं। हरियाणे के आदमी खुददार हैं। इसलिए वह किसी सूरत में इस किस्म की बात को बरदाश्त नहीं कर सकेंगे। खसूसन वह यह बात कभी भी बरदाश्त नहीं कर सकेंगे जो इस बिल के अन्दर की जा रही है। स्पीकर साहिब, करोड़ों रुपये की ज़मीन जिला करनाल के अन्दर इस तरीके से छीनी जा रही है लेकिन उस पर वहां के लोगों को नहीं बसाया जा रहा बल्कि अमृतसर के लोगों को बसाया जा रहा है। पहले भी वहां पहाड़ के लोगों को बसाया गया है हम यह नहीं कहते कि उन को वहां ज़मीन क्यों दी गई हैं लेकिन वहां उस जिले के लोग भी तो रहने वाले हैं उन्हें यह क्यों नहीं दी जातीं ? उन का हक है। यह तो स्पीकर साहिब एक आम बात है कि जो चाहे कितना मेहनती हो, दूर से आएगा तो वह उतनी फ़सल पैदा नहीं कर सकेगा जो करीब का किसान कर सकता है। वह पास से ही बैल लाएगा, हल लाएगा और जल्दी काश्त कर सकेगा। जहां तक अनाज जल्दी पैदा करने का मसला है इस नज़रिए से भी यह ज़मीनें पास वाले किसानों को ही देनी चाहिएं। इसलिए जो तरमीम हिन्दी Region वालों ने की है वह पास होनी चाहिए। और यह जो बिल पंजाबी region वालों के हित का है बिल्कुल पास नहीं होना चाहिए। आखिर में.............

श्री अध्यक्ष : आप तो पुराने जाट महा सभाई हैं । (हंसी) । (The hon. Member is an old Jat Maha Sabhite) (*Laughter*).

चौधरी धर्म सिंह राठी : हम तो हर समय हरिजनों को ज़मीनें देते रहे हैं ?

श्री अध्यक्ष: आप कहां पहुंच गए । (The hon. Member is going wide of the mark).

चौधरी धर्म सिंह राठी : स्पीकर साहिब जाट का दिल बड़ा होता है इसके दिल में कोई फ़र्क नहीं है लेकिन अगर बड़ा भाई छोटे भाई से सब कुछ छीन ले तो जाट कैसे चुप बैठ सकता है ?

जब एक एक कुएं के लिए और पानी के एक एक ढोल पर और एक एक बीघे ज़मीन पर खून होता हो तो क्या हम इस तरह के ज़ुल्म पर खामोश बैठ सकते हैं ? हरियाना के लोगों पर यह बिल पास करके डाका डाला जा रहा है। हरियाना की ज़मीन छीन कर अगर पंजाबी रिजन वाले अपनी अक्सरियत के बल बोते पर काबिज़ होना चाहते हैं तो इसे किसी सूरत में भी हरियाना के लोग कबूल करने को तैयार नहीं। मैं इसके बारे में हकूमत को साफ़ अलफ़ाज़ में बता देना चाहता हूं कि अगर इस बिल को इसी तरह पास कर दिया गया तो हरियाना में वह आन्दोलन चलेगा जिसे पंजाब की कोई भी हकूमत नहीं रोक सकेगी और जिसका मुकाबिला कोई भी नहीं कर सकेगा। शायद हकूमत को इस बात का ख्याल हो कि फलां आन्दोलन दबा लिया, उस movement को खत्म कर दिया, लेकिन इस आन्दोलन को कोई दबा नहीं सकेगा । इन अल्फाज़ के साथ मैं इस बिल की मुखालफत करता हूं और हाउस से अपील करता हूं कि वह इस बिल को बिल्कुल पास न करें। अगर यह बिल पास हो गया तो Punjabi Region और Hindi Region के अन्दर एक तफ़रीक पैदा हो जाएगी जो पंजाब के interest **में न** होगा ।

चौधरी लहरी सिंह (गनौर) : साहिबे सदर, इस बिल के अन्दर एक बात का ख्याल नहीं रखा गया। मैं हिन्दी और पंजाबी रिजन के झगड़े में नहीं पड़ना चाहता। मैं तो यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि सरकार की ओर से पालिसी यह laydown की जा रही है कि किसी के पास 30 Standard Acres से ज़्यादा ज़मीन न हो लेकिन इस में भी हमारे पास कई ऐसी मिसालें हैं कि जहां किसी के छः लड़के हैं और उसके पास 600 बीघे ज़मीन है। गरीब किसान की 30 standard Acres से ज़्यादा को surplus declare कर दिया गया है। फिर दूसरी तरफ़ Tenancy Act है कि मुज़ारे के पास पांच एकड़ से ज़्यादा न हो। एक तरफ़ तो कल हम आचार्य विनोबा जी के पास जा रहे हैं और वहां हम कहेंगे कि हम भूदान के लिए मरने को तैयार हैं लेकिन दूसरी तरफ़ हम इस तरह के legislation को पास करना चाहते हैं। हिन्दी पंजाबी रिजन का सवाल छोड़ो। देखना तो यह है कि जो Utilization of land Act है इस से किस को लाभ होने जा रहा है। या तो यह कहा जाए कि यह ज़मीन छोटे जमीदारों को दी जाएगी या landless tenant को दी जाएगी तब तो ठीक

[चौधरी लहरी सिंह]
है। जो कुछ इसके बारे में चौधरी साहिब ने फरमाया है मैं उसके साथ बिल्कुल मुतफिक हूं। एक तरफ तो Central Government और कांग्रेस की हकूमत पंजाब में इस बात पर जोर दे रही है कि 30 standard Acres के ज्यादा न हो, 5 एकड़ से ज्यादा मुज़ारे के पास न हो और दूसरी तरफ यह कानून पास किया जा रहा है। इसमें जो inconsistency है उसे किस तरह दूर किया जाएगा ? यह दो मुखालिफ चीज़ें हैं। इस लिए मेरी सरकार से दरखास्त है कि वह हाउस की तसल्ली करवा दे और facts and figures रखें कि जिनको ज़मीन दी जाएगी वह छोटे जमीदार होंगे या landless tenants ? इसके साथ यह साबत किया जाए कि वह ज़मीन लेने के मुस्तहिक हैं। अगर वह साबत न कर सकें तो इस बिल को पास नहीं करना चाहिए। लोगों को सरकार की तरफ से बताया जाना चाहिए कि सरकार की यह पालिसी है और हाउस में assurance दी जानी चाहिए कि ज़मीन उन आदमियों को देंगे जो छोटे ज़मीदार हैं। यहां Hindi Region का सवाल नहीं।

स्पीकर साहिब, एक बात और मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि जो छोटे ज़मीदार हैं और landless मुज़ारे हैं उन को सरकार की तरफ से यकीन दिलाया गया था कि वह फिक्र न करें उन्हें ज़मीन ज़रूर दी जाएगी। जनाब ऐसी मिसालें मौजूद हैं कि काफी तादाद में मुज़ारे हैं जिनके पास ज़मीन नहीं है। अगर इन्हें ज़मीन न दी गई तो यह बड़े दुःख की बात होगी। फिर यह कहा गया है कि जहां Deputy Commissioner ने दफ़ा 3 के मातहत ज़मीन कब्ज़े में ले ली है वह किसी को भी allot कर दी जाए। यह एक आड़ है, बहाना है कुछ आदमियों को फ़ायदा पहुंचाने के लिए। मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि जिस बहाने से और जिस आड़ में utilization of land Act को ले रहे उस से इनके अपने किए हुए वायदे कि ज़मीन को landless tenants और छोटे छोटे ज़मीदारों को दिया जाएगा, ठुकराया जाएगा। अगर आप चाहते हैं कि ज़मीन allot की जाए तो छोटे ज़मींदारों और Landless tenants को allot करनी ज़रूरी है। अगर हम इस तरह नहीं करेंगे तो हम किस मुंह से कल लोहारू जा कर यह कहेंगे कि पंजाब में हम landless tenants को क्या दे रहे हैं। बड़े अफ़सोस की बात है कि आपकी सरकार, Central Government और High Command की पालिसी को बालाएताक रख कर उन आदमियों को ज़मीन देने जा रही है जो न तो छोटे ज़मीदार हैं और न ही landless tenants हैं।

मैं इस सवाल को नहीं लेता कि पंजाबी रिजन के लोग हैं या हिन्दी रीजन के। लेकिन मैं इतना ज़रूर कहना चाहता हूं कि ऐसी ऐसी फ़र्में हैं और Co-operative Societies हैं जिनके पास काफी जमीनें हैं। कई ऐसे लोग भी हैं जिनका गुज़ारा सिर्फ ज़मीन पर नहीं लेकिन उन्हें ज़मीन allot की जा रही है। उनका गुज़ारा दिल्ली में है, traders हैं या और कोई काम करते हैं। इन हालात के अन्दर मैं वज़ीर इन्चार्ज से अर्ज़ करूंगा कि इस बिल को इस शक्ल में पास कर देने से पब्लिक में बेचैनी पैदा हो जाएगी, unnecessary criticism शुरू हो जाएगा। इस तरह की criticism से बचने के लिए ज़रूरी है कि उन्हें ज़मीन

अलाट न की जाए जो trade में हो या मुलाज़मत में हो और जिनका गुज़ारा ज़मीन पर नहीं और ज़मीन landless tenants को allot की जाए। (एक आवाज़ : आप वोट किस तरफ़ देंगे?) मैं ने पहले भी वोट Hindi Region के लिए दी थी। आखिर हमें बोलने का अख्तियार तो है। यह बिल जो पास किया जा रहा है, यह Government की policy के खिलाफ़ है। हमने लोगों से कुछ वायदे किए हैं लेकिन उन्हें हम पूरा नहीं कर रहे। इस तरह की legislation पास करने के बाद हम श्री आचार्य जी के सामने किस तरह से जा रहे हैं ? मैं महसूस करता हूँ कि हमें इस तरह की legislation को at the cost of poor tenants पास नहीं करना चाहिए।

श्री मंगल सैन (रोहतक) : स्पीकर साहिब, इस हाउस में Punjab Utilization of Lands (Amendment) Bill ज़ेरे बहस है। इस बिल पर जो Hindi Regional Committee ने सिफ़ारिश की है वह भी विचाराधीन है। इसकी दो readings हो चुकी हैं और 3rd reading पर अब विचार हो रहा है। स्पीकर साहिब, जो recommendations Hindi Regional Committee ने इस बिल पर की है और जो संशोधन उन्होंने तजवीज़ किए हैं मैं उनका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

सब से पहली बात जिसकी सिफारिश की गई है वह यह है कि Parent Act में छ: फसलों का ज़िक्र था कि यदि कोई व्यक्ति छ: फसल न बोए तो उनकी ज़मीन काश्त के लिए acquire करके किसी और को पट्टे पर दी जा सकती है। इस में अब यह संशोधन लाया गया है कि छ: के स्थान चार फसलें कर दी जाएं। इस में एक तो यह तबदीली करने की सिफारिश है। (*Interruption*)

Mr. Speaker: No interruption please.

श्री मंगल सैन : स्पीकर साहिब, मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि इस हाउस के अन्दर इस Amending Bill पर जो बातें कही गई हैं वह उचित न थी। ऐसी बातें आपस में फर्क डालने वाली हैं। यहां पर तो पंजाब की एकता का प्रश्न है। इसलिए जो acquired land हो वह ग़रीब ज़मींदारों को अपने हक से वंचित करके दूसरों को नहीं देनी चाहिए। जो वहां पर वर्षों से खेतीबाड़ी कर रहे हैं जिन्होंने वहां पैसे लगाए हैं और जो अनाज अधिक पैदा करने के ज्यादा काबिल हैं उन्हें ही ज़मीन दी जानी चाहिए लेकिन इस संशोधन से, जो Amending Bill के रूप में हमारे सामने है, उन लोगों को इससे वंचित कर दिया जाएगा। यह उन पर इस प्रकार से जुलम होगा, अत्याचार होगा, इस बिल को आज support करने वाले कौन हैं ? यह वह लोग हैं जो भारत के संविधान को प्रस्तुत करने वाले हैं और यह वही हैं जिन्होंने कि 1947 के communal riots को encourage किया ? यह मित्र हैं जो पंजाब के अंदर आग लगाते फिरते रहे और आज इस तरह की बातें करते फिर रहे हैं। यह जो पंजाब के अन्दर आज जिस तरह की बातें कर रहे हैं, यह जो पंजाब के अंदर फूट डालने वाले हैं, यहां पर भेदभाव पैदा करने वाले हैं। यह पंजाब के ही दुश्मन नहीं देश के दुश्मन हैं। यह लोग मंत्री पद पर विराजमान होकर अपने मंत्रीपद को बचाने के लिए बहुत सी बातें कह जाते

हैं ताकि इन की party की power बरकरार रहे। जब तक इस तरह की बातें खत्म नहीं होंगी उस वक्त तक इस बिल का असल मकसद पूरा नहीं हो सकेगा। मैं कहना चाहता हूं कि हमें इस Bill को amend करने का भय था वह बदस्तूर जारी है। हमारी सरकार को यह देखना चाहिए था और अगर थोड़ा बहुत भी, इन के दिल में यह ख्याल होता तो यह ज़मीनें इलाके के बेज़मीने किसानों को देते। जो लोग पिछड़ी हुई जातियों से सम्बन्ध रखने वाले हैं, जिन को कि पंजाब के अलाभकर कहा जा सकता है यह बिल उन के लिए कदाचित भी लाभकारी नहीं है। मुझे यह कहने में ज़रा भर भी संकोच नहीं है कि इस के द्वारा सरकार एक खास किसम के लोगों को आगे लाना चाहती है। इस में और कुछ भी नहीं है, सिवाय इसके कि सरकार यह फ़ायदा जागीरदारों और रजवाड़ों को ही पहुंचाये। आज जिस तरह सादगी से मंत्री महोदय बातें कर रहे हैं लेकिन ध्यान उन का किस तरफ़ है; इस बात को पंजाब में रहने वाले बखूबी जानते हैं। पंजाब में रहने वाला हर समझदार आदमी उन के कारनामों से बखूबी वाकिफ़ है। वह जानते हैं कि जब पंजाब का बटवारा हुआ था तो आप ने कहां कहां पर क्या क्या किया था। आज भी उनकी एक राजनैतिक मांग है जोकि बढ़ती जा रही है। इस तरह के ख्यालात के परिणाम और भी भयंकर रूप धारण करने वाले हैं। इसलिए स्पीकर साहिब इस किसम के जो विचार हमारे सामने आ रहे हैं यह किसी भेद से खाली नहीं हैं। हमारा यह ख्याल बिल्कुल दुरुस्त साबित होगा कि जो बेज़मीन किसान रहते हैं या जिन के पास इतनी थोड़ी ज़मीन है कि मेहनत करने के बावजूद भी अपना पेट नहीं भर सकते और जो हमारे देश की अलाभकर जाति है या जिन की un-economic holdings हैं उन की मांग पूरी नहीं होगी। इस के इलावा आज फायदा वही उठा सकता है जिस के पीछे सरकारी अफ़सर हैं। उन की बात ही मानी जाती है जिन के कोई resources हैं। सचाई को कोई नहीं पूछता। जो लोग party in power से सम्बन्धित हैं उन को ही कोई लाभ हो सकता है। यहां तो यह देखा जाता है कि कौन कांग्रेसी है और कौन नहीं है। किस ज़िला का M.L.A. उन के साथ है और किस का नहीं। करनाल के ज़िला को कितना कम और लुधियाना के ज़िला को कितना बढ़ा करके हम ने दिया है। इसका अन्दाज़ा आप लगा सकते हैं। जो अलाभकर हैं उन को लूटा जाता है जो लाभकर हैं उन की जेबों को भरा जाता है। आज उन लोगों को ही ऊपर उठाया जाता है जो पहले से ही powerful हैं। हम चाहते हैं कि गांव के रहने वालों को पूरी पूरी facilities मिलनी चाहिए न कि उन पर और प्रतिबन्ध लगाये जायें। आज इस विधेयक के ज़रिए से इस किसम की provision की जा रही है कि हम ने किसी खास गांव के किसी खास आदमी को ही अधिकार देने हैं। स्पीकर साहिब, अगर उस इलाके तक ही यह अख्तियारात महदूद रखे जाते तो हमें कोई संकोच न था मगर आज इसे खास हद तक ही महदूद रखने की कोशिश की जा रही है। जिस वक्त Regional Committees बनी थीं हम ने उस वक्त कहा था कि यह एक अनधिकृत चेष्टा है। इस से हमारी इच्छायें पूरी नहीं होंगी। हम नैतिक तौर पर Regional Committees पर विश्वास नहीं रखते। हमें तो जनता ने इसलिए भेजा है कि हम इस House के अन्दर बैठ कर इस भेदभाव पूर्ण नीति की जड़ों को खोखला करें और ऐसी बातों को कामयाब

मत होने दें जिन के ज़रिये पंजाब के लोगों में फूट डालने की कोशिश की जा रही है। जिन लोगों के हाथों में शासन है इन के हाथों से ही पक्षपात की नीति चलती है। आज शासन उन लोगों के हाथों में है जो परले-दरजे के फ़िरका-परस्त हैं। इसलिए मैं निवेदन करूंगा कि हमें उसी संशोधन को मानना चाहिए जोकि हिन्दी Regional Committee ने प्रस्तुत किया है। दो reading में तो माना नहीं गया। मुझे आशा है कि ज्ञानी जी इस reading में इसे ज़रूर मान लेंगे। यह एक भलाई का काम है और यह लोक-हित की बात है, इसे छपाया नहीं जा सकता। इन्हें स्वीकार करना चाहिये। यह पंजाब की एक Regional Committee की मांग है।

श्री अध्यक्ष : इस लिए कि आप Regional Committees के बुनियादी तौर पर खिलाफ़ हैं। (हंसी)। (It is because he is fundamentally against the Regional Committees) (*Laughter*)

(*At this stage, some hon. Members including Giani Kartar Singh, Minister for Agriculture and Forests, rose to catch the eye of the hon. Speaker.*)

Mr. Speaker : Giani Ji, let some hon. Members speak on the Bill.

Minister for Agriculture and Forests Giani Kartar Singh) : Sir, I would like to intervene in the Debate. Of course, the Minister for Revenue will reply to the Debate.

Mr. Speaker : Yes.

ਜ਼ਰਾਇਤ ਅਤੇ ਜੰਗਲਾਤ ਮੰਤ੍ਰੀ (ਗਿਆਨੀ ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਸ ਬਿਲ ਦੇ ਸਬੰਧ ਵਿਚ 3rd Reading ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਜਿਸ ਕਿਸਮ ਦੇ ਫੈਸਲੇ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਮੈਂਬਰਜ਼ ਵਲੋਂ ਵਿਚਾਰ ਦਿੱਤੇ ਗਏ ਹਨ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ ਹਾਊਸ ਵਿਚਾਰ ਕੇ ਰੱਦ ਕਰ ਚੁਕਾ ਹੈ। ਹੁਣ 3rd Reding ਤੇ ਇਹ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਨੂੰ ਰੱਦ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਅਸੀਂ ਤਾਂ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਕਿਸਾਨ ਨੂੰ ਇਕੋ ਜਿਹਾ ਸਮਝਦੇ ਹਾਂ। ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਅਸੀਂ ਗ਼ਰੀਬ ਦੇ ਹੱਕ ਵਿਚ ਹਾਂ, ਔਰ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ, ਜੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮੰਨ ਲਿਆ ਜਾਏ ਤਾਂ ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੂੰ ਜੋ ਰਿਆਇਤਾਂ ਅਸੀਂ ਦੇਣੀਆਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਅਸੀਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮਹਿਰੂਮ ਕਰ ਦਿੰਦੇ ਹਾਂ। ਜਿੱਥੇ ਪਿੰਡਾਂ ਦੀ ਬੰਦਸ਼ ਲਗਾਈ ਗਈ ਹੈ ਉਹ ਇਕ ਮਹਿਦੂਦ ਰਕਬਾ ਹੈ, ਜੋ ਪਿੰਡਾ ਦੇ ਗ਼ਰੀਬ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਦੇਣ ਲਈ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਇਹ ਗੱਲ ਵੀ ਗ਼ਰੀਬਾਂ ਦੇ ਹੱਕ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਜਾਂਦੀ। ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਇਹ ਗੱਲਾਂ ਕਰਦੇ ਹਨ ਅਗਰ ਐਸੀ ਗੱਲ ਹੋ ਵੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਜਿਹੜੇ ਛੋਟੇ ਛੋਟੇ ਕਿਸਾਨ ਹਨ, ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਰਹਿਣ ਵਾਲੇ ਹਨ, ਗ਼ਰੀਬ ਹਨ, ਚਾਹੇ ਉਹ ਕਾਸ਼ਤ ਕਰਨ ਵਾਲੇ ਹਨ, ਚਾਹੇ ਉਹ ਹਰੀਜਨ ਹਨ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਮਤਲਬ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਫ਼ਾਇਦਾ ਹੁੰਦਾ ਵੀ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਸ ਨੂੰ ਯਕ ਕਲਮ ਉੜਾ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ। ਜਿਹੜੀਆਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਦਲੀਲਾਂ ਹਨ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਇਹ ਜ਼ਾਹਰ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਛੋਟੇ ਕਿਸਾਨ ਨੂੰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਰਿਆਇਤਾਂ ਤੋਂ ਮਹਿਰੂਮ ਕਰਨ ਦੀਆਂ ਤਜਵੀਜ਼ਾਂ ਕੀਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ। ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਇਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਹ ਇਸ ਹੱਦ ਤਕ ਰਹਿ ਸਕਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਹੱਦ ਤਕ ਨਹੀਂ। ਜੇ ਕੋਈ

[ਫਰਾਇਤ ਅਤੇ ਜੰਗਲਾਤ ਮੰਤਰੀ]

practical ਤਜਵੀਜ਼ ਹੁੰਦੀ ਤਦ ਵੀ ਸਮਝ ਵਿਚ ਆਉਂਦਾ ਕਿ ਗਰੀਬਾਂ ਦੇ ਹਕ ਵਿਚ ਹਨ। ਇਹ ਤਾਂ ਜ਼ਬਾਨੀ ਜ਼ਬਾਨੀ lecture ਦਿੰਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਗਲਾਂ ਤੇ ਜ਼ੋਰ ਦਿੰਦੇ ਹਨ ਜਿਹੜੀਆਂ ਕਿ ਸਹੀ ਨਹੀਂ। ਹਕੀਕਤ ਵਿਚ ਇਸ ਬਿਲ ਦਾ scope ਤਾਂ ਇਤਨਾ ਹੀ ਸੀ ਕਿ ਜਿਹੜਾ food ਔਰ fodder ਲਈ ਜ਼ੋਰ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਸੀ ਹੁਣ crops ਦੀ ਬੰਦਸ਼ ਕੋਈ ਨਾ ਹੋਵੇ। ਇਸ ਵਾਸਤੇ Hindi Regional Committee ਕੁਝ ਵੀ ਕਹਿੰਦੀ ਤਾਂ ਠੀਕ ਸੀ। ਪਰ ਅਸਲ ਗਲ ਤਾਂ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜਿਵੇਂ ਰਾਣੀ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਮੰਨ ਲਿਆ ਕਿ ਹਿੰਦੀ ਰਿਜਨਲ ਕਮੇਟੀ ਦੀ ਰਿਪੋਰਟ Bill ਦੇ scope ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਸੀ।

Regional Formula ਵਿਚ 14 subjects ਹਨ ਜਿਹੜੇ ਕਿ Regional subjects ਸਮਝੇ ਗਏ ਹਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਜ਼ਮੀਨ ਸ਼ਾਮਲ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਗਈ। Agriculture ਨੂੰ ਸ਼ਾਮਲ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਜ਼ਮੀਨ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਨਤ ਕਰੋ ਜਾਂ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪੈਦਾਵਾਰ ਨੂੰ ਵਧਾਉ ਇਹ ਗੱਲਾਂ ਤਾਂ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾ ਸਕਦੀਆਂ ਸਨ, ਪਰ ਜ਼ਮੀਨ ਦੀ ਤਕਸੀਮ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੋਵੇ, ਉਹ land lords ਦੇ ਕੋਲ ਰਹੇ ਜਾਂ tenants ਦੇ ਕੋਲ ਰਹੇ, ਇਹ ਚੀਜ਼ ਤਾਂ Assembly ਦੇ ਪਾਸ ਰਖੀ ਗਈ ਹੈ ਅਤੇ Regional Committees ਦੇ subjects ਵਿਚ ਸ਼ਾਮਲ ਨਹੀਂ। ਮੈਂ ਫਿਰ ਇਹ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁਦਾ ਹਾਂ ਕਿ Agriculture ਦੇ ਮੁਤਲਕ ਜਿਹੜੀ ਵੀ ਰਾਇ ਦਿੱਤੀ ਜਾਏ, ਜਿਵੇਂ ਕਿ ਤਿੰਨ ਫ਼ਸਲਾਂ ਕਰਨ ਦੀ, ਜਾਂ ਦੋ ਫ਼ਸਲਾਂ ਕਰਨ ਦੀ, ਖਾਦ ਪਾਉਣ ਦੀ, fertilizers ਨੂੰ ਇਸਤੇਮਾਲ ਕਰਨ ਦੀ ਜਾਂ ਹੋਰ ਇਸੇ ਕਿਸਮ ਦੀ ਗਲ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਸੁਣ ਲਈ ਜਾਵੇਗੀ। ਪਰ ਜਿਹੜੀ ਇਥੇ ਬਹਿਸ ਕੀਤੀ ਗਈ, ਉਹ Regional ਮਸਲਾ ਨਹੀਂ, ਇਹ ਤਾਂ inter region ਦਾ ਮਸਲਾ ਹੈ ਕਿ ਇਕ Region ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਦੂਜੇ Region ਵਿਚ ਵਾੜਨਾ ਬੰਦ ਕਰ ਦੇ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ clause bill ਦੇ ਜ਼ਾਬਤੇ ਦੇ ਖਿਲਾਫ਼ ਹੈ ਅਤੇ scope ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਹੈ। Regional Committee ਨੂੰ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਕਰਨ ਦਾ ਹਕ ਨਹੀਂ ਸੀ, ਇਹ ਗ਼ਲਤ ਚੀਜ਼ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਕਮੇਟੀ ਨੇ ਆਪਣੇ ਅਖਤਿਆਰਾਂ ਤੋਂ ਤਜਾਵਜ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਹੁਣ ਜਿਹੜੀ ਇਹ ਗੱਲ ਕਹੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿ lease ਤੇ ਜਿਸ ਜ਼ਮੀਨ ਨੂੰ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਲਿਆ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਉੱਤੇ ਇਕ ਹੱਦ ਮੁਕੱਰਰ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ, ਇਸ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਇਹ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਅਸੀਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ ਕਿ ਸੂਬੇ ਦੇ ਇਕ Region ਤੇ ਵਖਰਾ ਕਾਨੂੰਨ ਬਣੇ ਅਤੇ ਦੂਜੇ ਵਾਸਤੇ ਵਖਰਾ। ਜੇ ਕੋਈ ਹੱਦ ਮੁਕੱਰਰ ਹੁੰਦੀ ਵੀ ਹੈ ਤਾਂ ਉਹ ਸਭ ਦੇ ਵਾਸਤੇ ਇਕੋ ਜਿਹੀ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਮੇਰਾ ਕਹਿਣਾ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਬਿਲ ਵਿਚ ਵਖੋ ਵੱਖ provision ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦਾ। ਜੇ ਤੁਸੀਂ ਗਰੀਬਾਂ ਦੇ ਹੱਕਾਂ ਨੂੰ safeguard ਕਰਨ ਲਈ ਕੁਝ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹੋ ਤਾਂ ਇਸ ਤੋਂ ਵਖਰੇ ਕਾਨੂੰਨ ਦੀ ਤਜਵੀਜ਼ ਕਰੋ ਅਤੇ ਫਿਰ merit demerit ਨੂੰ ਸੋਚ ਕੇ ਕੋਈ ਚੀਜ਼ ਬਣਾਉ। ਪਰ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਤੁਸੀਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹੋ ਉਸ ਲਈ law ਅਤੇ constitution ਇਜਾਜ਼ਤ ਨਹੀਂ ਦਿੰਦਾ, ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਹੋ ਨਹੀਂ ਸਕਦਾ। ਹੋਰ ਕਿ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਲੋਕ ਹਰਿਆਨਾ ਪ੍ਰਾਂਤ ਬਨਾਉਣ ਦੀ ਧਮਕੀ ਦਿੰਦੇ ਹਨ, ਉਹ ਬਿਲਕੁਲ ਗ਼ਲਤ ਹੈ ਔਰ ਚੂੰਕਿ ਉਹ constitution ਦੇ ਉਲਟ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਨਹੀਂ ਬਣਾ ਸਕਦੇ। ਜੇ ਉਹ ਹਰਿਆਣਾ ਪ੍ਰਾਂਤ ਬਣਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਪਹਿਲਾਂ India ਦੀ constitution ਨੂੰ ਬਦਲਣ।

श्री अध्यक्ष : बहुत से मैम्बर साहिबान मुझे मिले हैं और उन्होंने कहा है कि हाउस एक घंटा पहिले adjourn कर दिया जाए क्योंकि बहुत लोगों ने किसी function पर जाना है। (A number of members have seen me and requested that today the House may be adjourned one hour earlier as they have to attend a certain function) (*Interruptions*).

एक आवाज : वह तो private function है।

श्री अध्यक्ष : ठीक है जिन्होंने जाना है चले जाएं। हाउस adjourn नहीं होगा। क्योंकि इस तरह से यह एक precedent बन जाएगा। (All right, those who want to go, may go but the House will not be adjourned because in this way it will become a precedent).

माल मंत्री : Precedent तो पहले भी है।

श्री अध्यक्ष : House चलेगा मैं ने तो राय मांगी थी, otherwise I have no objection. (The proceedings of the House will continue. I just wanted the sense of the House for this otherwise I have no objection.)

पंडित श्री राम शर्मा : मैं समझता हूं कि अगर कोई खास आदमी पार्टी देता है या function करता है तो उस के लिए House adjourn करना ठीक नहीं। अगर इसकी इजाज़त दी जाती है तो फिर किसी खास पार्टी के लिए ही क्यों यह सब के लिए होनी चाहिए।

Chief Minister : Sir, may I say one thing ? If the House is adjourned earlier for that purpose, it would not look nice. I think the function can be held half an hour later than the scheduled time. This would not make much difference. So the House should proceed with its business and adjourn at the scheduled time. The dignity of the House must be maintained.

Mr. Speaker : I agree.

पण्डित श्री राम शर्मा (सोनीपत) : स्पीकर साहिब, आज हाउस में यह जो Bill आया है यह एक तरमीमी Bill है। देश आज़ाद होने के बाद हम ने पंजाब में यह महसूस किया कि बहुत सारी ज़मीन जो बेकार पड़ी है उस को काम में लाने का रास्ता निकाला जाए। चुनांचे Government ने एक कानून बनाया जिस के ज़रिए सरकार ने यह अख्तियार लिया कि जो uncultivated ज़मीन पड़ी हुई हैं उन्हें ले कर काबले काश्त बनाए। फिर उसके बाद Government ने यह महसूस किया कि इसमें कुछ तरमीम की जाए। चुनांचे इस Assembly में एक तरमीमी Bill आया और उस Bill को Regional Committees की राए लेने के लिए भेज दिया गया क्योंकि उस का खेती-बाड़ी से ताल्लुक था। स्पीकर साहिब, वज़ीर साहिब ने यहां कहा है कि उस Bill को Regional Committees के पास भेजने की ज़रूरत नहीं थी। मुझे उन की यह बात सुन कर बड़ी हैरानी हुई। सवाल यह है कि यह Regional Committees किस लिए बनाई गई थीं ? यह इस लिए बनाई गई थीं कि जो 14 Development के Departments हैं उनके काम को यह देखें। यह चीज़ उनके अख्तियार की है कि वह लोगों के अपने region के interest को safeguard करें। इसलिए

[पंडित श्री राम शर्मा]

इस बात को मद्देनज़र रखते हुए Hindi Regional Committee ने यह clause पास की थी। उन्होंने Assembly को परेशान करने के लिए या किसी और motive से यह बात नहीं की। स्पीकर साहिब, वह जो ज़मीन lease पर दी गई थी उन में Parent Act के मुताबिक Food और Fodder के सिवाए और कुछ काश्त नहीं किया जा सकता था मगर अब Government इस Act के section 3 में यह तरमीम करना चाहती थी कि वहां कोई भी फ़सल बोई जा सकती है। यह Bill जब Hindi Regional Committee को refer हुआ तो उन्होंने अपने इलाके के लोगों के मुफ़ाद को मद्देनज़र रखते हुए अपनी राए दी। अब अगर Government यह कहती है कि हम उस Committee की इस बात को नहीं मानते तो फिर मैं पूछना चाहता हूं कि वह Committee बनाई किस लिए गई थी ? अगर वह उन 14 Departments में अपने अपने ज़िलों के मुफ़ाद को देख नहीं सकती तो फिर उन को बनाने की क्या ज़रूरत थी? दोनों Regional Committees का यह फ़र्ज़ है कि जब उन के पास कोई Bill जाए तो उस को इस तरीके से पास करें जिस से उन के regions के लोगों को maximum फ़ायदा हो। इस लिए Hindi Regional Committee ने जो clause पास की है वह बिल्कुल जायज़ है। लेकिन अगर Government यह चाहती है कि ऐसा न हो और इसे अपनी majority के बल से रद कर दे तो फिर इस Bill को Regional Committee में भेजने का क्या फ़ायदा था। मैं समझता हूं कि Regional Formula आज खत्म हो चुका है। जिस मकसद के लिए वह बनाया गया था वह मकसद फ़ौत हो चुका है। हमारे जन संघी भाई कहते हैं कि Regional Formula को खत्म किया जाए। स्पीकर साहिब, पहले तो उन की यह कोशिश थी, मगर अब मैं समझता हूं कि उन्हें इस सम्बन्ध में कोशिश करने की ज़रूरत नहीं क्योंकि हमारे वज़ीर साहिब ज्ञानी जी और Government भी ऐसा ही चाहती है। स्पीकर साहिब, जब Regional Committees नहीं बनी थीं तो उस वक्त इस Act के ज़रिए Deputy Commissioners को यह अख्तियार दिए गए थे कि वह उन जमीनों को 20 साल के लिए किसी भी ऐसे आदमी को lease पर दे सकता है जो कि उन्हें काबले काश्त बनाए। जब Regional Formula बना और यह मौजूदा Ministry बनी तो उस के बाद Hindi Region वाले लोगों ने जो नई चीज़ देखी वह यह थी कि करनाल ज़िले की जो हज़ारों एकड़ जमीन बेकार पड़ी हुई थी उस को काबले काश्त बनाने के लिए वहां के Deputy Commissioner को उस Region में, उस ज़िले में और उस तहसील में कोई भी आदमी या agency इस काबिल नज़र नहीं आई। स्पीकर साहिब, मैं ज्यादा facts and figures तो नहीं जानता लेकिन अन्दाज़े से ही कह सकता हूं कि वह हज़ारों एकड़ ज़मीन जिन लोगों को दी गई है वह 97 प्रतिशत ज़िला Amritsar के या पंजाबी Region के रहने वाले हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि उस ज़मीन को काबले काश्त बनाने के लिए सिवाए Amritsar District के लोगों के या कुछ और आस पास के पंजाबी रिजन के आदमियों के और कोई वहां का आदमी नहीं मिल सकता था ? यह तो वैसी ही बात है जैसे राड़ेवाला साहिब ने कहा था कि बिजली का Board हम

ने ऐसा बनाया है कि उतने काबिल आदमी कहीं भी नहीं मिल सकते । इनकी बातें वही हैं जो अंग्रेज़ की हुआ करती थीं कि मुल्क आपका है लेकिन आप काबिल नहीं हो कि हकूमत चला सको और हम बहुत काबिल आदमी हैं इसलिए हम यह काम चला सकते हैं । जितनी भी अंग्रेजों की दलीलें थीं वह सारी आज ज्ञानी जी ने दी और आईन के protector भी बन गए कि यह खिलाफ़े आईन बात होगी और साथ ही रिजनल फ़ार्मूला के हामी भी हैं कि......

6.00 p.m.

जराअत तथा जंगलात मंत्री : On a point of order, Sir. मेरा point of order यह है कि क्या यह जायज़ है कि जब कोई बात इस हाउस में न कही गई हो तो कोई मैम्बर साहिब वैसे ही उसके मुताल्लिक कहता चला जाए । मैं ने यह नहीं कहा कि इधर के अच्छे हैं या उधर के ।

पंडित श्री राम शर्मा : मैं ने भी यह बात नहीं कही । मैं इस की background पर रौशनी डाल रहा था कि हिंदी रिजन के तमाम मैम्बर साहिबान ने बिला तमीज़ के कि वह कांग्रेस पार्टी का है या आपोज़ीशन का है, किस ज़िला का या किस तहसील का है, इस बात को महसूस किया कि यह जो अख्तियारात दिए गए हैं जिन के नतीजा के तौर पर regions बन चुके हैं, तब यह अमल और तरीका क्यों चले और यह क्यों कहा जाए कि बाहर के लोगों को लम्बे २ पटे दो ? क्या सारे रिजन के अन्दर और सारे ज़िलों के अन्दर कोई भी आदमी ऐसा नहीं मिलता जिस को यह पटा दिया जा सके ? ज्ञानी जी का सारा ज़ोर इसी बात पर रहा कि रिजन के अन्दर कोई आदमी नहीं मिलता जो इन जमीनों को काश्त करे । मैं यह नहीं कहता और न ही यह सवाल है कि यह ज़मीन हरिजनों को मिलनी चाहिए या ग़रीबों को मिलनी चाहिए बल्कि सवाल तो यह है कि इस ज़मीन को किस तरह काबिले काश्त बनाया जाए । मैं नहीं मानता कि हरिजनों के पास इन्फ़रादी तौर पर इतनी ताकत और सरमाया मौजूद है कि वह बग़ैर गवर्नमैण्ट की मदद के इन ज़मीनों को जो सालहा साल से बंजर पड़ी हैं, ज़ेरे काशत ला सकते हैं । इस में कोई शको शुबाह की गुन्जायश नहीं । इस लिये सवाल अमीर ग़रीब और छोटे बड़े का नहीं है । सवाल तो यह है कि हिन्दी रिजन के अन्दर जो ज़मीन बेकार पड़ी है उस को ज़ेरे काश्त लाने के लिये क्या तरीका अख्तियार करेंगे ? तरीका यह वही करेंगे जो इन्होंने पहिले किया हुआ है । इस में हमें कोई शक नहीं । हमें यकीन है कि D.C. को जो under section 3 अख्तियार मिला हुआ है कि.......

"..he may, for the purposes of growing any crop thereon, lease to any person.."

इस में 'any person' का मतलब हिन्दी रिजन के किसी आदमी से नहीं है क्योंकि जब तक यह Ministry कायम है, जब तक यह चीफ़ मिनिस्टर मौजूद हैं और ज्ञानी जी यहां कायम हैं इस 'any person' के मायने हिन्दी रिजन का कोई आदमी नहीं हो सकता । 'Any person' के मायने इस Ministry के मुताबक यही हैं कि जो पंजाबी रिजन का हो और उस में भी ज़िला अमृतसर का हो और उस की किसी खास constituency का हो । Deputy Commissioner करनाल को इस मामले में अगर खुला छोड़ दिया जाता तो मैं

[पंडित श्री राम शर्मा]

ज़िम्मेदारी के साथ कह सकता हूं कि वह कभी भी इस तरह अमल न करता जैसे कि उस ने किया है। ज़िला करनाल में शुरू २ में इन लोगों को जो दूर दराज़ से ज़मीन बनाने आए हैं और इस में शक की गुन्जायश नहीं कि वे खासे बड़े ज़मींदार हैं, काफ़ी रुपया वाले हैं काफ़ी चलती वाले बारसूख हैं और हमारे रिजन के न हो कर किसी खास जगह के हैं, D.C. ने सात सात साल के लिए ज़मीन दे दी। कायदा जो बना है उस के मुताबिक D.C. 20 साल के लिए भी दे सकता है। राठी साहिब कहते हैं कि कुछ इन words की तबदीली हुई है कि 'not less than seven years and more than twenty years, मैं इस बात में नहीं जाता। मगर उस में ख्याल यह था कि 20 साल के लिए दे दी जाए। लेकिन वहां के D.C. ने उस के तहत सात सात साल के लिए ज़मीन दे दी और अपना discretion बरता। जब सात साल खत्म होने को आए तो फिर 20 साल के लिये यहां से pressure पड़ा। मैं कहना चाहता हूं कि अगर D.C. का अपना discretion होता तो वहां का D.C. जो कम से कम उस region से ताल्लुक रखने वाला है और चाहे अफ़सरान में कोई खामियां हैं या नहीं लेकिन कम से कम उसे वहां के लोगों का दर्द होता और अगर चंडीगढ़ से pressure न पड़ता और इशारा न होता तो जो ज़मीन सात साल के लिये दी गई उस को फिर 20 साल के लिये न देता। मैं कहता हूं कि यह अफ़सरान का नाजायज़ इस्तेमाल है। D.C. को 20 साल तक देने का discretion है कि चाहे सात साल के लिये दे चाहे 20 साल के लिये। लेकिन अगर उसने discretion सात साल वाला इस्तेमाल किया तो कहते हैं कि नहीं अब बीस साल पूरे करो। तो फिर यह discretion कहां गया जो उसे है अगर वह उसे अपनी निगाह से इस्तेमाल नहीं कर सकता? वहां उस रिजन के लोग नहीं चाहते, ज़िलों के लोग नहीं चाहते और मैं यहां तक कहूंगा कि सरकारी लोगों ने भी यह नहीं कहा होगा कि वहां के लोगों की कीमत पर दूसरों को बुलाओ कि आकर explanation कर दें और वहां से कमा कर मज़े करने के लिये अपने घर वापस जाएं। लेकिन उन से यह सब कुछ under pressure करवाया जा रहा है। आखिर जब हिन्दी रिजन वालों को इस कारकरदगी का पता लग गया कि इस तरीके से गवर्नमैण्ट चल रही है और ज़मीनों को खेती के नीचे लाने के बहाने किस तरह और दूसरे काम कर रही तो Hindi Regional Committee ने इस बात को इत्तफ़ाक राए से पास किया। फिर हिन्दी के आईन का बड़ा ढोल पीटते हैं। लेकिन आईन में यह तो नहीं लिखा कि पंजाबी रिजन के लोगों को ही दो। आईन में तो सारे लोगों को हक दिया है। तो फिर मद्रासियों को दे दो। आसाम वालों को लाकर ज़मीन दे दो और आप तो अच्छे खासे internationalist भी बने हुए हैं इस लिए काफ़ी दुनिया भरी पड़ी है उन को ले आओ और कहो कि ज़मीन लो। आखिर कोई सोच समझ की बात कीजिए। फिर यह बड़ा शोर मचाया गया और इसी बात पर ज़ोर दिया गया कि ज़ैल रखा और गांव रखा है। तो इस में कौन सी बुरी बात है। ज़ैल गांव का मतलब है कि अगर नज़दीक कोई आदमी हों और ज़मीन चाहते हों तो उन को मौका दो। यह तो हर जगह होता है। जब आप इलैकशन के लिये टिकट देते हैं तो क्या आप इन सब बातों में नहीं

(6) Shri Harbhagwan Maudgil.

(7) Sardar Harcharan Singh (Mansa).

(8) Sardar Ram Dayal Singh.

(9) Shri Rup Singh 'Phul'.

(10). Sardar Sarup Singh.

NOMINATION OF CHAIRMEN OF THE PUBLIC ACCOUNTS COMMITTEE AND ESTIMATES COMMITTEE

Mr. Speaker : I nominate Rao Gajraj Singh to be the Chairman of the Public Accounts Committee for the financial year, 1959-60.

Mr. Speaker : I nominate Shri Harbhagwan Maudgil to be the Chairman of the Estimates Committee for the financial year, 1959-60.

PRESENTATION OF THE FOURTH REPORT OF THE COMMITTEE ON GOVERNMENT ASSURANCES

Pandit Shri Ram Shrma (Chairman, Committee on Government Assurances): Sir, I beg to present the fourth Report of the Committee on Government Assurances for the year 1958-59.

EXTENSION OF DATE FOR SUBMISSION OF THE REPORTS ON THE CATTLE TRESPASS (PUNJAB AMENDMENT) BILL BY THE REGIONAL COMMITTEES

Minister for Finance (Dr. Gopi Chand Bhargava): Sir, I beg to move—

That the date for the submission of the reports on the Cattle Trespass (Punjab Amendment) Bill by the Regional Committees be extended upto 8th April, 1959.

Mr. Speaker : Motion moved—

that the date for the submission of the reports on the Cattle Trespass (Punjab Amendment) Bill, by the Regional Committees be extended upto 8th April, 1959.

Mr. Speaker : Question is—

That the date for the submission of the reports on the Cattle Trespass (Punjab Amendment) Bill, by the Regional Committees be extended upto 8th April, 1959.

The motion was carried

BILLS

THE EAST PUNJAB UTILIZATION OF LANDS (SECOND AMENDMENT) BILL, 1959

Minister for Revenue (Rao Birendar Singh) :, I beg to move for leave to introduce the East Punjab Utilization of Lands (Second Amendment) Bill.

Mr. Speaker : Motion moved—

That leave be granted to introduce the East Punjab Utilization of Lands (Second Amendment) Bill.

Mr. Speaker : Question is—

That leave be granted to introduce the East Punjab Utilization of Lands (Second Amendment) Bill.

The leave was granted

Minister for Revenue : Sir, I beg to introduce the East Punjab Utilization of Lands (Second Amendment) Bill.

Minister For Revenue : Sir, I-beg to move—

That the East Punjab Utilization of Lands (Second Amendment) Bill be refered to the Regional Committees with a direction to make a report by the 8th April, 1959.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the East Punjab Utilization of Lands (Second Amendment) Bill be referred to the Regional Committees with a direction to make a report by the 8th April, 1959.

Mr. Speaker : Question is—

That the East Punjab Utilization of Lands (Second Amendment) Bill be referred to the Regional Committees with a direction to make a report by the 8th April, 1959.

The motion was carried.

THE PUNJAB UTILIZATION OF LANDS (AMENDMENT) BILL, 1958 (RESUMPTION OF DISCUSSION)

Mr. Speaker : When the Sabha Adjourned yesterday, Shri Ram Chandra Comrade was in possession of the House. He may resume his speech.

श्री राम चन्द्र कामरेड (नूरपुर): स्पीकर साहिब, यह जो East Punjab Utilization of Lands (Amendment) Bill आज हमारे सामने पेश है, इस सम्बन्ध में मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि पहले यह देखने की ज़रूरत है कि Regional Committees की तशकील क्यों की गई। दूसरे यह कि अगर Regional Committees की तशकील हुई तो हम उन के फैसलों के साथ क्या सलूक करते हैं। मैंने कल भी अर्ज़ किया था कि जब सूबाबन्दी की Commission बनी थी तो उस वक्त हरियाणा और पहाड़ के लोगों ने शिकायत की थी कि हमारी political और economical exploitation होती है। इस कारण से Regional Committees की तशकील हुई और उन को कुछ प्रबन्ध में राय देने का हक मिला। उसी हक के कारण यह बिल, जोकि आज हमारे सामने पेश है, Hindi Regional Committee के सामने भी पेश हुआ था। स्पीकर साहिब, हरियाणा और पहाड़ के लोगों को एक तो यह शिकायत है कि उन के साथ समान व्यवहार नहीं होता। उन पर पंजाबी Region वालों की तरफ से ग़लबा पाने की कोशिश की जा रही है। इस संबन्ध में एक और बात सूबा बंदी कमिशन की रिपोर्ट के सफा 145 पर दर्ज है—वहां लिखा है

> "The territorial claims for the proposed Punjabi-speaking State, however, ignore the line of division. They go so far as to include the whole of Ambala, the district of Karnal minus one Tahsil and portion of Hissar."

और आज उस का नकशा हमारे सामने है। करनाल के सारे ज़िले में फालतू ज़मीन पंजाबी रिजन वालों को allot कर दी गई है। जब इस तरह से दूसरे रिजन के लोगों को ले जा कर वहां पर आबाद किया जा रहा है तो लाज़मी तौर पर लोगों के दिलों में शकूक पैदा होते हैं। पंजाबी और हिन्दी Regional Committees बनाई तो इस लिये गई थी कि हिन्दी रिजन वालों की जो तकलीफ या शिकायत हैं उस को दूर किया जा सकें। लेकिन हकीकत यह है कि उन की तकलीफों को दूर करने की बजाए उन में इज़ाफा किया जा रहा है। पंजाबी रिजन वाले हिन्दी रिजन वालों पर गलबा पाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं चाहता हूं कि इस प्रकार के शकूक लोगों के दिलों में पैदा होने की इजाज़त नहीं होनी चाहिए। इसलिए मैं अर्ज़ करता हूं कि ऐसी ज़मीनों पर कब्ज़ा करने के लिये और उन की allot--ment करने के सिलसिले में हिन्दी रिजनल कमेटी ने जो तजवीज़ की थी उस पर ग़ौर होना चाहिये। मैं फिर अर्ज़ करता हूं कि जो proposal Hindi Regional Committee की तरफ से की गई थी और जो proposal हमारी गवर्नमेंट की तरफ से पेश की गई उन में ज़मीन आसमान का फर्क है। जहां मैं ने यह अर्ज़ किया कि Backward और undeveloped इलाकों को facilities देने के लिए Regional Committees बनाई गई थीं वहां मैं यह भी कहना चाहता हूं कि यह जो कानून पास किया गया था यह इसलिये किया गया था ताकि हरिजन, मुज़ारों और landless persons को rehabilitate किया जाए। लेकिन जब हम देखते हैं कि सरकार की तरफ से ऐसी तजवीज की जा रही है जिसमें हरिजनों तथा मुज़ारों का ज़िक्र तक नहीं तो हमें मायूसी होती है। सरकार की तरफ से यह कहा जाता है कि हम co-operative farming की तरफ बढ़

रहे हैं और ज़मीन की यकसां तकसीम कर रहे हैं। लेकिन जब हम ज़मीन के उस तरीकाए तकसीम को देखते हैं जोकि सरकार की तरफ से बरता जा रहा है और जब हमें मालूम होता है कि तकसीम ठीक नहीं हुई तो हमें यह शेर याद आता है—

तेरा खलूस बजा पर ऐ नासेह मुशफिक,
तेरे सलूक से बेगाने याद आते हैं।

वैसे तो कहते हैं कि ज़मीन 30 Standard Acres से ज्यादा किसी के पास नहीं होनी चाहिए। लेकिन सरकारी तकसीम के समय ज़मीनें उन को दी जा रही हैं जोकि पहले ही सौ सौ एकड़ और उस से भी ज्यादा ज़मीन के मालिक हैं। स्पीकर साहिब, एक और खूबी मैं बयान करना चाहता हूं। कल ज्ञानी जी ने कहा कि इस तरह से तो यहां तक कह दिया जाएगा कि जो लोग मग़रबी पाकिस्तान से आए हैं उन को बसाने की भी इजाज़त नहीं होनी चाहिए। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि हकीकत यह नहीं है। हकीकत यह है कि जो लोग पाकिस्तान से आकर हिन्दी रिजन में आबाद हुए हैं वे तो हिन्दी रिजन के नागरिक हो गए हैं। उन के बारे में किसी के दिल में कोई शिकायत नहीं है। लेकिन सवाल यह है कि जो लोग पंजाबी रिजन में रहते हैं, जिन के बाल बच्चे अमृतसर में रहते हैं, जो बड़े बडे Landlords हैं उनको क्यों इधर ज़मीनें दी गई हैं। यह कहा गया है कि उन लोगों ने उस जमीन में गंदम पैदा की है, चावल पैदा किए हैं और इस तरह से सूबे की पैदावार में इज़ाफा किया है। मैं मानता हूं कि यह दलील बजा है। लेकिन मैं कहता हूं कि क्या सरकार ने यह चीज़ देखने की कोशिश की है कि हिन्दी रिजन के उन backward और undeveloped इलाकों में भी ऐसे लोग हैं जोकि ज़मीन को काश्त करके पैदावार बढ़ा सकते हैं। सरकार ने यह चीज़ देखने की कोशिश नहीं की। मैं कहता हूं कि गवर्नमेंट को enquiry करवानी चाहिए यह देखने के लिए कि पिछले पांच सालों में जिन को ज़मीन allot की गई है वे कौन लोग हैं। क्या उन लोगों में ग़रीब हरिजन भी शामिल हैं? क्या उन लोगों में वे ग़रीब लोग भी शामिल हैं जोकि backward हैं, जो landless या जोकि मुज़ारे हैं और जिन को सरकार आगे ले जाना चाहती है? सरकार को देखना चाहिए कि क्या उन लोगों को भी जमीन मिलती है मगर "अजब तरतीब है मैखानाए आलम की ऐ साक़ी, कि ज़ाहिद पी रहे हैं तिश्ना लब मैं खार बैठे हैं"। Fate की irony है कि जिन लोगों के पास पहले ही बड़ी बड़ी ज़मीन हैं उन को और दी जा रही हैं और जो लोग हरियाणा और पहाड़ के रहने वाले हैं, ग़रीब हैं, backward हैं और landless हैं—जिन को ज़मीनें देने का दावा किया जा रहा है—वे बेचारे वहां से उठ कर अमृतसर और जालंधर में रिकशा चला रहे हैं।

स्पीकर साहिब, इस में कोई शक नहीं है कि जहां तक ज़मीन या जायदाद खरीदने के हक का सवाल है वहां सब लोग एक से दूसरी जगह पर जा कर ज़मीन खरीद सकते हैं और जायदाद बना सकते हैं। लेकिन जहां पर आबाद करने का सवाल है वहां यकीनी तौर पर उन्हीं लोगों का हक होगा जोकि उसी गांव के या नज़दीक के रहने वाले हैं। जो

[श्री राम चन्द्र कामरेड]

खाली ज़मीन किसी गांव में होती है वह उसी गांव के गरीब लोगों को मिलनी चाहिए। अगर उस गांव में कोई ऐसा आदमी नहीं है तो फिर उसी इलाके के किसी दूसरे आदमी को वह जमीन मिलनी चाहिए। Original Bill में यह लिखा है कि He can lease it out to any person. District Magistrate की मर्ज़ी है कि वह land किसी को भी दे सकता है। यह बड़ी भारी कमी है। इस कमी को दूर करने के लिए हिन्दी रिजनल कमेटी वालों ने सिफारिश की थी कि जिस गांव में ज़मीन वाके है उसी गांव के आदमी को ज़मीन allot करते समय prefer किया जाना चाहिए। अगर उस गांव का कोई ऐसा आदमी नहीं है तो उस जैल के आदमी को preference मिलनी चाहिए। लेकिन मेरी राए में अगर कोई भाई पंजाबी रिजन का भी ऐसा है जिस का deserving case है तो हम उस को भी सीने से लगाने के लिये तैयार हैं। लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं हो रहा। जिस अफसर को ज़मीन allot करने का अधिकार है वह चाहे तो undeserving आदमी को ज़मीन allot कर सकता है। यह बड़ी अफसोसनाक बात है। फिर अफसर लोग भी अपने आप को आज़ाद नहीं समझते। वे अपनी मर्ज़ी से भी काम नहीं कर सकते। उस का कारण यह है कि उन को ऊपर से वज़ीरों के इशारे पर चलना पड़ता है। तो जब किसी District Magistrate को आज़ादी नहीं है कि जिस तरह वह मुनासिब समझे कर ले और जिस को भूमि देना चाहे दे दे और जिस को न चाहे न दे यह ठीक नहीं है। यह कोई ठीक criteria नहीं है। इस लिये मैं अपने लीडर साहिब से गुज़ारिश करना चाहता हूं कि उन को यह बिल वापस ले लेना चाहिए और इस में जो तरामीम suggest की गई हैं, और जो गवर्नमेंट के programme के मुताबिक हैं यानी ज़मीन उन को दी जाये जो बेरोज़गार हैं या जो हाथ से काश्त करते हैं या जो बेज़मीन मुज़ारे हैं या यह हरिजनों को दी जायें, तो ऐसी amendment को लाकर बिल को पास किया जाये बजाये इस के कि इस को इसी शक्ल में पास करने के लिए insist किया जाये जिस शक्ल में इस को पंजाब गवर्नमेंट की तरफ से पेश किया गया है। यह जो तजवीज़ की गई है कि It should be leased out to landless tenants and small landowners और possessing less than five acres. तो क्या यह गवर्नमेंट की पालिसी और programme के खिलाफ है? अगर यह इस तजवीज़ के असूल को मानते हैं तो इस तजवीज़ के साथ दोबारा इस बिल को लायें तो हम इस की ताईद कर सकेंगे।

श्री मुलतान सिंह (बरौंडा) : स्पीकर साहिब, यह amendment कितनी ज़रूरी है इस का अन्दाज़ा इस बात से लग जाता है कि यह बिल जिस रोज़ पहले हिन्दी रिजनल कमेटी में आया था तो यह amendment जो कि बड़ी मामूली सी थी और पांच मिनटों में dispose of हो सकती थी, इस पर वह सारा दिन खर्च हो गया और उस के बाद जब दूसरी meeting इस कमेटी की हुई उस दिन भी सारा वक्त इसी amendment पर लग गया था। यह इस लिये भी ज्यादा ज़रूरी है क्योंकि ज्यादातर यह एक ही ज़िले से ताल्लुक

रखती है। इस बिल का जो तमाम असर पड़ना है उस का 50 फी सदी असर मेरे ज़िला करनाल पर पड़ना है और 50 प्रतिशत बाकी सारे पंजाब पर पड़ना है और इस के साथ ही साथ अगर जमीन की कीमत लगाई जाये तो यह कोई थोड़ी कीमत नहीं है बल्कि यह करोड़ों रुपये बनती है जो by one stroke of pen उस ज़िला के लोगों से ले ली जायेगी। छः सात करोड़ की ज़मीन कोई मामूली बात नहीं हालांकि मामूली सी ज़मीन अगर किसी की चली जाती है तो कई खून खराबे हो जाते हैं। कल इस amendment के बारे में हमारे मोहतरिम वज़ीर ज्ञानी जी ने कहा था कि यह Constitution के खिलाफ जाती है। मैं इन की इस बात को concede कर लेता हूं पर इन से अर्ज़ करता हूं कि अगर यह amendment ठीक नहीं तो यह और कोई amendment ले आयें।

इस के बाद भार्गव साहिब ने कहा है कि हरियाणे वाले बार बार उस इलाके के ही सवाल उठाते रहते हैं। इस के लिये मैं यह इन्हें कहता हूं कि हरियाणे वाले ठीक कहते हैं अगर यह इन को ठीक नहीं लगता तो यह श्री विनोबा भावे जी को, जो कि पंजाब में पधार रहे हैं arbitrator मुकर्रर कर लें और इस बात पर उन से फैसला करा लें। जिस तरीका से वह चाहें उसी तरीका से इस ज़मीन की तकसीम की जाये। इस के लिये मैं अपने ज़िला के लोगों की तरफ से कहता हूं कि वह उन के फैसले को मानने के लिये तैयार हैं क्योंकि इस वक्त बड़ी उल्टी बातें की जा रही हैं। एक तरफ तो खुद काश्त करने वालों को पहले 50 standard एकड़ तक ज़मीन रखने की इजाज़त थी, उस के बाद यह 30 standard acres कर दी गई और अब उन को बकाया 20 standard एकड़ ज़मीन भी surrunder करनी पड़ रही है और दूसरी तरफ Land Utilization Act के तहत ली गई ज़मीन में से सैकड़ों एकड़ ज़मीन हमीरा Sugar factory के मैनेजर को दी गई है और इसी तरह से दिल्ली के एक सेठ को मदूद गांव में हज़ारों एकड़ जमीन दे दी गई है। पिछले साल इसी तरह से हज़ारों एकड़ ज़मीन जो ली गई थी और किसी और आदमी को दे दी गई थी उस को दिन दिहाड़े कत्ल कर दिया गया था। उस बारे में मुकदमा चला और फैसला हुआ। इस तरह से साकरा गांव में फसाद हुआ है और 70,80 आदमी पीटने की बिना पर गिरफ्तार हुए हैं। मेरे कहने का मतलब यह है कि यह कोई मामूली चीज़ नहीं है। अगर गवर्नमेंट चाहती है कि ऐसी ज़मीन ले ली जाये तो कम से कम यह किसी ढंग से ली जाये। भार्गव साहिब ने कहा है कि 1949 में जब वह चीफ मिनिस्टर थे यह Act पहले पास हुआ था। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि 1952 में वह करनाल ज़िला में इस सभा की elections के लिये दो हल्कों में खड़े हुए थे, एक double हल्के से और एक single हल्के से......

(At this stage some hon. Members passed between the hon. Speaker and the hon. Member speaking).

श्री अध्यक्ष : Order, please. Hon. मैम्बर साहिबान इतना तो ख्याल रखा करें कि स्पीकर और जो hon. मैम्बर बोल रहा हो उस के दरमियान से pass

[श्री अध्यक्ष]

न किया करें। आप को इन चीज़ों का ख्याल रखना चाहिये क्योंकि आप को दो दो साल तो यहां elect हो कर आए हुए हो गये हैं। (Order please, the hon. Members should at least see that they do not pass between the Chair and the hon. Member in possession of the House. Now they should be careful in observing this etiquette as thay have been here for two years after their election).

श्री मुलतान सिंह : तो मैं बता रहा था कि भार्गव साहिब 1952 में दो हल्कों से खड़े हुए थे और दोनों हल्कों से इन्हें शिकस्त खानी पड़ी थी और इन की इस शिकस्त का कारण यह Land Utilization Act था जो इन के वक्त पास हुआ था वरना यह शिकस्त न खाते। इस लिये मैं अपनी गवर्नमेंट से अर्ज़ करता हूं कि किसी न किसी शक्ल में इस amendment को इस ऐक्ट में ला कर अज़ सरे नौ इस पर गौर किया जाये। अगर गवर्नमेंट यह नहीं मानती तो श्री विनोबा भावे जी जो यहां आ रहे हैं उन से इस जमीन की तकसीम के बारे में सलाह ली जाये और जिस तरह वह कहें उसी के मुताबिक ऐक्ट बनाया जाये। यह बड़ा अहम मसला है और इस को ठीक तरीका से हल किया जाये। हिंदी Region की कमेटी की amendment के न माने जाने पर हमारे ज़िला का बच्चा २ यह महसूस कर रहा है।

ਸਰਦਾਰ ਹਰਚਰਨ ਸਿੰਘ (ਮਾਨਸਾ 'ਜਨਰਲ') : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਬਿਲ ਜੋ ਇਸ ਵੇਲੇ ਇਸ ਅਸੈਂਬਲੀ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਹੈ ਦਰਅਸਲ ਇਹ 1949 ਵਿਚ ਪਾਸ ਹੋਇਆ ਸੀ ਅਤੇ ਅਜ ਇਸ ਵਿਚ ਤਰਮੀਮ ਲਿਆਈ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਜਦੋਂ ਇਹ ਬਿਲ ਪਾਸ ਹੋਇਆ ਸੀ ਤਾਂ ਉਸ ਵੇਲੇ ਹਿੰਦੀ region ਤੇ ਪੰਜਾਬੀ region ਨਹੀਂ ਬਣੇ ਸਨ ਅਤੇ ਉਸ ਵੇਲੇ ਇਕ ਪੰਜਾਬ ਸੀ। ਅੱਜ ਜਦੋਂ ਇਹ ਬਿਲ ਪੇਸ਼ ਹੋਇਆ ਹੈ ਤਾਂ ਮੈਨੂੰ ਇਹ ਵੇਖ ਕੇ ਬੜਾ ਦੁੱਖ ਹੋਇਆ ਹੈ ਕਿ ਅੱਜ ਇਥੇ ਅਸੀਂ ਹਿੰਦੀ ਤੇ ਪੰਜਾਬੀ regional ਕਮੇਟੀਆਂ ਦੀ ਬਹਿਸ ਵਿਚ ਪਏ ਰਹੇ ਹਾਂ ਅਤੇ ਜੋ amendment ਹਿੰਦੀ regional ਕਮੇਟੀ ਨੇ ਇਸ ਵਿਚ ਕੀਤੀ ਹੈ ਉਸ ਦੀ ਬਹਿਸ ਵਿਚ ਪਏ ਰਹੇ ਹਾਂ। ਦਰਅਸਲ ਇਹ ਐਕਟ ਜਦੋਂ ਪਾਸ ਹੋਇਆ ਸੀ ਉਦੋਂ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੇ ਇਹ ਮਹਿਸੂਸ ਕੀਤਾ ਸੀ ਕਿ ਬੜੀ ਫਾਲਤੂ ਜ਼ਮੀਨ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਪਈ ਹੋਈ ਹੈ ਜਿਹੜੀ ਇਸਤੇਮਾਲ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ ਔਰ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਮੁਲਕ ਵਿਚ ਖੁਰਾਕ ਦਾ ਮਸਲਾ ਬੜਾ ਅਹਿਮ ਬਣਿਆ ਹੋਇਆ ਸੀ, ਖੁਰਾਕ ਵਾਸਤੇ ਹਾਹਾਕਾਰ ਮਚ ਰਹੀ ਸੀ ਅਤੇ ਇਹ ਕਿਹਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਅਨਾਜ ਵਧ ਪੈਦਾ ਕੀਤਾ ਜਾਏ। ਉਸ ਵੇਲੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਚੀਜ਼ਾ ਨੂੰ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖ ਕੇ ਕਿ ਇਹ ਫਾਲਤੂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਇਸਤੇਮਾਲ ਹੋਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ ਅਤੇ ਵਧ ਖੁਰਾਕ ਪੈਦਾ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਇਹ ਐਕਟ ਬਣਾਇਆ ਗਿਆ ਸੀ। ਅੱਜ ਇਸ ਵਿਚ ਇਕ ਤਰਮੀਮ ਇਹ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿ 6 ਫਸਲਾਂ ਦੀ ਬਜਾਏ ਚਾਰ ਫਸਲਾਂ ਲਈ ਜਿਹੜੀ ਜ਼ਮੀਨ ਖਾਲੀ ਪਈ ਰਹੇਗੀ ਉਹ ਲੈ ਲਈ ਜਾਵੇਗੀ ਤੇ ਦੂਜੀ ਤਰਮੀਮ ਇਹ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿ ਜਦ ਇਹ ਜ਼ਮੀਨ ਪਟੇ ਤੇ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ ਤਾਂ ਜਿਹੜੀ ਫਸਲ ਪਟੇਦਾਰ ਦੀ ਮਰਜ਼ੀ ਹੋਵੇ ਉਹ ਇਸ ਵਿਚ ਬੀਜ ਸਕੇਗਾ ਹਾਲਾਂ ਕਿ ਪਹਿਲੇ ਉਹ ਉਸ ਵਿਚ ਸਿਰਫ ਅਨਾਜ ਹੀ ਬੀਜ ਸਕਦਾ ਸੀ। ਲੇਕਿਨ ਮਾਲੂਮ ਇਹ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜਿਸ ਭਾਵ ਨਾਲ ਇਸ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸੀ ਉਹ ਭਾਵ ਪਰਾਪਤ ਨਹੀਂ

ਹੋ ਸਕਿਆ ਕਿਉਂਕਿ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਦਸਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਆਦਮੀਆਂ ਨੂੰ ਇਹ ਜ਼ਮੀਨ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ ਅਤੇ ਜਿਸ ਢੰਗ ਨਾਲ ਇਹ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ ਅਤੇ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਹ ਇਸਤੇਮਾਲ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ ਉਸ ਨਾਲ ਉਹ ਭਾਵ ਪੂਰਾ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦਾ ਜਿਹੜਾ ਸਾਰੇ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਵਿਚ land reforms ਲਿਆਉਣ ਦਾ ਮਤਲਬ ਸੀ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਇਸ ਬਾਰੇ ਜੋ ਗੌਰ ਖੋਜ਼ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ ਉਹ ਉਸ ਭਾਵ ਨਾਲ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਥੇ land reforms ਕਰਨੀਆਂ ਹਨ ਅਤੇ ਇਸ ਖਿਆਲ ਨਾਲ ਨਹੀਂ ਕਿ ਇਹ ਹਿੰਦੀ region ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ ਜਾਂ ਇਹ ਪੰਜਾਬੀ region ਦੀ ਹੈ ਜਾਂ ਪੰਜਾਬੀ region ਦੇ ਲੋਕ ਹਿੰਦੀ region ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਦਬਾ ਕੇ ਰਖਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ । ਸਵਾਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜੋ ਨਜ਼ਰੀਆ ਅਸੀਂ ਬਣਾਇਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਅਸਾਂ ਕਿੰਨਾ ਅੱਗੇ ਲੈ ਜਾ ਸਕੇ ਹਾਂ । ਮੇਰੇ ਖਿਆਲ ਵਿਚ ਇਸ ਬਾਰੇ ਸਾਡੀ ਪੰਜਾਬ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦਾ ਨਜ਼ਰੀਆਂ ਸਾਫ ਨਹੀਂ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਜੋ ਗੱਲਾਂ ਅਸੀਂ ਕਹਿੰਦੇ ਹਾਂ ਜੇ ਅਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਚ ਮੁਚ implement ਕਰਨਾ ਹੈ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਸਤੇਮਾਲ ਵਿਚ ਲਿਆਉਣਾ ਹੈ ਤਾਂ ਪਹਿਲੇ ਸਾਨੂੰ ਮਨ ਬਣਾਉਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਬਾਦ ਵਿਚ ਠੀਕ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਅਮਲ ਕਰਦਿਆਂ ਹੋਇਆਂ ਉਸ ਨੂੰ ਵਰਤੋਂ ਵਿਚ ਲਿਆਉਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । Land reforms ਜਿਹੜੀਆ ਹੋਈਆਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜੇ ਕਰ ਠੀਕ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਚਲਾਉਣਾ ਹੈ ਤਾਂ ਮੈਂ suggest ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ Land Utilisation Act, ਜਾਂ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਬਾਰੇ ਜੋ ਕਾਨੂੰਨ ਹਨ ਜਾਂ ਜੋ ceiling ਵਗੈਰਾ ਬਾਰੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਭ ਦੇ ਸਿਲਸਲੇ ਵਿਚ ਇਕ ਕਮੇਟੀ ਬਣਾਈ ਜਾਏ । ਅਜ ਦੋ ਸਾਲ ਹੋ ਗਏ ਹਨ ਇਸ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਬਣੀ ਨੂੰ ਪਰ ਜਿਸ ਤੇਜ਼ੀ ਨਾਲ ਇਨ੍ਹਾਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਨੂੰ ਕਰਨ ਬਾਰੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਸੀ ਉਸ ਸਭ ਕੰਮ ਦੀ ਰਫਤਾਰ ਦੇਖ ਕੇ ਮੈਨੂੰ ਮਾਯੂਸੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ । ਇਹ ਦੇਖ ਕੇ ਬੜਾ ਦੁਖ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਜ਼ਮੀਨ ਸੁਧਾਰ ਦੇ ਵਡੇ ਵਡੇ ਵਾਅਦੇ ਦਿੰਦੇ ਹਾਂ ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪੂਰਿਆਂ ਕਰਨ ਵੇਲੇ ਹਿਚਕਚਾਉਂਦੇ ਹਾਂ । ਇਹ ਜੋ ਤਰਮੀਮਾਂ ਇਸ ਵਿਚ suggest ਕੀਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ ਇਹ ਕਾਫੀ ਹਦ ਤਕ ਠੀਕ ਹਨ ਕਿ ਜਿਸ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਜ਼ਮੀਨ ਹੈ ਉਹ ਉਸੇ ਪਿੰਡ ਦੇ ਜਾਂ ਜ਼ੈਲ ਦੇ ਕਿਸੇ ਬੇਜ਼ਮੀਨੇ ਆਦਮੀ ਨੂੰ ਜਾਂ ਗਰੀਬ ਹਰੀਜਨ ਨੂੰ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇ । ਉਹ ਗਰੀਬ ਬੇਚਾਰੇ ਤਾਂ ਭਟਕਦੇ ਫਿਰਦੇ ਹਨ, ਖਾਣ ਪੀਣ ਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਪਾਸ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਪਰ ਆਪ ਦੂਸਰਿਆਂ ਜ਼ਿਲਿਆਂ ਦੇ ਆਦਮੀਆਂ ਨੂੰ ਭਾਵੇਂ ਉਹ ਹਿੰਦੀ ਰਿਜਨ ਦੇ ਕਿਸੇ ਹੋਰ ਜ਼ਿਲੇ ਦੇ ਹੀ ਹੋਣ, ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਕਿਉਂ ਦੇ ਰਹੇ ਹੋ, ਇਸ ਵਿਚ ਕੀ sense ਹੈ ? ਉਥੇ ਦੇ ਲੋਕ ਜੋ ਭੁਖੇ ਮਰ ਰਹੇ ਹਨ ਉਹ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਨੂੰ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਕਰਨਗੇ ? ਜਿਸ ਤਰਾਂ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਲੋਕ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਪਾਸ ਬਹੁਤ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਹਨ, ਚੰਗੀਆਂ ਆਮਦਨੀਆਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ, ਚੰਗੀਆਂ ਨੌਕਰੀਆਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ, ਉਹ bogus societies ਬਣਾ ਕੇ ਅਤੇ ਦੂਜਿਆਂ ਤਰੀਕਿਆਂ ਨਾਲ ਵੀ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਤੇ ਕਬਜ਼ਾ ਰਖਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਅਤੇ agrarian reforms ਦੇ ਜੋ Acts ਬਣੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ sense ਨੂੰ ਖਤਮ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ । ਇਹ ਚੀਜ਼ਾਂ ਨਹੀਂ ਚਲਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ । ਫਿਰ ਜਦੋਂ ਵੀ ਕੋਈ Act ਪਾਸ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸ ਹੇਠ ਜਦੋਂ ਕਿਸੇ ਅਫਸਰ ਨੂੰ ਤਾਕਤ ਦੇਣ ਲਈ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਹਰ ਆਦਮੀ ਇਸ ਗੱਲ ਤੇ ਸ਼ਕ ਕਰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ authority ਦਾ ਗਲਤ ਇਸਤੇਮਾਲ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ । 1949 ਵਿਚ ਜੋ Land Utilisation Act ਬਣਿਆ ਸੀ, ਉਸ ਹੇਠ ਜੋ powers ਸਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਬਹੁਤੀਆਂ

[ਸਰਦਾਰ ਹਰਚਰਨ ਸਿੰਘ]

ਦਾ misuse ਹੋਇਆ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਹਕੂਮਤ ਆਪਣੇ ਅਫਸਰਾਂ ਤੇ ਨਜ਼ਰ ਰਖੇ। ਜੇ ਕਰ ਇਹ misuse ਹੁੰਦਾ ਰਿਹਾ ਤਾਂ ਹਕੂਮਤ ਦਾ ਕੰਮ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਹੀਂ ਚਲੇਗਾ। ਜੋ ਵੀ legislation ਬਣਦਾ ਹੈ ਉਸ ਹੇਠ ਅਫਸਰਾਂ ਨੂੰ discretion ਅਤੇ authority ਤਾਂ ਦੇਣੀ ਹੀ ਹੈ ਪਰ ਜੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਠੀਕ ਇਸਤੇਮਾਲ ਨਾ ਹੋਇਆ ਤਾਂ ਲੋਕ ਇਸ ਦੀ ਮੁਖਾਲਫਤ ਕਰਨਗੇ ਅਤੇ ਬੁਰੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਰਨਗੇ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਮਸ਼ਵਰਾ ਦਿਆਂਗਾ ਕਿ land reforms ਬਾਰੇ ਠੀਕ ਨਜ਼ਰੀਆ ਬਣਾ ਕੇ ਚਲੇ । ਇਹ ਬੜੀ ਖੁਸ਼ੀ ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ ਕਿ ਵਿਨੋਬਾ ਜੀ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਆ ਰਹੇ ਹਨ ਅਤੇ ਸਾਰੇ ਲੋਕ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਦਰਸ਼ਨਾਂ ਨੂੰ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਸ਼ਿਕਸ਼ਾ ਦਾ ਫਾਇਦਾ ਤਦ ਹੀ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਜੇ ਕਰ ਅਸੀਂ ਉਸ ਤੇ ਅਮਲ ਕਰਾਂਗੇ । ਮੇਰਾ ਇਹ ਦ੍ਰਿੜ੍ਹ ਯਕੀਨ ਹੈ ਕਿ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਵਿਨੋਬਾ ਜੀ ਨੇ ਸਭ ਨੂੰ ਇਕਠਾ ਕਰਕੇ ਸਲਾਹਮਸ਼ਵਰਾ ਕੀਤਾ ਸੀ ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ land ਬਾਰੇ ਜਿਤਨੇ ਕਾਨੂੰਨ ਹਨ ਜਾਂ ਹੋਰ ਚੀਜ਼ਾਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਾਰੀਆਂ ਪਾਰਟੀਆਂ ਨੂੰ ਇਕਠੇ ਹੋ ਕੇ ਬੈਠ ਕੇ, ਬਿਨਾ ਪਕਸ਼ਪਾਤ ਦੇ ਸੋਚਣਾ ਅਤੇ ਇਸ ਮਸਲੇ ਦਾਂ ਹਲ ਕਢਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਜੇ ਕਰ ਜ਼ਮੀਨ ਦੇ ਮਸਲੇ ਬਾਰੇ ਅਸੀਂ ਇਕਠੇ ਹੋਕੇ ਨਹੀਂ ਚਲਾਂਗੇ ਤਾਂ ਮੁਲਕ ਨੂੰ ਅਸੀਂ ਕਿਸ ਤਰਾਂ ਅਗੇ ਲੈ ਜਾ ਸਕਾਂਗੇ । ਵਿਨੋਬਾ ਜੀ ਪੰਜਾਬ ਆ ਵਿਚ ਰਹੇ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਹਾਜ਼ਰੀ ਦਾ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਸ਼ਿਕਸ਼ਾ ਦਾ ਲਾਜ਼ਮੀ ਅਸਰ ਹੋਣਾ ਹੈ (ਵਿਘਨ) ਸਾਨੂੰ ਸਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਨਜ਼ਰੀਆਂ ਸਾਫ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਜ਼ਮੀਨ ਦਾ ਮਸਲਾ ਇਥੇ ਬਾਰ ਬਾਰ ਪੇਸ਼ ਹੁੰਦਾ ਹੈ । ਇਹ ਇਸ ਲਈ ਹੈ ਕਿ State ਵਿਚ ਦੋ ਕਿਸਮ ਦੇ ਕਾਨੂੰਨ ਚਲ ਰਹੇ ਹਨ । ਅਸੀਂ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਗੈਰ ਜ਼ਰੂਰੀ ਕਾਨੂੰਨ ਇਕਠੇ ਕੀਤੇ ਹਨ, ਮਗਰ ਜੋ basic ਹਨ, ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਸਾਰੇ ਮੁਲਕ ਦੀ economy ਅਤੇ ਤਰੱਕੀ ਨਿਰਭਰ ਹੈ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਿਛੇ ਪਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਇਹ ਜੋ amendment ਦਿਤੀ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਜ਼ਮੀਨ ਉਸੇ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਜਾਂ ਜ਼ੈਲ ਵਿਚ ਰਹੇ ਇਹ ਬੜੀ ਮਾਕੂਲ ਹੈ। ਨਾਲ ਹੀ ਮੈਂ ਇਹ ਵੀ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਇਸ State ਵਿਚ ਦੋ ਕਿਸਮ ਦੇ ਕਾਨੂੰਨ ਨਹੀਂ ਹੋਣੇ ਚਾਹੀਦੇ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਨੂੰ ਨਾ ਦੁਹਰਾਂਦਾ ਹੋਇਆ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਠੰਢੇ ਦਿਲ ਨਾਲ ਸੋਚਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮੁਲਕ ਦੀ ਬਹਿਬੂਦੀ ਕਿਸ ਚੀਜ਼ ਵਿਚ ਹੈ, ਗਰੀਬਾਂ ਦੀ ਭਲਾਈ ਕਿਸ ਵਿਚ ਹੈ ਅਤੇ ਉਹੀ ਚੀਜ਼ ਸਾਨੂੰ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਕੌਣ ਨਹੀਂ ਜਾਣਦਾ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਕਾਨੂੰਨਾਂ ਦੇ ਬਨਣ ਦੇ ਬਾਅਦ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਨੂੰ, ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਕਿੰਨੀ ਤਕਲੀਫ ਹੋਈ ਹੈ । ਖਿਆਲ ਇਹ ਸੀ ਕਿ ਇਹ ਜੋ ਕਾਨੂੰਨ ਬਣਾਏ ਗਏ ਹਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਗਰੀਬਾਂ ਨੂੰ ਸਹੂਲਤ ਹੋਵੇਗੀ ਪਰ ਇਹ ਗੱਲ ਹੋਈ ਨਹੀਂ ਅਤੇ ਇਸ ਬਾਰੇ ਦੋ ਰਾਵਾਂ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦੀਆਂ । ਅਸੀਂ ਜੋ ਕਾਨੂੰਨ ਬਣਾਉਂਦੇ ਹਾਂ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ amendments ਕਰਦੇ ਹਾਂ ਉਨਾਂ ਨਾਲ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਜਲਦ ਤੋਂ ਜਲਦ ਸਾਰੀਆਂ parties ਦੀ ਇਕ committee ਬਣਾਈ ਜਾਵੇ । Parties ਨੂੰ ਮੈਂ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਮਹਿਜ਼ propaganda ਲਈ ਇਹ ਚੀਜ਼ਾਂ ਨਾ ਕਰਨ ਬਲਕਿ ਸਹੀ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਸੋਚ ਕੇ ਜ਼ਮੀਨ ਦੇ ਮਸਲੇ ਦਾ ਹਲ ਕਢਣ ।

श्री बलराम दास टंडन (अमृतसर शहर, पश्चिम) : स्पीकर साहिब, आज न केवल पंजाब के अन्दर बल्कि भारत के अन्दर हरेक हिस्से में पैदावार की महंगाई का शोर सुनाई देता है। आज इस बिल द्वारा जिस पर कि यहां कल से बहस हो रही है, हम इस मसले के हल करने

की तरफ एक कदम आगे बढ़ाने जा रहे हैं। जहां तक इस बात का ताल्लुक है कि जो ज़मीन 6 कटाई की बजाए 4 कटाई तक खाली पड़ी रहेगी उस को सरकार ले कर lease पर दे देगी, यह एक अच्छा कदम है जिस की कि यह House इजाज़त दे रहा है। लेकिन जो बात कल से बहस का मज़मून बनी हुई है वह वही है जो कि हिंदी रिजनल कमेटी में कही गई है कि ज़मीन उसी गांव या ज़ैल के व्यक्ति को दी जाए जिस में यह हो। स्पीकर साहिब, मैं यह बात समझने से कासिर हूं कि इस बात की मुखालिफत किस बिना पर हो रही है। कल वज़ीर साहिब ने इस बात पर बोलने का मौका दो तीन बार लिया और इस बारे में जो भी बातें और वजूहात रखी गईं वह किसी भी व्यक्ति की समझ से बाहर की बातें हैं।

इन्होंने यह कहा है कि Constitution इस बात की इजाज़त नहीं देता कि किसी भी व्यक्ति पर bar लगाई जाए कि जहां भी वह चाहे, जिस जगह चाहें जिस गांव या ज़ैल में चाहे न रह सके। कोई भी व्यक्ति चाहे किसी तहसील का रहने वाला हो और फिर यही नहीं इस हद को पार करके इस Region या उस Region के रहने वाला हो वह जहां पर चाहे आबाद हो सकता है उस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। इस तरह की बातें यहां पर कही गई हैं। यहां तक कि इस को एक controversy की बात बना दिया गया है। इस हाउस में claims और counter-claims होते रहे हैं। इस सारी बात को लेकर Punjabi Region और Hindi Region, Punjabi Suba और Hariana Prant को इस के अन्दर लाने की कोशिश की गई है। मैं नहीं समझता कि इस प्रकार का कोई सवाल था। यहां पर इस बात पर गर्मा गर्मी भी हुई और इस हद तक बात चली गई कि यह कहा गया कि इस से Regional Formula खत्म हो जाएगा। स्पीकर साहिब, मैं समझता हूं कि जहां तक बिल की provisions का ताल्लुक है उनमें कोई ऐसी बात नहीं जिस के मुताबिक वह ज़मीन उसी गांव या उसी ज़ैल के लोगों को दी जाए। या वहां के स्थानीय लोगों को इस मामले में preference दी जाए। मैं यह समझता हूं कि इस बिल में कोई constitutional बात न थी जो यहां पर लानी ज़रूरी थी। ऐसी कोई बात न थी जिस का ज़िक्र बहस के दौरान किया गया। यह ठीक है कि देश का संविधान यह कहता है कि अगर किसी ने ज़मीन खरीद करनी हो, कोई मकान या इमारत खरीद करनी हो या possession of property लेना हो वह किसी भी प्रान्त का हो किसी भी ज़िले या तहसील का हो, वह सिवाए जम्मू और काश्मीर के किसी भी प्रान्त में ज़मीन ले सकता है। लेकिन यह बात यहां पर कैसे लागू होती है। इस Act के मुताबिक ज़मीन सरकार ने लेनी है और हकूमत इस बात की power अपने हाथ में ले रही है कि जिस वक्त कोई व्यक्ति चार फसल तक खेत को utilize नहीं करता तो उस को सरकार किसी दूसरे व्यक्ति को allot कर दे ताकि पैदावार हो सके। देश में कम पैदावार का मसला है। इस को दूर करने के लिये सरकार इक्दाम कर सके इस लिये यह बिल पेश किया गया है और यह अच्छी बात है। इसी लिये छः फसलों की

[श्री बलराम दास टंडन]

बजाए चार फसलें कर दी गई हैं। सिवाए इस बात के कि ज़मीन किस को दी जाए और कोई बात Hindi Regional Committee की नहीं थी ।

(सरदार उमराओ सिंह की ओर से विघ्न)

आप आराम से सुनें, मैं सब बातों का जवाब देता हूं । इस लिये, स्पीकर साहिब, इस में जो कुछ कहा गया वह यह है कि ज़मीन उसी गांव के रहने वाले को या उसी ज़ैल और तहसील के रहने वालों को दी जाए जहां पर कि ज़मीन वाक्या है । मैं समझता हूं इस में Constitution की कोई बात नहीं । जिस की तरफ इशारा कर के कहा गया कि जहां कोई चाहे ज़मीन को खरीदने और property बनाने की उसे इजाज़त है ; वह बात यहां पर लागू नहीं होती । Constitutional पहलू को इस तरीके से और इस ढंग से पेश करने की कोशिश की गई है कि जिस का इस से सम्बन्ध न था । इस की यहां पर ज़िक्र करने की कोई वजह नहीं बनती थी ।

हम रोज़ क्या देखते हैं कि executive machinery और Ministry कैसे काम करती है । सरकार की तरफ से धांधली मची हुई है । हाऊस के अन्दर हर बात पर ज़्यादा से ज़्यादा powers ली जाती हैं । फिर जो कुछ यहां पर होता है वह आप सब जानते हैं । Question Hour हो या किसी बिल पर debate हो या General Budget पर बहस हो तो सरकार को जो अफ़रा तफरी पड़ती है वह आप जानते ही हैं । मैं ने एक सवाल का जवाब मांगा था कि landless हरिजन कितने हैं जिन के लिये ज़मीन सरकार acquire करती है और किस basis पर उन्हें ज़मीन दी जाती है तो चीफ मिनिस्टर साहिब ने इस बात का मजाक बनाया और हंसी हंसी में बात टाल दी । यह कह दिया कि हरिजन होना चाहिए ज़मीन का काम करता हो लेकिन जब जवाब मेज़ पर रखा गया तो पता चला कि Amritsar का हरिजन है उसे अमृतसर से 70 मील दूर ज़मीन दी गई है । सवाल इस बात का पैदा होता है कि किस तरह Government machinery corrupt ढंग से सारे का सारा काम करती है । इन सारी चीज़ों का हल सोचना ज़रूरी है । सोचना यह है कि जो कानून बनते हैं और जिन में सरकार की ओर से कोशिश इस बात की की जाती है कि वह एक खास ढंग से बनाए जाएं और corrupt practice इस्तेमाल करें लेकिन Legislature किस लिए है ? हम यहां पर इस लिए बैठे हैं कि जो बात censure करने की हो उसे censure करें । इन के action को देखें कानून को पास करने में बन्दिश लगाएं और executive machinery को खुले हाथ न दें corrupt practice करने की । और देखें कि सरकार किस ढंग से किसी legislation को लागू करने की कोशिश कर रही है । मैं समझता हूं कि Opposition के नाते हम सरकार के सामने वह नज़रिया रखें जो लोग चाहते हैं और फिर इस बिल पर न सिर्फ Opposition की तरफ से ही एतराज़ किये गये हैं बल्कि Treasury Benches पर बैठने वालों ने भी कोशिश की है अपना view point ज़ाहिर करने की । यह बेवजा नहीं थी । इस बिल में कुछ खदशात को जन्म दिया है । Hindi Regional Committee ने इसी लिए यह फैसला

किया है और सिफारिश की है कि सरकार limit मुकर्रर कर दें हद लगा दें, कि जमीन उसी इलाके के लोगों को दी जाए। यह नहीं कि अमृतसर ज़िले के अन्दर ज़मीन हो और benefit हिन्दी रिजन को हो या यह कि हरियाणा का कोई व्यक्ति हो और चीफ मिनिस्टर का वाकिफ हो या और किसी ऐसे व्यक्ति का दोस्त हो जिस का ज़मीन के साथ दूर का भी वास्ता न हो और जो इस काम को जानता भी न हो उसे फायदा पहुंचाने के लिये ज़मीन कहीं पर भी allot कर दी जाए। इस तरह की कोशिश करनी ठीक नहीं। सरकार के सामने देश के भले का प्रश्न है लेकिन इस तरह corrupt means के ज़रिए अपने आदमियों को नाजाइज़ फायदा पहुंचाने के लिये इस तरह का नज़रिया पेश किया गया है ।

स्पीकर साहिब, दूसरी बात यह है जो यहां पर आई है कि Regional Formula खत्म हो जाता है। जहां तक इस बात का ताल्लुक है इस के बारे में स्पीकर साहिब, मैं इतना ज़रूर कहना चाहता हूं कि इस हाऊस के अन्दर Regional Committees की अपनी सिफारशात आएंगी और जो दूसरी Committees होती हैं उन की सिफारशें भी आती हैं और हाऊस के सामने रखी जाती हैं और इस हाऊस के पास powers हैं कि उन सिफारशात को reject कर दें या मान लें। रद्द कर दें या दोनों कमेटियों की सिफारशों को एक कर दें या फिर भेज दें reconsider करने के लिये। Legislature के पास power है कि वह इसे जिस तरह चाहे ठीक कर सकती है। ठीक है अगर कोई असूली फर्क रह जाए तो गवर्नर साहिब ने फैसला देना है वरना मैं समझता हूं कि छोटी छोटी बातों पर इस तरह करना अच्छा नहीं। यह सब एतराज़ किस बात पर हो रहे हैं इस सारी खराबी की जड़ Regional Formula है। देश के किसी भी और हिस्से में इस तरह की बात नहीं हो सकती और न हुई है। अगर इस बात को हाऊस नहीं मानता कि यह Opposition की तरफ से तजवीज़ की गई है तो Treasury Benches की तरफ से भी तो कही गई है। मैं नहीं समझता कि एक माकूल तजवीज़ को सरकार क्यों मानने को तैयार नहीं। ऐसी छोटी छोटी बातों पर यह कहना कि Regional Formula खत्म हो जाता है, या कि Hindi Region और Punjabi Region कायम नहीं रह सकेंगे ठीक नहीं है। अनेक बातें होती हैं पर बिल पर होती हैं लेकिन इस तरह की बातें न तो इस बिल के scope में आती हैं और न refer करनी चाहिए थीं। यह तो इन बातों को debate में खींचने वाली बात है। न तो पंजाबी सूबे वाले हमेशा के लिए खत्म हो जाएंगे न ही हरियाणा ज़िला के भाई खत्म हो सकते हैं। मैं यह समझता हूं कि जो इस तरह की अड़चन है वह हमेशा रहेगी जब तक Regional Formula रहेगा। कोई सिफारिशात कमेटियों से आएंगी फिर यहां पर कुछ होगा फिर Council की तरफ से सिफारिशात होंगी फिर उस की तरफ से भेजी जाएंगी। वह सारी की सारी हाऊस के सामने आएंगी। तो इस तरह की अड़चनें तो रहेंगी। देखना तो इस बात को है कि जो सिफारिशात की गई हैं वह कैसी हैं, अच्छी हैं? यह नहीं कि वह Hindi Regional Committee ने की हैं या Punjabi Regional Committee ने की हैं। हमें तो बात के merits को देखना है। यह नहीं देखना कि किस को फायदा पहुंचता है

[श्री बलराम दास टंडन]

किस को नुकसान होता है। मैं तो यह निवेदन करूंगा कि हालात को सामने रख कर हर बात को देखना ज़रूरी है। यह नहीं होना चाहिये कि किसी वज़ीर साहिब या चीफ मिनिस्टर साहिब के आस पास रहने वालों को फायदा पहुंचाया जाए और उन्हें हरियाणा प्रान्त में ज़मीन allot की जाए जिस ज़मीन पर उन का कोई हक न हो। इस तरह की बातों में किसी से रियायत नहीं की जानी चाहिये। Departments में जो कुछ होता है वह सब जानते हैं। Publicity Department में जो appointments होती हैं वह कैसे और किस आधार पर की जाती हैं ....

Mr. Speaker : Please try to be relevant.

श्री बलराम दास टंडन : स्पीकर साहिब, मैं यह बातें इस लिये कर रहा हूं ताकि हाऊस को बता सकूं कि किस तरह से अपने आदमियों को फायदा पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। वैसे तो किसी भी Department के अंदर कोई भी मद ऐसी नहीं जहां पर इस तरह की बातें नहीं होतीं। इस Department में एक clerk से लेकर Sub-Registrar तक इसी तरीका से हकूमत चलती है। और ज्यादा तरक्की उन लोगों की ही होती है जो undeserving होते हैं और जी हजूरिये होते हैं। Deserving लोगों को तो कोई पूछता ही नहीं है। आज यह एक power और इस Amending Bill के जरिए से ली जा रही है कि एक खास शख्स को ही, एक खास ज़िला से लाकर खास मुकाम पर बिठलाने की कोशिश की जा रही है। और जब Consolidation Department इस पर अमल दरामद करेगा तो तरह तरह की नुकता चीनी की जायेगी कि यहां पर यह बात नहीं इस लिये आप को ज़मीन नहीं मिल सकती। इस तरह के बहाने बनाये जाएंगे। इस लिये स्पीकर साहिब, मैं आप से गुज़ारिश करूंगा कि पहले ही से इस किस्म का इन्तज़ाम किया जाये ताकि जो unchecked hands हैं उन को रोका जा सके।

ਪੰਡਿਤ ਰਾਮਕਿਸ਼ਨ ਭੜੋਲੀਆਂ (ਊਨਾ) : ਸ੍ਰੀਮਾਨ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਸ ਬਿਲ ਤੇ ਪਰਸੋਂ ਤੋਂ ਬਹਿਸ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ। ਇਸ ਨੂੰ ਅਸਲ ਵਿਚ ਐਵੇਂ ਹੀ ਲੰਬਾ ਬਣਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਜਿਸ ਸ਼ਕਲ ਵਿਚ ਹੁਣ ਇਸ ਨੂੰ ਪਾਸ ਕਰਾਉਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਇਹ ਦੇ ਨਾਲ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਨਸਾਫ ਮਿਲਣ ਦੀ ਆਸ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਇਸ amendment ਦੇ ਬੁਨਿਆਦੀ ਮਕਸਦ ਦੋ ਸਨ। ਇਕ ਤਾਂ ਇਹ ਸੀ ਕਿ ਕਿਉਂਕਿ ਮੁਲਕ ਵਿਚ ਅਨਾਜ ਦੀ ਕਮੀ ਹੈ, ਇਸ ਲਈ ਜਿਹੜੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਕਾਸ਼ਤ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਆਈਆਂ ਅਤੇ ਬੇਕਾਰ ਪਈਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਾਸ਼ਤ ਵਿਚ ਲਿਆਂਦਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਜੋ ਮੁਲਕ ਵਿਚ ਜਿਹੜੀ ਅਨਾਜ ਦੀ ਕੰਮੀ ਹੈ ਉਹ ਦੂਰ ਕੀਤੀ ਜਾ ਸਕੇ। ਦੂਸਰਾ ਮਕਸਦ ਇਹਦਾ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਦਿਹਾਤੀ ਮਜ਼ਦੂਰ ਬੇਕਾਰ ਫ਼ਿਰ ਰਹੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੰਮ ਧੰਦਾ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ। ਇਹ ਜਿਹੜੀ amendment ਆਈ ਹੈ ਮੈਂ ਇਸਦਾ ਸੁਆਗਤ ਕਰਦਾ ਹਾਂ, ਲੇਕਿਨ ਇਸ ਦੇ ਵਿਚ 2-3 ਗੱਲਾਂ ਐਸੀਆਂ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਪੇਸ਼ਬੰਦੀ ਹੋਣੀ ਲਾਜ਼ਮੀ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਇਹ ਨਾ ਕੀਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਤਾਂ ਇਹਦਾ ਜਿਹੜਾ ਮਕਸਦ ਹੈ ਉਹ ਜ਼ਰੂਰ ਹੀ ਫੇਲ੍ਹ ਹੋ ਜਾਵੇਗਾ। ਇਹ ਕਾਮਯਾਬ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਣੀ। ਉਹ ਇਹ ਮਕਸਦ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਗਰੀਬ ਦਿਹਾਤੀ ਮਜ਼ਦੂਰ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ

ਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨ ਮਿਲਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਪਹਿਲੀ ਸ਼ਰਤ ਇਹ ਲਗਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਕਿ ਜਿਤਨੀ ਵੀ ਜ਼ਮੀਨ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇਗੀ ਉਹ ਗਰੀਬ ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਵਿਚ ਹੀ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ । ਤਾਂਜੋ ਪਹਿਲਾ ਮਕਸਦ ਸਾਡਾ ਬੇਕਾਰੀ ਨੂੰ ਜਿਹੜਾ ਖਤਮ ਕਰਨ ਦਾ ਹੈ ਉਹ ਪੂਰਾ ਹੋ ਸਕੇ । ਇਸ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਕੋਈ assurance ਦੇਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਇਕ ਹੋਰ ਸ਼ਰਤ ਜਿਹੜੀ ਰਖੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਉਹ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਇਕ ਇਲਾਕੇ ਦਾ ਕਿਸਾਨ ਹੋਰ ਜਗ੍ਹਾ ਤੇ ਅਤੇ ਦੂਸਰੀ ਜਗ੍ਹਾ ਦਾ ਕਿਸਾਨ ਉਸ ਜਗ੍ਹਾ ਤੇ ਤਬਦੀਲ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ, ਇਹ ਪਾਬੰਦੀ ਹਟਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਖਿਆਲ ਹੈ ਕਿ ਕਰਨਾਲ ਦਾ ਕਿਸਾਨ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਅਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਦਾ ਕਿਸੇ ਹੋਰ ਥਾਂ ਭੇਜਿਆ ਜਾਵੇਗਾ । ਇਹ ਠੀਕ ਨਹੀਂ। ਜਿਸ ਦੀ ਕਈ ਥਾਈਂ ਜ਼ਮੀਨ ਹੈ ਉਸ ਨੇ ਉਸ ਆਦਮੀ ਨੂੰ ਹੀ ਦੇਣੀ ਹੈ ਜਿਸਦੀ ਕਿ ਇਕ ਥਾਂ ਇਕੱਠੀ ਹੈ । ਜਾਂ ਇਉਂ ਕਹੋ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਛੋਟੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਵਾਲੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਉਥੋਂ ਦੇ landlord ਦੇ ਹੀ ਹਵਾਲੇ ਕਰਨੀ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਤਰਾਂ ਕਰਨ ਵਿਚ ਬੜੀ ਭਾਰੀ corruption ਹੋਵੇਗੀ । ਇਹ ਰਿਆਇਤ ਨਹੀਂ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ । ਇਹ ਬੰਦ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਤੀਸਰੀ ਗੱਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਹੁਣ ਤੱਕ ਦਿੱਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ ਉਹ ਸਿਰਫ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਹੀ ਦਿੱਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲ ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਸਨ ਅਤੇ ਉਹ ਖੁਦ ਹਲ ਨਹੀਂ ਵਾਹੁੰਦੇ । ਅਸਲ ਵਿਚ ਇਹ ਦੇਣੀਆਂ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਸਨ ਜਿਹੜੇ ਦਿਹਾਤੀ ਮਜ਼ਦੂਰ ਨੇ । ਇਸ ਬਾਰੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਰਿਆਇਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਦਿੱਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ । ਖੂਹ ਲਾਉਣ ਲਈ ਪੈਸੇ ਅਤੇ ਹੋਰ ਕਰਜ਼ੇ ਦਿੱਤੇ ਗਏ ਹਨ । ਪਰ ਇਸ ਨਾਲ ਗਰੀਬ ਦੀ ਭਲਾਈ ਦਾ ਜਿਹੜਾ ਅਸਲ ਮਕਸਦ ਸੀ ਉਹ ਹੱਲ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੋਣ ਨਾਲ ਦੋ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨੁਕਸ ਪੈਦਾ ਹੋਏ ਹਨ । ਇਕ ਤਾਂ ਇਹ ਕਿ ਜਿਹੜਾ ਮਕਾਮੀ ਬੇਰੋਜ਼ਗਾਰੀ ਦਾ ਮਸਲਾ ਹੈ ਉਹ ਹੱਲ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ । ਦਿਹਾਤੀ ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਜ਼ਮੀਨ ਨਹੀਂ ਮਿਲੀ, ਜਿੱਸ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਹੀ corruption ਅਤੇ ਕੁਨਬਾ ਪਰਵਰੀ ਹੋਈ ਹੈ ਪਰ ਇਹ ਰੁਕ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਸਕਦੀ ਹੈ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮੈਂ ਪਹਿਲਾਂ ਅਰਜ਼ ਕੀਤੀ ਹੈ । ਇਕ ਗਲ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿਣੀ ਚਾਹੁੰਣਾ ਹਾਂ ਕਿ ਗਵਰਮਿੰਟ ਦੇ ਜਿਹੜੇ ਮਹਿਕਮੇ ਨੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਇਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਬੜੀ ਭਾਰੀ criticism ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ । ਇਕ ਪਾਸੇ ਤਾਂ ਇਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਬੇਕਾਰ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਜਿਹੜੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ utilize ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਦੂਸਰੇ ਪਾਸੇ ਜਿਹੜੀਆ ਬੇਹਤਰੀਨ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਹਨ ਉਹ ਜੰਗਲਾਤ ਦੇ ਹਵਾਲੇ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾ ਰਹੀਆਂ ਹਨ । ਇਹਦੀ ਇਕ ਮਿਸਾਲ ਨਹੀਂ ਬਲਕਿ ਦਰਜਨਾਂ ਮਿਸਾਲਾਂ ਹਨ ਜਿਥੇ ਇਸ ਤਰਾਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਮੈਂ ਇਸ ਬਾਰੇ ਆਪਣੇ ਪਿੰਡ ਦੀ ਮਿਸਾਲ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਜਿਥੇ ਕਿ ਕਣਕ ਦੀ ਫਸਲ ਖੜੀ ਸੀ, ਇਸ ਦੇ ਵਿਚ ਜਾਕੇ ਜੰਗਲਾਤ ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਨੇ ਬੁਰਜੀਆਂ ਲਾ ਦਿਤੀਆਂ । ਹਲ ਦੀਆਂ ਵਾਹੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਜਾਂ ਜਿਹੜੀਆਂ ਜ਼ਰਖੇਜ ਦੋਫਸਲੀ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਸਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਵਿੱਚ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਬੁਰਜੀਆਂ ਲਾਈਆਂ ਹਨ । ਇਸ ਕਿਸਮ ਦੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਜੰਗਲਾਤ ਦੇ ਹਵਾਲੇ ਕੀਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ । ਜਿਸ ਨਾਲ ਪੈਦਾਵਾਰ ਵਧਾਉਣ ਦਾ ਜਿਹੜਾ ਮਕਸਦ ਸੀ ਉਹ ਸਾਰਾ ਹੀ ਖਤਮ ਹੋ ਗਿਆ । ਬਿਟਣ ਪਿੰਡ ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ ਜਿਥੇ ਇਕ ਪੁਸ਼ਤ ਤੋਂ ਨਹੀਂ ਬਲਕਿ ਕਈ ਪੁਸ਼ਤਾਂ ਦੋ ਫਸਲੀ ਜ਼ਮੀਨ ਸੀ, ਉਸ ਵਿਚ ਬੁਰਜੀਆਂ ਲਵਾਈਆਂ ਗਈਆਂ । ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਜਿਹੜੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਹਨ ਇਸ ਦੀ ਰੋਕ ਥਾਮ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ । ਕੁਨਬਾ ਪਰਵਰੀ ਅਤੇ corruption ਜਿਸ

[ਪੰਡਿਤ ਰਾਮਕਿਸ਼ਨ ਭੜੋਲੀਆਂ]

ਨਾਲ ਫੈਲ ਰਹੀ ਹੈ ਇਸ ਨੂੰ ਹਟਾਉਣਾ ਬਹੁਤ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ। ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਹੱਥ ਵਿਚ ਇਹ ਇਖਤਿਆਰਾਤ ਹਨ ਜਾਂ ਇਹ ਜਿਹੜਾ Consolidation ਦਾ ਮਹਿਕਮਾ ਹੈ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਈ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਤਰੀਕਿਆਂ ਨਾਲ ਆਮਦਨੀ ਦਾ ਜ਼ਰੀਆ ਬਣਾਇਆ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਜਦੋਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦੀ ਤਕਸੀਮ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਮਨ ਮਰਜ਼ੀ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਬਾਰੇ ਇਕ ਕਮੇਟੀ ਬਣਾਈ ਜਾਵੇ, ਜਿਹੜੀ ਖੁਦ ਵੇਖੇ ਕਿ ਕਿਹੜਾ ਕਿਹੜਾ ਆਦਮੀ ਬੇਕਾਰ ਹੈ ਅਤੇ ਕਿਹੜੀ ਜ਼ਮੀਨ ਵਾਹੀਯੋਗ ਹੈ, ਕਿਹੜੀ ਵਿਚ ਅੱਛੀ ਫਸਲ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਕਿਹੜੀ ਜੰਗਲਾਤ ਦੇ ਹਵਾਲੇ ਕਰਨ ਵਾਲੀ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨਾਲ ਵੀ ਇਨਸਾਫ ਹੋ ਸਕੇ ਅਤੇ ਚੰਗੀ ਜ਼ਮੀਨ ਵੀ ਖਰਾਬ ਨਾ ਹੋਵੇ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪੈਦਾਵਾਰ ਵਧਾਈ ਜਾ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਅਸੀਂ ਆਪਣੇ ਮੁਲਕ ਨੂੰ ਅੱਗੇ ਲੈ ਜਾ ਸਕਦੇ ਹਾਂ। ਅੱਜ ਏਥੇ land reform ਦੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਹੋ ਰਹੀਆਂ ਹਨ। ਇਹ ਵੀ ਇਤਲਾਹ ਹੈ ਕਿ ਆਚਾਰਿਯਾ ਵਿਨੋਬਾ ਭਾਵੇ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਸੰਤ ਮਹਾਤਮਾ ਹਨ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਆ ਰਹੇ ਹਨ। ਸਾਨੂੰ land reform ਵਿੱਚ ਵੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਕੋਈ ਨਾ ਕੋਈ ਇਮਦਾਦ ਮਿਲ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਸਾਨੂੰ ਇਸ ਮਸਲੇ ਨੂੰ ਹਲ ਕਰਾਉਣ ਵਿੱਚ ਦੇਰੀ ਨਹੀਂ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ। Corruption ਨੂੰ ਰੋਕਣ ਵਾਸਤੇ ਇਕ ਦੋ ਛੋਟੀਆਂ ਛੋਟੀਆਂ ਹੀ ਗੱਲਾ ਹਨ ਜਿਹੜੀਆਂ ਕਿ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕੀਤੀਆਂ ਹਨ। ਮੈਨੂੰ ਸਮਝ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੀ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵੀ ਰੋਕਣ ਵਲ ਕਿਉਂ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ। ਇਹ ਹੀ ਗੱਲਾਂ ਸਨ ਜਿਹੜੀਆਂ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀਆਂ ਚਾਹੁੰਦਾ ਸਾਂ।

Shri Harbhagwan Maudgil : Sir, I beg to move:—

That the question be now put.

श्री अध्यक्ष : तकरीबन सब Members ने इस पर बोल लिया है। खैर जरा ठहरिये कुछ मैम्बर साहिबान और बोल लें। (Almost all the Members have spoken, still let a few more speak on it). (*Interruptions.*)

(*At this stage many hon. Members rose to catch the eye of the hon. Speaker, The hon. Speaker called upon Shrimati Om Prabha Jain.*)

10.00 a.m.

श्रीमती ओम प्रभा जैन (कैथल) : माननीय स्पीकर साहब,.......

चौधरी बालू राम : वक्त लेने के लिये खुशामद तो की नहीं जा सकती.....

श्री अध्यक्ष : इस में खुशामद का क्या सवाल है। मुझे अफसोस है कि एक आनरेबल मैम्बर को ऐसा ख्याल हुआ। (There is no question of ("खुशामद") I am sorry that the hon. Member thought like this.)

ਸਰਦਾਰ ਭਾਗ ਸਿੰਘ : ਖੁਸ਼ਾਮਦ ਦਾ ਲਫਜ਼ withdraw ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

Mr. Speaker : I don't mind that.

Shri Harbhagwan Maudgil Sir, that is an aspersion on the Chair. He should be asked to withdraw his remarks.

Mr. Speaker : I do not mind that.

श्रीमती ओम प्रभा जैन : स्पीकर साहब, जब से land reforms का सिलसिला यहां चला और surplus land की बात हुई कि surplus land ले कर उन लोगों में बांटी जाए जो कि landless tenants हैं तब से ऐसे लोगों में जो ज़मीन की काश्त कर सकते थे लेकिन ज़रिया नहीं था, एक आशा की लहर दौड़ गई और वह हकूमत की तरफ भी आशा भरी आंखों से देखने लगे कि उन के भी कभी न कभी दिन पलटेंगे। आज जिस गांव में जाते हैं वहां का tenant, वहां का हरिजन किसान यही सवाल पूछता है कि उन को ज़मीन कब मिलेगी ? और इस में भी कोई शक नहीं कि जब से land reforms की बात चल रही है तभी से ज़मींदार और गैर-ज़मींदार के सम्बन्धों में बड़ा भारी फर्क आ गया है और उन के आपस के सम्बन्ध दिन-प्रति-दिन बिगड़ते जा रहे हैं और नतीजे के तौर पर हम आए दिन सुनते हैं और अखबारों में पढ़ते हैं कि कहीं कोई murder हो गया तो कहीं कोई और फसाद हो गया है।

श्री अध्यक्ष : आप लम्बी-चौड़ी तकरीर में न पड़ें। (The hon. Lady Member need not try to make a long speech.)

श्रीमती ओम प्रभा जैन : इसलिए मैं समझती हूं कि जो मज़दूर हैं, जिन के पास ज़मीन नहीं है उन को बसाने की कोशिश की जाए तो अच्छा होगा। और हिंदी रीजनल कमेटी ने अपनी जो रिपोर्ट दी है मैं उस की पुरजोर ताईद करती हूं। उन्होंने कहा है...... to lease to any person. यह गलत बात है जो यह कहा जाता है कि जिस ज़मीन पर 4 फसलों से काश्त नहीं उस के लिए एक कानून बनना चाहिए जिस के ज़रिए यह ज़मीन ऐसे आदमियों को बांटी जाए जिन के पास ज़मीन नहीं है। इस सिलसिले में मैं नागपुर में पास हुए joint co-operative farming के resolution का हवाला देना चाहती हूं जिस का मन्शा यही है कि जो ज़मीन छोटे छोटे टुकड़ों में बांटी गई है उस को co-operative farming के under लाया जाए और इस तरीके से yield per acre and per individual बढ़ाई जाए। मैं सरकार से कहना चाहती हूं कि वह ऐसे rules बनाए कि जिस के ज़रिए जिन लोगों के पास 5 ऐकड़ से कम ज़मीन है या बिलकुल नहीं उन को ज़मीन दी जाए मगर डिप्टी कमिश्नर को इस तरह की wide powers न दी जाएं कि वह जिस को जहां चाहे वहां ज़मीन दे सके। और साथ ही जो लोग cash crops पैदा करते हैं उन को इस की इजाज़त न दी जाए क्योंकि अनाज की समस्या बड़ी भीषण होती जा रही है। इस लिये food crops पैदा करने पर ज़ोर दिया जाए, ताकि विकट रूप धारण करती जा रही इस समस्या को हल किया जा सके।

[श्रीमती श्रोम प्रभा जैन]

एक चीज़ यह कही गई है और हिंदी रिजनल कमेटी की रिपोर्ट है कि उन leases को cancel कर दिया जाए जो दिये जा चुके हैं। मैं यह कहना चाहती हूं कि उन को बरकरार रखा जाए लेकिन आगे के लिये ज़रूर यह बात की जाए कि पहले ज़मीन स्थानीय लोगों को या उस तहसील के लोगों को देने में preference दी जाए। और यह जो cancel करने वाली बात है यह ठीक नहीं है क्योंकि न तो यह बात constitutionally ठीक है और न इस का कोई moral या humanitarian justification ही है।

Shri Harbhagwan Maudgil : Sir, again, I beg to move—

That the question be now put.

Mr. Speaker : Question is:—

That the question be now put.

After ascertaining the votes of the House by voices, Mr. Speaker said 'I think the Ayes have it." This opinion was challenged and division was claim-d. Mr. speaker after calling upon those members, who challenged the decision and supported the claim for a division to rise in their places declared that th division was unnecessarily claimed.

The motion was declared carried.

माल मंत्री (राओ बीरेन्द्र सिंह) : मुहतरिम स्पीकर साहब, इस बिल पर हाऊस में कल से जो एतराज़ हुए हैं वह एतराज़ रिजनल कमेटी की मीटिंग में भी पेश किए गए थे। उस वक्त यह कोशिश की गई थी कि उन का पूरा जवाब दिया जाए और समझाने की कोशिश की गई लेकिन जिन्हें समझना मंजूर नहीं उन के लिए फिर बड़ा मुश्किल है। कौन सी ऐसी नई बात कही जाए कि जिस से मेरे दोस्त चौधरी धर्म सिंह राठी को मनाया जाए। मैं ने पंडित श्री राम शर्मा और चौधरी धर्म सिंह राठी जी की speeches को सुना। मैं ज़रा सी इस के बारे में पोज़ीशन वाज़े कर दूं कि एक छोटा सा बिल है जिस का Principal Act सन् 1949 में इस हाऊस ने पास किया था, उस के बाद कुछ ज़िलों में ज़मीनें दी गई थी उन ज़मीनों के लिये जिन को आज 8 साल के करीब का अर्सा हो गया, एतराज़ करना और यह कहना कि claims cancel कर के उन लोगों को ज़मीनें दी जाएं जिन की वह ज़मीनें हैं, साथ ही हरिजनों का और गरीब आदमियों का नाम लिया जाए तो मैं समझता हूं कि यह बात ठीक नहीं है। इस Amending Bill के लाने का मतलब यह था कि इस ऐक्ट के तहत जो ज़मीन ली जाती थी वह इस तरह से ली जाती थी कि अगर कोई आदमी अपनी ज़मीन में 6 साल तक काश्त नहीं करता तो उस को acquire कर लिया जाता था लेकिन अब यह मकसद है कि अगर चार फसलों तक फसल उस ज़मीन में न हो तो उस को ले लिया जाए। इस के साथ ही यह शर्त है कि जो ज़मीन इस तरह से ले कर lease पर दी जाएगी उस में सिर्फ अनाज की फसल पैदा की जाएगी। अब चूंकि अगर ऐसी ज़मीन किन्हीं ऐसे हरिजनों के पास,

जिन के पास अपने मवेशियों के लिये चारा पैदा करने के लिये और ज़मीन न हो, दी गई है तो उन को हक दिया गया कि वह चारा भी पैदा कर सकें......इतनी सख्ती नहीं की जा सकती कि वह सिर्फ अनाज की फसल ही उगाएं और दूसरी चीज़ों के लिये तरसते फिरें। इस लिए यह रियायत देने के लिये यह तजवीज़ रखी गई है कि वहां सिर्फ food crops उगानी ज़रूरी नहीं होंगी बल्कि उस बंजर ज़मीन को तोड़ने वाला और फसलें भी बो सकता है। इस बात के लिये हमें यह amendment लानी पड़ी है। इस पर जो एतराज़ात हुए हैं वह, स्पीकर साहिब, आप ने सुने हैं। यह एक बहुत मामूली बात थी लेकिन Opposition के दोस्तों ने Bill के scope से बाहिर जा कर बातें की हैं और करनाल के भाइयों ने भी जज़्बात में आकर speeches की हैं। उन्होंने Hindi Region के लोगों का मुकदमा लड़ना शुरू कर दिया है। मैं बताना चाहता हूं कि अगर Hindi Regional Committee की Report को मान लिया जाए तो फिर इस Act का मकसद ही खत्म हो जाता है। मैं आदादो शुमार दे कर वाज़े करूंगा कि अगर उन्हीं ज़ैल के लोगों के लिये यह कड़ी शर्त रख दी जाए जिस में यह ज़मीनें हैं तो बहुत कम लोग होंगे जो उन को काश्त करने के लिये आगे आएंगे। अगर उन गांव के और आस पास के लोग मिल कर उस ज़मीन को आबाद कर के काश्त करते हैं तो उस से उस इलाके की भलाई है। अगर वहां की ज़मीन बंजर पड़ी रहती तो उस से क्या फायदा हो सकता था। इस लिये मैं समझता हूं कि यह उन लोगों के अपने interest में है कि वहां की ज़मीनें काबले काश्त बनाई जाएं।

दूसरी तजवीज़ जो Hindi Regional Committee ने की है वह यह है कि ऐसी ज़मीनें जो lease पर दी जा चुकी हैं उन leases को cancel कर दिया जाए और जिन लोगों ने 8, 9 साल मेहनत करके और खर्च करके, उस ज़मीन को आबाद किया है उन को बगैर compensation दिए निकाल दिया जाए। यह कैसी अजीब बात है। हम उन लोगों को वहां से उजाड़ कर कहां भेज सकते हैं। इस सिलसिले में हम ने Legal Remembrancer की राय ली है। उन की कानूनी राय यह है कि हम उन के rights को खत्म नहीं कर सकते। हमारा Constitution इस बात की इजाज़त नहीं देता। Hindi Regional Committee की Report को देख कर मुझे बड़ा ताज्जुब हुआ है। प्रोफैसर शेर सिंह जो Hindi Regional Committee के active member हैं और इस Bill पर खास तौर से active थे उन्होंने यह याद नहीं रखा कि उन्होंने अपनी Report में क्या recommendations की हैं। Professor साहिब ने कहा है कि ज्ञानी जी ने यह बात ठीक नहीं कही कि हम चाहते हैं कि वह lease जो दिए हुए हैं cancel कर दिए जाएं। उन की अपनी लिखी हुई Report की जो आखरी lines हैं वह मैं पढ़ कर सुनाता हूं। इस में लिखा है—

> "It further provides that all such leases given under this Act to such persons, who were not bonafide residents of the same zail in which the land was situated on the day when the land was taken into possession under section 3 of the Act shall be cancelled forthwith."

[माल मंत्री]

स्पीकर साहिब, यह उन की अपनी Report है और इस को लिखने वाले कहते हैं कि हम ने तो ऐसा चाहा ही नहीं है। इस से ज़ाहिर होता है कि वह असलियत की तरफ कितना ध्यान देते हैं और किस तरीके से अपने मकसद को पूरा करने के लिये उन Land-Lords की मदद करना चाहते हैं जो कि ज़मीन को काश्त नहीं करते। वह उन हरिजन और गरीब लोगों को जिन्होंने वह ज़मीनें आबाद की हैं वहां से उजाड़ना चाहते हैं। मुझे अफसोस है कि Hindi Regional Committee के मेम्बर साहिबान ने बगैर सोचे समझे इस तरह का step लेने की तजवीज़ की है। हमारे दोस्त पंडित श्री राम शर्मा जी ने भी राठी साहिब की तरह जज़बात की रौ में बहना शुरू कर दिया है।

(The hon. Minister was still on his legs when the House adjourned. The House reassembled after interval at 11.15 a.m.)

माल मंत्री (राओ बीरेन्द्र सिंह) : स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ कर रहा था कि इस House में जो इस Bill के मुताल्लिक चंद साथियों की तरफ से बातें कही गई हैं उन का जवाब देना मैं इस लिये ज़रूरी नहीं समझता क्योंकि वह दीदा दानिस्ता की गई हैं। उन के मुताल्लिक वह खुद दिल में जानते थे कि यह ठीक नहीं है। पंडित श्री राम जी ने और राठी साहिब ने कहा था कि food के मसले को हल करने के लिये यह ज़मीनें सिर्फ food crops बोने के लिये ही इस्तेमाल होनी चाहिएं। लेकिन वह यह बात भूल गए हैं कि उन्होंने जो Hindi Regional Committee में Report की है उस में उन्होंने कहा है कि lessee can use that land for any crops. अपनी speech में उन्होंने कहा कि अगर इस में यह provision रखी गई कि Deputy Commissioner जिस को चाहे वह ज़मीन दे सकता है तो वहां की ज़मीनें Government के अहकाम से बाहिर के लोगों को दी जाएंगी। लेकिन जब उन्होंने recommendation की तो उस में फिर उन्होंने यह चीज़ मानी कि जो provision Act में है वह stand करती हैं।

ਚੌਧਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ : ਫੇਰ ਤੁਸੀ Hindi Regional Committee ਦੀ Report ਕਿਉਂ ਨਹੀਂ ਮੰਨ ਲੈਂਦੇ ?

माल मंत्री : इस के इलावा जो उन्होंने Report में चाहा है वह माना नहीं जा सकता क्योंकि Constitution ऐसा करने की इजाज़त नहीं देता। तो मैं अर्ज़ कर रहा था कि जो बातें यहां पर कहीं गई उन का लुब्बेलुबाब यह था कि करनाल में और हरियाणा में बड़े २ ज़मीदारों की ज़मीनें दे दी गई हैं। वह कहते हैं कि एक २ ज़मीदार को सैंकड़े एकड़ ज़मीन दी गई है और वह काश्त नहीं करते। शर्मा जी ने कहा है कि 97 प्रतिशत ज़मीनें अमृतसर के जिले को दी गई हैं। मुझे इस बात का बड़ा ताज्जुब हुआ कि कामरेड रामचन्द्र जी ने भी एतबार कर लिया कि पंजाबी Region के लोगों के गलबे की वजह से ऐसा किया जा रहा है। मैं उन की information के लिये वह आदादो-शुमार बताना चाहता हूं और उस के बाद मेंरे दोस्तों को पता लग जाएगा कि जो अंदेशा

उन के दिमाग में है वह बेबुनियाद है। अब तक कुल ज़मीन जो इस Act के तहत acquire की गई है वह एक लाख 24 हज़ार एकड़ है। इस में से 44,460 एकड़ ज़मीन हरिजनों को allot हुई है, पांच हज़ार acres, ex-service-men को allot हुई है और 75 हज़ार acres दूसरे सब लोगों को दी गई हैं।

चौधरी धर्म सिंह राठी : गलत है, बिल्कुल गलत। मैं challenge करता हूं।

माल मंत्री : अगर राठी साहिब के पास कोई agency हो तो वह खुद facts and figures इकट्ठें करवा लें फिर उन्हें पता चल जाएगा कि मैं गलत कह रहा हूं या ठीक कह रहा हूं।

स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ कर रहा था कि इस चीज़ की बिना पर हमें यह amendment लानी पड़ी थी। हमारी जो Resources and Retrenchment Committee थी उस ने सिफारिश की थी कि यह जो ज़मीनें बेकार पड़ी हैं उन को utilize किया जाए। इस लिये पहले जो छ: फसलों की शर्त थी उसे अब हम चार फसलों की कर रहे हैं। उस में अगर लगातार चार फसलें नहीं बोई जाएंगी तो वह ज़मीन acquire की जाएगी। जब उस ज़मीन में सिर्फ food and fodder उगाने की condition थी तो लोग उन ज़मीनों को लेने के लिये आगे नहीं आते थे। इस लिए हम ने amendment की है कि सरकार उन को food crop पैदा करने के लिये ही मजबूर नहीं करेगी बल्कि उन को और crops भी उगाने की इजाज़त होगी।

सारे ज़िला करनाल में कुल 97176 एकड़ ज़मीन इस Act के तहत acquire की गई है और जिन को यह दी गई है उन में 2132 lessees तो स्पीकर साहिब ज़िला करनाल के हैं और सिर्फ 521 lessees बाहर के हैं.....

चौधरी धर्म सिंह राठी : रकबा कितना है उन के पास ?

माल मंत्री : रकबा मैं ने अर्ज़ किया है कि 97176 एकड़ है। यहां पर बड़ा शोर मचाया गया और कहा गया कि 95 नहीं 97 फीसदी लोग ज़िला अमृतसर के उस ज़मीन पर बैठे हुए हैं लेकिन जनाब आप इन facts and figures से मुलाहज़ा फरमाएं कि यह 95, 97 फीसदी तो कहां 20 फीसदी भी नहीं बनते हैं और 80 फीसदी से ऊपर ज़िला करनाल के लोगों को ज़मीन मिली हुई है......

चौधरी धर्म सिंह राठी : रकबा कितना है इन 521 के पास ?

माल मंत्री : 521 के पास जितना रकबा है वह भी बतला दूंगा। आप ज़रा तसल्ली रखें। मैं इस बारे में average figures बतलाता हूं। यहां पर कहा गया कि सैंकड़ों नहीं हज़ारों एकड़ ज़मीन बाहर के बड़े २ ज़मींदारों को दी गई है। इस बारे में भी आप मुलाहज़ा फरमाएं कि यह सारी ज़मीन जो lease पर दी गई है उस की average एक lessee के नाम 20 एकड़ के करीब पड़ती है और 10 एकड़ से कम ज़मीन किसी को नहीं दी गई है। आप अच्छी तरह समझ सकते हैं कि जहां average 20 एकड़ फी lessee की हो और 10 एकड़ से कम किसी को न दी गई हो तो शायद चंद

[माल मंत्री]

एक आदमी ऐसे होंगे जिन को 20 से 25 एकड़ तक ज़मीन मिली होगी। वह भी उस वक्त दी गई जब कि rules पूरे नहीं बने थे। इस के इलावा जनाब बाज़ जगह तो D.C. साहिबान ने auction के ज़रिए ज़मीन दी क्योंकि local आदमी ज़मीन लेने आगे नहीं आते थे......

Chaudhri Balbir Singh : On a point of information, Sir........

Mr. Speaker : The hon. Minister is not giving way.

माल मंत्री : स्पीकर साहिब, यह तो मैं करनाल ज़िला की बात कर रहा था। बाकी ज़िलों की हालत भी बतलाता हूं। ज़िला गुड़गांव में इस Act के तहत अब तक 2893 एकड़ ज़मीन acquire की गई है और 346 lessees को दी गई है। यह सारे के सारे 346 lessees ज़िला गुड़गांव के ही हैं और बाहर का कोई नहीं है। ज़िला हिसार के बारे में अर्ज़ है कि वहां 991 lessees हैं और उन में सिर्फ 192 बाहर के हैं। इस चीज़ के पेशे नज़र मैं अर्ज़ करता हूं कि आप गौर फरमाएं कि यह जो इतना शोर हुआ है कहां तक जायज़ था और कहां तक ज़िम्मेदारी के साथ इन दोस्तों ने यह बातें की हैं। स्पीकर साहिब, यहां पर कहा गया कि लोगों को और उसी ज़ैल के लोगों को ही ज़मीन दी जानी चाहिए और यही इस रीजनल कमेटी की रिफारिश है कि—

श्री बलराम दास टंडन : Preference देने को कहा है।

माल मंत्री : इस में preference नहीं है बल्कि यह लिखा है कि सिर्फ उन को ही दी जाए और यहां तक कि जो बाहर के लोगों को मिली है उन की cancel की जाए। तो मैं अर्ज़ कर रहा था कि ज़िला गुड़गांव में 2893 एकड़ ज़मीन acquire की गई लेकिन उस में से सिर्फ 1865 एकड़ ज़मीन अभी तक lease पर दी जा सकी है। इस से साबित होता है कि अभी तक एक हज़ार एकड़ ज़मीन......

श्री बलराम दास टंडन : On a point of order, Sir. बिल में जो सिफारिश कमेटी ने की है उसे मिनिस्टर साहिब गलत तौर पर बता रहे हैं। वहां पर preference लिखा हुआ है.......

Mr. Speaker : No please. The hon. Minister is referring to the cancellation of leases as mentioned at the end of the clause, as recommended by the Hindi Regional Committee.

माल मंत्री : नीचे पढ़ें क्या लिखा है।

श्री बलराम दास टंडन : मैं नीचे की बात नहीं ऊपर की बात कर रहा हूं।

माल मंत्री : स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ कर रहा था कि वहां 2893 एकड़ ज़मीन में से एक हज़ार एकड़ ज़मीन जो एक साल से पेशतर अर्से से acquire की गई है उस को लेने वाला गुड़गांव ज़िला के अन्दर कोई आदमी नहीं है और इसी वजह से अभी तक lease पर नहीं दी जा सकी है। हम ने तो instructions दी हुई

हैं कि ऐसी ज़मीन सिर्फ हरिजनों को दी जाए और उसी ज़िला वालों को दी जाए। अब उस ज़िला के हरिजन नहीं मिले इस लिए वह अभी खाली पड़ी है। अब आप फरमाएं कि क्या वह ज़मीन खाली रखने के लिये acquire की गई थी ? इस के पेशेनज़र अब सरकार इन instructions को बदलने का इरादा रखती है ताकि आयंदा ज़मीन इस तरह बेकार न पड़ी रहे। सरकार यह instructions issue करने की सोच रही है कि पहिले preference दी जाए उस ज़िला के हरिजनों को उस के बाद फिर ज़मीन न उठे तो preference दी जाए दूसरे ज़िलों के लोगों को और अगर दूसरे ज़िलों के लोग भी आगे न आएं तो उस ज़िला के landless और छोटे किसानों को ज़मीन दी जाए...... (*Interruptions by Shri Balram Dass Tandon*)

श्री अध्यक्ष : इस तरह बैठे २ interrupt करना ठीक नहीं है। आप भी जब बोलते हैं तो चाहते हैं कि आप को कोई interrupt न करे लेकिन आप खुद interrupt कर रहे हैं। It is not in good taste. (It does not look proper to make interruption like this while sitting. When the hon. Member himself speaks he does not like to be interrupted by anybody but he himself is doing the same thing. It is not in good taste.)

श्री बलराम दास टंडन : हमारा यह मनशा नहीं है लेकिन अगर कोई बात distorted हो तो..........

श्री अध्यक्ष : आप यहां क्या कुछ नहीं कह जाते लेकिन वह patiently सुनते हैं कि जब मौका आएगा तो clear कर देंगे। (What does the hon. Member not say when making a speech ? But the hon. Minister hears everything patiently thinking that on an opportunity arising, he will clarify his position).

माल मंत्री : यहां कहा गया कि जब पहिले लोगों को सात सात साल के लिये ज़मीनें दी गईं तो अब गवर्नमैंट ने instructions क्यों दी हैं कि lease बढ़ा कर 20 साल तक कर दिया जाए ? मैं अर्ज़ करूंगा कि इस Act में भी D.C.s को अख्तियारात हैं कि वह 7 साल से 20 साल के period तक जहां चाहें ज़मीन दें। अगर 7 साल के अन्दर वे समझते हैं कि इस शख्स ने पूरा फायदा नहीं उठाया, उस का खर्च ज्यादा हुआ है और वह काश्त अच्छी तरह कर रहा है तो D.C. को अख्तियार है कि वह उस term of lease को 20 साल तक बढ़ा दे तो इस में गवर्नमेंट का ऐसी instructions देने का सवाल कहां पैदा होता है ? सारे D.C.s ने आम तौर पर यह ज़मीन पहिले सात साल के लिये lease पर दी ताकि जो lessees हैं उन पर दबाव रहे और उन को डर रहे कि अगर हम ने बजा तौर पर काश्त न किया तो सात साल के बाद हमारा lease खत्म हो सकता है और इस लिये वह lease लम्बा करने के लिये वह मेहनत करें। इसी लिये पहिले सात के लिये देते हैं और फिर

[माल मंत्री]

दिए हैं। इससे आम जनता को बात स्पष्ट नहीं होती। तीनों बिल इकट्ठे करके उनमें तरमीम करने का प्रयत्न किया है। इस बात के मुताल्लिक सभी ने अपने अपने ढंग से कुछ उलझनों को पेश किया है। मैं यह निवेदन करना चाहता हूँ कि जब election का fever चल रहा था तो मुख्य मंत्री महोदय हमारे गांव में आए थे। उन्होंने लोगों को प्रलोभन दिया था कि वह भले काम के लिये उठे थे; और दसवीं तक तालीम मुफ्त कर दी जाएगी यानी पढ़ाई के लिये फीस नहीं ली जाएगी। परन्तु अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि यह अभी तक ऐसा नहीं कर पाए। मुझे वह दिन याद है जब इस सदन के समक्ष यह बिल लाया गया जिसमें लिखा था कि District Boards और Municipal Committees के जितने स्कूल हैं वह अच्छे नहीं। न अच्छे teachers हैं न funds और बच्चों के बैठने को कोई जगह नहीं। इसलिये हम सब स्कूलों को provincialise कर रहे हैं। यह सब से बड़ी achievement है इस मंगलकारी और कल्याणकारी राज्य में हम मुफ्त तालीम करने वाले हैं। Municipal Committees और District Boards के स्कूलों को हाथ में ले लिया परन्तु खेद है कि इनकी नीति सफल नहीं हुई। इन्हें ऐसी स्थिति में हिम्मत से इस बात को मान लेना चाहिये कि इनकी नीति असफल हुई है। आपने जो कुछ उस समय कहा था जनता को झांसा देने के लिये कहा था। आप दलेरी से काम लें और इस बात को स्वीकार करें कि इस विभाग में आप को सब से बड़ी असफलता प्राप्त हुई है। जिन दिनों हमारे schools provincialise हुए, उस वक्त यह कहा जाता था कि यह एक surplus बजट है। इन्होंने इस surplus में से अगर हमें कुछ दिया तो यही एक चीज़ थी कि एक तरफ तो schools provincialise कर दिये और दूसरी तरफ taxes में बढ़ौतरी कर दी। हम जानते हैं कि इस provincialisation में किस तरह से जनता की गाढ़े पसीने की कमाई को लुटाया गया है और किस तरह कुनबा परवरी से काम लिया गया है। इसी तरह से 1957-58 में Local Bodies का पैसा भी ज़ाया किया गया। यह बहु सम्मति के ज़ोर से अपनी बातें मनवाते हैं और ऊट-पटांग कार्रवाइयां करते हैं।

श्री अध्यक्ष : यह ऊट-पटांग के मायने क्या हैं। यह शब्द पहले भी इस्तेमाल किया था और इस का मतलब आप की तरफ से ही पूछा गया था और आज आप ही बोलने लगे हैं (It is objectionable). What is the meaning of the word 'ऊटपटांग'? On a previous occasion, too, this word was used by someone here and was objected to by the hon. Member. Now he is using the same word himself. It is objectionable).

श्री मंगल सेन : मैं तो जनाब इतना निवेदन करना चाहता था कि हम ने सब से बड़ी बात तो यह करनी है कि प्रजातन्त्रीय प्रणाली का विकास करना है। हम ने शक्ति को decentralise करना है। अगर शासन चलाने वाले तानाशाही से, अपनी ताकत से काम लेंगे, और चाहेंगे कि इस तरह से वह schools को provincialise

कर देंगे तो मैं कह सकता हूँ कि यह हमारी बड़ी भारी भूल होगी। मैं यह बात बड़े विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि जैसा कि मंत्री महोदय ने कहा कि हमें Shools के provincialisation में सफलता हुई है दरअसल यह बात नहीं है। क्या ही अच्छा होता अगर वह अपनी ग़लती को मानते। मुझे यह शक है कि यह इतनी दलेरी नहीं कर सकेंगे कि वह अपनी failure को मानें। इन तमाम schools में पूरी तरह सामान नहीं है और न ही किसी तरह से कोई facility ही दी गई है। आज District Boards और Municipal Committees के schools को लेकर उन पर अत्याचार ही किया गया है। ठीक है कि सरकार ने यह श्रेय तो ले लिया है कि इसने schools provincialise किये हैं, मगर taxes उगराने का भार तो उन कमेटीज़ और Boards पर ही है। यह तो वह बात हुई कि चारा तो कोई खिलाये मगर दूध कोई और पिये। अगर धन्यवाद ही लेना था तो इन का काम भी दुरुस्त करना चाहिये था। हम जानते हैं, स्पीकर साहिब, कि इस महकमे में बड़ा ही गड़बड़ घुटाला है। Teachers को बड़ी थोड़ी तनखाहें मिलती हैं और 7-8 महीने यह अध्यापक बड़ी थोड़ी सी तनखाह में बच्चों के साथ मग़ज़ पच्ची करते हैं। इन से पढ़े हुए बच्चे कालजों में जाकर बड़े संपन्न होते हैं मगर इन के पढ़ाने वाले अध्यापकों को तनखाहें बड़ी कम मिलती हैं। उन को अपना पेट भरने को पैसा भी नहीं मिलता।

Mr. Speaker : Be relevant please.

श्री मंगल सेन : मेरा कहने का अभिप्राय यह है कि इन लोगों को भी सुविधायें मिलनी चाहियें, इन की तरक्की का कोई प्रबन्ध होना चाहिये। इन की महंगाई की मांग थी। यह मांग भी पूरी होनी चाहिये। मगर यहां तो इन लोगों के लिये कुछ भी नहीं किया जा रहा है। यह तो इस किस्म की बातें करके अपनी ग़लती को छिपा रहे हैं। यह ग़लती भी नहीं मानते और इस किस्म की बातें करके जनता के ज़खमों पर नमक छिड़क रहे हैं। इस लिये यह बिल कदापि पास नहीं होना चाहिये। (*Interruptions*)

ਚੌਧਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ : ਜਨਾਬ ਇਸ ਤੇ ਬੋਲਣ ਲਈ ਸਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਮੌਕਾ ਮਿਲਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

Mr. Speaker : Please resume your seat.

उद्योग मन्त्री (श्री मोहन लाल) : स्पीकर साहिब, दरहकीकत Local Bodies के स्कूल्ज़ provincialise करने का 1957 में जो फैसला हुआ था उसके मुताल्लिक बहस छड़ने की अब कोई खास ज़रूरत तो न थी। मगर चूंकि आज इस मुआमला पर सवाल उठाया गया और बहुत सी बातों को दुहराया गया इसलिये मुझे उनका थोड़ा बहुत जवाब देना है। मैं यह नहीं कहता कि जो बातें यहां पर कही गई हैं वह relevant नहीं हैं, relevant हैं। मगर उस वक्त कहना जब कि हम funds की demands Local Bodies से कर रहे हैं relevant नहीं है। यह नुक्ता चीनी अगर उस वक्त की जाती जब कि provincialisation का सवाल चल रहा था तो एक जायज़ बात थी। मगर वह बातें अब कहना कोई जायज बात नहीं है। इस बात को कहने का मेरा मकसद यह है कि अगर कोई ऐसी बात कही जाती जिस से कि

[उद्योग मंत्री]

provincialisation को लाभ होता तो भी कोई हर्ज न था मगर उन्ही बातों को repeat करना, उन्हीं arguments को repeat करते जाना कोई लाभकारी बात नहीं है। मैं इस पर बोलते हुए आप का ज्यादा वक्त नहीं लेना चाहता था मगर चन्द एक Member साहिबान ने याददाश्त की बिना पर कुछ कहा है मैं उन को जवाब दिया चाहता हूँ। इस बात में उस वक्त वज़न था जब decentralisation की policy adopt की गई थी। हम तो Local Bodies को ज्यादा से ज्यादा अख्तियारात दिया चाहते हैं और भी कई subjects हैं जो हम उन के सुपुर्द करने वाले हैं। लेकिन अब वह बात जो उन के दायरे से निकल गई है Government के लिये करना आसान नहीं है। एक तरफ तो decentralisation की policy है और दूसरी तरफ उन schools की condition अच्छी करने का सवाल है। जो नुक्ताचीनी आज की जाती है इस के लिये agitations किये गये और demands की गईं। जिस को दबाने के लिये Ministers तक को दखल देना पड़ा। जो फैसला जात हुए हैं यह उन के दखल देने की वजह से हुए हैं। एक बार नहीं दो बार ऐसा हुआ था। तो मैं सारी बातें कहना ज़रूरी नहीं समझता। जहां तक बिल का ताल्लुक है इस का scope मुख्तसर है और वह यह कि एक फैसला जो 1957 से हुआ उस पर अमल हो रहा है। यह तो अमर वाक्या बन गया है कि लोकल बाडीज़ के स्कूलों को गवर्नमैंट ने provincia-lise किया और अब चला रही है। लेकिन ताज्जुब तो जब होता है कि मैम्बर साहिबान बग़ैर बिल को समझे ही तानाशाही जैसे लफ्ज़ जो उनकी डिक्शनरी में भरे पड़े हैं, अकसर इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने बिल के scope को ध्यान से नहीं देखा। Provincialisation करने क बाद एक बात रह जाती है कि उन स्कूलों की buildings को भी गवर्नमैंट अपने हाथ में ले। लेकिन जब तक यह कानूनी तौर पर transfer नहीं होती तब तक यह एक उल्टी सी बात रहती है और एक contradiction होती है। अभी तक local authorities को यह अख्तियार नहीं है कि वह movable और immovable properties गवर्नमैंट के हाथों दे दें। इसलिये यह बिल लाना पड़ा ताकि वह इन properties को सरकार को transfer कर सकें।

यहां पर बड़े ज़ोर से कहा गया है कि development के लिये जो पैसा इकट्ठा हो उसे development के कामों पर ही खर्च होना चाहिये। यह ठीक है लेकिन अगर development पर ही सारी तवज्जुह दें और education को नज़रअन्दाज़ कर दें तो यह एक ग़लत पालिसी होगी। हमें न केवल जनता की आर्थिक उन्नति करनी है बल्कि उसके साथ ही दिमाग़ी तरक्की भी करनी है ताकि अनपढ़ता और गुलामी के बोझ को दूर किया जा सके खास तौर पर उस समय जब दुनिया इतनी आगे बढ़ चुकी है। इस लिये हमें यह भी देखना है कि ऐजुकेशन की तरफ भी हमारा ध्यान हो। इसी लिये गवर्नमैंट को लोकल बाडीज़ के स्कूलों को अपने हाथ में लेने का कतई अफसोस नहीं है कि यह एक भारी बोझ उठा लिया है क्योंकि इससे तो देश का दिमाग दुरुस्त होना है, देश को आगे बढ़ना है।

अब सवाल यह पैदा होता है कि लोकल बाडीज़ की जो ज़िम्मेदारियां थीं वे लोकल बाडीज़ के funds से ही पूरी की जाएं या कि स्टेट के consolidated funds से पूरी की जाएं। मैं समझता हूँ कि जब सरकार ने उनकी ज़िम्मेदारी संभाली है और स्टेट अपनी तरफ से इन पर खर्च करने के लिये तैयार है तो यह भी लाज़मी हो जाता है कि लोकल बाडीज़ के जो funds हैं उनमें हम हिस्सा बंटाएं ताकि उनकी ही ज़िम्मेदारियों को, जो उन्होंने ही पूरा करना था, हम पूरा कर सकें। इस चीज़ के लिये कहा गया कि यह बिल निकम्मा है। मैं समझता हूँ कि मेरे लायक दोस्तों ने इसकी implications को नहीं समझा कि अगर इस बिल को पास न किया गया तो स्टेट को consolidated funds मे खर्च करना पड़ेगा और फिर इस फंड को पूरा करने के लिये टैक्स का सहारा लेना पड़ेगा। इस तरह से लोगों पर बोझ पड़ेगा। लोकल बाडीज़ के टैक्सों के ज़रिये जो रुपया इकट्ठा होता था उसका अधिक हिस्सा education पर खर्च होता था। और इकट्ठा होने का भी यही कारण था कि वह ऐजुकेशन पर खर्च होता था इसलिये अगर हम Local Bodies से यह मांग करें कि जो रकम वे स्कूलों पर खर्च करतीं थीं वह हमें दें तो इसमें नामुनासिब बात कौनसी है? सरकार इस बिल के ज़रिये यह भी चाहती है कि वे इन स्कूलों की buildings को भी सरकार को tranfer कर दें और जो खर्च 1957-58 के बजट के मुताबिक करते थे वह भी हमें दें। इसमें नामुनासिब बात कौनसी है?

कामरेड मुनि लाल : बदइंतज़ामी की बात नामुनासिब है।

उद्योग मन्त्री : जब लोकल बाडीज़ के स्कूलों को provincialise किया गया तो उसकी भी यही वजह थी कि यह कहा जाता था कि बड़ी बदइंतज़ामी है। और उसको दूर करने की इस तरह कोशिश की गई। अगर अब भी आप समझते हैं कि बद-इंतज़ामी है और अभी भी प्रबन्ध ठीक नहीं है तो यह कोशिश करिये कि इस इंतज़ाम को और अच्छा बनाया जाए। लेकिन जब हम रुपया मांगते हैं तो उस वक्त इस बात की क्या relevancy है? मैं तो यही समझता हूँ कि जहां तक इस सवाल का ताल्लुक है उसमें तो कोई एतराज़ नहीं होना चाहिये था। एक बात मान साहिब ने बड़े ज़ोर से कही थी और बाजवा साहिब ने उस की ताईद की थी। उन्हों ने यह एतराज़ उठाया था कि यह एक अजीब किस्म का बिल है और ऐसा Bill आज से पहले कभी Legislature में नहीं आया।

5.00 p.m.

श्री मुनि लाल : स्पीकर साहिब का भी ऐसा ही ख्याल है।

उद्योग मन्त्री : आप अपनी बात करें। इस में, स्पीकर साहिब, कोई अनहोनी बात नहीं। इस Bill की खूबी तो यह है कि तीन मुख्तलिफ Bills आप के सामने नहीं लाए गए। *(Interruptions)*

चौधरी बलबीर सिंह : ਇਸ ਕਿਸਮ ਦਾ ਕਦੀ ਪਹਿਲੇ ਵੀ Bill ਲਿਆਂਦਾ ਹੈ ਕਿਸੇ ਨੇ ? ਤੁਸੀਂ ਪਹਿਲੇ ਹੀ ਕਾਬਿਲ ਵਜ਼ੀਰ ਏਥੇ ਆਏ ਹ।

उद्योग मन्त्री : स्पीकर साहिब, चौधरी साहिब को interupt करने से रोक दें। मैं अर्ज़ कर रहा था कि अगर इस Municipal Act को amend करने के लिये तीन मुख्तलिफ Bill लाए जाते तो फिर House का भी ज्यादा वक्त लगता। (विघ्न)

श्री अध्यक्ष : अगर कभी इस Legislature की History में ऐसा procedure adopt किया गया हो तो आप कहिये कि फलां वक्त ऐसा हुआ था और उस की बिना पर यह Bill लाए हैं। (If ever such a procedure has been adopted in the History of this Legislature, the hon. Minister should point this out and say that on the basis of that, this Bill has been put forward.)

उद्योग मन्त्री : जनाब स्पीकर साहिब मैं आप के ऊपर किसी तरह से नुक्ताचीनी नहीं करना चाहता मगर इतना अर्ज़ करता हूं कि मुझे यह बात ज़बानी याद थी कि ऐसे बहुत से बिल पास हुए हैं लेकिन उस वक्त मुझे उन के नाम मालूम नहीं थे। अब मैं ने उन के नाम मंगवा लिए हैं जिन में schedule के ज़रिए दूसरे बहुत से Act amend हुए बल्कि मुझे यह भी याद है कि एक दफा इस पर Council में एतराज़ भी हुआ था।

श्री अध्यक्ष: : आप आगे के लिए कह देंगे कि Assembly में भी एतराज़ हुआ था। (Similarly the hon. Minister may say in future that such an objection was raised in the assembly as well.)

उद्योग मंत्री : स्पीकर साहिब मुझे Council का याद है कि वहां एक एतराज़ उठा था जबकि schedule के ज़रिए एक amending Act को पास करने की तजवीज़ रखी गई थी (शोर)।

Mr. Speaker : Order please.

उद्योग मन्त्री: मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि earlier Act को schedule के ज़रिए amend करने की मांग इस लिए की गई है कि हमें एक ही purpose के लिए तीन मुख्तलिफ Bill न लाने पड़ें।

चौधरी धर्म सिंह राठी : आप पहले स्पीकर साहिब को convince करें।

उद्योग मन्त्री : उन को तो मैं अलहदा बता दूंगा क्योंकि मैं उन के साथ argue नहीं कर सकता। आप अपनी बात करें।

श्री बलराम दास टण्डन : On a point of order, Sir स्पीकर साहिब, जो चीज़ House में पेश हो जाए वह House की property बन जाती है, इसलिए वज़ीर साहिब को आप को House में ही convince करवाना चाहिए। मगर वह कह रहे हैं कि मैं बाहिर अलहदा तौर पर बता दूंगा। उन्हें House को convince करवाना चाहिए।

उद्योग मन्त्री : मैं House को जरूर convince करवाऊंगा लेकिन जो एतराज स्पीकर साहिब उठाएं उन पर मैं नुक्ताचीनी नहीं कर सकता ।

बहुत सी आवाजें : अगर आप Speaker साहिब को convince नहीं कर सकते तो House कैसे convince हो सकता है ?

Mr. Speaker : No interruption please. I am watchful myself.

उद्योग मन्त्री : जो पहले precedents हैं । वह मैं आप को बताता हूं ।

Through the Schedule attached to the Industrial Disputes (Amendment and Miscellaneous Provisions) Act—Parliament Act No. 36 of 1956, amendments were made in the Industrial Disputes Act, 1947 and the Industrial Employment (Standing Orders) Act, 1946.

Mr. Speaker : Is it desirable to amend a principal Act through an amending Bill not having or bearing the name or title of that Act ?

Minister for Industries and Local Government : Sir, amendments have been made in this manner in several enactments.

Through the Schedule appended to the Finance Act, 1958 (Parliament Act No. 11 of 1958) amendments were made in the Income Tax Act, 1922, the Wealth Tax Act, 1957, the Indian Tariff Act, 1934 and so many other enactments.

Sardar Bhupinder Singh Mann : Most unconvincing.

Minister for Industries and Local Government : The hon. Member has not heard me in full.

Mr. Spkear : He is quoting some precedents.

Minister for Industries : Sir, I have got a long list with me.

स्पीकर साहिब, यही precedent नहीं मेरे पास इस वक्त और भी precedents मौजूद हैं जो मैं बताना चाहता हूं :

The Criminal Law (Amendment) Act, 1958 (Parliament Act No. 2 of 1958) has, through a Schedule attached to it, amended—

(1) The Indian Penal Code.

(2) The Prevention of Corruption Act.

(3) The Criminal Law (Amendment) Act, 1952.

Similarly, the Punjab Laws (Application) Act, 1957 (Punjab Act No. 33 of 1957) has, through a schedule appended to it, amended—

(1) The Punjab Legislative Assembly (Offices) Act, 1939 ;

(2) The East Punjab Ministers' Salaries Act, 1947;

[Minister for Industries]

(3) The Punjab Legislative Council (Allowances of Members) Act, 1952; and

(4) The Punjab State Legislature (Prevention of Disqualification) Act, 1952.

सो स्पीकर साहिब, इस थोड़े से अर्से में मैंने इतने instances पेश किए हैं। मान साहिब अगर उन amend किए गए Acts का मुतालिया करें तो उन की तसल्ली हो जाएगी। किसी भी Member ने हमें यह नहीं बताया कि ऐसा करने में कौन सी bar है । अगर वह कोई constitutional bar हमारे notice में लाएं तो मैं मानने के लिए तैयार हूं।

श्री अध्यक्ष : इस में propriety की बात है। आपने एक ही Bill ला कर दो तीन Acts amend कर डाले हैं। यह बात मुझे जचती नहीं। (There is the question of propriety involved in it. The hon. Minister has got amended two or three Acts in a single Bill. This thing does not appeal to my mind.)

उद्योग मन्त्री : अब भी मैं अर्ज करता हूं कि यह ज्यादा गैर-मुनासिब होता अगर एक ही मकसद के लिए और एक ही purpose के लिए तीन different amending Bills लाते। यह मेरी अपनी राए है और साफ राए है। इस में कोई शक नहीं है कि एक ही purpose के लिए तीन separate Bills लाना निहायत गैर-मुनासिब होगा।

श्री अध्यक्ष : कम से कम इसको इस की Statement of Objects and Reasons में ही थोड़ा बहुत clarify कर देते। (The hon. Minister should have at least made it clear in the statement of Objects and Reasons of this Bill.)

उद्योग मन्त्री : मैं समझता हूं कि इस में कोई ना-मुनासिब बात नहीं है; क्योंकि purpose एक ही है। तो मैं अर्ज करूंगा कि यह consideration motion पास की जाए।

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab Local Authorities (Aided Schools) Bill be taken into consideration at once.

After ascertaining the votes of the House by voices, Mr. Speaker said, "I, think the Ayes have it". This opinion was challenged and division was claimed. Mr. Spaeker, after calling upon those Members, who challenged the decision and supported the claim for a division to rise in their places declared that the division was unnecessarily claimed.

The motion was declared carried.

Mr. Speaker : Now the House will proceed to consider the Bill caluse by clause.

SUB-CLAUSES (2) AND (3) OF CLAUSE 1

Mr. Speaker : Question is—

That sub-clauses (2) and (3) of Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 2

Mr. Speaker : Now Clause 2 is before the House.

Sardar Umrao Singh (Nakodar, 'General') : Sir, I beg to move—

In sub-clause (a), line 2, between the words "District Board" and "receiving" insert "or a Gram Panchayat".

At the end of sub-clause (b) add "or a Gram Panchayat under the Punjab Gram Panchayat Act, 1952."

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸ ਬਿਲ ਦੇ ਜ਼ਰੀਏ Local Bodies ਦੇ ਜੋ ਸਕੂਲ ਹਨ ਉਹ provincialise ਕੀਤੇ ਹਨ। ਜਿਹੜੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ local bodies ਦੀ definition ਦਿਤੀ ਹੈ ਉਸ ਵਿਚ ਮਿਊਂਸਪਲ ਕਮੇਟੀਆਂ ਅਤੇ ਡਿਸਟਰਿਕਟ ਬੋਰਡਜ਼ ਹੀ ਰਖੇ ਗਏ ਹਨ ਲੇਕਿਨ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਨੂੰ ਉਸ ਵਿਚ ਸ਼ਾਮਿਲ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਸਕੂਲ ਅਜਿਹੇ ਵੀ ਹਨ ਜੋ ਗ੍ਰਾਮ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਦੇ ਕੰਟਰੋਲ ਵਿਚ ਵੀ ਹਨ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਸ਼ਾਇਦ ਲੋਕਲ ਬਾਡੀਜ਼ ਦੇ ਦੂਜੇ ਸਕੂਲਾਂ ਨਾਲੋਂ ਵੀ ਬਹੁਤ ਖਰਾਬ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵੀ provincialise ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਨਾ ਸਿਰਫ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਪਰਾਈਮਰੀ ਤੇ ਮਿਡਲ ਸਕੂਲ ਹੀ ਚਲਾਂਦਿਆਂ ਹਨ ਪਰ ਕਈ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਹਾਈ ਸਕੂਲ ਵੀ ਚਲਾਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਡਿਸਟਰਿਕਟ ਬੋਰਡਾਂ ਕੋਲ ਤਾਂ ਪੈਸਾ ਵੀ ਕਾਫ਼ੀ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਸਕੂਲਾਂ ਦੀ ਫੇਰ ਵੀ ਹਾਲਤ ਖਰਾਬ ਸੀ। ਪਰ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਕੋਲ ਤਾਂ ਪੈਸਾ ਹੀ ਨਹੀਂ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਤੁਸੀਂ ਖੁਦ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਲਾ ਸਕਦੇ ਹੋ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਸਕੂਲਾਂ ਦੀ ਕਿੰਨੀ ਮਾੜੀ ਹਾਲਤ ਹੋਵੇਗੀ। ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਲ ਕੋਈ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਅਤੇ ਦੂਜੇ ਸਕੂਲਾਂ ਵਲ ਹੀ ਧਿਆਨ ਦਿਤਾ ਹੈ। ਸ਼ਾਇਦ ਇਸ ਲਈ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਕਿ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਕੋਲ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪੈਸੇ ਦੇਣ ਲਈ ਨਹੀਂ ਹਨ। Provincialise ਕਰਨ ਦਾ ਮਕਸਦ ਇਹ ਨਹੀਂ ਹੈ ਕਿ ਲੋਕਲ ਬਾਡੀਜ਼ ਕੋਲੋਂ ਪੈਸੇ ਲੈਣੇ ਹਨ ਬਲਕਿ ਮਕਸਦ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਤਾਲੀਮ ਨੂੰ ਬਿਹਤਰ ਬਣਾਉਣਾ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਇਹ ਜੋ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਦੇ ਸਕੂਲ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵੀ provincialise ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ।

Mr. Speaker : Motions moved—

In sub-clause (a), line 2, between the words "District Board" and "receiving" insert "or a Gram Panchayat".

At the end of sub-caluse (b) add "or a Gram Panchayat under the Punjab Gram Panchayat Act, 1952".

उद्योग मन्त्री (श्री मोहन लाल) : स्पीकर साहिब, सरदार उमराओ सिंह साहिब को यह गलतफहमी हुई है कि शायद हम इस बिल के ज़रिए स्कूलों को अपने कब्ज़ा में ले रहे हैं। यह बात नहीं है। दरअसल बात यह है कि हम ने Local Bodies के जो स्कूल provincialise करके अपने क़ब्ज़ा में लिए हैं उनसे अब यह मांग की जा रही है कि वह उस रकम को भी दें। जहां तक मेरे इल्म में है पंचायतों का कोई ऐसा स्कूल नहीं था जो बतौर Local Bodies कब्ज़ा में लिया हो। इसलिए इनको शामिल करने का कोई सवाल नहीं है। इस तरह तो वह पंचायतों पर भी बोझ डाल देंगे कि वे भी अपनी income में से हिस्सा दें।

Mr. Speaker : Question is—

In sub-clause (a), line 2, between the words "District Board" and "receiving" insert "or a Gram Panchayat".

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

At the end of sub-clause (b) add "or a Gram Panchayat under the Punjab Gram Panchayat Act, 1952".

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That Clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 3

Mr. Speaker : Now Clause 3 is before the House.

चौधरी धर्म सिंह राठी (सम्भालका) : स्पीकर साहिब, जहां तक इस कलाज़ का ताल्लुक है इस के ज़रिए गवर्नमेंट यह चाहती है कि local authority एक resolution पास करे और फिर वह resolution पास हो कर गवर्नमेंट के पास आए ताकि इस के बाद यह उन की तमाम buildings, furniture और management वगैरह की मालिक बन जाए। मैं जनाब इसकी मुखालिफत करने के लिए इस लिए खड़ा हुआ हूं कि इस गवर्नमेंट ने बिला किसी कायदा कानून के District Boards के स्कूल कब्ज़ा में ले लिए और अब पैसे भी ले रही है। इन्होंने तो यह बिल भी नहीं लाना था और बगैर किसी कायदा कानून के उनका सब कुछ ले लेना था लेकिन अब position यह हुई है कि बहुत सी Local Bodies ने buildings देने से इनकार कर दिया है और इसकी वजह साफ है कि उन लोगों ने लाखों रुपए लगा कर buildings तैयार कीं ताकि बच्चों के लिए उनमें स्कूल जारी कर दें और वहां अच्छी तालीम मिले। जब इन्होंने स्कूल लिए तो इनका भी यही शोर था कि हम तालीम अच्छी बनाने के लिए ले रहे हैं। लेकिन स्पीकर साहिब जब से ये स्कूल गवर्नमेंट ने लिए हैं तालीम बेहतर होने की बजाए आगे से और भी बुरी हो रही है और इतनी बुरी हो रही है कि जब कोई लड़का दाखिल होने के लिए जाता है तो कहते हैं कि हम दाखिल नहीं करते। जवाब यह मिलता है कि हम ने 10 फीसदी की हद मुकर्रर कर दी है कि जो register में पहिले तादाद दर्ज है उसके 10 फीसदी से ज़्यादा हम और दाखिल नहीं करेंगे यानी अगर पहिले 400 लड़के थे तो अब 440 से ज़्यादा नहीं लेंगे। यह है इन की तालीम में बेहतरी का हाल। इसके इलावा जिस वक्त स्कूल District Boards के पास थे उस वक्त प्राइमरी और हाई स्कूलों की तादाद दिन बदिन बढ़ रही थी। लेकिन जब से इस गवर्नमेंट ने कब्ज़ा जमाया है हाई स्कूलों की तादाद नहीं बढ़ी है। मैंने करनाल ज़िला के बारे में एक सवाल पूछा था तो उसके जवाब में मुझे यह बताया गया कि अभी कोई स्कूल बनाने का इरादा

नहीं है। हालांकि आप देखेंगे District Board Karnal ने 1955, 1956 और 1957 में पांच पांच छः छः हाई स्कूल वहां बनाए। इसके इलावा, स्पीकर साहिब, एक और चीज़ है जिस की वजह से मैं इस की मुखालफत करता हूं। यह कलाज एक warrant है जिस पर यह कहते हैं कि Local Bodies खुद अपने हाथ से दस्तखत करे। इस कलाज़ के जरिए यह कहते हैं कि इस warrant पर दस्तखत करो जिस की रू से आप हमारी buildings, सब सामान, management और रुपया पैसा सब कुछ ले लो।

सरकार उन से contribution के तौर पर रुपया भी लेगी स्कूलों का management भी अपने हाथ में ले लेगी और District Boards का किसी तरह से भी स्कूलों की management में कोई हाथ नहीं रहेगा। यह क्लाज़ तो District Boards के लिए death warrant है। Contribution ले रहे हैं, management भी खुद करेंगे और सारा control भी अपने हाथ में ले रहे हैं लेकिन उन को कोई right नहीं दे रहे। District Boards का management में कोई हिस्सा नहीं होगा, control में कोई हिस्सा नहीं होगा। यह एक ऐसी मिसाल है जोकि यही गवर्नमेंट कायम कर सकती है। आप को ऐसी गवर्नमेंट और कोई नहीं मिलेगी। Grant-in-aid भी ले लें, contribution भी ले लें, लोगों ने जो हज़ारों रुपया जमा किया है वह भी ले लें और management में उन की कोई पूछ नहीं, control में कोई हाथ नहीं—न मास्टरों के मुताल्लिक, न स्कूल की buildings के मुताल्लिक—यह चीज़ यही सरकार कर सकती है, और कोई नहीं कर सकती। इस सम्बन्ध में मैं मन्त्री महोदय से यह कहना चाहता हूं कि पहले जब स्कूल District Boards के पास थे तो teachers हमारे अपने ही इलाके के होते थे। लेकिन अब हरियाने में Jullundur Division से और पटियाला डिविज़न से teachers primary स्कूलों में भेजे जा रहे हैं। यह clause तो उन की मौत है जो कि सरकार जबरदस्ती लाना चाहती है। District Board यह बात करने को तैयार नहीं हैं। स्पीकर साहिब, अगर आप अगली क्लाज़ पढ़ें तो साफ मालूम होगा कि "may" से काम नहीं चलेगा। अगर तीन महीने के अंदर कोई District Board नहीं देगा तो सरकार ज़बरदस्ती ले लेगी। इन अलफाज़ के साथ मैं इस क्लाज़ की मुखालफत करता हूं। कोई भी मौत के सामने आप surrender नहीं करता। सरकार उन को मजबूर कर रही है कि खुद तो मुफलिस बन जाओ, कंगाल बन जाओ और सारा पैसा और management सरकार के हवाले कर दो। मन्त्री महोदय ने कहा है कि हम ज़रूर ऐसा करेंगे। मैं पूछता हूं कि जब उन्होंने स्कूलों को provincialise किया था तो क्या उन को उस वक्त नहीं मालूम था कि इस सरकार के पास तो धेला नहीं है, रुपया फिर भी District Boards से ही लेना है तो हम स्कूल क्यों provincialise कर रहे हैं? आज सरकार local authorities से ज़बरदस्ती resolution पास करवा कर यह रुपया लेना चाहती है। यह जायज़ नहीं है। इन अल्फाज़ के साथ मैं इस क्लाज़ की मुखालफत करता हूं।

चौधरी श्री चन्द (बहादुरगढ़): साहिबे सदर, इस बिल की Clause No. 3 को भी और बाकी की clauses को भी पढ़ कर ऐसा मालूम होता है कि इस बिल को लाने का मकसद

[चौधरी श्री चन्द]

सिर्फ एक ceremony को ही पूरा करना है। मैं तो इस को पढ़ कर ताज्जुब करता हूं कि हमारे जो legal brains हैं वे बिल को draft करते समय क्या सोचते हैं। सिवाए एक रस्म पूरी करने के उन का और कुछ मतलब नहीं होता। Local Bodies के पास तो पहले ही कुछ नहीं रहा। लेकिन इसमें लिखा है कि 'May pass'। मैं पूछता हूं कि क्या आज कोई Local Bodies का ऐसा स्कूल भी पंजाब में मौजूद है जो कि गवर्नमेंट में vest न हो गया हो? कौनसी चीज़ Local Bodies के पास मौजूद है जिस के लिए उन्होंने 'May' का लफ्ज़ इस्तेमाल किया है? किस चीज़ के बारे में उन को इजाज़त दी है कि उन की मर्ज़ी है अगर वे चाहें तो management Government को दे दें और अगर न चाहें तो न दें। एक साल से ज़्यादा अरसा हो चुका है कि गवर्नमेंट ने सारे स्कूल, उन की buildings और उन की सारी Property ले ली हुई है। लिखा इन्होंने ऐसे है जैसे कि District Boards कोई खुदमुख्तार institutions हैं कि अगर वे चाहें तो अपनी चीज़ें सरकार को दे दें और अगर न चाहें तो न दें। मुझे तो इस चीज़ की समझ नहीं आई कि वाकई यह पोज़ीशन ठीक है। एक साल हो गया कि District Boards मर चुके हैं अब तो उन की लाश को पीटा जा रहा है। कल मेरे दोस्त मौलवी साहिब ने फरमाया था कि इन की तो आदत ही हो गई है कि चाहे मौका हो चाहे न हो ये शहर और गांव का सवाल खड़ा कर देते हैं। मैं आप से अर्ज़ करूंगा कि मारते हैं लेकिन अगर बोलते हैं तो कहते हैं कि मत बोलो। ये ज़ख्म लगाते जाएं लेकिन अगर बोलें तो कहते हैं कि क्या कर रहे हो पड़ौस वाले सुन लेंगे कि तुम चीख रहे हो। इन्होंने District Boards के साथ बड़ी बेरहमी का सलूक किया है। आज वे ज़िन्दा नहीं हैं, मर चुके हैं। ये कहते थे कि हम ने Municipal Committees के elections नहीं करवाने लेकिन शहर वालों ने शोर मचाया और इन को elections करवाने के लिए मजबूर किया। इन्होंने कहा कि हां करेंगे। कहते हैं कि Council में लोग गांव वालों की राए से आते हैं। मैं कहता हूं कि वे तो officers की राए से आते हैं। अब District Boards तो रहे नहीं हैं उन की राए से मैम्बर कैसे आ सकते हैं? वे लोग गांव वालों के representatives कैसे हो सकते हैं? आप अगर ग़ौर करें तो यहां पर एक एक बात में discrimination होती है। लेकिन अगर आवाज़ निकालते हैं तो लोग इलज़ाम लगाते हैं कि देखिए साहिब कांग्रेस में आ जाने के बाद भी इन की mentality वही है। लेकिन क्या करें? दर्द होता है तो कराहते हैं, लेकिन इजाज़त नहीं है। कहते हैं कि बोल कर तफरका पैदा करते हो। जब हमने इस बिल को देखा तो बाजवा साहिब कहने लगे कि दूसरे Acts भी साथ लगा दिये हैं। मैं ने देखा तो मैं समझा कि यह गलती से लगा दिये होंगे। हमें पता नहीं है कि यहां पर legal brain ही ऐसे बैठे हैं कि कोई Act amend हो रहा है और एक सफा दूसरे Act का भी लगा दिया है। वज़ीर साहिब खड़े होकर कहते हैं कि कई मिसालें हैं। अगर एक भी मिसाल बताएं तो हम समझें कि वाकई इस चीज़ की बहुत ज़रूरत है। बात दर असल यह है कि इन्होंने सोचा कि आखरी दिन है, मेम्बर जाने वाले हैं, ले आओ जो कुछ लाना है, किस ने देखना है? जो कुछ हो पास कर लो। मैं पूछता हूं कि क्या Local Bodies को इतना अख्तियार है कि वे कह दें कि हम स्कूलों का charge नहीं देते? क्या गवर्नमेंट यह चीज़ बरदाश्त करेगी?

जब उन्होंने यह निर्णय कर दिया है कि स्कूलों को provincialize करना है तो वह ऐक्ट कहां जाएगा ? वे तो Local Bodies के सब स्कूलों को आहिस्ता आहिस्ता लेना चाहते हैं और इस में छाप दिया है कि "May" मैं पूछता हूं कि 'May' का सवाल कहां पैदा होता है ? उन को तो पास करना पड़ेगा । मेरे अपने district में ऐसे स्कूल हैं जिन के लिये लोगों ने रुपये दिये हैं, buildings के लिये ज़मीन दी है और बड़ी मेहनत से स्कूल चालू किये हैं । लेकिन अब सरकार उन से वे स्कूल छीनना चाहती है । जो थोड़ा बहुत लोगों का भला हुआ है वह भी खत्म हो जाएगा । कई स्कूलों की Buildings गिर गई हैं उन के मुताल्लिक reports होंगी, नक्शे बनेंगे, S.D.O.जाएगा और फिर कहीं X.E.N. estimate पास करेगा । जो buildingगिर गई है वह पांच साल से पहले नहीं बनेगी। मैं पूछता हूं किstudents कहां जाएंगे ? Education Department भी एक अजीब Department है । न कुछ सोचा, न कुछ विचारा और कहते हैं कि हम तो free education करना चाहते हैं । न यह देखा कि रुपया कितना खर्च होगा और वह कहां से आयगा या नहीं । अब हालत यह है कि मेरे अपने जिले में ही सौ से ज्यादा स्कूलों की इमारतें गिर गई हैं और उन को बनाने का कोई इंतज़ाम नहीं है । और जहां गांव वाले बिल्डिंग बना के बैठे हैं वहां पर टीचर नहीं हैं और जहां टीचर हैं वहां बिल्डिंग नहीं हैं । फिर अगर किसी प्राइमरी स्कूल के टीचर को कहीं से बदलना हो तो वह इख्तियार डिस्ट्रिक्ट इंस्पेकटर को नहीं है बल्कि वह भी वज़ीर साहिब ने अपने पास रखा हुआ है । उन को तो दौरों से ही फुरसत नहीं होती,उन को क्या पता है कि किस टीचर को कहां लगाना है । इन्होंने तो एक दिन कोई किताब पढ़ ली और अगले ही दिन यह बिल आ गया और कहा कि पास कर दें । मुझे पता नहीं कि म्युनिसिपल कमेटियों और डिस्ट्रिक्ट बोर्डों का आपस में क्या ताल्लुक है और यह तीन ऐक्ट इस तरह से इकट्ठे ही क्यों लाए गए हैं । कहते हैं कि एक मुसलमान की लड़की ऊपर से गिर पड़ी । वह दर्द से जब रोई तो उस के बाप ने कहा कि इस के कान भी बिंधवा दो । (हंसी) इन्होंने सोचा कि यह तो बिल ला ही रहे हैं इस के साथ यह दूसरे भी लगा दो । मगर यह तरीका ठीक नहीं । आप के पास तो इतने समझदार लोग हैं । Legal Remembrancer बैठे हैं । इन को आप ने बिल बनाने को कहा । इन्होंने अपने एक क्लर्क को कह दिया कि इसे draft कर दो । यह भी इसी तरह से किया हुआ एक draft है । मगर कहते हैं कि यह तो बिल्कुल हदीस है, बदला नहीं जा सकता । जब कोई amendment लाते हैं तो कहते हैं कि फलानी चीज़ रह गई इस लिए यह amendment ला रहे हैं । इस बार जो रह जाएंगी उन को कहेंगे कि अगली बार आ जायेंगी। मगर इस तरह से गलतियां रहने क्यों देते हैं ? इस को अच्छी तरह से बैठ कर और समझ कर लाओ । अब यह ले आए हैं । न इस में wording ठीक है, न ही मायने हैं और कहते हैं कि पास कर दो । क्या पास कर दें ? तो मैं अर्ज़ करूंगा कि इस को वापिस ले कर और सोच समझ कर नया बिल बना कर लाओ। फिर जो करना है करो । कहीं कहते हैं जुर्माने करेंगे, कहीं aid बन्द कर देंगे । पहले ही कौनसी aid दे रहे हैं उन को ? किस की aid आप बन्द कर देंगे ? रेज़ोल्यूशन पास करो नहीं तो पैसा नहीं देंगे । आप दे किस को रहे हैं ? जाओ बन्द कर दो, मत aid दो । यह सब रसमन कर रहे हैं । इसे अगर आप पढ़ेंगे तो देखेंगे कि म्यूनिसिपल कमेटियों को भी और डिस्ट्रिक्ट बोर्डों को भी इस में फांस रखा है । यह क्या तमाशा है ? यह आप गलत रिवाज डाल रहे हैं । अगर ऐसे करने लगे तो यह ठीक न होगा ।

श्री बलराम दास टण्डन(अमृतसर शहर, पश्चिम): स्पीकर साहिब, जो क्लाज़ 3 है, इस के ज़रिए से सरकार म्यूनिसिपल कमेटियों और डिस्ट्रिक्ट बोर्डों से यह चाहती है कि वह अपनी ही तौर पर एक रैज़ोल्यूशन पास करके अपने स्कूलों सम्बन्धी सारी जायदाद उन को दे दें।

(At this stage Mr. Deputy Speaker occupied the Chair)

मैं समझता हूं कि यह जो क्लाज़ इस जगह रखी गई है वह बिल्कुल तानाशाही का प्रमाण है। (विघ्न)। आवश्यकता इस बात की थी कि जिस वक्त सरकार यह स्कूल लेने का विचार कर रही थी तो उसे इस चीज़ के हर पहलू को देखना चाहिए था कि इस को करने के लिए कौन कौन सी बातें करनी ज़रूरी हैं और कौन सा तरीका ठीक है। मगर अफसोस से कहना पड़ता है कि सरकार ने इस पर भली भांति विचार नहीं किया बल्कि जब भी कोई बात इस के सामने रखी गई तो इस ने बजाए उस पर निष्पक्ष विचार करने के यह देखने की कोशिश की कि इस के वोट कितने हैं और इस की ताकत कितनी है। Treasury Banches पर बैठे बेचारे यह मैम्बर कितना ही यह चाहें कि..... (विघ्न)। बेचारे मैं इस लिए कहता हूं कि हृदय में यह चाहे कुछ ही सोचें, दिल से इन के कुछ ही आवाज़ निकले (विघ्न) पर इन को वह कहने का अधिकार नहीं है। इन के ऊपर तो डंडा होता है और उन को कहा जाता है कि आप ने यूं करना है।

Mr. Deputy Speaker: Order please. You should confine to clause 3 only.

श्री बल राम दास टंडन: मैं उसी बात पर आ रहा हूं। हम जितने कानून जल्दी में पास करते हैं उन में बहुत से defects रह जाते हैं।

Mr. Deputy Speaker: Please point out the defects in this clause.

श्री बलराम दास टंडन: मैं तो यह बता रहा था कि..........

Mr. Deputy Speaker: No general discussion on the Bill please.

श्री बलराम दास टण्डन: मैं अर्ज़ करूंगा कि जब भी आपोज़ीशन की तरफ से सरकार को बताने की कोशिश की जाती है कि इस के किसी कदम में क्या नुक्स हैं, क्या अड़चनें हैं तो सरकार का रुझान ऐसा होता है कि उन तमाम तजवीज़ों को रद्दी की टोकरी में डाल कर अपनी बात को majority के बल बोते पर लाने की कोशिश की जाती है। नतीजा यह होता है कि जो बात एक ही दफा में ठीक तरह से हो सकती है उसको चार-चार दफा यहाँ पर पेश करना पड़ता है बल्कि एक ही साल में कई-कई दफा यहाँ लाई जाती हैं। हाउस का वक्त ज़ाया होता है, लोगों का रुपया ज़ाया होता है, और हम लोगों के मज़ाक का मज़मून बनते हैं। इस हिस्से में कहा गया है कि लोकल बाडीज़ एक रैज़ोल्यूशन पास करें कि वह रज़ामंदी से इस बात को कबूल करती हैं कि हमारी सरकार इन स्कूलों को बेहतर तरीके से चला सकती है इस लिए यह उस को अपना सब कुछ देती हैं। मगर हालत क्या है? मैं ने अमृतसर में ही इन स्कूलों की हालत को देखा है; वहाँ पर आज यह हालत हो गई है कि जो buildings सरकार ने ली हैं उन का बिजली का किराया सरकार ने नहीं दिया। तीन चार स्कूल मैं ऐसे

जानता हूँ जिन के बिजली के connections काटने पड़े । कहीं पर वाटर के connections खत्म करने पड़े। और भी स्कूलों की इमारतें खराब हो गई हैं । जब भी हुकूमत से कहा जाता है कि इन इमारतों को ठीक करो तो इन का जवाब होता है कि सरकार के पास funds नहीं हैं इसलिए यह काम नहीं कर सकती । अगर ऐसे ही जवाब बाद में सरकार को देने हैं तो उस को इस किस्म के फैसले करने से पहले यह सारी चीज़ें सोचनी चाहिएं, details पर ग़ौर करना चाहिए और देखना चाहिए कि कौन-कौन सी जिम्मेदारियाँ इस के कंधों पर आने वाली हैं । मगर यह सब चीज़ें नहीं सोची जातीं । दूसरों को राए पर ध्यान नहीं देते । फिर इन के पास तो highly paid staff होता है जो सारी details इन के सामने रखता है । मगर जो ऊपर बैठी हुई हुकूमत है या वज़ीर साहिब हैं इन के दिमाग़ में जो बात बैठी हुई होती है, यह तो उसी तरह करते हैं । इस का नतीजा यह होता है कि complications पैदा होती हैं जो फिर बाद में हाऊस के सामने और लोगों के सामने आती हैं । तब सवाल होता है कि उस मुश्किल का हल क्या हो । आज दो साल में इन स्कूलों की इमारतों की हालत इस तरह से खराब हो गई है कि उस का पहले की हालत से कोई मुकाबिला ही नहीं है । जैसा कि अभी एक भाई ने कहा कि आज डिस्ट्रिक्ट बोर्डों में लोगों के नुमायँदे तो बैठे हुए नहीं हैं बल्कि इन्होंने सात आठ अफ़सर वहां पर बैठाए हुए हैं । अब इन लोगों से रैज़ोल्यूशन पास करवा लेना उस ज़िले के दस बारह लाख लोगों को उनके अधिकार से डंडे के ज़ोर से महरूम करने के बराबर है । उन लोगों की आवाज़ इस वक्त वहाँ पर नहीं है और उन की जगह पर आप के अफ़सर बैठे हुए हैं । अगर आप ऐसा रैज़ोल्यूशन उन से पास करा लेंगे तो यह लोगों के साथ बेइनसाफी होगी ।

मैं यह समझता हूँ कि यह एक बे-इनसाफी है और high handedness है कि grant-in-aid को तीन महीने के अन्दर withdraw कर लिया जाए। जब तक नए District Boards institute नहीं हो जाते तीन महीने की बन्दश लगाना कि इसके अन्दर resolution पास किया जाए, ठीक नहीं ।

दूसरी बात मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि Municipal Committees में elections पिछले 6 साल से नहीं हुए। कई कई ऐसी committees हैं कि बीस बीस इक्कीस इक्कीस साल हो चुके हैं लेकिन आज तक चुनाव नहीं हुए । दो दो चार-चार members रह गए हैं । तो यह चार पाँच members किस तरह presume कर सकते हैं कि बाकी के members भी इन्हीं को राए के आएंगे और इन्हें अख्तियार दे देना कि यह प्रस्ताव पास करें और इन स्कूलों की जायदाद पर सरकार का कब्ज़ा करवाने की कोशिश करें मैं समझता हूं बे-इनसाफी है । डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं गुज़ारिश करना चाहता हूं कि अगर सरकार चाहती है कि इस तरह के resolutions पास किए जाएं तो इसको Municipal चुनाव के बाद तक इसे मुलतवी कर दिया जाए। केवल तीन महीने की बात है । और जो लोग debar हो चुके हैं वह लोग बैठ कर local authorities की जायदाद के बारे में फैसला न करें । इस से एक तो यह होगा कि सरकार को मौका मिलेगा यह सब समझने का कि इसकी ज़िम्मेदारी कहाँ

[श्री बलराम दास टंडन]

तक बढ़ जाएगी। वज़ीर साहिब भी इस बात को मानेंगे कि अगर सरकार यह समझती है कि वह इस burden को कंधों पर ले तो सरकार नहीं चल सकती इस काम के अन्दर बहुत सी अड़चनें पैदा होने वाली हैं। इस बात की ओर ध्यान देने की ज़रूरत ज्यादा है। सरकारी resources इतने नहीं कि वह इतनी ज़िम्मेदारी ले सके। First round में जब provincialisation की गई है तो इसका असर क्या हुआ है? नए स्कूल खुलने बंद हो गए हैं। School buildings की repair बन्द हो गई है। Education Department में education को बढ़ाने का काम जो आला चलता था वह अब खत्म हो चुका है। आगे District Boards और Municipal Committees के सामने नए schools का सवाल रहता था और वह नए schools खोलती थीं। अब गवर्नमेंट पर 11 करोड़ रुपए का बोझ है। सरकार के पास और resources नहीं कि वह ज़िमेदारी ले सके। यह पिछली ज़िम्मेदारी भी नहीं निभा सकती। लेकिन prestige का सवाल लिए हुए है। मैं तो यह कहूंगा कि false prestige को छोड़ दो। Municipal Committees स्कूलों को वापिस लेना चाहती है। सरकार को prestige point बना कर इससे wriggle out करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए बल्कि अपनी गलती का एतराफ करना चाहिए। Democratic सरकार को इस बात पर अड़े नहीं रहना चाहिए कि हमने school provincialise किए हैं इस लिए इन्हें अब चलाना ही है चाहे ऐसा करना सरकार के लिए अच्छा साबित न हो। सरकार को चाहिए कि एलान कर दे कि हम schools Municipal committees को वापिस देते हैं।

सरकार इस बात पर ज़ोर देती रही है कि decentralisation हो। इसमें इनका विश्वास है और कांग्रेस के नेता हमेशा यह कहते आए हैं कि हम छोटी से छोटी unit को develop करना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि self-sufficient हों, ऊपर से दखल न हो, सही रूप से decentralisation हो लेकिन डिप्टी स्पीकर साहिब इस कानून और इस बिल के पास करने से मैं यह समझता हूं कि सरकार ने जो मनशा सामने रखा है उस से जनता के हाथ में कोई power नहीं देना चाहते। इस से मनशा फोत हो जाता है। यह सरकार की declared policy के उलट है। सरकार जिस ढंग से इन संस्थाओं की जायदाद लेना चाहती है और शिक्षा देना चाहती है यह उस declared policy के against जाता है। सरकार की हर काम में एक declared policy होनी चाहिए। सरकार को bold होना चाहिए। जनता के सामने इस बात को रखने में सरकार को embarrassed feel नहीं करना चाहिए कि इन्हें कहाँ कहाँ असफलता हुई है।

Mr. Deputy Speaker : You are going too far. You must confine yourself to the clause under discussion.

श्री बलराम दास टंडन : मैं तो जनाब अपनी बात को justify कर रहा हूं मैं तो यह कहना चाहता था कि सरकार ने schools को provincialise करके

एक गलती की है और आज दूसरी गलती करने जा रही है बगैर इस बात के देखे कि इसकी complications क्या होगी और क्या असर पड़ेगा । One wrong done cannot justify the other । आज आप जो कार्रवाई कर रहे हैं और जो गलती करना चाहते हैं इस से वह गलती justify नहीं की जा सकती जो predecessors ने की है । यह एक ऐसा मसला है जिस पर शान्ति से गौर करने की ज़रूरत है । चाहिए तो यह कि उनके कामों में जो-जो कमियाँ रह गईं थीं सरकार उन्हें दूर करने की कोशिश करे । सरकार को bold होकर कहना चाहिए कि वह यह management फिर से कमेटियों को वापिस करना चाहती है । इन्हों ने जो तरीका अपनाया है यह ठीक नहीं । ज़रूरत इस बात की है कि सब schools को उन्हें वापिस कर दिया जाए और ऊपर के control को कम किया जाए ताकि बच्चों की शिक्षा में इज़ाफा हो । हरेक का सहयोग लेकर सरकार को आगे बढ़ना चाहिए । District Boards और Local Bodies के पास जब स्कूल थे तो लोगों में सहयोग अधिक था, Co-operation की भावना थी और वह चाहते थे कि क्योंकि उनके अपने बच्चे पढ़ते हैं इस लिए स्कूल अच्छा हो । वे buildings बनवाते थे, play grounds बनाते थे । जनता अब भी ऐसे कामों के लिए पैसा इकट्ठा करके दे सकती है अगर उनमें विश्वास पैदा किया जाए । हकूमत का काम है कि जो विश्वास यह खो चुकी है उसे पैदा करे। अब क्यों कि schools Government की देख रेख में हैं तो जनता पर psychological असर पड़ता है । वह सोचती है कि सरकारी schools हैं इसलिए सरकार ही हर बात का प्रबन्ध करेगी । उनके सोचने का ढंग अब और है । वह समझते हैं कि सरकार के पास रुपया है वह cess लेती है अनेक प्रकार के टैक्स हैं इस लिए इसकी ज़रूरत नहीं। Confidence पैदा करने की ज़रूरत है । चार करोड़ रुपया सरकार के पास इस काम के लिए है । अगर मेरी बात पर ध्यान दिया गया तो लोगों में इस तरह से initiative खत्म हो जाएगा । इस को सोचना सरकार का काम है । District Boards ने बच्चों को शिक्षा देनी है । इसलिए अगर उन्हें self-help के ढंग पर सोचने और काम करने दिया जाए तो बेहतर रहेगा । Local Bodies के पास अगर schools हों तो वह अपने ढंग से सोचेंगी और काम करेंगी नहीं तो इस तरीके की Legislation लाने से self help की spirit समाप्त हो जाती है । इस लिए मैं गुज़ारिश करना चाहता हूं । (*Interruptions*) मैं सरकार से गुज़ारिश करना चाहता हूं कि तहम्मल के साथ इस पर विचार करने की कोशिश करें और false prestige को छोड़ दें जिस पर कि सरकार कायम रहना चाहती है । यह सोचना कि एक बार schools ले लिए हैं अब छोड़ना अच्छा नहीं ; यह prestige ठीक नहीं । जो सेवा Local Bodies ने education को बढ़ाने के बारे में की है उससे सब परिचित हैं । इस लिए इन schools की management को वापिस दे दें ताकि वह इन्हें ठीक ढंग से चलाने की कोशिश करें। Control कमेटी करे और सहयोग आप भी दें । और अगर इस बिल को पास करना ही हो और सरकार ने इसकी implications को जान लिया हो तो Local Bodies को यह बात नए

[श्री बलराम दास टंडन]

elections हो जाने के बाद कहनी चाहिए ताकि नए members इस तरह के resolutions पर विचार कर सकें ।

उद्योग मन्त्री (श्री मोहन लाल): डिप्टी स्पीकर साहिब, इस clause पर जो discussion की गई है ऐसा मालूम होता है कि वह general discussion है । यह clause के scope और limit से बाहर था जो कुछ Members ने कहा है । और काफी बातें जो Opposition की तरफ से हुआ करती हैं वह हुई हैं। कोई नई बात नहीं कही गई जिस का मैं जवाब दे सकूं । लेकिन एक बात मैं ज़रूरी समझता हूं और वह यह है कि Opposition की तरफ से जो माननीय मेम्बर बोले हैं उनसे गुज़ारिश करूंगा कि अगर वह इस connection में अपनी पिछली की हुई speeches को देखें और मुकाबिला करें तो हर बात पहली की ही copy होगी। वही बातें दोहराई जाती हैं। वही बातें क्लाज़ दर क्लाज़ दुहराई जाती हैं क्योंकि इनका मन्शा तो Government को criticise करने का ही होता है । कोई नई बात नहीं की जाती । अगर पुरानी speeches को निकाल कर देखें तो यह उसी की सही कापी होगी जो आज कहा गया है । इस से सरकार को तो कोई लाभ नहीं हो सकता । केवल हाऊस का वक्त ज़ाया करने के बराबर हो सकता है । फायदा तभी हो सकता है अगर कोई ठोस सुझाव पेश किए जाएं । गवर्नमेंट की तरफ से कोई वक्त ज़ाया नहीं होता । अब एक बात और हुई । वह यह कि इस क्लाज़ को देहात और शहरी controversy का एक ज़रिया बनाया । मैं यह कहना चाहता हूं कि फर्क होने वाली बात कोई नहीं क्योंकि डिस्ट्रिक्ट बोर्ड और म्युनिसिपल कमेटी दोनों से ताल्लुक रखने वाली क्लाज़िज़ हैं । इसलिए distinction नहीं होगी । लेकिन फिर भी कुछ लायक दोस्तों ने शहरी और देहाती का प्रश्न उठाया है । मतलब यह कि binomial theorem ज़रूर साबित करनी है ।

इसके ज़रिए तो एक ऐसा अख्तियार लोकल बाडीज़ को दिया जा रहा है कि जिसके ज़रिए वह एक resolution पास करें ताकि गवर्नमेंट लीगल तौर पर बिल्डिंग्ज़ को अपने कब्ज़े में ले सके । इसलिए मैं आशा करता हूं कि हाऊस इस क्लाज़ को मंज़ूर करेगा ।

Mr. Deputy Speaker : Question is—

That Clause 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 4

श्री रूप सिंह फूल (हमीरपुर, रिज़र्वड): डिप्टी स्पीकर साहिब, जो खामी क्लाज़ 3 में रह गई थी वह लोकल authorities का गला घोंटने के लिए क्लाज़ चौथी में पूरी हो गई है । अगर कोई management 3 महीने के अन्दर resolution पास कर गवर्नमेंट के पास नहीं भेजती तो फिर जो aid उसको मिलनी थी, वह नहीं मिलेगी । इसका असर यह होगा कि वह स्कूल बन्द हो जाएगा । गवर्नमेंट की पालिसी तो यह है कि तमाम जनता को शिक्षित बनाना है । लेकिन ढंग यह निकाला है कि सैंकड़ों साल से जो

स्कूल लोकल बाडीज़ चला रही थीं, उनको सरकार ने छीन लिया जैसा कि क्लाज़ तीन में दर्ज है—

'With all its rights and interests.'

वहाँ liabilities का शब्द भी आ जाता तो शायद यह और भी उपयोगी थी। क्योंकि इन लोकल बाडीज़ की अपनी भी कुछ ज़िम्मेदारियाँ हैं, जैसे तीन-तीन चार-चार साल से बहुत से टीचरों को तनखाहें नहीं मिली हैं। तो सरकार liabilities को तो लेना नहीं चाहती लेकिन बाकी चीज़ों को अपने हाथ में लेना चाहती है। गवर्नमेंट का तो अजीब ढंग है। जो काम करना चाहती है उसे फौरन कर देती है लेकिन बाद में पछताना पड़ता है। फिर पछताए होत क्या जब चिड़ियाँ चुग गई खेत ? मतलब यह कि समय निकल जाता है फिर पछताने से बनता क्या है।

श्री उपाध्यक्ष : इसकी क्लाज़ से रेलेवैंसी नहीं है। (It has no relevancy with the clause)

श्री रूप सिंह फूल : मैं जनाब क्लाज़ पर ही बोल रहा हूं।

श्री उपाध्यक्षः : आप यह तो ज़ाहिर करें कि हक में बोल रहे हैं या खिलाफ। (The hon. Member should indicate whether he is speaking in favour or against the clause.)

श्री रूप सिंह फूल :सरकार 3 महीने का टाइम रख के जल्दी कर रही है। मैं एक बात अर्ज़ करना चाहता हूं कि मेरा जो पस्माँदा इलाका है याने जिला काँगड़ा है वहाँ के स्कूलों की ऐसी हालत है कि अगर आप एक दिन भी वहां काटना चाहें तो नहीं काट सकते। वहाँ के लोगों ने 3 महीने के अन्दर सरकार को इमारतें सौंप दीं। लेकिन वहाँ के विद्यार्थियों को तो बैठने का भी ठिकाना नहीं है। वहां की जनता ने जिन स्कूलों को upgrade करने के लिए रुपया दिया है वह upgrade नहीं हुए। (विघ्न) मैं इसका विरोध करता हूं। तीन महीने की बजाए एक साल कर देना चाहिए, यह मतालबा करता हूं। तीन महीने बहुत ही थोड़ी मोहलत है।

Mr. Deputy Speaker : Question is—

That clause 4 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 5

श्री राम प्यारा (करनाल): जनाब डिप्टी स्पीकर साहिब, जब मैं इस क्लाज़ को देखता हूं तो यह सोचना पड़ जाता है कि गवर्नमेंट को यह बिल क्यों लाना पड़ा। एक तरफ तो हमारे लोकल बाडीज़ मिनिस्टर साहिब ने फरमाया कि उनको अख्तियार दिए जा रहे हैं कोई मजबूरी नहीं की जा रही है। लेकिन साथ ही यह भी है कि अगर लोकल बाडीज़ अपनी duty से कोताही करते हैं तो गवर्नमेंट को हक होगा कि उनसे ज़बरन ले लें। जहाँ तक अख्तियार का ताल्लुक है ऐजुकेशन डिपार्टमेंट ने एक circular भेजा है कि लोकल बाडीज़ बिल्डिंग्ज़ और रुपया voluntary तौर पर गवर्नमेंट के हवाले कर दें। लेकिन किसी भी लोकल बाडी ने इसको respond नहीं किया। चाहे

[श्री राम प्यारा]
लोकल बाडीज़ हो चाहे डिस्ट्रिक्ट बोर्ड हों वह गवर्नमेंट के हवाले इन चीज़ों को नहीं करना चाहते क्योंकि उनका कहना है कि लोग ऐजुकेशन के लिए जो हज़ारों की तादाद में रुपया देते हैं natural flow of money बन्द हो जाएगा । अगर लोकल बाडीज़ resolution पास नहीं करतीं तो गवर्नमेंट वैसे भी ज़बरदस्ती take over करेगी । शुरू में यह ख्याल था कि सिर्फ 3 करोड़ के करीब रुपया खर्च होगा लेकिन वह 8 या 9 करोड़ बन गया । अब नतीजा क्या होगा ? जिन इमारतों को गवर्नमेंट अपने हाथ में लेगी उनकी मरम्मत तक के लिए भी पैसा नहीं रहेगा, क्योंकि गवर्नमेंट के resources इजाज़त नहीं देंगे । और दूसरी तरफ से जो लोग ऐजुकेशन के लिए voluntarily रुपया देते थे वह नहीं आएगा तो फिर स्कूलों की हालत बहुत खराब होगी अगर हालत ठीक करेंगे तो फिर और टैक्स लगाने पड़ेंगे । इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि गवर्नमेंट को अपनी पालिसी को review करना चाहिए और यह जो natural flow of money है उसे बन्द नहीं करना चाहिए ।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬਚਨ ਸਿੰਘ ਬਾਜਵਾ (ਸਿਰੀ ਹਰਗੋਬਿੰਦਪੁਰ) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਏਸ ਕਲਾਜ਼ ਨੂੰ ਪੜ੍ਹਨ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦੀ ਸਾਰੀ intention ਸਾਡੇ ਸਾਹਮਣੇ ਆ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਏਸ ਬਿਲ ਦੀ ਜਿਹੜੀ ਕਲਾਜ਼ (4) ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਵਿਚ ਇਹ ਲਿਖਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਜੇ ਕੋਈ ਲੋਕਲ authority resolution ਨਹੀਂ ਪਾਸ ਕਰਗੀ ਤਾਂ ਉਸ ਸੂਰਤ ਦੇ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਸਕੂਲਾਂ ਦੀ ਗਰਾਂਟ ਬੰਦ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ ਮਗਰ ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਅਗਲੀ ਕਲਾਜ਼ ਦੇ ਵਿਚ ਇਹ ਰਖ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਕਿ ਜਦੋਂ ਸਰਕਾਰ satisfied ਹੋਵੇ ਕਿ ਕਿਸੇ ਲੋਕਲ authority ਨੇ ਆਪਣੀ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਨੂੰ ਨਿਭਾਉਣ ਦੇ ਵਿਚ ਕੋਤਾਹੀ ਕੀਤੀ ਹੈ ਔਰ ਅਜਿਹੇ aided schools ਨੂੰ ਲੈਣਾ ਪਬਲਿਕ interest ਵਿਚ ਸਮਝੇ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ 10 ਸਾਲਾਂ ਦੇ ਅਰਸੇ ਦੇ ਵਾਸਤੇ ਲੈ ਲਵੇਗੀ। ਇਸ ਤੋਂ ਇਹ ਜ਼ਾਹਿਰ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੀ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੂੰ ਸਿਰਫ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਕੂਲਾਂ ਦਾ ਹੀ ਖਿਆਲ ਹੈ ਜਿਹੜੇ ਲੋਕਲ ਬੌਡੀਆਂ ਦੇ ਹਨ ਔਰ ਜਿਹੜੇ ਡਿਸਟ੍ਰਿਕਟ ਬੋਰਡਾਂ ਦੇ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਸਕੂਲ ਬਣੇ ਹੋਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕੋਈ ਖਿਆਲ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਇਹ ਜਿਹੜੀ ਚੀਜ਼ ਹੈ ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਪੇਂਡੂ ਔਰ ਸ਼ਹਿਰੀ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਫਰਕ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਜਿਹੜੇ ਡਿਸਟ੍ਰਿਕਟ ਬੋਰਡ ਹਨ ਓਥੇ ਤਾਂ official body ਹੈ ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਤਾਂ ਜਿਹੜਾ ਮਤਾ ਗੌਰਮੈਂਟ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਪਾਸ ਕਰ ਦੇਣਾ ਹੈ ਔਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਖਰਚ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਕਰਨਾ ਪਏਗਾ ਮਗਰ ਜਿਹੜੀਆਂ ਲੋਕਲ Bodies ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਚੁਣੇ ਹੋਏ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਉਹ ਕਹਿ ਸਕਦੇ ਹਨ ਕਿ ਅਸੀਂ ਇਹ ਮਤਾ ਨਹੀਂ ਪਾਸ ਕਰਦੇ ਔਰ ਕਾਨੂੰਨ ਦੇ ਮੁਤਾਬਿਕ ਉਹ ਇਹ ਵੀ ਕਹਿ ਸਕਦੇ ਹਨ ਕਿ ਅਸੀਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਕੂਲਾਂ ਨੂੰ ਬੰਦ ਕਰਦੇ ਹਾਂ। ਫੇਰ ਸਾਡੀ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦੀ ਕੀ ਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਹੋਵੇਗੀ ? ਤੁਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮਜਬੂਰ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹੋ ਕਿ ਉਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਕੂਲਾਂ ਨੂੰ ਜਾਰੀ ਰਖਣ। ਇਸ ਤੋਂ ਬਿਨਾਂ ਜੇ ਤੁਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਕੂਲਾਂ ਨੂੰ ਦਸਾਂ ਸਾਲਾਂ ਵਾਸਤੇ ਲੈ ਲਓ ਤਾਂ ਬਾਦ ਦੇ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਮੇਟੀਆਂ ਨੂੰ ਫੇਰ ਵਾਪਿਸ ਦਿਓਗੇ। ਇਹ ਜਿਹੜੀ ਚੀਜ਼ ਹੈ ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਬੜੀਆਂ ਪੇਚੀਦਗੀਆਂ ਪੈਦਾ ਹੋਣਗੀਆਂ। ਜਿਹੜੇ ਅਜਿਹਾਂ ਸਕੂਲਾਂ ਦੇ ਮਾਸਟਰ ਹੋਣਗੇ ਤੁਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਰਕਾਰੀ ਮੁਲਾਜ਼ਮ treat ਕਰੋਗੇ ਜਾਂ ਉਹ ਲੋਕਲ ਬੌਡੀਆਂ ਦੇ ਹੀ employees ਰਹਿਣਗੇ ? ਇਸ ਤੋਂ ਬਿਨਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪੈਨਸ਼ਨ ਦਾ ਹਕ ਵੀ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਜਾਂ ਨਹੀਂ ? ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ

6 p. m.

ਆਪਣੀ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਧਿਆਨ ਵਿਚ ਇਹ ਗਲ ਫੇਰ ਲਿਆਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਅਜ ਜਿਹੜੀਆਂ ਮਿਊਂਸੀਪਲ ਕਮੇਟੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਅਖਤਿਆਰ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਪਰਾਈਮਰੀ ਜਮਾਤਾਂ ਤੋਂ ਉਪਰ ਜਿਹੜੇ ਸਕੂਲ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਰੈਜ਼ੋਲਿਊਸ਼ਨ ਪਾਸ ਕਰਕੇ ਬੰਦ ਕਰ ਦੇਣ ਕਿਉਂਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਕੂਲਾਂ ਨੂੰ ਜਾਰੀ ਰੱਖਣ ਦੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਜ਼ਿਮੇਵਾਰੀ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਇਸ ਚੀਜ਼ ਦਾ ਤੁਸੀਂ ਕੀ ਇਲਾਜ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹੋ। ਜੇ ਤੁਸੀਂ ਕਿਸੇ ਸਕੂਲ ਦੀ grant ਬੰਦ ਕਰ ਦਿਉ ਤਾਂ ਉਹ ਓਸ ਸਕੂਲ ਨੂੰ ਬੰਦ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਨ ਕਿਉਂਕਿ ਕਾਨੂੰਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਐਸਾ ਕਰਨ ਦੀ ਅਜਾਜ਼ਤ ਦਿੰਦਾ ਹੈ। ਜਿਹੜੇ ਮੈਂਬਰ ਚੁਣੇ ਹੋਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਐਸਾ ਕਰਨ ਦਾ ਅਧਿਕਾਰ ਹੈ ਔਰ ਜਿਹੜੇ official members ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਜਿਹੜੀਆਂ ਲੋਕਲ ਬਾਡੀਜ਼ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਐਸਾ ਕਦਮ ਉਠਾ ਸਕਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਕੋਲੋਂ ਇਹ ਗਲ ਪੁਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੀ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦੀ ਨੀਅਤ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਕੂਲਾਂ ਨੂੰ ਹਮੇਸ਼ਾ ਲਈ ਲੈਣ ਦੀ ਹੈ ਜਾਂ ਸਿਰਫ ਦਸ ਸਾਲਾਂ ਦੇ ਵਾਸਤੇ ਹੀ ਆਪਣੇ ਕੰਟਰੋਲ ਵਿਚ ਰੱਖਣ ਦੀ ਹੈ। ਜੇ ਤੁਸੀਂ ਆਰਜ਼ੀ ਤੌਰ ਤੇ ਹੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਕੂਲਾਂ ਨੂੰ ਲੈਣਾ ਹੈ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਜਿਹੜੇ ਟੀਚਰ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕੌਣ ਵਾਲੀਵਾਰਸ ਹੋਵੇਗਾ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਰਕਾਰੀ ਮੁਲਾਜ਼ਮ ਸਮਝਿਆ ਜਾਵੇਗਾ ਜਾਂ ਉਹ ਲੋਕਲ ਬਾਡੀਜ਼ ਦੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮ ਹੀ ਸਮਝੇ ਜਾਣੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜਿਹੜਾ Provident Fund ਮਿਲਣਾ ਹੈ ਉਹ ਕਿਸ ਦੇ funds ਦੇ ਵਿੱਚੋਂ ਮਿਲੇਗਾ। ਇਹ ਸਾਰੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਹੁਣੇ ਹੀ ਸਾਫ ਕਰਨੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਸਾਡੀ ਗੌਰਮੈਂਟ ਇਹ ਜਿਹੜਾ ਬਿਲ ਲਿਆ ਰਹੀ ਹੈ ਇਸ ਤੋਂ ਇਹ ਸਾਫ ਜ਼ਾਹਿਰ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਆਪਣੀ commitment ਤੋਂ ਚਾਲਾਕੀ ਦੇ ਨਾਲ ਪਿੱਛੇ ਹਟਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਇਹ ਆਰਜ਼ੀ ਤੌਰ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਕੂਲਾਂ ਦਾ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਆਪਣੇ ਹਥ ਦੇ ਵਿਚ ਲੈਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਔਰ ਦਸਾਂ ਸਾਲਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਉਸਤਾਦਾਂ ਦੀਆਂ ਤਨਖਾਹਾਂ ਵਗੈਰਾ ਵਧਾ ਕੇ ਔਰ ਹੋਰ liabilities ਵਧਾ ਕੇ ਵਾਪਿਸ ਲੋਕਲ ਬੌਡੀਜ਼ ਨੂੰ ਦੇ ਦੇਵੇਗੀ ਜਿਸ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੋਵੇਗਾ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਉਹ ਸਕੂਲ ਚਲਾਉਣੇ ਮੁਸ਼ਕਿਲ ਹੋ ਜਾਣਗੇ। ਇਤਨੀ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹੋਇਆ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਆਪ ਦੇ ਰਾਹੀ ਆਪਣੀ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੂੰ ਔਰ ਵਜ਼ੀਰ ਮੁਤੱਲਕਾ ਨੂੰ ਇਹ ਪੁਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇ ਉਹ ਕਹਿ ਦੇਣਗੇ ਕਿ ਅਸੀਂ ਸਭ ਕੁਝ ਛਡਿਆ, ਅਸੀਂ ਸਕੂਲਾਂ ਨੂੰ ਬੰਦ ਕਰਦੇ ਹਾਂ ਤਾਂ ਉਸ ਸੂਰਤ ਦੇ ਵਿਚ ਗੌਰਮੈਂਟ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਕੂਲਾਂ ਨੂੰ ਚਲਾਉਣ ਦੀ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਪਾਵੇਗੀ ?

उद्योग मन्त्री (श्री मोहन लाल) : जनाब डिप्टी स्पीकर साहिब, इस Bill में confusion की बात नहीं है जितनी कि बाजवा साहिब ने समझी । यह चीज़ Local Bodies के स्कूलों को Government की तहवील में लेने के लिए इन clauses में रखी गई है । Clause 3 में local authorities को अख्तियार दिया गया है कि अगर वह चाहें कि Government उनके schools को take over करे तो वह resolution पास करें । अगर वह resolution पास कर दें तो Government clause 3 की sub-clause (2) के तहत उन के स्कूलों को बमै साजो सामान take over कर लेगी लेकिन clause 5 में उन पर यह चीज़ लागू होती है कि जब local authority अपनी duties perform करने में negligence show करेगी और public interest में उनके schools को लेना ज़रूरी समझा जाएगा तो उस सूरत में Government उन

[उद्योग मंत्री]

स्कूलों को 10 सालों के लिए take over करेगी । इसलिए clause 3 और 5 में फर्क है । Clause 3 में सारा सिलसिला local Bodies से Government को shift हो जाएगा लेकिन जो clause 5 है उस में period specify कर दिया है । इस लिए इस में कुछ नुक्स वाली बात नहीं है । इसे इसलिए इसे पास किया जाए ।

Mr. Deputy Speaker : Question is—

That clause 5 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 6

